सूर्योदय : 6:07
सूर्यास्त : 5:34
अधिकतम तापमान : 31.0
न्यूनतम : 18.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-146 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शुक्रवार, 03 नवम्बर 2023
18 रबीउस्सानी, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com









## न्यूज डायरी

### धनखड़ ने की पूजा

**वाराणसी।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ गुरुवार को वाराणसी पहुंच गए हैं। उपराष्ट्रपति अपराह्न 2:18 बजे वाराणसी एयरपोर्ट पर पहुंचे फिर शहर के लिए रवाना हुए। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की।

### लखनऊ में धारा 144 लागू

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में धनतेरस, दीपावली, गोवर्धन पूजा, भैयादूज, छठ पूजा, गुरुनानक जयन्ती, कार्तिक पूर्णिमा और क्रिसमस पर्व के चलते धारा 144 लागू की गई है। यह आदेश आज से 31 दिसंबर 2023 तक लागू रहेगा।

### स्कूल दो दिन बंद

**नई दिल्ली।** देश की राजधानी में हवा की गति कम होने के साथ ही वायु प्रदूषण बढ़ गया है। जिसको देखते हुए दिल्ली सरकार ने दो दिनों तक स्कूलों को बंद करने का आदेश जारी कर दिया है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने ट्वीट कर जानकारी दी है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने एक्स पर पोस्ट साझा कर बताया कि दिल्ली में प्रदूषण का स्तर बढ़ गया है।

### स्टार प्रचारक घोषित

**जयपुर।** बीजेपी ने आगामी राजस्थान चुनाव के लिए 40-स्टार प्रचारकों की सूची जारी की। 40-स्टार प्रचारकों की सूची में पीएम नरेंद्र मोदी, भगवा पार्टी प्रमुख जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ, असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा और अन्य नेताओं को स्टार प्रचारक के रूप में नामित किया गया है। इस बीच, भाजपा ने गुरुवार को आगामी राजस्थान चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों की तीसरी सूची जारी की, जिसमें मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के खिलाफ सरदारपुरा विधानसभा सीट से महेंद्र सिंह राठौड़ को मैदान में उतारा गया।

# वर्ल्ड कप 2023 में भारत की लगातार सातवीं जीत

- श्रीलंका को हराकर टीम इंडिया की सेमीफाइनल में एंट्री
- केएल राहुल की विकेटकीपिंग ने जीता दिल



**मुंबई।** गिल-श्रेयस का रन बनाना और राहुल की कीपिंग सुखद वनडे विश्व कप 2023 में भारत ने लगातार सातवां मुकाबला जीतकर सेमीफाइनल में जगह बना ली है। अपने सातवें मैच में भारत ने श्रीलंका को 302 रन से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने आठ विकेट खोकर 357 रन बनाए। इसके जवाब में श्रीलंकाई टीम 55 रन पर सिमट गई।

भारत ने लगातार दूसरे मैच में श्रीलंका के खिलाफ एकतरफा जीत दर्ज की है। इससे पहले एशिया कप के फाइनल में भारत ने श्रीलंकाई टीम को 50 रन पर समेटा था। भारत के लिए सबसे ज्यादा 92 रन शुभमन गिल ने बनाए। वहीं, विराट कोहली 88, श्रेयस अय्यर 82 और रवींद्र जडेजा 35 रन बनाकर आउट हुए। इस विश्व कप में टीम इंडिया ने पहली बार भारत ने 350 रन का आंकड़ा पार किया। इससे पहले छह मैच में भारत ने एक बार भी 300 रन भी नहीं बनाए थे। वहीं, गेंदबाजी में शमी ने पांच विकेट लिए। सिराज को तीन विकेट मिले। बुमराह और जडेजा ने एक विकेट लिया। इस मैच में भारतीय तेज गेंदबाजों ने जैसी गेंदबाजी की है, उसे देखकर विश्व कप में शामिल हर टीम डर रही होगी। वहीं, लोकेश राहुल ने इस मैच में बेहतरीन विकेटकीपिंग की।

**मोहम्मद शमी का जवाब नहीं**

मोहम्मद शमी ने एक बार फिर पांच विकेट अपने नाम किए। इस विश्व कप में वह तीन मुकाबलों में 14 विकेट ले चुके हैं। जब शमी गेंदबाजी के लिए आए तो श्रीलंका का स्कोर 14/4 था और जब उन्हें गेंदबाजी से हटाया गया तो श्रीलंका को स्कोर 49/9 था। शमी ने पांच ओवर में 18 रन देकर पांच विकेट लिए।

# दिल्ली की हवा हुई जहरीली

## कम बारिश और पराली जलाना पॉल्यूशन बढ़ने की बड़ी वजह

- निर्माण कार्य पर लगी रोक
- एक्यूआई 400 के पार अगले 15 दिन बेहद है खास

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण में वृद्धि के बीच वायु गुणवत्ता पैनल ने गुरुवार को ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप) के तीसरे चरण के तहत प्रतिबंधों को लागू करने का निर्देश दिया है। जिसमें गैर-जरूरी निर्माण और तोड़-फोड़ के काम पर रोक शामिल है।

गुरुवार को दिल्ली में हवा की क्वालिटी बेहद खराब श्रेणी में रही। दिल्ली के अलावा नोएडा और ग्रेटर नोएडा में हवा बेहद खराब कैटेगरी में दर्ज की गई। ग्रैप-3 लागू होने के साथ सभी गैर-आवश्यक निर्माण और तोड़फोड़ के कार्यों पर रोक लग गई है। इसके अलावा दिल्ली, गुरुग्राम, फरीदाबाद, गाजियाबाद और गौतम बुद्ध नगर में पेट्रोल से चलने वाले बीएस-3 इंजन और डीजल से चलने वाले बीएस-4 चार पहिया वाहनों के इस्तेमाल पर रोक लग गई है। दिल्ली के




**इन पर रहेगा प्रतिबंध**

- राष्ट्रीय महत्व की परियोजनाओं के अलावा सभी तरह की निर्माण गतिविधियां बंद रहेंगी।
- सड़कों की झाड़ू से सफाई नहीं होगी।
- नियमित तौर पर पानी का छिड़काव।
- बस समेत सभी तरह के सार्वजनिक वाहनों की संख्या बढ़ाई जाएगी।
- पत्थरों की कटाई जैसी गतिविधियों पर रोक।
- हॉट मिक्स प्लांट व ईंट के भट्ठे चलाने पर रोक लगी रहेगी।
- राज्य सरकारों को सलाह, पांचवी तक की कक्षाएं आनलाइन पढ़ाई जाएं।

### हवा सुधारने के लिए दिल्ली में ग्रैप लागू

राज्य में बढ़ते एयर पॉल्यूशन को कंट्रोल करने के लिए ग्रेडेड एक्शन रिस्पॉन्स सिस्टम का तीसरा चरण लागू कर दिया गया है। इसके तहत सभी गैर-जरूरी निर्माण और तोड़फोड़ के कामों पर रोक लगा दी गई है। BS-III पेट्रोल और BS-VI डीजल वाहनों की दिल्ली में एंट्री बैन कर दी गई है। दिल्ली में 3 साल बाद अक्टूबर में हवा की क्वालिटी सबसे खराब दर्ज की गई है। SAFAR इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक अक्टूबर के आखिरी दिन राजधानी का एयर क्वालिटी इंडेक्स 327 दर्ज किया गया।

तीन सौ किलोमीटर के अंदर प्रदूषण फैलाने वाली इंडस्ट्रियल यूनिट और थर्मल पावर प्लांट पर नजर रखा जाएगा व कार्रवाई भी हो सकती है।

## सीएम योगी ने हरदोई को दी 541 करोड़ की दी सौगात

# नारी शक्ति का बढ़ा है सम्मानः योगी

- कई महिलाओं को घर की चाबी सौंपी
- टीचर से लेकर चांद तक पहुंच रही है महिलाएं

अवधनामा संवाददाता



**हरदोई।** हरदोई मिशन शक्ति फेज-4 के अंतर्गत मुख्यमंत्री का आगमन जनपद की नारी शक्ति के मध्य उधरनपुर शाहाबाद में हुआ। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर आयोजित प्रदर्शनी में विभिन्न विभागों के स्टालों का अवलोकन किया। बाल सेवा पुष्टाहार विभाग के स्टॉल के अंदर उन्होंने 3 बच्चों को अन्नप्राशन एवं 3 महिलाओं की गोदभराई करायी। प्रदर्शनी स्थल पर उन्होंने दिव्यांगों को ट्राइसाइकिल एवं अन्य दिव्यांग उपकरण प्रदान किये।

एफपीओ से जुड़ी चार महिला किसानों को उन्होंने ट्रैक्टर की चाभी प्रदान की। मुख्यमंत्री ने मंच पर विभिन्न योजनाओं की लाभार्थी महिलाओं को प्रमाणपत्र एवं उपकरण प्रदान किये। एक जनपद एक उत्पाद के अंतर्गत उन्होंने लाभार्थियों को टूल किट प्रदान किये। उन्होंने पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी रुचि त्रिवेदी को खेलकिट प्रदान की। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने बटन दबाकर 541 करोड़ रुपये लागत की 217 परियोजनाओं का उद्घाटन व लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित होने के बाद नारी शक्ति का सम्मान बढ़ा है और प्रधानमंत्री ने नारी शक्ति को देश के एजेंडा का हिस्सा बनाया। उनके स्वाभिमान व स्वावलंबन से जुड़ी योजनाएं चलाई। हर घर शौचालय की व्यवस्था की गयी। निर्धनों को आवास, मुफ्त विद्युत कनेक्शन दिए। एक सामान्य शिक्षक से लेकर चंद्रयान की उड़ान तक आधी आबादी की भागीदारी है। परिसीमन के उपरांत नारी शक्ति वंदन अधिनियम से महिलाओं को हिस्सेदारी मिलेगी। आने वाले समय मे बचे हुए निर्धन परिवारों को आवास मिलेगा। प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना से सभी को जमीन का मालिकाना रिकॉर्ड प्राप्त होगा। पीएम स्वानिधि योजना के अंतर्गत उत्तर प्रदेश में 14 लाख लोग लाभान्वित हो चुके हैं जिसमे से ज्यादातर महिला लाभार्थी हैं। उन्होने कहा कि शोषण मुक्त भारत का सपना साकार हो रहा है।

### चुनावी बॉन्ड योजना पर फैसला सुरक्षित

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार की चुनावी बॉन्ड योजना को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। योजना के तहत राजनीतिक दलों को अज्ञात फंडिंग की अनुमति देती है। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को 30 सितंबर तक चुनावी बॉन्ड के माध्यम से सभी राजनीतिक दलों को मिले धन का डेटा प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने आयोग को दो सप्ताह के भीतर एक सीलबंद लिफाफे में जानकारी मुहैया कराने को कहा है।

कोर्ट ने मामले में 31 अक्तूबर से नियमित सुनवाई शुरू की थी। मामले की सुनवाई प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच-सदस्यीय संविधान पीठ ने की। इसमें न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बीआर गवई, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल थे। इस दौरान पक्ष और विपक्ष दोनों ओर से दलीलें दी गई।

# राज्य कर्मचारियों को दिवाली का तोहफा



**14 लाख से ज्यादा कर्मचारियों को बोनस और चार फीसदी महंगाई भत्ता बढ़ा**

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने राज्य कर्मचारियों को दिवाली के तोहफे के रूप में बोनस दिया है। इसके अतिरिक्त चार फीसदी महंगाई भत्ता भी दिया जाएगा। बोनस के रूप में 6908 रुपये मिलेंगे। इसका फायदा प्रदेश के 14 लाख से ज्यादा कर्मचारियों को मिलेगा। योगी सरकार ने राज्यकर्मियों को दिवाली से पहले बोनस देने का एलान कर दिया।

अराजपत्रित कर्मचारियों को बोनस और सभी राज्य कर्मचारियों व शिक्षकों को बढ़ी हई दर से महंगाई भत्ता दिया जाएगा। राज्य कर्मियों को केंद्रीय कर्मियों की तरह चार फीसदी महंगाई भत्ता मिलेगा। भत्ते से राज्य सरकार के खजाने पर हर महीने करीब 300 करोड़ रुपये का व्ययभार आएगा। मिल रही जानकारी के मुताबिक बोनस की राशि अधिकतम सात हजार रुपए हो सकती है। यानी प्रत्येक अराजपत्रित कर्मचारी को अधिकतम 7000 रुपये बोनस दिया जा सकता है। बता दें कि यूपी में अराजपत्रित कर्मचारियों की संख्या 14.82 लाख के करीब है।

# कांग्रेस और विकास में है छत्तीस का आंकड़ाः मोदी

- छत्तीसगढ़ में भाजपा के समर्थन में जो आंधी चल रही है, वो कांकेर में भी दिख रही हैः पीएम



**कांकेर।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में भाजपा की विजय संकल्प रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा, छत्तीसगढ़ में भाजपा के समर्थन में जो आंधी चल रही है, वो कांकेर में भी दिख रही है। पीएम मोदी ने कहा, भाजपा का संकल्प छत्तीसगढ़ के लोगों को सशक्त करने का है।

भाजपा का संकल्प छत्तीसगढ़ को देश के टाप राज्यों में लाने का है। कांग्रेस और विकास में छत्तीस का आंकड़ा है। जहां कांग्रेस रहेगी, वहां विकास हो ही नहीं सकता। उन्होंने कहा, कल ही छत्तीसगढ़ का स्थापना दिवस मनाया है। कितनी चुनौती से लड़ते हुए भाजपा ने नई व्यवस्था बनाई। लेकिन यहां की कांग्रेस की सरकार भाजपा से दुश्मनी निकालती रही। इन पांच वर्षों में कांग्रेस नेताओं के बंगले, कारें का ही विकास हुआ है। उनके और उनके रिश्तेदारों का ही फायदा हुआ है। गरीब, दलित, पिछड़ों को क्या मिला। कांग्रेस सरकार ने टूटी-फूटी सड़कें दी है। इस वजह से आज पूरा छत्तीसगढ़ कह रहा है अउ नहीं सहिबो, अब बदल के रहिबो। बीते नौ वर्षों के दौरान केंद्र की भाजपा सरकार का एक ही लक्ष्य रहा है। गरीब का कल्याण, आदिवासी का कल्याण। इसलिए हमने पक्के मकान की योजना बनाई।

### मुझे माई लॉर्ड कहना बंद करें, मैं आपको आधा वेतन दूंगाः सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के जज ने वकील से कहा सुप्रीम कोर्ट के एक न्यायाधीश ने वकीलों की ओर से बार-बार माई लॉर्ड और योर लॉर्डशिप कहे जाने पर नाखुशी जताई। वाकया न्यायिक कार्यवाही के दौरान हआ। दरअसल, कोर्ट में बुधवार को एक नियमित मामले की सुनवाई चल रही थी। इस दौरान पीठासीन न्यायाधीश न्यायमूर्ति एएस बोपन्ना के साथ पीठ पर जस्टिस पीएस नरसिम्हा भी बैठे थे। तभी जस्टिस नरसिम्हा ने एक वरिष्ठ वकील से कहा कि आप कितनी बार माई लॉर्ड्स कहेंगे। यदि आप यह कहना बंद कर देंगे, तो मैं आपको अपना आधा वेतन दे दूंगा। बहस के दौरान वकील न्यायाधीशों को हमेशा से माई लॉर्ड या योर लॉर्डशिप कहते आए हैं। जो लोग इसके खिलाफ हैं, वह इसे औपनिवेशिक युग और गुलामी की निशानी कहते हैं। जस्टिस नरसिम्हा ने कहा कि आप इसके बजाय सर का उपयोग क्यों नहीं करते।

**सवाल** सवाल के बदले पैसे लेने के आरोप बेबुनियाद

# शब्दों से मेरा वस्त्रहरण किया गया

- महुआ मोइत्रा ने लोकसभा अध्यक्ष को पत्र लिखा
- एथिक्स कमेटी का नाम बदलना चाहिए



"महुआ ने कहा- समिति को एथिक्स कमेटी (आचार समिति) के बजाय कोई अन्य नाम देना चाहिए, क्योंकि इसमें कोई नैतिकता नहीं बची है। विषय से संबंधित प्रश्न पूछने के बजाय चेयरपर्सन ने दुर्भावनापूर्ण और अपमानजनक तरीके से सवाल किए। यहां तक कि वहां मौजूद 11 में से 5 सदस्यों ने उनके शर्मनाक बर्ताव के विरोध में पूछताछ का बहिष्कार किया।

**नई दिल्ली।** संसद में सवाल पूछने के बदले पैसे मामले में फंसीं टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा ने नए आरोप लगाए हैं। महुआ गुरुवार 2 नवंबर को एथिक्स कमेटी के सामने पेश हुईं। उन्होंने कमेटी के चेयरपर्सन विनोद सोनकर के लिए कहा कि उन्होंने शब्दों से मेरा वस्त्रहरण किया।

चेयरपर्सन ने जानबूझकर अपमानजनक सवाल किए। ये सब उन्होंने एथिक्स कमेटी के सभी मेंबर्स के सामने किया। महुआ ने इसको लेकर लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला को लेटर लिखा है। इसमें महुआ ने ये भी लिखा कि चेयरपर्सन विनोद सोनकर का बर्ताव अनैतिक, घिनौना और पूर्वाग्रह से भरा था। महुआ मोइत्रा (49) 2019 में पश्चिम बंगाल के कृष्णानगर से टीएमसी के टिकट पर लोकसभा सांसद चुनी गई थीं। महुआ ने चिट्ठी में लोकसभा सचिवालय से ये अनुरोध भी किया कि पोर्टल के लॉगिन और पासवर्ड को साझा करने वाले नियमों का खुलासा करें। ओटीपी के बिना कुछ भी सबमिट नहीं किया जा सकता। ये नियम कभी सांसदों को क्यों नहीं बताए जाते। यदि वे (नियम) थे तो हरेक सांसद इस आईडी और लॉगिन को कई लोगों के साथ साझा क्यों कर रहा है? मैंने बार-बार विरोध जताया, ये कार्यवाही के रिकॉर्ड में है। एथिक्स कमेटी के अध्यक्ष मुझसे मुद्दे से संबंधित प्रासंगिक कोई भी सवाल जैसे लॉगिन, गिफ्ट लेने के आरोप लेकिन इन पर कोई प्रश्न नहीं हुआ। एक महिला के रूप में मेरी गरिमा को तार-तार करने वाले व्यक्तिगत सवाल पूछे गए।

### कांग्रेस और बसपा सांसदों का समर्थन मिला

बैठक में महुआ मोइत्रा को तेलंगाना कांग्रेस के एन उत्तम कुमार रेड्डी और बहुजन समाज पार्टी के दानिश अली सहित कुछ विपक्षी सांसदों का समर्थन मिला। हालांकि, मध्य प्रदेश भाजपा प्रमुख और सांसद वीडी शर्मा सहित कुछ भाजपा सदस्य चाहते थे कि महुआ आरोपों के मूल भाग का जवाब दें। सूत्रों ने कहा कि लोकसभा की आचार समिति के समक्ष उनके बयान का एक बड़ा हिस्सा देहाद्राई के साथ उनके संबंधों के बारे में था। महुआ लीक और आरोपों के लिए उन्हें दोषी ठहराती नजर आईं।

# प्रधानमंत्री आवास व मुख्यमंत्री आवास में महिलायें भी बनी मकान मालकिन

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** राशन कार्ड में महिलाओं को परिवार का मुखिया बनाने के बाद अब महिलाओं को और सशक्त, स्वावलम्बी बनाने के लिए चल रही मिशन शक्ति योजना में आवासों में भी महिलाओं को मालिकाना हक दिया जा रहा है। पुरुषों के नाम जो प्रधानमंत्री आवास व मुख्यमंत्री आवास आवंटित किए गए थे उनमें अब महिलाओं का नाम भी जोड़ा जा रहा है। साफ्टवेयर में इसकी व्यवस्था की गई है। यानि की पति के साथ पत्नी का नाम भी आवास में शामिल होगा। महिलाओं को भी आवास का मालिकाना हक मिलेगा। प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास योजना में पुरुषों के नाम आवास आवंटित किए गए थे। आवास बन गए। सरकार ने महिलाओं को भी आवास का मालिकाना हक देने के लिए आवास में पुरुषों के नाम के साथ महिलाओं का नाम भी जोड़ने का अभियान चलाया। आवास साफ्टवेयर में इसकी व्यवस्था की गई। जितने भी आवास पुरुषों के नाम से स्वीकृत हुए हैं व बनवाए गए हैं उन सभी में महिलाओं का नाम जोड़ा जा रहा है। इसके लिए 6 अक्तूबर से 31 अक्तूबर तक विशेष अभियान चलाया गया। परियोजना निदेशक एसएन चौरसिया ने बताया कि 2017 से लेक अब तक जिले में 159,974 आवास बनवाए गए हैं। इन आवास के लाभार्थी पुरुषों के साथ ही उनकी पत्नी का एकाउंट भी जोड़ दिया गया है। अब आवास का मालिकाना हक पुरुषों के साथ ही महिलाओं को भी मिला है। परियोजना निदेशक ने बताया कि जिले में 139469 आवासों में साफ्टवेयर पर पुरुष लाभार्थियों के साथ ही महिलाओं का नाम भी जोड़ दिया गया है। बाकी आवासों में भी चल रहा है। इस अभियान के बाद प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास का मालिकाना हक महिलाओं के पास भी रहेगा। महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान, स्वावलम्बन के लिए संचालित मिशन शक्ति को लेकर यह व्यवस्था की गई है।

## बाघ के पैरो के निशान देख ग्रामीणों मे दहशत

**लखीमपुर खीरी।** मैलानी वन रेंज में गांव ढाका के पास बाघ के पगमार्क देखे गए। गांव में दहशत का माहौल है। जाबिर खान की आम के बाग से और सतपाल सिंह के झाले से होकर बाघ निकाल कर गया। ग्रामीणों में दहशत हो गई। आए दिन कहीं ना कहीं बाघ देखा जाता है। इससे इलाके में दहशत का माहौल है। वन विभाग को सूचना दी गई।

मौके पर पहुंची वन विभाग टीम ने बाघ के पगमार्क देखें गांव वालों को आश्वासन दिया अगर खेत में भी जाना है तो एकजुट होकर जाए तब खेतों में काम करें। किसानों का कहना है अगर यही हाल रहा तो वह कैसे खेतों में काम करें।

## धन उगाही न रोकी गयी तो भारतीय किसान यूनियन धरना प्रदर्शन कर नहीं चलने देगें सेन्टर

**लखीमपुर खीरी।** गोला गोकर्णनाथ चीनी मिलों का पेराई सत्र शुरू होने को है। किसानों को गन्ना भुगतान के अलावा कई अन्य समस्याएं भी सताने लगी है। जिसे लेकर भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी ग्रुप ने सहकारी गन्ना विकास समिति के सचिव को ज्ञापन देकर तत्काल ध्यान देने की मांग की है। किसानों का कहना है कि एक तो बकाया भुगतान समय से नहीं मिलता, दूसरे किसान जब गन्ना लेकर सेंटरों पर जाता है तो वहां उससे गन्ना वाहन अनलोड करने के लिए रुपए वसूले जाते हैं। उनका कहना है कि सहकारी गन्त्रा विकास समिति के तहत तीनों चीनी मिलों गोला, कुम्भी व गुलरिया चीनी मिलों द्वारा लगाये गये गन्ना सेन्टरों पर ट्राली से गन्ना उतरवाई 100 रुपए और बैलगाड़ी से गन्ना उतरवाने का 50 रुपए किसानों से नगद वसूला जाता है। जबकि जिला गन्ना अधिकारी से जब किसानों ने जानकारी की तो उन्होंने बताया कि गन्ना उतरवाई के रूपये लेने का कोई नियम नहीं है। गन्ना उतरवाई सेन्?टरों पर पूर्णतयः निशुल्क है। सेन्टर से मिल तक गन्ना पहुंचने का किराया किसान से गन्ने के भुगतान से कटौती किया जाता है और सेन्टर पर गन्ना उतारने व चढ़ाने व पहुंचाने के लिए ट्रांसपोर्ट को ठेका दिया जाता है जिसका भुगतान वह मिल से प्राप्त करते हैं। किसानों का कहना है कि इस बार सेंटरों पर होने वाले गन्ना किसानों का किया जाने वाला शोषण हर-हर में रुकवाया जाए, यदि इसके बाद भी धन उगाही न रोकी गयी तो भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी) धरना प्रदर्शन कर सेन्टर नहीं चलने देगें। ज्ञापन देने वालों में जिला अध्यक्ष बलकार सिंह, मनदीप सिंह, जसपाल सिंह भदौरिया, मस्तान सिंह, उत्तम यादव, सुरेंद्र कुमार, पुनीत वर्मा, जितेंद्र पटेल, कमलेश कुमार, मोहम्मद मेराज खान, सहित सैकड़ो किसान मौजूद थे।

## ताश के पत्तें व 1,350/- रुपये नगद बरामद कर किया गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी।** थाना गोला पुलिस द्वारा जुआं खेलते हुए 04 नफर अभियुक्तों को ताश के पत्तें व कुल 1,350/- रुपये नगद बरामद कर गिरफ्तार किया गया, जिसके संबंध में थाना गोला पर मु0अ0सं0 649/23 धारा 13 जुआं अधि0 पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है अशोक पुत्र दीनबन्धू नि0 ग्राम कंचनपुर थाना गोला रमेसुर पुत्र रामस्वरूप नि0 ग्राम कंचनपुर थाना गोला नजाकत पुत्र हसन रजा नि0 ग्राम कंचनपुर थाना गोला अजय पुत्र गुरदीन नि0 ग्राम कंचनपुर थाना गोला।

# प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाया दम, जमकर बहाया पसीना



*अवधनामा संवाददाता*

**सीतापुर।** पिसावां ब्लॉक संसाधन केंद्र के अंतर्गत संकुल नेरी के समस्त विद्यालयों की कीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन जूनियर हाई स्कूल प्रांगण में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम प्रधान नूर हसन शाह द्वारा किया गया।

उन्होंने प्रतिभागी बच्चों की सराहना करते हुए कहा की खेल प्रतियोगिता से उनका शारीरिक और मानसिक विकास दोनों में ही वृद्धि होती है। इसलिए खेल जीवन का आवश्यक अंग हैं। प्रतियोगिता से ही ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिमाएं उजागर होती हैं और वह आगे चलकर जिला प्रदेश स्तर पर अपनी प्रतिभाएं प्रदर्शित करते हैं। कार्यक्रम के दौरान कबड्डी प्रतियोगिता का रोमांचक खेल में दर्शकों ने उत्साह वर्धन किया। कार्यक्रम के दौरान खंड शिक्षा अधिकारी, पिसावा संकुल स्तरीय सभी विद्यालयों के शिक्षक शिक्षिकाएं तथा मास्टर अरुण शुक्ला, लक्ष्मी शर्मा आदि मौजूद रहे।

## अवैध असलहे के साथ गिरफ्तार




सीतापुर। रेउसा थाना पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान सिप्पू सिंह पुत्र सोबरन सिंह निवासी गुड़रुवा देवरिया थाना रेउसा को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा मय कारतूस के बरामद किया है। पुलिस का कहना है कि सिप्पू सिंह शातिर अपराधी है। उसके खिलाफरेउसा थाने में आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया है।

## दो युवकों में जमकर हुई मारपीट

सीतापुर। महोली कोतवाली इलाके के मोहल्ला मिल कॉलोनी पूर्वी निवासी चेतन पुत्र रामदयाल का मोहल्ले के निवासी अंशुल पुत्र कल्लू से विवाद हो गया। आरोप है कि अंशुल ने चेतन की जमकर पिटाई कर दी। आरोप है कि अंशुल जुआ में पैसा हार गया था। तभी वहीं से गुजर रहे चेतन से उसने 500 रुपए उधार मांगे। लेकिन उन्होंने देने से इनकार कर दिया। तभी उसकी जेब से अंशुल ने पर्स निकाल ली। इस दौरान हुई मारपीट में अंशुल को भी चोट आई है। घटना में दोनों तरफसे महोली कोतवाली में तहरीर दी गई है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## दहेज हत्या में 10 वर्ष का कारावास

**सीतापुर।** मछरेहटा थाने में वर्ष 2014 में मछरेहटा थाना क्षेत्र के ग्राम कंदुआपुर सरैंया निवासी सोनू पुत्र दिनेश कुमार के खिलाफदहेज हत्या का केस दर्ज कराया था। इस मामले में न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट सख्या 2 ने साक्ष्यों को देखने, गवाहों को सुनने व दोनो पक्षों के वकीलों की बहस सुनने के बाद सोनू को दोषी करार दिया। न्यायाधीश ने इस केस में सोनू को 10 वर्ष कारावास की सजा सुनाई। वहीं 30 हजार रुपये अर्थदण्ड से दण्डित किया है।'

## सुहागिनों ने सुनी करवा चौथ की कथा

**अयोध्या।** रामनगर सिंधी कॉलोनी स्थित प्राचीन ? शिवालय मंदिर परिसर में पूज्य माता आशा राय जी द्वारा सुहागिनों को करवा चौथ व्रत की पावन कथा सुनाई गई इस अवसर पर पूज्य माता जी ने वार्ता कर ये जानकारी दी इस पावन वर्त में सुहागिनें निर्जला व्रत रख कर साय काल चंद्र दर्शन कर अपने पति की दीर्घ आयु की कामना करती हैं इस व्रत में प्रभु महादेव, जगत माता पार्वती, गणेश,कुमार कार्तिकेय और चंद्र देवता की पूजा करने का विधान है महाभारत में भी इस दिव्य वर्त की कथा का उल्लेख है इस शुभ अवसर पर आशा संगतानी, जिया संगतानी,रेशमा अंदानी,रीता संगतानी, जया खत्री, भावना जसवानी,भक्ति जसवानी,मधु जसवानी, मोना दासवानी, मीना साधवानी, विनीता माखेजा, नेहा वरयानी, प्रिया वासवानी, रुचि वासवानी, सिमरन वासवानी, काजल खत्री,वीरा लधनी, कविता खिलवानी, कोमल खिलवानि, नैना संगतानी,पूजा संगतानी,राशि संगतानी आदि महिलाए उपस्थिति रही।

## अमर शहीद संत कंवर राम साहिब लोगों के दिलो मे हमेशा रहेंगे: साई नितिन राम

**अयोध्या।** अमर शहीद संत कंवर राम साहिब लोगों के दिलो मे हमेशा रहेंगे यह बाते संत सतराम दास दरबार मे साई नितिन राम ने कही, महंत गणेश दास ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि संत कंवर राम के बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता है उनकी याद हमेशा जिन्दा रहेगी सिंधी सेंट्रल पंचायत के संरक्षक वरियल दास नानवानी ने शहीद के 83वे बलिदान दिवस पर रामनगर कॉलोनी स्थित बीच मैदान पर कहा कि गरीबो व दीन दुखियों की सेवा को संत कंवर राम अपना कर्तव्य समझते थे इस मौके पर समाज के लोगो ने शहीद के चित्र पर माल्यार्पण कर व कैंडील जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की पंचायत के अध्यक्ष ने कहा कि कंवर राम मानवता के मसीहा थे आज उनके सेवा कार्यों को सभी याद कर रहे हैं अमर शहीद संत कंवर राम मिशन के अध्यक्ष राजकुमार जीवानी ने कहा कि तत्कालीन ब्रिटिश शासन के गवर्नर ने कंवर राम को ÷एकता के मसीहा÷ की उपाधि दी थी सिन्धु सेवा समिति के अध्यक्ष मोहन मध्यान ने कहा कि एक नवंबर 1939 को कुछ असमाजिक तत्वों ने कंवर राम को सिंध प्रांत की रुक स्टेशन पर गोली मारकर हत्या कर दी थी शहीद का बलिदान दिवस कई स्थानों पर मनाया गया।

## भागवत कथा में पवनदेव महाराज ने कहा भाव का भूखा हूं मैं, भाव ही बस खाता हूं

**गोसाईंगंज -अयोध्या।** भाव का भूखा हूं मैं, भाव ही बस खाता हूं। भाव से मुझको भजे और भव से बेड़ा पार हो..। भगवान भाव के भूखे होते हैं यही कारण है कि दुर्योधन के महल में छप्पन व्यंजन को छोड़कर महात्मा विदुर के घर केले के छिलके व शाक को खाया। उक्त बातें कथा वाचक पूज्य पवनदेव महाराज ने कहीं। गोसाईंगंज दशरथ वाटिका में श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह के तीसरे दिन श्रीमद् भागवत कथा में बताया कि भगवान केवल भाव के ही भूखे होते हैं। कथा के मुख्य यजमान श्रीमती राधा देवी श्याम लाल कसौधन जी है।भगवान श्री कृष्ण जब विदुर जी के घर आते हैं, तो विदुरानी घर पर थी और विदुर जी बाहर जाकर कुछ प्रभु के लिए लेने गए थे। इस बीच अपने आराध्य को सामने पाकर विदुरानी भाव विह्वल हो जाती हैं। ऐसे में घर में रखे पांच केले प्रभु के सम्मुख परोसती हैं लेकिन केला कूड़े में फेंक देती हैं और छिलके थाली में रखती हैं। भगवान बड़े प्रेम से छिलके खाते हैं और केले के स्वाद की तारीफ करते हैं। यही है भगवान का अपने भक्त के लिए प्रेम और ऐसे ही भक्तों के लिए भगवान लेते हैं अवतार।

# बिसवां में मिली देवरिया की युवती

*अवधनामा संवाददाता*

**सीतापुर।** बिसवां कोतवाली पुलिस टीम को 31अक्टूबर की कस्बे के जहांगीराबाद बस स्टैंड पर एक 22 वर्षीय युवती मिली। पुलिस ने जब जांच की तो पता चला कि महिला मानसिक रुप से विक्षिप्त है। जो इधर-उधर भटक रही है।




पुलिस ने समझा बुझा कर उसका नाम व पता की जानकारी जुटाई। पुलिस पड़ताल में युवती की पहचान अनुषी पुत्री राधेश्याम निवासी पाठक खुड़िया जिला देवरिया निकली। युवती को सुरक्षित रखते हुए पुलिस टीम द्वारा जनपद देवरिया से जानकारी की गई। उसके परिजनों से संपर्क किया गया। इस पर युवती के परिजन बिसवां कोतवाली पहुंचे। पुलिस ने युवती को सकुशल परिजनों के सुपुर्द किया। युवती को सुरक्षित घर पहुंचाने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक राजेश कुमार सरोज, पुलिसकर्मी, भीमसेन यादव, सौरभ कुमार, रजनी पांचाल शामिल हैं।

# श्री रामलीला के मंच पर आयोजित किया गया ऑल इंडिया मुशायरा

*अवधनामा संवाददाता*

**मोहम्मदी-खीरी।** गंगा जमुना तहजीब को कायम रखते हुए नगर पालिका द्वारा आयोजित ऑल इंडिया मुशायरा श्री रामलीला के मंच पर आयोजित किया गया, ऑल इंडिया मुशायरा की अध्यक्षता अध्यक्ष संदीप मल्होत्रा ने की मुशायरे के मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी डाक्टर अवनीश कुमार और विशिष्ट पुलिस उपाधीक्षक अरविंद कुमार वर्मा ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर मुशायरे की शुरुआत की,चैयरमैन मे मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया, मुशायरे की निजामत मुंबई से आये इमरान रशीद ने की,मुशायरा देर रात तक चला,मुशायरे की शुरुआत दिलशाद जख्मी ने नाते पाक से की,उसके बाद मुशायरे की शुरुआत हुई,एक छोटे से बच्चे ने मुशायरा के सफर को शुरू करते हुए कहा तुम्हें कुछ खबर है बच्चों को कैसे पाल देती है।

जरूरत अम्मा के कंगन भी गिरवी डाल देती है।



उसके बाद बाराबंकी से तशरीफ़ लाऐ अली बाराबंकी ने मोहब्बत की बात करते हुऐ कहा मैं तुमसे दिल लगाना चाहता हूं तुझे अपना बनाना चाहता हूं तुम्हारी झील सी आंखों में जाना मुकम्मल डूब जाना चाहता हूं वही उन्होंने मुशायरे के मिजाज को देखते हुए कहा गुफ्तगू उससे संभल कर मुझको करनी चाहिए दोस्तों बेटा मेरा जब मेरे बराबर हो गया जिंदगी भर हम.किराए के मकानों में रहा बाद मरने के अली अपना भी एक घर हो गया।

वही बसीम राजू ने इस अदाज मे कहा, सच लिखा तो सच लिखने का हुनर बक्सा गया

उंगलियां काटी गई और फिर कलम बक्सा गया

दिलशाद जख्मी ने महफिल की खूब वायवाही लूटी और कुछ इस अंदाज में कहां एक दूसरे का हम सभी सम्मान करेंगे

झगड़ा न कभी हिंदू मुसलमान करेंगे

नफरत जो सिखाए जो आपस में लड़ा कर

हम उसके लिए जंग का ऐलान करेंगे फिर उन्होंने कुछ यू कहा दर्द दिल से जुदा न हो जाए

जिंदगी वे मजा न हो जाऐ,

मशहूर शायर हाशिम फिरोजाबादी ने गीत गजलो से खूब वाहवाही लूटी और उन्होंने कुछ यू मोहब्बत की बात कही

बड़ी शौख है ये लड़की, बड़े काम कर रही है

मैं नजर बचा रहा हूं, वो सलाम कर रही है

वही कुछ यू कहा

बेपर्दा अमल मुझे उसे वक्त नजर आए

जिस वक्त मेरा बेटा घर पीके शराब आया

हिंदुस्तान के मशहूर शायर मंजर भोपाली मध्य प्रदेश में कुछ इस अंदाज में अपनी बात कही

थी वो रफ्तार की लम्हों में खला तक पहुंचे

तुम गए चाद तलक पहचचे,हम तो खुदा तक पहुंचे

फिर यूं कहा

करम ये जो मु बहुत सरफिरी हवा का है

हवा से कह दो कि यह पेड़ मुस्तफा का है

यजीदे वक्त के आगे में झुक नहीं सकता

मेरे मिजाज में एहसान करबला का है

बलरामपुर से आयी शायरा ने कुछ यू अदाज मे बात की ऐसा मुझे लगता है गर्दिश में सितारा है फेहरिस्त मे झूठो की एक नाम तुम्हारा है तुम आग लगाओगे हम आग बुझायेंगे यह काम तुम्हारा था यह काम हमारा है।

# गरीब व्यक्तियों की पुत्रियों की शादी में शादी अनुदान हेतु करें आवेदनः पीयूष चन्द्र

**गाजियाबाद।** अन्य पिछड़े वर्ग (अल्पसंख्यक पिछडे वर्ग को छोड़कर) के गरीब व्यक्तियों की पुत्रियों की शादी हेतु शादी अनुदान योजना संचालित है। शादी अनुदान योजनान्तर्गत पात्र आवेदकों को रूपये-20000/- का अनुदान दिये जाने की व्यवस्था है। शादी अनुदान हेतु शादी की तिथि से 90 दिन पूर्व से तथा 90 दिन बाद तक www.shadianudan.upsdc.gov.in लिंक पर जाकर आवेदन किया जा सकता है। पीयूष चन्द्र राय, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, गाजियाबाद ने जानकारी देते हुए बताया कि शादी अनुदान आवेदन हेतु अर्हता निम्न प्रकार है जिसमें आवेदक अन्य पिछड़े वर्ग (अल्पसंख्यक पिछड़े वर्ग को छोड़कर) का होना चाहिए। पुत्री की आयु शादी की तिथि को 18 वर्ष या उससे अधिक एवं वर की आयु 21 वर्ष उससे अधिक होनी अनिवार्य है। आवेदक अधिकतम दो पुत्रियों की शादी हेतु अनुदान प्राप्त कर सकता है।



अपडेट पोर्टल पर आधार प्रमाणिकरण की नयी व्यवस्था (ई- के0वाई0सी0) की शुरूआत की गयी है, जिसके माध्यम से आवेदक अपना तथा अपनी पुत्री (जिसकी शादी हेतु अनुदान हेतु आवेदन किया जा रहा है) का आधार पोर्टल पर दर्ज करेगा तथा आधार से लिंक मोबाइल पर प्राप्त ओ0टी0पी0 का उपयोग कर ई-के0वाई0सी0 की प्रक्रिया पूर्ण करेगा, जिसके माध्यम से यू0आई0डी0ए0आई0 (भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण) से आवेदक तथा उसकी पुत्री के नाम, पिता का नाम, पता, आयु तथा उनकी फोटो आवेदन में स्वतः अंकित हो जायेगी। इसी प्रकार आय और जाति प्रमाण पत्र का कमांक तथा संख्या अंकित करने पर ई-डिस्ट्रिक्ट सर्वर से आय तथा जाति का सत्यापित विवरण आवेदन में अंकित हो जायेगा उपरोक्त प्रक्रिया यह सुनिश्चित करेगी कि पात्र आवेदकों के आवेदन ही अंतिम रूप से सबमिट हो पायेंगे तथा आय, जाति अथवा आयु के आधार पर अपात्र होने पर आवेदन की प्रक्रिया पूर्ण ही नहीं की जा सकेगी।

## आरोपी को 5 वर्ष सश्रम कारावास, दस हजार रुपये का अर्थदण्ड

**सीतापुर।** शहर कोतवाली में वर्ष 2009 में शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला आलमनगर गदियाना नई आबादी निवासी चंदन रस्तोगी पुत्र सुरेश के खिलाफबहला फुसलाकर ले जाने का केस दर्ज कर कराया गया था। चंदन रस्तोगी पर अपनी ही भांजी को बहला फुसलाकर ले जाने का आरोप था।

इस मामले की सुनवाई करते हुए न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश - फास्ट ट्रैक कोर्ट ने गवाहों को सुनने व दोनों पक्षों के वकीलों की दलीले सुनने तथा साक्ष्यों को देखने के बाद चंदन रस्तोगी पुत्र सुरेश को दोषी करार दिया। न्यायाधीश ने इस मामले में चंदन रस्तोगी को 5 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई। वहीं दस हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।'

# मनुष्य को जनकल्याण के लिए कार्य करने चाहिए

*अवधनामा संवाददाता*

**सीतापुर।** भदेश्वर नाथ मंदिर बीहट गौर महोली पर श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ किया गया। कथा का चार स्तंभों पर निश्चित है। पहले रूप लीला नाम और धर्म हमें इसका अध्ययन मनन चिंतन करना चाहिए। कथा के शुभारंभ पर कथा व्यास धर्मेंद्र महाराज का तिलक वंदन सत्येंद्र



शुभारंभ करते हुए कथा व्यास आचार्य धर्मेंद्र महाराज ने कहा कि मनुष्य को ऐसे कर्म करना चाहिए कि उसका कल्याण हो जाए।

उन्होंने कहा कि भगवान की कथा चौहान द्वारा किया गया। प्रथम दिन कथा के समापन पर आरती और प्रसाद वितरण किया गया। कथा के दौरान काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# "हक की बात" के तहत जिलाधिकारी ने सुनी महिलाओं की समस्याएं



*अवधनामा संवाददाता*

**रायबरेली।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ मिशन शक्ति फेज-4.0 के अंतर्गत 'हक की बात जिलाधिकारी के साथ' की बैठक कलेक्ट्रेट स्थित बचत भवन में हुई। कार्यक्रम की शुरुआत जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने दीप जलाकर और मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित करके किया।

बैठक में महिलाओं और बच्चियों ने अपनी अपनी समस्याए जिलाधिकारी के सामने रखी। कुछ महिलाओं एवं बच्चियों ने अपने जीवन के कटु अनुभवों को बैठक में साझा किया। जिसे सुनकर बैठक में उपस्थित सभी लोग भावुक हो गए। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि महिलाओं और बच्चियों से संबंधित हिंसा को गंभीरता से लिया जाए और इस प्रकार के मामलों में त्वरित कार्यवाही की जाए। जिलाधिकारी ने उपस्थित महिलाओं को बताया कि आप लोग अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहे और किसी भी प्रकार की हिंसा को सहन न करे। पुलिस विभाग महिलाओं की सुरक्षा के लिए कटिबद्ध है। सरकार ने महिलाओं और बेटियों की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए अनेक योजनाएं शुरू कर रखी है। जिलाधिकारी ने महिलाओं को जागरुक करते हुए कहा कि महिलाओं की सबसे बड़ी शक्ति महिलाएं स्वयं है। अपने अंदर आत्मविश्वास बनाए रखें और समस्याओं का डटकर सामना करें। किसी से भी डरने की आवश्यकता नहीं है। भारतीय संविधान सभी को बराबरी का अधिकार देता है।

# गरीब व्यक्तियों की पुत्रियों की शादी में शादी अनुदान हेतु करें आवेदनः पीयूष चन्द्र राय

*अवधनामा संवाददाता*

**गाजियाबाद।** अन्य पिछड़े वर्ग (अल्पसंख्यक पिछडे वर्ग को छोड़कर) के गरीब व्यक्तियों की पुत्रियों की शादी हेतु शादी अनुदान योजना संचालित है। शादी अनुदान योजनान्तर्गत पात्र आवेदकों को रूपये-20000/- का अनुदान दिये जाने की व्यवस्था है। शादी अनुदान हेतु शादी की तिथि से 90 दिन पूर्व से तथा 90 दिन बाद तक www.shadianudan.upsdc.gov.in लिंक पर जाकर आवेदन किया जा सकता है। पीयूष चन्द्र राय, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, गाजियाबाद ने जानकारी देते हुए बताया कि शादी अनुदान आवेदन हेतु अर्हता निम्न प्रकार है जिसमें आवेदक अन्य पिछड़े वर्ग (अल्पसंख्यक पिछड़े वर्ग को छोड़कर) का होना चाहिए। पुत्री की आयु शादी की तिथि को 18 वर्ष या उससे अधिक एवं वर की आयु 21 वर्ष उससे अधिक होनी अनिवार्य है। आवेदक अधिकतम दो पुत्रियों की शादी हेतु अनुदान प्राप्त कर सकता है। अपडेट पोर्टल पर आधार प्रमाणिकरण की नयी व्यवस्था (ई-के0वाई0सी0) की शुरूआत की गयी है, जिसके माध्यम से आवेदक अपना




तथा अपनी पुत्री (जिसकी शादी हेतु अनुदान हेतु आवेदन किया जा रहा है) का आधार पोर्टल पर दर्ज करेगा तथा आधार से लिंक मोबाइल पर प्राप्त ओ0टी0पी0 का उपयोग कर ई-के0वाई0सी0 की प्रक्रिया पूर्ण करेगा, जिसके माध्यम से यू0आई0डी0ए0आई0 (भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण) से आवेदक तथा उसकी पुत्री के नाम, पिता का नाम, पता, आयु तथा उनकी फोटो आवेदन में स्वतः अंकित हो जायेगी। इसी प्रकार आय और जाति प्रमाण पत्र का कमांक तथा संख्या अंकित करने पर ई-डिस्ट्रिक्ट सर्वर से आय तथा जाति का सत्यापित विवरण आवेदन में अंकित हो जायेगा उपरोक्त प्रक्रिया यह सुनिश्चित करेगी कि पात्र आवेदकों के आवेदन ही अंतिम रूप से सबमिट हो पायेंगे तथा आय, जाति अथवा आयु के आधार पर अपात्र होने पर आवेदन की प्रक्रिया पूर्ण ही नहीं की जा सकेगी। आवेदक द्वारा अंतिम रूप से पोर्टल पर आवेदन सबमिट करने के उपरान्त तहसील तथा विकासखण्ड स्तर पर उपजिलाधिकारी तथा खण्ड विकास अधिकारी के लागिन पर आवेदक का पूर्ण विवरण प्रदर्शित हो जायेगा। उपजिलाधिकारी तथा खण्ड विकास अधिकारी स्तर पर ई- के0वाई0सी0 तथा ई-डिस्ट्रिक्ट सर्वर से प्राप्त तथा आवेदन में अंकित तथ्यों के मिलान के उपरान्त केवल आवेदक सम्बन्धित पते पर निवास करता है अथवा नहीं तथा आवेदन में अंकित शादी की तिथि सत्यापन ही उपजिलाधिकारी / खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय द्वारा अब कराने की आवश्यकता रहेगी, जिससे आवेदनों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित हो सकेगा।

ई–के0वाई0सी0 तथा ई-डिस्ट्रिक्ट सर्वर से सत्यापित सूचनाएं आवेदन में प्रदर्शित कराये जाने की प्रक्रिया राज्य एन0आई0सी0 द्वारा निर्मित पोर्टल में की गयी है। आवेदन से लेकर भुगतान तक की सम्पूर्ण प्रक्रिया के सम्बन्ध मे प्रत्येक स्तर पर की गयी कार्यवाही की सूचना आवेदक के मोबाइल पर प्रेषित करने की व्यवस्था की गयी है तथा उपजिलाधिकारी / खण्ड विकास अधिकारी को उनके स्तर पर लम्बित आवेदनों की सूचना उनको सी0यू0जी0 मोबाइल नम्बर पर प्रेषित करने की व्यवस्था राज्य एन0आई0सी0 द्वारा की गयी है।

## सीएम योगी की मॉनिटरिंग का दिखा असर

# प्रदेश में 16,23,000 लाभार्थियों ने उठाया पीएम स्वनिधि का लाभ

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** आमजन तक सरकार की योजनाओं को पहुंचाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की संवेदनशीलता का बड़ा असर देखने को मिल रहा है। प्रदेश से लेकर केंद्र की योजनाओं को बड़े पैमाने पर लोगों तक पहुंचाने में योगी सरकार ने उपलब्धि दर्ज की है।

कोरोना काल में बेरोजगार हुए पटरी व्यवसायियों (स्ट्रीट वेंडर्स) की आर्थिक मदद के लिए केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई पीएम स्वनिधि योजना का लाभ देने में उत्तर प्रदेश का कोई सानी नहीं है। वहीं केंद्र सरकार की कुल 8 योजनाओं का लाभ जनमानस तक पहुंचाने में उत्तर प्रदेश पूरे देश में नंबर वन पर है यह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मॉनिटरिंग का ही असर है कि समृद्धि से स्वनिधि के तहत स्ट्रीट वेंडर्स और उनके परिवार के 22 लाख से अधिक लोगों ने आठ केंद्रीय योजनाओं का अब तक लाभ उठाया है। केंद्र सरकार की ओर से प्रदेश में तीन चरणों में नगर निगम, नगर पालिका और नगर पंचायतों में आठ केंद्रीय योजनाओं का लाभ दिया गया था, जिसका पूरे देश में सबसे अधिक लाभ उत्तर प्रदेश के लाभार्थियों ने उठाया है। स्टेट अर्बन डेवलपमेंट एजेंसी (सूडा) के डायरेक्टर डॉ अनिल कुमार ने बताया कि सीएम योगी प्रदेश और केंद्र की योजनाओं का लाभ प्रदेश के हर तबके के नागरिक को देने के लिए प्रयासरत रहते हैं उन्होंने प्रदेश के सभी विभागों को बिना किसी भेदभाव, मजहब और जाति के योजनाओं को लाभ अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने के स्पष्ट निर्देश दे रखे हैं सीएम योगी इसकी खुद मॉनीटरिंग और समय-समय पर समीक्षा बैठक करते हैं इसी का नतीजा है कि पूरे देश में उत्तर प्रदेश ने पीएम स्वनिधि से जुड़ी 8 केंद्रीय योजनाओं को लाभ देने में पहला स्थान हासिल किया है। वहीं पीएम स्वनिधि योजना के तहत प्राप्त आवेदनों के आधार पर प्रथम ऋण 12,08,605 लाभार्थियों, द्वितीय ऋण 3,84,487 लाभार्थियों तथा तृतीय ऋण 29,908 लाभार्थियों को बांटे गये। प्रदेश में कुल 16,23,000 लाभार्थियों को ऋण वितरित किये गये, जिसकी कुछ धनराशि 2127.11 करोड़ है।

### दौ सो करोड़ बार हुआ डिजिटल लेनदेन

सूडा डायरेक्टर ने बताया कि पीएम स्वनिधि के तहत स्वनिधि से समृद्धि योजना में वेंडर्स और उनके परिवार को 8 केंद्रीय योजना पीएम जीवन ज्योति, पीएम सुरक्षा बीमा, जनधन अकाउंट, वन नेशन वन राशन कार्ड, जननी सुरक्षा योजना, पीएम मातृत्व वंदना योजना, पीएम श्रमयोगी मानधन और रजिस्ट्रेशन अंडर बीओसीडब्ल्यू योजना का लाभ दिया जा रहा है इस योजना का लाभ प्रदेश में स्वनिधि से समृद्धि कार्यक्रम के तहत दिया जा रहा है, जिसमें पहले फेस में 17,65,975, दूसरे फेस में 3,62,313 और तीसरे फेस में 87,503 लोगों को योजना का लाभ दिया गया।

## ऑनलाईन व्यापार से खुदरा व्यापार पर पड़ रहे संकट को लेकर सपा व्यापार सभा ने किया प्रदर्शन




**लखनऊ अवधनामा ब्यूरो।** समाजवादी पार्टी व्यापार सभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जायसवाल के आह्वान पर समाजवादी पार्टी व्यापार सभा के महानगर अध्यक्ष अमित गुप्ता के साथ जुटे व्यापारीयों ने घंटाघर स्थित छुन्नगुरु की प्रतिमा स्थल पर प्रदर्शन कर ऑनलाईन व्यापार का बहिष्कार करने के साथ सरकार से ऑनलाइन खरीदारी पर रोक लगाने की मांग कि। समाजवादी पार्टी महानगर उपाध्यक्ष राजेश गुप्ता के नेतृत्व में व्यापारीयों ने चौपट हुआ खुदरा व्यापार ,जिसका कारण ई व्यापार-दूकानदारों के सम्मान में समाजवादी पार्टी व्यापार सभा मैदान में , ऑनलाईन व्यापार बन्द करो जैसे नारे लगाते हुए प्रदर्शन किया। व्यापारीयों को सम्बोधित करते हुए राजेश गुप्ता व अमित गुप्ता ने कहा ऑनलाईन व्यापार से खुदरा व्यापारी एवं छोटे दुकानदार व खोमचा व रेहड़ी पटरी वाले सब से ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं।दिपावली सर पर है दूकान में माल रखने के बाद भी दिन भर व्यापारी ग्राहक के आने की आस में टकटकी लगाए निहारते रहते हैं लेकिन बोहनी तक नहीं होती। व्यापारी नेताओं का कहना है कि जब से भाजपा सरकार अस्तित्व में आई है तब से खुदरा व्यापारी व छोटे मोटे व्यापारी सब से ज्यादा प्रभावित हैं कभी इनकम टैक्स डिपार्टमेंट तो कभी पॉलीथिन और अतिक्रमण के नाम पर व्यापारीयों को प्रताड़ित किया जाता है। व्यापारी नेताओं ने आम जनमानस से ऑनलाईन व्यापार न करने की अपील करते हुए कहा की दूकानदारों ,खुमचा व रेहड़ी लगाने वालों से ही खरीदारी करें ताकि वह भी अपना जीविकोपार्जन कर सकें।

## भाजपा सरकार में महिलाओं का अभूतपूर्व सम्मानः भूपेंद्र सिंह



अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** रुद्रपुर में आयोजित नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने कहा कि महिला सशक्तीकरण की धारणा को अपनाने वाले कार्यक्रमों और नीतियों को लागू करने से राष्ट्र, व्यवसाय, समुदाय और समूह लाभान्वित हो सकते हैं। महिला विकास और उत्थान के लिए उपलब्ध मानव संसाधनों की गुणवत्ता और मात्रा को बढ़ाता है। मानवाधिकारों और विकास को संबोधित करते समय महिलाओं का सशक्तिकरण मुख्य प्रक्रियात्मक चिंताओं में से एक है। आज हमारी सरकार में महिलाओं को उचित सम्मान मिल रहा है। महिला मोर्चे की क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सुनीता श्रीवास्तव ने कहा कि आज महिलाएं पुरुषों के साथ कंधे से कन्धा मिलाकर चल रही हैं तथा देश के विकास में महती भूमिका निभा रही हैं। भाजपा विधायक जयप्रकाश निषाद ने कहा कि महिलाओं को जो काम सौंपा जाता है वो बड़े ही तन्मयता के साथ करती हैं और जब तक उसे पूर्ण नहीं कर लेती, विश्राम नहीं करती हैं। जिलाध्यक्ष भारती शर्मा ने कहा कि आज की महिला हर क्षेत्र में आगे हैं, वो फाइटर जेट उड़ा रहीं हैं बार्डर पर देश की सीमा की हिफाजत कर रही हैं और साथ ही देश की विभिन्न राजनैतिक इकाइयों में अपने क्षेत्र की जनता का प्रतिनिधित्व भी कर रही हैं। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नगर पंचायत अध्यक्षा सुधा निगम, ब्लाक प्रमुख ऊषा पासवान, बबिता चौहान, महेश मणि, माया विश्वकर्मा, गिरजा देवी, नीलम यादव व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## क्रय केन्द्र पर धान की 50 हजार क्विंटल की खरीद हुई

अवधनामा संवाददाता

**ज्वार का नहीं पहुंचा एक भी दाना, बाजारा खरीदा गया 50 क्विंटल**

**उरई (जालौन)।** लगभग एक माह पूर्व गल्ला मंडी में मोटे अनाज ज्वार, बाजरा के साथ ही धान खरीद केंद्र खोला गया था। एक माह बीतने के बाद भी मंडी में अभी तक मोटे अनाज ज्वार बाजार की खरीद के नाम पर औपचारिकता हो पायी है। जहां एक ओर बाजारा की खरीद मात्र 50 क्विंटल की हुई तथा लगभग 50 हजार क्विंटल धान खरीदा गया है। खरीफ की फसल में धान व मोटे अनाज में ज्वार, बाजरा के साथ धान को किसानों से एमएसपी की दर पर खरीदने के लिए गल्ला मंडी परिसर में सरकारी ऋय केंद्र खोला गया है। एक अक्टूबर को ऋय केंद्र का शुभारंभ डीएम राजेश पांडेय ने किया था। जिसमें उन्होंने किसानों से अपील की थी कि किसान अपना अनाज बेचने के लिए बिचौलियों के चक्कर में न पड़ें। बल्कि किसान पंजीकरण के उपरांत निर्धारित समय व तारीख पर सीधे केंद्र पर आकर अपना अनाज बेच सकते हैं। केंद्र प्रभारी अवनींद्र कुमार ने बताया कि केंद्र पर शासन द्वारा निधारित सामान्य धान 2183 व ए वन ग्रेड का धान 2203 रुपये प्रति क्विंटल, बाजरा 2500 रुपये, ज्वार हाइब्रिड 3180 व ज्वार मालदंडी 3225 रुपये प्रतिक्विंटल की दर से खरीदा जा रहा है। केंद्र पर अब तक एक भी किसान ज्वार की फसल लेकर नहीं पहुंचा है। हालांकि बाजारा की बिक्री के लिए पांच किसानों ने पंजीकरण कराया है। जिनमें से तीन किसानों ने लगभग 50 क्विंटल बाजरा केंद्र पर बेचा है। मंडी में इस वर्ष धान की अच्छी आवक है तथा मंडी में अब तक लगभग 50 हजार क्विंटल धान की खरीद हो चुकी है। बुधवार को 1600 क्विंटल धान की खरीद हुई है तथा अब तक मंडी में इस ग्रेड का लगभग 50 हजार क्विंटल धान खरीदा जा चुका है।

### एमओयू के दो प्रोजेक्ट का डीएम ने किया भौतिक सत्यापन

**फर्रुखाबाद।** जनपद में कराये गये एमओयू के सापेक्ष दो प्राजेक्ट श्री लक्ष्मी फोजन फूड्स मानिकपुर एवं चौधरी गजराज सिंह फॉर्मेसी कॉलेज यशोदा नगर ताजपुर का जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने निरीक्षण कर भौतिक सत्यापन किया द्य डीएम ने इस दौरान श्री लक्ष्मी फोजन फूड के मालिक वाशुदेव अग्रवाल द्वारा बताया गया कि 14.93 करोड़ का एम0ओ0यू0 साइन किया गया था। वर्तमान में कार्य शुरू कर दिया गया है। कम्पनी में सफल मटर, स्वीट कॉर्न एवं सोयाबीन चाप की पैकिंग कर प्रदेश के विभिन्न जनपदों में थोक सप्लाई की जा रही है। चौधरी गजराज सिंह फॉर्मेसी कॉलेज यशोदा नगर ताजपुर के आनर श्यामपाल सिंह द्वारा बताया गया कि 1.5 करोड़ का एम0ओ0यू0 साइन किया गया था। बिल्डिंग निर्माण पूर्ण है, कॉलेज को मान्यता भी प्राप्त हो गयी है। कॉलेज में कांउसलिंग चल रही है। कांउसलिंग पूर्ण होते ही क्लासेज प्रारम्भ कर दी जायेगी। मौके पर बताया कि यहां तक के कार्य में जिला प्रशासन का पूरा सहयोग रहा है।

## समन्वय और संवाद के जरिए परिवार नियोजन पर पाया जा सकता है काबूः डॉ राजेश कुमार

अवधनामा संवाददाता



**मथौली बाजार, कुशीनगर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोतीचक अंतर्गत हेल्थ वेलनेस सेंटर लक्ष्मीपुर में गुरुवार को सास, बहू और बेटा सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस मौके पर सीमित परिवार की अहमियत बताई गई, तथा गर्भवती महिलाओ को खाद्य सामग्री एव गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया।

हेल्थ वेलनेस सेंटर लक्ष्मीपुर में आयोजित सम्मेलन में साल भर में चिह्नित नव दंपती को परिवार नियोजन की जानकारी दी गई। आशा कार्यकर्ता और एएनएम ने परिवार नियोजन के साधनों का उपयोग करने के लिए लोगों को जागरूक किया। इस मौके पर संबोधित करते हुए प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ राजेश कुमार मद्धेशिया व सर्जन सूर्यभान कुशवाना ने संयुक्त रूप से कहा कि सम्मेलन का उद्देश्य सास, बेटा, बहू के बीच संबंध, समन्वय और संवाद के जरिए परिवार नियोजन को लेकर बेहतर माहौल कायम किया जा सकता है। इससे वह प्रजनन स्वास्थ्य के प्रति अपनी अवधारणाओं, व्यवहार एव विश्वास में बदलाव ला सकेंगे। प्राय- देखने में आता है कि परिवार में अधिकतर निर्णय में पुरुष की सहमति सर्वोपरी होती है। इस लिए सास, बहू सम्मेलन के दौरान पुरुष की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए बेटे का प्रतिभाग किया जाना आवश्यक है। इस मौके पर सीमित परिवार का लाभ, विवाह की सही आयु, विवाह के बाद कम से कम दो वर्ष बाद पहला बच्चा, पहले और दूसरे बच्चे के बीच कम से कम 3 वर्ष का अंतर, परिवार नियोजन के स्थायी और अस्थायी साधन की पूर्ण जानकारी दी गई। इस मौके पर सीएचओ नूरशामा हुसैन, राकेश कुमार मद्धेशिया, सुनील सिंह, एएनएम कुशमावती देवी, आशा अनीता, सीमा, पूजा, शिवकुमार, पुष्पा देवी, मुन्नी देवी, शैला देवी आदि मौजूद रही।

## दबंगों से प्रताड़ित हुआ पूरा मोहल्ला

**ललितपुर अवधनामा संवाददाता।** शहर के मोहल्ला नेहरू नगर के लोगों ने लामबंद होकर पुलिस अधीक्षक को एक शिकायती पत्र भेजते हुये ग्राम पटौराखुर्द निवासी कुछ लोगों पर भय व आतंक का माहौल बनाते हुये लोगों से गाली-गलौज व अभद्रता करने का आरोप लगाया है। मोहल्लेवासियों ने यह भी आरोप लगाया कि चौकी पुलिस द्वारा उनसे अवैध पैसों की मांग की जा रही है। एसपी से पूरे मामले में उच्च स्तरीय जांच कराते हुये कार्यवाही किये जाने की गुहार लगायी गयी है। नेहरू नगर देवगढ़ रोड पी.डब्ल्यू.डी. स्टोर के पीछे रहने वाले लोगों ने एसपी को बताया कि विगत कई दिनों से पटौराखुर्द गांव के रहने वाले कुछ लोग जो कि देवगढ़ रोड बाईपास पर दुकान खोले हुये हैं आये दिन अपने अन्य साथियों के साथ आते हैं और शराब का सेवन कर नशे में धुत्त होकर मोहल्लेवासियों व आने-जाने वाले लोगों के साथ गाली-गलौज करते हुये अभद्रता करते हैं। यह भी बताया कि जब कोई गाली देने या फिर अभद्रता करने का विरोध करता है तो उसके साथ उक्त लोग मारपीट तक पर आमादा हो जाते हैं। इसके अलावा उक्त लोगों द्वारा पूरे मोहल्ले के लोगों के खिलाफ झूठी शिकायतें करते हुये झूठे मुकद्दमों में फंसाने की धमकी देने का भी आरोप लगाया। बताया कि पूरे मामले से चौकी पुलिस को अवगत कराये जाने पर उक्त लोगों के खिलाफ कार्यवाही तो नहीं की गयी, वरन उल्टा चौकी पुलिस द्वारा मोहल्लेवासियों से अवैध पैसों की मांग की जा रही है। मोहल्लेवासियों ने उक्त लोगों से जानमाल का खतरा बताते हुये पूरे प्रकरण की जांच कराते हुये कार्यवाही किये जाने की गुहार लगायी है। शिकायती पत्र देते समय प्रकाश राजा, बाबूलाल, उत्तम पाल, सुशीला, दयाबाई, राधा, लीला, गुडडी आदि मौजूद रहे।

## आवंटित बूथों का भ्रमण कर बूथ लेवल अधिकारी द्वारा मतदाता सूची अपडेशन के कार्य का निरीक्षण करें

अवधनामा संवाददाता



**मैनपुरी।** जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार दि. 27 अक्टूबर से संचालित मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन, बेहतर पर्यवेक्षण के लिए नामित पर्यवेक्षणीय अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में कहा कि आपको लोकतंत्र के सबसे महत्वपूर्ण कार्य को करने का जिम्मा सौंपा जा रहा है, आप सब विशेष पुनरीक्षण अभियान के दौरान विशेष अभियान तिथियों 04, 05, 25, 26 नवंबर एवं 02, 03 दिसंबर को अपने आवंटित बूथों का भ्रमण कर बूथ लेवल अधिकारी द्वारा मतदाता सूची अपडेशन के कार्य का निरीक्षण करें, भ्रमण के दौरान विशेष तौर पर 01 जनवरी 2024 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे युवा मतदाताओं के नाम के साथ-साथ महिला मतदाताओं के नाम शामिल करने में अपना विशेष योगदान दें ताकि जनपद की मतदाता सूची का जेंडर रेशियो सुधारा जा सके। उन्होंने कहा कि विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के दौरान अद्यावधिक मतदाता सूची से ही आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 संपन्न होगा, लोकसभा सामान्य निर्वाचन में जनपद के सभी अधिकारियों, कर्मचारियों को किसी न किसी रूप में अपने दायित्वों का निर्वहन करना होगा इसलिए सभी अधिकारी, मतदाता सूची जितनी अपडेट होगी निर्वाचन प्रक्रिया उतनी ही आसानी से सम्पन्न होगी। श्री सिंह ने उपस्थित अधिकारियों से कहा कि विशेष तिथियों पर अपने आवंटित मतदान केन्द्रों का भ्रमणकर निर्धारित 24 बिंदुओं पर निर्वाचन कार्यालय को रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होने पर्यवेक्षणीय अधिकारियों से कहा कि फार्म-6 फोटोयुक्त नामावलियों में अपना नाम सम्मिलित कराये जाने, फार्म- 6ए प्रवासी भारतीयों के लिए, फार्म-6बी स्वैच्छिक रूप से आधार लिंक कराये जाने हेतु, फार्म-7 फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों से नाम अपमार्जित कराये जाने, फार्म-8 निर्वाचक नामावली में सम्मिलित नाम की किसी प्रविष्टि में संशोधन के लिए बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा अभियान के दौरान प्राप्त किये जायेंगे, पर्यवेक्षणीय अधिकारी विशेष तिथियों पर भ्रमण के दौरान उक्त समस्त प्रकार के प्राप्त फॉर्म की अपने-अपने बीएलओ से जानकारी करें।

### मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर की शिकायत

**अमृतपुर फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** विकासखंड राजेपुर क्षेत्र की ग्राम पंचायत अमैयापुर में तीन आंगनबाड़ी केंद्र हैं जिसमें से अमैयापुर पश्चिमी की आंगनबाड़ी कार्यकत्री उषा राजपूत द्वारा टोकन लाभार्थी नेहारिका, पारसी पुत्री हिरदेश के नाम है। पिता हिरदेश जब कोटेदार के पास राशन लेने के लिए गया तब कोटेदार ने कहा कि मेरे पास जितना राशन आया था वह हमने सब वितरण कर दिया मेरे पास राशन नहीं है जिस पर लाभार्थी के अभिभावक ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत दर्ज कारण और सीडीपीओ संजय सचान को भी जानकारी दी इसके बाद पूर्ति निरीक्षक अमृतपुर अमित चौधरी और एसडीम रविंद्र सिंह को सीयूजी नंबर पर जानकारी प्राप्त कराई। लाभार्थी के अभिभावक से जानकारी ली तो बताया कि मुझे इसमें यही समझ में नहीं आ रहा है की आंगनवाड़ी राशन डकार रही है य कोटेदार। सूत्रों से पता चला है कि अभी क्षेत्र के कई ऐसे आंगनबाड़ी केंद्र हैं जहां पर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा लाभर्थियो को टोकन नहीं दी गई है

## अधिकारी जन-शिकायतों के गुणवत्तापरक निस्तारण के प्रति संवेदनशील रहेंः डीएम

अवधनामा संवाददाता



**निस्तारण आख्या शिकायतकर्ता से वार्ता करने के उपरांत ही पोर्टल पर अपलोड की जाये**

**मैनपुरी।** जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने जन-सुनवाई प्रणाली पर लंबित शिकायतों की समीक्षा के दौरान नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि विभिन्न स्तर से प्राप्त शिकायतों के निस्तारण का शासन स्तर से फीडबैक लिए जाने पर 80 प्रतिशत शिकायतों के निस्तारण में असंतुष्ट फीडबैक प्राप्त हुआ है, यह स्थिति किसी भी दशा में ठीक नहीं है, माह अक्टूबर में अधिशासी अभियंता सिंचाई, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी, जिला विकास अधिकारी, अधिशासी अभियंता विद्युत खंड तृतीय, उपायुक्त वाणिज्यकर, अधीक्षण अभियंता लोक निर्माण, जिला कमाण्डेंट होमगार्ड, जिला उद्यान अधिकारी, सहायक निदेशक मत्स्य, उप निदेशक कृषि, बाल विकास परियोजना अधिकारी सुल्तानगंज, प्र. चिकित्साधिकारी सुल्तानगंज, कुचेला, खंड शिक्षाधिकारी बेवर, बरनाहल, किशनी, जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी, खनन निरीक्षक, ए.आई.जी. स्टाम्प, अग्रणी जिला प्रबंधक का शत-प्रतिशत असंतुष्ट फीडबैक प्राप्त हुआ है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सचेत करते हुए कहा कि शिकायतों के निस्तारण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाये, निस्तारण आख्या अपलोड करने से पूर्व शिकायतकर्ता से प्रत्येक दशा में वार्ता की जाए, जिला स्तरीय अधिकारी अपने कार्यालय में प्राप्त शिकायतों में से कम से कम 25 प्रतिशत शिकायतों पर रेंडम वार्ता कर फीडबैक प्राप्त करें, शिकायतकर्ता के संतुष्ट होने पर ही आख्या अपलोड की जाए। श्री सिंह ने कहा कि जनपद में विगत कई माह से कोई भी शिकायत डिफाल्टर की श्रेणी में नहीं आ रही है इसके लिए आई.जी.आर.एस. टीम प्रशंसा की पात्र है। उन्होंने बैठक में उपस्थित अधिकारियों को सचेत करते हुए कहा कि अधीनस्थों पर निर्भर न रहें, अधीनस्थों द्वारा किए गए निस्तारण आख्या को स्वयं पढ़ें, निस्तारण आख्या दैनिक वेतन भोगी, संविदा कर्मी, किसी बाहरी व्यक्ति से अपलोड न करायी जाएं बल्कि इस हेतु नियमित कर्मी की ड्यूटी लगाई जाए।

उन्होंने कहा कि बजट, न्यायिक प्रक्रिया से संबंधित शिकायतों को स्पेशल क्लोज में डाला जाये ताकि शासन स्तर से शिकायतकर्ता से वार्ता करने पर इस प्रकार की शिकायतों पर असंतुष्ट फीडबैक प्राप्त न हो। उन्होने कहा कि आई.जी.आर.एस. पोर्टल पर प्राप्त होने वाली जन-शिकायतों के निस्तारण के फीडबैक की समीक्षा में जनपद के आई.जी.आर.एस. पोर्टल पर प्राप्त 1477 फीडबैक में से 647 असंतोषजनक तथा हेल्पलाइन संदर्भ के प्राप्त 883 फीडबैक में से 391 असंतोषजनक पाए गए हैं, इस प्रकार जनपद के प्राप्त कुल 2360 फीडबैक में से 1038 संदर्भ फीडबैक में असंतोषजनक पाए गए हैं, जो अत्यंत खराब एवं चिंताजनक है, इस स्थिति पर रोष प्रकट करते हुए जन-शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने तथा असंतोषजनक फीडबैक को कम किया जाये।

## बच्चा बदलने मामले में एसपी से मांगी रिपोर्ट

अवधनामा ब्यूरो



**बच्चा बदलने वाले जीवनदीप हास्पिटल का मामला**

**कुशीनगर।** पडरौना नगर के जटहां रोड स्थित जीवनदीप हास्पिटल में बीते दिनों डॉ. रवि जायसवाल व स्टाफ के मिलीभगत से बच्चा बदलने के मामले को राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने संज्ञान मे लेते एसपी को पत्र जारी कर अस्पताल प्रबंधन व संलिप्त आरोपी के विरुद्ध की गई कार्रवाई की रिपोर्ट मांगी है।

गौरतलब है कि अक्टूबर माह के पहले सप्ताह मे पडरौना नगर के जटहां रोड स्थित जीवनदीप हास्पिटल मे डॉ. रवि जायसवाल व उनके स्टाफ के मिलीभगत से बच्चा बदलने का मामला प्रकाश मे आया था। घटना को लेकर परिजनों द्वारा काफी हो-हल्ला व धरना प्रदर्शन किया गया। पुलिस की मदद से सात घंटे बाद सात दिन का मासूम अपनी मां से मिला। प्रशासन ने हास्पिटल सील कर दिया। सदर कोतवाली पुलिस ने डाक्टर रवि जायसवाल के विरुद्ध अपहरण सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर डाक्टर को हिरासत मे ले लिया। घटना के दुसरे दिन प्राइवेट चिकित्सक अपना हास्पिटल बंदकर आईएमए के बैनर तले जीवनदीप चाइल्ड एंड मैटरनिटी सेंटर के संचालक डॉ. रवि जायसवाल को छुडाने कोतवाली पहुचे और हंगामा किया।

डॉक्टरों का तेवर देख कोतवाली पुलिस ने हिरासत में लिये गये आरोपी डॉ. रवि जायसवाल को निजी मुचलका पर छोड दिया। इसके बाद डॉक्टर जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक से मिलकर जीवनदीप हास्पिटल के संचालक रवि जायसवाल पर किये गये कार्रवाई को गलत बताते हुए पीड़ित परिजनो द्वारा हंगामा करने की वजह से कार्रवाई का तर्क दिया। चिकित्सको ने हास्पिटल मे बदले गये बच्चे को मानवीय भूल करार देते हुए हास्पिटल खुलवाने के लिए अनुरोध किया जिसके बाद हास्पिटल खुल गया।

### पांच दिन में रिपोर्ट भेजने का निर्देश

राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य डॉ. शुचिता चतुर्वेदी द्वारा पुलिस अधीक्षक कुशीनगर को जारी पत्र में कहा गया है कि रामकोला थाना क्षेत्र के ग्राम विजयपुर सियरहा निवासी अंजली देवी पत्नी दीपा कुशवाहा ने 10 अक्टूबर 2023 को प्रार्थना पत्र के माध्यम से आयोग को अवगत कराया है कि नवजात शिशु का स्वास्थ्य खराब होने पर उसे दिनांक 1 अक्टूबर 2023 को उपचार के जीवनदीप चाइल्ड एण्ड मैटर्निटी सेंटर, पडरौना कुशीनगर के डॉक्टर रवि को दिखाया गया। डॉक्टर के निर्देशानुसार शिशु को तत्काल में भर्ती किया गया। उपचार के बाद दिनांक - 5 अक्टूबर को 11 बजे शिशु को डिस्चार्ज कर अंजली देवी के सात दिन के पुत्र को जीवनदीप चाइल्ड एण्ड मैटर्निटी सेंटर के डॉक्टर रवि जायसवाल व कर्मचारियों की मिलीभगत से बेटे को बदलकर बेटी दे दिया गया था। उच्च अधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद अस्पताल प्रबंधन द्वारा शिशु को अधिकारियों की मौजूदगी में पीडिता को सौंपा गया। इस प्रकरण के सम्बन्ध में आरोपी रवि जायसवाल के विरुद्ध थाना कोतवाली पडरौना, में 940/2023 धारा 363, 504, 506 के अन्तर्गत मुकदमा पंजीकृत किया गया है। आयोग की सदस्य ने पत्र मे उक्त अपराध की निष्पक्ष विवेचना कर अस्पताल प्रबंधन एवं संलिप्त आरोपी के विरुद्ध की गयी कार्यवाही से आयोग को पाच दिवस मे अवगत कराने के लिए निर्देशित किया गया है।

### अजीजनगर में बगैर मान्यता प्राप्त चल रहा मदरसा सील

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** विकास खंड मोतीचक के गांव अजीजनगर में बगैर मान्यता संचालित हो रहे मदरसा को जिला अल्पसंख्यक अधिकारी ने गुरुवार को सील कर दिया। इस कार्यवाई से गैर मान्यता प्राप्त संचालकों में हड़कंप मच गया है। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सिंह प्रताप देव ने बताया कि विकास खंड मोतीचक के अजीजनगर निवासी जुबैर खां निजामी द्वारा बगैर मान्यता संचालित गुल हिन्द एजुकेशनल एण्ड वेलफेयर सोसायटी नाम से बालिकाओं हेतु आवासीय मदरसा को निरीक्षण के दौरान रजिस्ट्रेशन व मान्यता नही पाया। जिसके बाद उक्त अवैध रूप से संचालित मदरसे को पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर बन्द करा दिया गया। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने बताया कि यदि जनपद में यदि कोई भी मदरसा बगैर मान्यता के अवैध रूप से संचालित होता है तो उसे तत्काल बन्द कराये जाने हेतु विभागीय स्तर से कार्यवाही की जायेगी।

## दबंग भाई ने घर का ताला तोड़ मकान पर किया कब्जा

अवधनामा संवाददाता

**बहन ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन**

**फर्रुखाबाद।** कोर्ट में मुकदमा विचाराधन होने के बावजूद भी दबंग भाई ने बहन के घर का ताला तोड़कर सामान की चोरी कर ली और सारा सामान अपनी ससुराल पहुंचा दिया।

गुरुवार को पीड़ित बहन रजनी देवी पुत्री सियाराम निवासी नेकपुर ने कलेक्ट्रेट पहुंच कर जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह को दबंग भाई और उसकी पत्नी व भाई के खिलाफ शिकायती पत्र दिया है जिसमें कहा है कि न्यायालय सिविल जज के यहां बिचाराधिन होने के बाद भी मकान का ताला तोड़कर सामान चोरी करने वाले भाई मनोज पुत्र सियाराम एवं मृदुल पत्नी मनोज और मृदुल का भाई रवि पुत्र कैलाश एवं चंदा देवी पत्नी कैलाश निवासी आवास विकास ने मनोज पुत्र सियाराम के यहां घर पर आए। वहां से एक साथ होकर गाड़ी में बैठ कर अलेपुर शमशाबाद पहुंचे और घर का ताला तोड़कर अंदर जाकर सभी कमरों के भी ताला तोड़कर सामान चोरी कर ससुराल गुरसहायगंज सामान भेज दिया। खेत मकान ही पापा सियाराम पर दबाव बनाकर मृदुला के नाम खेत व मकान लिखवा लिया ।खेत मकान लिखने वाले व्यक्ति सत्यपाल पुत्र भवानी यही व्यक्ति खेत मकान का गवाह है।

सारे मकान की चाबी, मकान के कागज, मां स्वर्गीय मुन्नी देवी रजनी के नाम पर कर गई थी। मनोज व मृदुला का राजा के घर पर आना-जाना है। और अब किराए पर रह रही हैं किराए पर रहने को मजबूर होकर दर-दर भटक रही हूं। अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### बढ़ाई गई है गो आश्रय स्थलों की क्षमता

**अमेठी।** जिला मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ जे पी सिंह ने बताया कि जिले में अब तक कुल 111गोवंश आश्रय स्थल संचालित हैं। 31अक्टूबर तक इन गोवंश आश्रय स्थलों पर संरक्षित गोवंशो की संख्या 15914 थी। विशेष अभियान में शासन की ओर से 3600 गोवंशों को संरक्षित करने का लक्ष्य दिया गया है। सभी गोवंश आश्रय स्थलों पर अतिरिक्त टिन शेड बनवाकर उनकी क्षमता बढ़ाई गई है। शासन अवारा पशुओं की समस्या को लेकर गंभीर है।

### सूचना

इस्लामुद्दीन पुत्र शादाब आलम निवासी मिर्जापुर मल्लावां जिला हरदोई का निवासी हूं। बड़े चौराहे से घर जाते समय बीटीसी बैच-2013 चतुर्थ सेमेस्टर परीक्षा वर्ष-2016 जिसका अनुक्रमांक नंबर 16410546 कही रास्ते में गिर गया है जिसको भी मिले इस नंबर पर संपर्क करें।

मोबाइल-7393932000

# दलित व पसमांदा मुस्लिम के खिलाफ नया नही है कांग्रेस का राजनीतिक षडयंत्रः वसीम राईन

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** कांग्रेस ने देश मे बड़े खेल किये हैं। खासकर दलितों व पसमांदा मुस्लिमों के साथ। एक दल व एक सरकार होने का जितना फायदा कांग्रेस ने बीते कुछ दशकों में उठाया उतना किसी ने नही। दलित व पसमांदा समाज को हर तरह से परेशान करने के लिए इस दल ने कोई कसर नही छोड़ी। यूपी की रायबरेली व बहराइच लोकसभा सीट कांग्रेस के भेदभाव वाले चेहरे को सामने लाने के लिए काफी है। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की है कि दोनों सीटों का परिसीमन बदलते हुए वास्तविक आबादी का मनोबल बढ़ाया जाए। यह बात आल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन ने अपने एक बयान में कही। उन्होंने कहा कि जोड़ तोड़, राजनीतिक प्रपंच, उठाने गिराने, भेदभाव की राजनीति में कांग्रेस जैसी माहिर पार्टी आज तक देखने को नही मिली। इस दल ने हर वह काम किया जिसमें उन्हें ही फायदा मिले। चाहे मामला देश से जुड़ा हो या फिर चुनाव। उन्होंने इसका उदाहरण देते हुए कहा कि रायबरेली लोकसभा सीट जहां 35 प्रतिशत से अधिक दलित आबादी है उसे सामान्य कर दिया गया, जबकि बहराइच लोकसभा सीट जहां 35 फीसदी से अधिक मुस्लिम आबादी है को अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित कर दिया। ऐसा इसलिए ताकि रायबरेली में दलित सिर्फ दलित ही रह जाये और बहराइच में मुस्लिम कभी राजनीतिक पहचान न बना सके। यह सामान्य बात है कि लोकसभा सीट का परिसीमन वहां की सर्वाधिक जातिगत आबादी को देखकर किया जाता है पर कांग्रेस ने मनमानी करके दिखा ही दी। कांग्रेस जैसे परिवार के कई चेहरों ने रायबरेली सीट को यूं ही नही चुना। इसके पीछे उनका कूटनीतिक षडयंत्र रहा। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने कहा कि ऐसी भेदभाव वाली राजनीति और षडयंत्र सिर्फ कांग्रेस ही कर सकती है।

उसने दशकों से समाज को बांटने और उन पर राज करने का काम किया। संगठन से लेकर सत्ता तक का फायदा अगर किसी को मिला तो वह अशराफ मुसलमान, जो सिर्फ सत्ता का लाभ उठाने के लिए सरकार के साथ चिपके रहे। आज जब कांग्रेस अपना वजूद बनाये रखने खोटी राजनीतिक पहचान बनाने के लिए संघर्षरत है तो वही स्वार्थी अशराफ दूर खड़े तमाशा देख रहे हैं। कांग्रेस के साथ एक न एक दिन यह होना ही था।

## बाइक पर लिफ्ट देकर महिला के साथ दुष्कर्म

**फतेहपुर बाराबंकी।** मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र में एक महिला के साथ लिफ्ट देने के बहाने बाइक पर ले जाकर दुष्कर्म किया गया। पुलिस ने पति की शिकायत पर आरोपित के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया।जानकारी के अनुसार सीतापुर जनपद के रामपुर मथुरा थाना इलाके के दंपती बुधवार अपनी साइकिल से छेदा बाजार गए थे। शाम को वापस लौटने के दौरान रास्ते में पारा निवासी तुलसीराम बाइक लेकर आया और गांव की ओर जाने की बात कहकर पत्नी को बाइक पर बैठा लिया।पीड़ित का आरोप है कि रास्ते में कुम्हारन पुरवा गांव के पास उसने बाइक रोक ली और पास की बाग में ले जाकर दुष्कर्म किया। पीड़िता ने घर पहुंचकर परिवारीजनों को आपबीती बताई। प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार यादव ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर केस दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## कैंसर ग्रस्त जिला कारागार के बन्दी ने तोड़ा दम

**बाराबंकी।** फेफड़ो के कैंसर जैसी लाइलाज बीमारी से जूझ रहे हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे वृद्ध बंदी की मौत हो गई। अचानक तबियत बिगड़ने पर उसे जिला कारागार से अस्पताल ले जाया गया था। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। जानकारी के अनुसार अयोध्या जिले के मवई थाना क्षेत्र के सिपहिया गांव निवासी रहमुद्दीन शेख (65) पर वर्ष 1979 में हत्या का केस दर्ज हुआ था। सजा होने के बाद वह जमानत पर छूटा था मगर हाईकोर्ट के आदेश पर बीते फरवरी 2023 में उसे दोबारा जेल में दाखिल किया गया।

जेलर आलोक कुमार शुक्ला ने बताया कि रहीमुद्दीन फेफड़ों के कैंसर से पीड़ित था। उसका इलाज लखनऊ के केजीएमयू में चल रहा था। एक सप्ताह भर्ती रहने के बाद 15 दिन पहले ही वह जेल में दाखिल हुआ था।

# गोष्ठी में दिलाई यातायात नियम पालन करने की शपथ

*अवधनामा संवाददाता*

**मसौली बाराबंकी।** यातायात जन जागरूकता कार्यक्रम को लेकर गुरुवार को आइडियल हाई स्कूल मसौली मे गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे उपस्थित छात्र छात्राओं से रूबरू होते हुए वरिष्ठ उपनिरीक्षक शमशाद अली ने यातायात नियमों के पालन की शपथ दिलाई गई तथा नशा मुक्त समाज बनाने की अपील की।

वरिष्ठ उपनिरीक्षक शमशाद अली ने छात्र-छात्राओं एवं अन्य सभी लोगो को ट्रैफिक नियमों के बारे में जानकारी दी। यातायात नियमों के सभी को शपथ दिलाई। कभी यातायात नियम नही तोड़ेंगे एवं उनसे अपेक्षा की आप अपने परिवार आस-पड़ोस में भी यातायात के नियमों से उनको अवगत कराएंगे उन्होंने छात्रों से कहा कि बाईक चलाते समय हेलमेट का अवश्य तथा ट्रिपल सवारी न करे। इसके अलावा बिना लाइसेंस एवं कम उम्र के




बच्चे गाड़ी न चलाये और निर्धारित गति से वाहन चलाये। इसके अलावा चार पहिया के वाहन चालक सीट बेल्ट का प्रयोग जरूर करें। शराब के नशें में वहानों को बिल्कुल न चलायें।वरिष्ठ उपनिरीक्षक ने यातायात जागरूकता संबंधी प्रश्न पूछे गए व सही जवाब देने वाले छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित किया गया। कांस्टेबल करुणेंद्र पटेल ने कहा कि साइबर क्राइम के बारे में जानकारी दी। महिला सिपाही कल्पना ने महिला सशक्तिकरण के बारे में जानकारी दी।

इस मौके पर हेड कांस्टेबल पप्पू दीवान, विद्यालय प्रबन्धक इम्तियाज वारिस, प्रधानाचार्य शिव राम विश्वकर्मा, रोली अवस्थी सहित शिक्षक एवं छात्र छात्राएं मौजूद थे।

## श्री राम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य संपर्क मार्ग जन्मभूमि पथ का डीएम ने किया निरीक्षण

**अयोध्या।** जिलाधिकारी नितीश कुमार ने उप जिलाधिकारी राज कुमार पांडेय व अयोध्या विकास प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ श्री राम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य संपर्क मार्ग जन्मभूमि पथ का निरीक्षण किया। उन्होंने पथ के दोनों तरफ अयोध्या विकास प्राधिकरण द्वारा कराए जा रहे फसाड भवनों के फसाड ट्रीटमेंट कार्यों का जायजा लिया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने जन्मभूमि पथ बिरला धर्मशाला से श्री राम जन्मभूमि मंदिर तक के दोनों तरफ चाहरदिवारी पर जीआईसी ग्लास फाइबर रिइंफोर्स कंक्रीट के द्वारा भगवान श्री राम से संबंधित कलाकृतियों एवम् अयोध्या की संस्कृति एवं वास्तुकला को प्रदर्शित करते हुए समरूपता लाने हेतु किए जा रहे कार्यों में अयोध्या विकास प्राधिकरण को तेजी लाने के निर्देश दिए।

## कांग्रेस की बैठक में अपील, प्रधानी की तरह लड़ें लोकसभा आम चुनाव



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** आम चुनाव में सम्पूर्ण भारत में चुनावी लड़ाई कांग्रेस और भाजपा की होनी हैं। 53 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र बाराबंकी के 2138 बूथों की समीक्षा एवं पुनर्गठन का कार्य पूर्ण हो चुका हैं। सभी बूथ अध्यक्ष अपने बूथ के बीएलए हैं, मतदाता सूची में नाम बढाने, संशोधन, बोगस वोट को कटवाने का कार्यक्रम चालू हैं। बूथ अध्यक्ष मतदाता सूची पर कड़ी निगाह रखे। मतदाता सूची से सही नाम नही कटने देना हैं और फार्म सं. 6 से रह गये नाम बढ़वाना हैं। उक्त बाते पूर्व सांसद डॉ. पीएल पुनिया ने आज कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर आयोजित कांग्रेसजनो की आवश्यक बैठक जो बूथ प्रबन्धन, मतदाता सूची में नाम बढ़वाना, संशोधन कराना तथा दलित अधिकार मांग पत्र को लेकर आहूत की गयी थी उसमें मौजूद कांग्रेसजनों के बीच कही। बैठक का संचालन कांग्रेस अध्यक्ष मो. मोहसिन ने किया। प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता तनुज पुनिया ने उपुर्यक्त विषय पर चर्चा करते हुए कांग्रेसजनो से कहा कि सभी बूथ कमेटियों और उनके अध्यक्षों से अनुरोध हैं कि अपने बूथ पर कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी का चुनाव प्रधानी की तरह लड़े।

# पत्नी से नाराज बेटे ने फावड़ा से काटकर मां बाप की कर दी हत्या

*अवधनामा संवाददाता*

**मिल्कीपुर -अयोध्या।** इनायत नगर थाना क्षेत्र के सागर पट्टी पंधिला गांव में करवा चौथ की पूजा, पति



की गैर मौजूदगी में पत्नी द्वारा कर दिए जाने से नाराजगी का गुस्सा बेटे ने अपने मां बाप पर ही उतारते हुए अपने माता-पिता को फावड़े से काट डाला है। घटना के बाद ग्रामीणों ने आनन-फानन में घायल दंपति को इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया है। घटना की सूचना प्रकरण मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक दंपति का शव कब्जे में लेते हुए पंचायत नामा करने के उपरांत पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। पुलिस ने मृतक के छोटे बेटे की तहरीर पर हत्यारे बेटे बालेंद्र मणि तिवारी के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक इनायत नगर थाना क्षेत्र के सागर पट्टी पंधिला गांव निवासी मणि तिवारी की पत्नी बीते बुधवार को करवा चौथ व्रत थी देर रात करीब 8-30 बजे पूजा कार्यक्रम सुनिश्चित था उधर चांद दर्शन होने के बाद बालेंद्र की पत्नी ने फोन किया कि जल्दी आ जाइए, पूजा का समय निकल जा रहा है किंतु बालेंद्र ने घर विलंब से पहुंचने की बात कही। इसके बाद बालेंद्र की पत्नी प्रतिमा व उसके छोटे भाई प्रवेश मणि तिवारी की पत्नी प्रीति तिवारी ने करवा चौथ व्रत का पूजन करते हुए पानी पी लिया था। देर रात बालेंद्र घर वापस लौटा तो पता चला की पत्नी ने पूजा कर दिया है, जिस पर वह आग बबूला हो गया और पत्नी से झगड़ने हुए मारने पीटने लगा लगा।

## कुष्ठ रोगियों को समर्पित किया गया सार्वजनिक ओपीडी शौचालय

**मसौली बाराबंकी।** दि लेप्रशी अस्पताल मे दूर दराज से आने वाले कुष्ठ रोगियों के लिए मुथुट ग्रुप द्वारा एक सार्वजनिक ओपीडी शौचालय का निर्माण कर कुष्ठ रोगियों को समर्पित किया। उक्त शौचालय का गुरुवार को ग्राम प्रधान सुरसंडा आशा देवी ने फीता काट कर शुभारम्भ किया। मुथुट ग्रुप के संस्थापक एम जी जार्ज मुथुट की 74 वी जयंती पर कुष्ठ रोगियों को शौचालय




समर्पित करते हुए मुथूट ग्रुप के क्षेत्रीय प्रबंधक अनिल कुमार ने कहा कि कुष्ठ रोगियों के स्वास्थ्य देखभाल के बुनियादी ढांचे मे सुधार और रोगियों के लिए सुविधाओं को ध्यान मे रखते हुए यह पहल की गयी है। बाराबंकी शाखा प्रबंधक प्रशांत कुमार ने मुथूट ग्रुप् के बारे मे बताते हुए कहा कि मुथूट समूह देश का एक प्रसिद्ध नाम है जो सामाजिक जिम्मेदारी ओर परोपकार के लिए अपनी प्रतिबधिता के लिए जाना जाता है। दि लेप्रोसी मिशन के उप अधीक्षक डा0 दलीप वर्धन ने कहा कि इस सुविधा को वास्तविकता बनाने मे उनके उदार समर्थन के लिए मुथूट समूह का आभारी हूँ यह न केवल रोगी के अनुभव को बढ़ाता है बल्कि सर्वोत्तम स्वास्थ्य देखभाल बुनियादी ढांचा प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है।

# अखिलेश यादव का कार्याकर्ताओं ने गर्मजोशी के साथ किया जोरदार स्वागत

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** सपा मुखिया एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने बहस्पतिवार को देवबंद पहुंच कांग्रेस से पूर्व विधायक रहे माविया अली के पुत्र सभासद हैदर अली के दावत-ए-वलीमा में पहुंचे। इस दौरान वह एक घंटे तक विवाह समारोह में मौजूद रहे और वर-वधू को आर्शीवाद देते हुए उलेमा एवं पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ गुफ्तुगु की। दावत-ए-वलीमा में पहुंचे पूर्व सीएम अखिलेश यादव का देवबंद पहुंचने पर उनका जगह-जगह



स्वागत किया गया। दोपहर 1.45 पर विवाह समारोह स्थल फिरदौस गार्डन पहुंचे। इस दौरान पूर्व विधायक माविया अली सहित अन्य क्षेत्रो से पहुंचे मेहमान विधायको और पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया। जबकि कार्यकर्ताओं ने विवाह समारोह स्थल के बाहर नारेबाजी कर उनका स्वागत किया। हालांकि इस दौरान अखिलेश यादव ने दूसरें दलो के पूर्व विधायकों और सांसद सहित लोगों से भी मुलाकात की। इस दौरान सीएम अखिलेश यादव ने वर-वधू को आर्शीवाद दिया। वहीं माविया अली की माता रजिया बेगम ने अखिलेश यादव को सिर पर हाथ रखकर आर्शिवाद दिया। जबकि माविया अली की माता रजिया बेगम ने अखिलेश यादव के सिर पर हाथ रखकर उन्हें दुआओं से नवाजा।

## नशे में धुत दोस्त ने डंडे से वारकर की थी सचिन की हत्या

**सहारनपुर।** थाना रामपुर मनिहारान पुलिस ने सचिन हत्याकांड का खुलासा करते हुए एक हत्यारोपी उसके दोस्त को गिरफ्तार किया है, जिसकी निशानदेही पर आला कत्ल लकड़ी का टुकड़ा बरामद किया गया है। पुलिस लाइन परिसर में पत्रकारों के समक्ष घटना का खुलासा करते हुए पुलिस अधीक्षक नगर अभिमन्यु मांगलिक ने बताया कि 31 अक्टूबर को प्रमोद कुमार पुत्र नकलीराम निवासी ग्राम नल्हेडा गुर्जर थाना रामपुर मनिहारन ने थाने पर लिखित सूचना दी कि उसके पुत्र सचिन उर्फकाला को गांव का वंश उर्फकाला दावत के लिए घर से बुलाकर ले गया था, जंगल मनानी मे वंश उर्फकाला ने उसके लडके सचिन की हत्या कर दी है जिसके शव को पुलिस द्वारा भांकला रेलवे लाईन अण्ड़रपास के पास से बरामद कर लिया है।

## तक्षशिला आईएएस द्वारा आयोजित हुआ मेधावी छात्र, व समाजसेवियों पत्रकारों का सम्मान समारोह व संगोष्ठी

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** गणपति गेस्ट हाउस नाका हनुमानगढ़ी पर तक्षशिला आईएएस अयोध्या के डायरेक्टर संतोष मिश्रा के जन्मोत्सव पर मेधावी छात्रों और समाजसेवियों व पत्रकारों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित महापौर गिरीशपति त्रिपाठी ने कहा कि प्राचीन काल से ही गुरुओं का हमारे जीवन में विशेष योगदान रहा। हमारी संस्कृति व हमारी विरासत को कोई तोड़ नहीं सकता भाजपा जिला अध्यक्ष संजीव सिंह ने कहा छात्रों को पढ़ाई सिर्फ सरकारी नौकरी के लिए ही नहीं करनी चाहिए पढ़ाई अनवरत अध्ययन के लिए होना चाहिए वही जिला पंचायत प्रतिनिधि आलोक सिंह रोहित ने कहा छात्रों पत्रकारों और समाजसेवियों का समाज में अहम रोल है वह वह समाज को नई दिशा दे सकते हैं छात्रों का सम्मान किया जाना बेहद हर्ष का विषय एवं सराहनीय कार्य है, यह निश्चित ही सामाजिक कार्यों के लिए प्रेरणादायक है। बीकापुर सीओ डॉक्टर राजेश तिवारी कहा कि शिक्षक व मेधावी



छात्र सम्मान समारोह में यह कथन बिल्कुल ही सार्थक है कि शिक्षकों का मानव के सामाजिक निर्माण में अहम योगदान है। शिक्षक ही हमें सत्य की राह पर चलना सिखाते हुए जीवन के संघर्षों से लड़ना व ईमानदारी से जीना सिखाते हैं। तक्षशिला आईएएस के डायरेक्टर संतोष मिश्रा ने कहा छात्र सम्मान के साथ विभिन्न पहलुओं पर विविध सामाजिक कार्यों का किया जाना ही उसे समाज में पहचान देता है उन्होंने कहा कि पत्रकारों और समाजसेवियों के कार्यों की जितनी सराहना की जाए वह कम है इनके द्वारा ही समाज की सेवा व समाज को नई दिशा देने का कार्य किया जाता है। इस मौके पर मेधावी छात्रों समाजसेवियों पत्रकारों व विशिष्ट जन को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में सुनील मिश्रा,कपिल पाण्डेय,दिव्यांश तिवारी,मोहित तिवारी,अखिलेश पाण्डेय,अश्वनी पांडेय आदि लोगों की सहभागिता रही।

## संदिग्ध परिस्थितियों में लगी भीषण आग

**मिल्कीपुर- अयोध्या।** कुमारगंज थाना क्षेत्र के पूरब गांव पूरे बंजानी में संदिग्ध परिस्थितियों में लगी भीषण आग से एक परिवार की संपूर्ण गृहस्ती जलकर राख हो गई अग्निकांड में महिलाओं के जेवरात तथा 60 हजार रुपए नगद भी जलकर नष्ट हो गए हैं। घटना की जानकारी पाकर मौके पर पहुंचे अग्निशमन कर्मियों एवं ग्रामीणों की कड़ी मशक्कत के बाद बेकाबू आग को बुझाया जा सका है।प्राप्त जानकारी के मुताबिक पूरे बंजानी निवासी अलगू मौर्य के घर के पीछे से बीते बुधवार की रात्रि करीब 10-30 बजे अचानक आग की लपटे उठने लगी यह देख ग्रामीणों ने गुहार लगाई और घर के सामने स्थित पशु शाला में बांधे मवेशियों को आनन-फानन में रस्सी से खोल दिया।

## नियमितीकरण व पुरानी पेंशन बहाली को लेकर निकाला जुलूस

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** ठेका सफाई कर्मचारियों को नियमित करने, पुरानी पेंशन व्यवस्था को बहाल करने सहित विभिन्न मांगों को लेकर वाल्मीकि समाज के लोगों ने जुलूस निकाल कर जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया और प्रदेश के मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा। प्रदेश व्यापी आंदोलन के तहत सफाई कर्मचारी उत्तर प्रदेशीय सफाई मजदूर संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष चेतन चनियाने, मंडल महामंत्री बृजमोहन चनालिया, मंडल प्रभारी मनमोहन सूद के नेतृत्व में हकीकत नगर के मैदान पर एकत्रित हुए और वहां से जुलूस के साथ नारेबाजी करते हुए जिला मुख्यालय पहुंचे। प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए समाज के नेताओं ने कहा कि भाजपा सरकार में सफाई कर्मचारियों का शोषण हो रहा है। कोरोना जैसी वैश्विक महामारी में सफाई कर्मचारियों ने अपनी जान दाव पर लगाकर रोगियों की मदद की और आज भी मानव जीवन का सुरक्षित रखने के लिए अपनी अहम भूमिका निभा रहे है, लेकिन उसके बावजूद भी सफाई कर्मचारियों का व्यापक स्तर पर शोषण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ठेका सफाई कर्मचारियों को मात्र रूपये 10000 वेतन मिलता है और उसमें भी कटौती कर ली जाती है ऐसे में सफाई कर्मचारी को अपने परिवार का भरण पोषण कर पाने में भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की कर्मचारी विरोधी नीतियों का खामियाजा. सफाई कर्मचारी भुगत रहे है। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि ठेका सफाई कर्मचारियों को नियमित किया जाए, जनसंख्या के अनुपात में सफाई कर्मचारी नियुक्त किए जाएं। पुरानी पेंशन. व्यवस्था को बहाल किया जाए। सभी कर्मचारियों को सातवें वेतन आयोग का लाभ दिलाया जाए तथा मृतक आश्रित को भी उसी के पद का लाभ दिया जाए।

## विरुद्ध पशु क्रूरता अधिनियम के तहत अज्ञात पर अभियोग पंजीकृत

**(फरेन्दा) महराजगंज।** कोल्हुई थाना क्षेत्र में गुरुवार की सुबह करीब सोनचिरैया गांव में अज्ञात व्यक्ति द्वारा एक जानवर को किसी धारधार नुकीले हथियार से मारकर घायल कर दिया गया था। गांव के लोगो ने इसकी सूचना जिले के उच्चाधिकारियों को दिया तो हड़कंप मच गया। मौके पर पहुचीं कोल्हुई पुलिस व गांव वालों के सहयोग जानवर के इलाज के लिए प्रयास किया गया। इस संबंध में फरेंदा क्षेत्राधिकारी अनुज कुमार सिंह ने अज्ञात लोगों के ऊपर मुकदमा दर्ज कर समुचित धाराओं में अभियोग पंजीकृत करने हेतु अग्रिम विधिक कार्रवाई के लिए बृजमनगंज थाना को निर्देशित किया गया। उक्त प्रकरण में एसडीएम फरेन्दा राकेश कुमार ने कहा कि ग्रामवासी द्वारा फ़ोन द्वारा अवगत कराया गया की एक निराश्रित नर गोवंश (सांड) को किसी के द्वारा रॉड द्वारा मारकर घायल कर दिया गया है।

# सभी अधिकारी ग्राहक शिकायत निस्तारण को प्राथमिकता पर रखेंः जिलाधिकारी



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** जिलाधिकारी अनुनय झा ने विद्युत विभाग की मासिक समीक्षा कलेक्ट्रेट सभागार में की गई। जिसमें विद्युत आपूर्ति, विद्युत फाल्ट, विद्युत बिल वसूली, बिलिंग आदि बिंदुओं की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि सभी अधिकारी ग्राहक शिकायत निस्तारण को शीर्ष प्राथमिकता पर रखें और शिकायत निस्तारण हेतु एसओपी बनाते हुए शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने शिकायत निस्तारण संबंधी विवरण के अभिलेखीकरण का भी निर्देश दिया। उन्होंने राजस्व बढ़ाने का भी निर्देश दिया और कहा कि इस प्रक्रिया में किसी का अनुचित उत्पीड़न न हो। जिलाधिकारी ने रोस्टरिंग के अलावा निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए कहा और विद्युत फाल्ट को ठीक करने हेतु तय अधिकारियों की जवाबदेही तय करते हुए एक मानक प्रक्रिया को भी बनाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने फीडरवार फाल्ट की जानकारी ली और एसडीओ द्वारा दी गई जानकारी के सत्यापन हेतु संबंधित एक्सईएन को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने कम राजस्व वसूली पर असंतोष व्यक्त करते हुए राजस्व वृद्धि का निर्देश दिया और अधीक्षण अभियंता को निर्देशित किया कि आगामी बैठक में एसडीओवार राजस्व संग्रह का विवरण प्रस्तुत करें। उन्होंने बिलिंग एजेंसियों को भी बिलिंग में वृद्धि हेतु कठोर निर्देश दिए। साथ ही एक्सईएन खराब बिलिंग की एसडीओवार समीक्षा करें। उन्होंने 80 प्रतिशत से कम बिलिंग क्षमता और 60 प्रतिशत से कम बिल संग्रह पर एक्सईएन और एसडीओ की जवाबदेही तय करने का निर्देश दिया। उन्होंने बिल संशोधन के कार्य को भी प्रभावी व पारदर्शी ढंग से करने का निर्देश दिया। बैठक में अधीक्षण अभियंता वाई.पी. सिंह, सभी एक्सईएन/एसडीओ, पीडी रामदरश चौधरी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## जिले के विकास के लिए अच्छी सड़को को बनाना आवश्यकः पंकज चौधरी




*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने नौतनवा विधान सभा के लक्ष्मीपुर विकास खंड सभागार मे आयोजित कार्यक्रम मे डेढ दर्जन सडको का शिलान्यास और उदघाटन किया। लक्ष्मीपुर विकास खंड के सभागार मे आयोजित कार्यक्रम मे केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने लोक निर्माण विभाग के निर्माण खंड के पांच करोड उन्चास लाख के कुल आठ योजनाओ का लोकार्पण और छ करोड़ सोलह लाख के लागत की कुल इग्यारह योजनाओ का शिलान्यास किया। इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओ और आम जन को संबोधित करते हुए केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री ने कहा की अच्छी सडके देश के विकास की जीवन रेखा हैं। जिले के विकास के लिए अच्छी सडको का बनना और उनका रखरखाव बेहद जरुरी है। ग्रामीण क्षेत्रो मे बन रही और बन चुकी इन सडको से यातायात मे सुगमता होगी। अच्छी सड़क हमारी मूलभूत आवश्यक्ताओ मे से एक है। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि केंद्र और प्रदेश की हमारी सरकार ने नेशनल हाइवे, स्टेट हाईवे, एक्सप्रेस-वे, प्रधानमन्त्री सड़क और ग्रामीण सडको के निर्माण और रखरखाव पर विशेष जोर दिया है।

## डीएम की अध्यक्षता में धान खरीद के संबंध में बैठक



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** धान खरीद के संबध में जिलाधिकारी पवन अग्रवाल की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने समस्त उपजिलाधिकारियों को निर्देश दिया कि ऋय केन्द्रो के रजिस्ट्रेशन का सत्यापन कर ले। इसके साथ ही धान खरीद हेतु बनाये गये धान ऋय केन्द्रो का निरीक्षण कर ले। जिलाधिकारी ने डिप्टी आरएमओ को निर्देश दिया कि धान खरीद हेतु नोडल अधिकारी नामित करा ले। शासन के निर्देशानुसार ऋय केन्द्रो पर सभी प्रकार की व्यस्थायें-बोरा, नमी मापक यंत्र, पंखा, किसानो को पीने के लिए पानी, बैठने की व्यवस्था आदि पूर्ण कर ले। लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत खरीददारी करने का निर्देश दिया गया। इस बैठक में उपरोक्त के अतिरिक्त अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) उमाशंकर, उपजिलाधिकारी शोहरतगढ़ प्रदीप कुमार यादव, समस्त तहसीलदार, समस्त खण्ड विकास अधिकारी आदि उपस्थित थे।

## परिवार परामर्श केंद्र/नई-किरण ने तीन परिवारों को बिखरने से बचाया



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गुरुवार को महिला थाना सिद्धार्थनगर पर परिवार परामर्श केंद्र/नई किरण (टूटते परिवार को जोड़ने की एक पहल कार्यक्रम) का आयोजन किया गया। इस दौरान 5 पत्रावली विचारार्थ प्रस्तुत हुई। जिसमें परामर्श के बाद 3 पत्रावली का सफल निस्तारण कर 3 परिवार को बिखरने से बचाया गया तथा शेष 02 पत्रावली में वार्ता प्रचलित है। तीन परिवार जया पत्नी अमरेश पाल साकिन पटनी जंगल, साधना पत्नी अजय साकिन काशीराम आवास थाना व जनपद सिद्धार्थनगर व रोशनी पत्नी पवन कुमार साकिन नेवसा थाना कोतवाली बांसी जनपद सिद्धार्थनगर को बिखरने से बचाने में थानाध्यक्ष शाइस्ता उपनिरीक्षक विजयनाथ यादव, महिला मुख्य आरक्षी सविता सिंह, सत्या त्रिपाठी महिला आरक्षी प्रियंबदा सिंह व नेहा सिंह का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## सांसद की अध्यक्षता में चौपाल का आयोजन



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** उत्तर प्रदेश के डुमरियागंज लोकसभा क्षेत्र के सांसद जगदंबिका पाल की अध्यक्षता में गुरुवार को महाराष्ट्र राज्य के राधेश्याम नगर वाडा पालघर में चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में मुख्य अतिथि रहे उत्तर प्रदेश के डुमरियागंज लोकसभा क्षेत्र के सांसद जगदंबिका पाल ने मुम्बई में रह रहे क्षेत्रीय लोगों की समस्याओं को सुना और उसके समाधान के लिए आश्वासन दिया। चौपाल कार्यक्रम में मुख्य रूप से ग्राम प्रधान गड़रखा रविन्द्र शर्मा, समाजसेवी अनिल अग्रहरि, अफजल खान, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मटियार उर्फ भुतहवां चिन्कू चौधरी, जगदीश, मुन्नु, महफूज, लवकुश निषाद, सचिन पाटिल, मंगेश पाटिल, अनील चौहान, पिन्टू मौर्या, राहुल गुप्ता सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## दिव्यांग बच्चों के पैरंट काउंसलिंग का हुआ आयोजन



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** नगर पंचायत स्थित बीआरसी परिसर में दिव्यांग बच्चों के पैरंट काउंसलिंग का आयोजन गुरुवार को किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार रहे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि दिव्यांग बच्चों के लिए सरकार द्वारा तमाम योजनाएं चलाई जा रही है। जिसका लाभ उन्हें मिल रहा है। दिव्यांग बच्चों को चिन्हित कर उन्हें शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने का भी कार्य किया जा रहा है। इसके लिए शिक्षकों को अतिरिक्त दिशा निर्देश दिए गए हैं उन्होंने सभी अभिभावकों से अपील किया कि वह अपने बच्चों को नियमित स्कूल भेजें। इस मौके पर दिव्यांग बच्चों के अभिभावक और दिव्यांग बच्चे उपस्थित रहे। खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा दिव्यांग बच्चों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र भी दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य भूमिका में गणेश कुमार गौड़, अंजनी कुमार सिंह, रामकुमार चौधरी, अगेय कुमार गौतम, मुस्ताक अहमद, अभिषेक सिंह, प्रेम प्रकाश चौबे, विजय श्रीवास्तव, पंकज अग्रहरि, समशाद आदि लोग उपस्थित रहे।

## मिशन शक्ति के तहत छात्राओं को किया जागरूक



**जलालपुर अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** मिशन शक्ति अभियान के तहत पुलिस ने जलालपुर के मोहल्ला काजीपुरा स्थित नूरुन्निशा जूनियर हाई स्कूल की छात्राओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी अधिकारों के प्रति जागरूक किया और उन्हें सुरक्षा का पाठ पढ़ाया। छात्राओं से मुखातिब महिला कांस्टेबल शगुफ्ता खान व विंध्या सिंह ने कहा कि महिलाओं को अपने अधिकारों को समझना होगा।छात्राओं को इस दिशा में महती भूमिका निभाने की जरूरत है। शगुफ्ता खान ने छात्राओं को हेल्पलाइन 1090,181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, 112 और चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की विस्तृत जानकारी दी। और कहा कि आवश्यकता पड़ने पर छात्राएं बे झिझक इस का प्रयोग करें। हेड कांस्टेबल विनोद सरोज व स्कूल के प्रबन्धक मो. अजहर ने भी छोटी छोटी बातों को लेकर सतर्क रहने व घर परिवार की महिलाओं को जागरूक करने का आह्वान किया। इस अवसर पर छात्राओं में जागरूकता सम्बन्धी पम्पलेट भी वितरित किये गये।

## पेयजल परियोजनाओं का डीएम ने किया निरीक्षण

**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** जनपद के ग्राम सकवाई एवं दानमण्डी में जीवन मिशन के तहत निर्माणाधीन पेयजल परियोजनाओं का जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण को जल्द से जल्द निर्माण कार्य/ कनेक्शन पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि एसी पेयजल परियोजना जिनकी समयावधि समाप्त होगई और निर्माण कार्य अभी भी अधूरा है की सूची बनाकर उपलब्ध कराए।

# विशेष अभियान चलाकर निराश्रित गौवंश के शति-प्रतिशत कराएं संरक्षणः डीएम



**अवधनामा संवाददाता**

**सिद्धार्थनगर।** एक नवम्बर से 31 दिसंबर तक विशेष अभियान चलाकर निराश्रित गौवंश के शति-प्रतिशत संरक्षण कराये जाने के संबध में जिलाधिकारी पवन अग्रवाल की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने तहसील स्तर पर संयुक्त टीम बनाकर अभियान को सफल बनाने का निर्देश संबधित अधिकारियों को दिया। इस अभियान के अन्तर्गत पंचायती राज विभाग, ग्राम्य विकास विभाग, राजस्व विभाग, नगर विकास विभाग, गृह विभाग एवं पशुधन विभाग के अधिकारियों द्वारा सहयोग लिया जायेगा। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि विकास खण्डवार/तहसीलवार संबधित विभाग की टीम/दस्ते बनाकर शत-प्रतिशत निराश्रित गोवंश को आश्रय स्थल में संरक्षित कराना सुनिश्चित करे। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद में 71 गौशाला है तथा लगभग 875 गौवंश संरक्षित है। जिलाधिकारी श्री पवन अर्ग्रवाल ने नई गौशाला के निर्माण करने के लिए भूमि चिन्हित करने का निर्देश दिया। पूरानी गौशाला की क्षमता में वृद्धि करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने ठण्ड के मौसम में गौवंश को ठंड से बचने के लिए पुआल तथा तिरपाल की व्यस्था कराने हेतु खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिया गया। इसके अलावा गौवंश हेतु हरा चारा, भूसा, पशु आहार आदि की व्यवस्था कराने का निर्देश दिया गया। गौवंश का टीकारण एवं समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण करने हेतु संबधित को निर्देश दिया गया। इस बैठक में उपरोक्त के अतिरिक्त अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) उमाशंकर, उपजिलाधिकारी शोहरतगढ़ प्रदीप कुमार यादव, समस्त तहसीलदार, समस्त खण्ड विकास अधिकारी आदि उपस्थित थे।

## प्रभारी मंत्री का आगमन आज

**अमेठी।** जनपद के प्रभारी मंत्री गिरीश चन्द्र यादव का एक दिवसीय जनपद भ्रमण कार्यक्रम 3 नवम्बर को प्रस्तावित है। बताया गया है की प्रभारी मंत्री प्रातः 10 बजे लोक निर्माण विभाग गौरीगंज के निरीक्षण भवन पहुॅचकर भाजपा मण्डल अध्यक्ष एवं जिला पदाधिकारियों के साथ बैठक में सम्मिलित होंगे। उसके उपरान्त 11 बजे से जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक करेंगे।

दोपहर 12 बजे कलेक्ट्रेट सभागार पहुॅचकर समस्त जनपदीय अधिकारियों के साथ विकास कार्यो एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक में सम्मिलित होंगे तदोपरान्त प्रेस वार्ता करेंगे। प्रभारी मंत्री अपरान्ह 3 बजे से जनपद में निराश्रित गोवंश प्रबन्धन एवं गौ-आश्रय स्थल सरकारी राशन की दुकान प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जिला चिकित्सालय प्राथमिक विद्यालय एवं अन्य निर्माणाधीन परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण करेंगे एवं आयोजित ग्राम चौपाल में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण तथा अनुसूचित जाति एवं जनजाति बस्ती का भ्रमण एवं सहभोज कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे।

# स्मृति महोत्सव एवं श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** सहजनवां कस्बे में बृहस्पतिवार को श्रीमद्भागवत कथा एवं स्मृति महोत्सव का शुभारंभ हुआ। सात दिनों तक चलने वाली कथा में वृंदावन धाम से पधारे मानस जी महाराज ने श्रोताओं को कथा का रसपान कराया। कथा के पहले दिन उन्होंने भागवत कथा के महात्म्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भागवत कथा जीव को भय से मुक्त बनाती है। यह समस्त व्यथाओं को दूर करने का सर्वोत्कृष्ट साधन है। भागवत कथा का आयोजन वार्ड नंबर सात बगिया गेट केशोपुर में स्वर्गीय विद्या त्रिपाठी की पावन स्मृति में किया जा रहा है। कथा के प्रथम दिन वृंदावन धाम से पधारे कथा व्यास मानस जी महाराज ने कहा कि मृत्यु को जानने से मृत्यु का भय मन से मिट जाता है। जिस प्रकार परीक्षित ने भागवत कथा का श्रवण कर अभय को प्राप्त किया ठीक उसी प्रकार भागवत कथा भी जीव को अभय बना देती है। कथा व्यास ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा परमात्मा का अक्षर स्वरूप है। यह परमहंसों की संहिता है।भागवत कथा हृदय को जागृत कर मुक्ति का मार्ग दिखाती है। कथा के शुभारंभ अवसर पर सबसे पहले भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा कथा स्थल से निकलकर लुचुई, काली मंदिर, स्टेशन रोड, जूट मिल, बेलहर समय माता मंदिर होते हुए पुनः कथा स्थल पर पहुंची। इस दौरान राधा कृष्ण की मनमोहक झांकी ने लोगों का मन मोह लिया। कलश यात्रा में कस्बे के पुरुष व महिलाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। भक्ति गीतों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। इस अवसर पर कथा की मुख्य यजमान दुर्गावती देवी,विधायक प्रदीप शुक्ल,पूर्व विधायक शीतल पाण्डेय,नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती संजू सिंह, पूर्व चेयरमैन सुमन सिंह, संजय शुक्ल, रत्नेश पाण्डेय, विकास राय, नागेंद्र सिंह, पुरुषोत्तमदास अग्रवाल, डॉ एमपी शुक्ल, गोपाल गुप्त, रामप्रकाश यादव, पंडित धीरज शुक्ला, मनोज जायसवाल, सन्तोष गुप्त, विकास राय, विनय सिंह समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# मॉनिटरिंग करके कार्यवाही सुनिश्चित करायें: डीएम

**अवधनामा संवाददाता**

**बस्ती।** निजी चिकित्सालय में प्रसुताओं को डिलीवरी के लिए ले जाने वाली दोषी आठ आशाओं को अभी तक बर्खास्त ना किए जाने तथा आशाओं के रिक्त 82 पदों पर भर्ती ना किए जाने पर जिलाधिकारी अन्द्रा वामसी ने असंतोष व्यक्त किया है तथा संबंधित एमओआईसी के विरुद्ध कार्यवाही करने की चेतावनी दिया है। जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में उन्होंने अग्रिम आदेशों तक मरवटिया, रुधौली तथा सल्टौआ गोपालपुर के एमओआईसी को तत्काल कार्रवाई कर अवगत कराने का निर्देश दिया है। उन्होंने सीएमओ तथा एसीएमओ को भी सख्त निर्देश दिया है कि बैठक में लिए गए निर्णय की नियमित मॉनिटरिंग करके कार्यवाही सुनिश्चित करायें। समीक्षा में उन्होंने पाया कि हर्रैया तहसील में बरहटा कप्तानगंज, सेवरा विक्रमजोत तथा रुधौली तहसील के गंधारिया में स्वास्थ्य उप केंद्र के लिए भूमि चयन हेतु उप जिलाधिकारी को पत्र लिखा गया है परंतु कोई फॉलोअप नहीं किया गया और अभी तक भूमि चिन्हित नहीं हो पाई है। उन्होंने पाया कि विभाग के 119 जर्जर भवनों के ध्वस्तीकरण को चिन्हित कर छोड़ दिया गया है परंतु एग्रेतर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। जिलाधिकारी ने इस स्थिति पर असंतोष व्यक्त किया है। संस्थागत प्रसव में पिछड़ने के कारण जिलाधिकारी ने महिला जिला अस्पताल तथा रोगी कल्याण समिति के धनराशि शतप्रतिशत व्यय ना करने पर टीबी अस्पताल के अधीक्षक का वेतन रोकने का निर्देश दिया है। उन्होंने रोगी कल्याण समिति की धनराशि व्यय में पिछड़ने के कारण बनकटी तथा बहादुरपुर के ब्लॉक अकाउंट ऑफिसर का वेतन भी रोका है।

## कार्य में तेजी लाने के निर्देश

**बस्ती।** मण्डलायुक्त अखिलेश सिंह ने ग्रामीण जलापूर्ति के अन्तर्गत नल संयोजन की धीमी प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए कार्य में तेजी लाने के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है। सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में उन्होने कहा कि 2024 मार्च तक शतप्रतिशत सभी परियोजनाओं को पूरा करना है। इसके साथ ही सभी घरों में नल के द्वारा पानी पहुॅचाया जाना है। शासन द्वारा इस पर विशेष बल दिया जा रहा है। समीक्षा में उन्होने पाया कि बस्ती में 68, संतकबीर नगर में 58 तथा सिद्धार्थनगर में 59 प्रतिशत नल संयोजन किया गया है। मण्डलायुक्त ने सीएम-डैशबोर्ड के अनुसार अपेक्षित लक्ष्य पूरा ना करने वाले विभागों की प्रगति की समीक्षा किया। उन्होने औद्योगिक विकास, कृषि, स्वास्थ्य, पंचायतीराज, प्रा0 शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, पशुधन, मत्स्य, श्रम एवं सेवायोजन तथा अतिरिक्त उर्जा विभागों की समीक्षा किया।

# नवजात बच्चे की मृत्यु के प्रकरण में डीएम ने पोस्टमार्टम कराने का दिया निर्देश

**अवधनामा संवाददाता**

**सिद्धार्थनगर।** मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा नोडल अधिकारी (नैदानिक स्थापना) को सूचित किया गया कि लाइफ हास्पिटल, परसाशाहआलम में एक नवजात बच्चे की मृत्यु हो गयी है एवं जांच हेतु आदेशित किया गया। उक्त के क्रम में डा0 ललित मिश्रा उप जिलाधिकारी नौगढ़, डा0 संजय कुमार गुप्ता नोडल अधिकारी एवं डा0 प्रशांत कुमार मौर्या प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, प्रा0स्वा0के0 नौगढ तथा पुलिस फोर्स थाना सिद्धार्थनगर के साथ उक्त हास्पिटल पर पहुंचे। जहाँ अस्पताल का गेट बन्द मिला।

हास्पिटल का शटर ताला बन्द था। चाभी न होने की दशा मे एवं किसी जिम्मेदार व्यक्ति के न होने पर उप जिलाधिकारी, नौगढ़ के निर्देश व उपस्थिति में ताला तोड़ा गया अस्पताल में कोई मरीज भर्ती नहीं मिला। उपजिलाधिकारी, नौगढ़ के निर्देश पर अस्पताल के सामानों को सूचीबद्ध करते हुए मौके पर उक्त हास्पिटल को सील कर दिया गया। अस्पताल की संचालिका का नाम किरन सिंह है। जोकि प्रतिष्ठान के पडोसियो द्वारा जांच टीम को बताया गया। संचालिका मौके से फरार मिली। यह हास्पिटल मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय सिद्धार्थनगर में पंजीकृत नहीं है। वहां पर उपस्थित कपिया मिश्र थाना जोगिया के व्यक्ति द्वारा बताया गया कि मेरी बहु कुसुम पत्नी सुग्रीव का 27 अक्टूबर को लाइफ हास्पिटल में आपरेशन किया गया था जिसमें प्रबन्धक व चिकित्सक की लापरवाही के कारण नवजात की मृत्यु हो गयी एवं डरा धमका कर तीरसठ हजार रुपये ले लिया गया। उक्त हास्पिटल के चिकित्सकों द्वारा लापरवाही से इनकी बहु को उल्टी-सीधी दवा दे करके मनोदशा खराब कर दिया गया। 31 अक्टूबर को मरीज की स्थिति नाजुक देखते हुए जिला चिकित्सालय में भर्ती किया गया। उक्त जानकारी मरीज के परिजनों द्वारा टीम को दी गयी। लाइफ हास्पिटल, परसाशाहआलम के संचालिका किरन सिंह तथा सम्बन्धित अज्ञात चिकित्सक व अन्य कर्मचारियों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में 1 नवम्बर को डा0 प्रशान्त कुमार मौर्या, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी प्रा0स्व0 केन्द्र, नौगढ़ सिद्धार्थनगर द्वारा थाना-सिद्धार्थनगर में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी। उक्त प्रकरण में नवजात की मृत्यु होने के पश्चात उसे दफना दिया गया था। जिलाधिकारी पवन अग्रवाल द्वारा टीम गठित करते हुए नवजात शिशु की लाश को निकालकर उसका पोस्टमार्टम कराने का भी निर्देश दिया गया है।

# खंड विकास अधिकारी ने अपूर्ण कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए

**अवधनामा संवाददाता**



**कुदरहा, बस्ती।** ब्लॉक सभागार में गुरुवार को ग्राम प्रधान, सचिव व तकनीकी सहायको के साथ खंड विकास अधिकारी ने बैठक की। जिसमें परिषदीय विद्यालयों की दसा सुधारने के लिए कायाकल्प के तहत कार्य कराने पर योजना विस्तार से चर्चा हुआ। खंड विकास अधिकारी विनय कुमार द्विवेदी के अगुवाई में बैठक शुरू हुआ।

ग्राम पंचायतों द्वारा प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों में टायलीकरण, विकलांग शौचालय, बाउंड्री वॉल और रंगा पुताई सहित सभी कार्यों की समीक्षा शुरु हुआ। खंड विकास अधिकारी ने अपूर्ण कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिस पर ग्राम प्रधानों ने विरोध जताते हुए कहा कि विद्यालयों में कंपोजिट ग्रांट के तहत पर्याप्त धन आ रहा है। इसके बाद भी यदि विद्यालय की रंगा पुताई सही से नहीं हो पा रहा है। जहां हुआ है वह भी गुणवत्ता विहीन है। इतना ही नहीं पहले एमडीएम के खाते का संचालन ग्राम प्रधान व प्रधानाध्यापक का जॉइंट होता था लेकिन अब ग्राम प्रधानों को किस खाते से दूर कर दिया गया है। अधिकांश ग्राम पंचायत में आंगनबाड़ी केंद्र न होने की बात ग्राम प्रधानों ने उठाया। जिस पर सीडीपीओ देवेंद्र मिश्र ने कहां की 15 आंगनबाड़ी केदो का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। प्रस्ताव मंजूर होते ही निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। खंड विकास अधिकारी ने सभी ग्राम प्रधान व सचिव से विद्यालयों के अवशेष कार्य को शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिए। बैठक में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डा0 फैज वारिस, सुभाष चंद्र, महेंद्र यादव, शैलेंद्र मणि त्रिपाठी, कमलेश सिंह, शैलेंद्र राव, अजय कनौजिया, राम प्रकाश यादव, सुभाष चौधरी, अजय पाल, अभिषेक यादव, महेश राव, रमेश चौधरी, सदरूद्दीन, राजेश यादव, राम यादव सहित तमाम ग्राम प्रधान व सचिव मौजूद रहे।

# कार्य की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जायेगा

**अवधनामा संवाददाता**

**बस्ती।** लोक निर्माण विभाग में नयी कार्य संस्कृति लाने के लिए जिलाधिकारी अंद्रा वामसी ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया है। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में उन्होने कहा कि सभी कार्य समय से पूरे किए जाय, कार्य की गुणवत्ता से कोई समझौता नही किया जायेंगा, दोषी पाये जाने पर अधिकारी एवं ठेकेदार के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेंगी। समीक्षा में उन्होने पाया कि कुल 62 किमी. की 34 नयी सड़के निर्माणाधीन है। इसके सापेक्ष 31 किमी. सड़क का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है। शेष 31 किमी. मार्च 2024 तक पूर्ण कर लिया जायेंगा। अधिशासी अभियन्ता केशवलाल ने बताया कि इन सभी सड़को की टेण्डर प्रक्रिया पूर्ण है, निर्माण कार्य प्रगति पर है और भविष्य में चुनाव की आचार संहिता से मुक्त है। उन्होने बताया कि विशेष मरम्मत के अन्तर्गत 303 कार्य स्वीकृत है, जिनकी लम्बाई 340.558 किमी. है। सभी कार्य 30 नवम्बर तक पूर्ण कर लिए जायेंगे। उन्होने बताया कि गड्ढामुक्ति हेतु 739.56 किमी. के सापेक्ष 651.19 किमी. कार्य पूर्ण हो गया है। शेष कार्य 15 नवम्बर तक पूर्ण कर लिया जायेंगा। सड़क नवीनीकरण का कार्य 353.92 किमी. के सापेक्ष 216.65 किमी. पूर्ण हो गया है। शेष कार्य भी 30 नवम्बर तक पूरा कर लिया जायेगा। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया है कि विभागीय अधिकारी-कर्मचारी शासन के निर्देशो के अनुसार पूरी इमानदारी और सत्यनिष्ठा से कार्य करें, जिससे की विभाग की छवि में सुधार हो सकें। उन्होने कहा कि विभाग द्वारा निर्मित लगभग 300 सड़को का अधिकारियों की टीम द्वारा सत्यापन कराया जा रहा है। गुणवत्तापूर्ण कार्य ना करने वाले तथा कार्य में शिथिलता बरतने वाले ठेकेदारों की रिपोर्ट तैयार कर प्रस्तुत करें।

## रेस्टोरेंट में घुसकर गाली गलौच करने वालों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**जलालपुर अंबेडकरनगर।** अराजक तत्वों द्वारा रेस्टोरेंट में घुसकर तोड़फोड़ करने तथा बेटरों को गाली गलौज देने के प्रकरण में पुलिस ने एक नामजद सहित तीन अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दिया है। घटना 31 अक्टूबर शाम लगभग 9 बजे की है की लकी फैमिली रेस्टोरेंट के संचालक मनोज चौहान पुलिस को दिए तहरीर में कहा है कि राजेश मोर्य पुत्र मुन्नी मोर्य निवासी मोहल्ला उस्मापुर अपने तीन साथियों के साथ शराब के नशे में रेस्टोरेंट में घुस आए और काउंटर पर बैठे आलोक चौहान को अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए खाना की मांग किया आलोक ने उन लोगों को कुर्सी पर ले जाकर बैठाया और 20 मिनट में खाना देने की बात कही परंतु वे लोग 5 मिनट ही नहीं बैठे रेस्टोरेंट के अंदर बेटरो को गाली देते हुए तोड़फोड़ शुरू कर दिए इसके बाद रेस्टोरेंट कर्मियों ने पकड़कर रेस्टोरेंट के बाहर कर दिया राजेश मौर्य बाहर खड़ी बाइक पर गिर पड़ा जिससे उसके सर में चोट लग गई।

## सरकारी ज़मीन पर कब्जा करने वाले भूमाफिया पर कार्यवाही से क्यों कतरा रहा प्रशासन

**अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** सरकार द्वारा सरकारी जमीनों की खोज के लिए राजस्व विभाग के अधिकारियों की चूड़ी टाइट करनी शुरू की तो गठ्जोड़ तंत्र में खलबली मच गई है। लेकिन अभी तक जिले में सरकारी जमीनों के भू माफिया के खिलाफ कार्रवाई नही हो सकी है। हिस्ट्रीशीटर भू माफिया सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा करने का माहिर घनश्याम पुत्र अच्छेलाल थाना जहांगीरगंज जनपद अंबेडकर नगर के ऊपर जब चला शासन का चाबुक तो अपने ऊपर कार्यवाही से बचने के लिए उसने दी आत्मदाह व मुख्यमंत्री आवास के सामने धरना की चेतावनी दे रहा है,ये भू-माफिया बेशकीमती सरकारी जमीन पर कब्जा कर करता है घनश्याम के ऊपर दर्जनों मुकदमे जनपद व अन्य जनपद में दर्ज हैं जिसमें दो मुकदमे में वादी जिला अधिकारी व बेसिक शिक्षा अधिकारी स्वयं है सभी में है आरोप पत्र दाखिल पूर्व की सरकार में कार्यवाही न होने से इसके हौसले थे बुलंद जब चला मुख्यमंत्री के जीरो टॉलरेंस का चाबुक तो अपना रहा है तरह-तरह के हथकंडे जनमानस में इसका है लोगों द्वारा हिस्ट्री सीटर घनश्याम के ऊपर कठोर कार्रवाई की की जा रही है मांग फिरौती लेने का भी मामला आया है प्रकाश में जिसमें मुख्य आरोपी है घनश्याम।जबकि लोक सम्पत्ति की क्षति की है।

## पहले दिन धान क्रय केन्द्र पर पसरा सन्नाटा

**जलालपुर अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** धान की खरीदारी के लिए सरकारी क्रय केन्द्रो पर तैयारियां पूर्ण रुप से रही परन्तु किसानों के न आने से सन्नाटा पसरा रहा। माना जा रहा है कि किसानों की धान की फसल अभी तैयार नही हैं जलालपुर ब्लॉक में जलालपुर, नगपुर, रफीगंज, मालीपुर, खजूरी समेत नौ क्रय केंद्र बनाए गए हैं तथा भियांव ब्लॉक मे दिनकरपुर, नेवादा कला व पक्खनपुर तीन ऋय केन्द्र बनाये गये है।ताकि किसान अपनी धान की फसलों को आसानी से ऋय केन्द्रो पर बिक्री कर सके। सरकारी क्रय केन्द्रो पर धान की खरीदारी 28 फरवरी तक जारी रहेगी जो प्रतिदिन सुबह नौ बजे से पांच बजे तक किसान अपने धन का विक्रय कर सकते हैं।

# विकास एवं दुग्ध उत्पाद प्रोत्साहन नीति 2022 में संशोधन के सम्बन्ध प्रस्ताव

**अवधनामा संवाददाता**



**सिद्धार्थनगर।** उत्तर प्रदेश दुग्धशाला विकास एवं दुग्ध उत्पाद प्रोत्साहन नीति- 2022 द्वारा उत्तर प्रदेश दुग्धशाला विकास एवं दुग्ध उत्पाद प्रोत्साहन नीति- 2022 में संशोधन के सम्बन्ध प्रस्ताव उपलब्ध कराया गया है। इसके अन्तर्गत प्रदेश में स्थापित होने वाले दुग्ध उद्योग की इकाईयों को अनुमन्य वित्तीय अनुदान, रियायत एवं सुविधायें के अंतर्गत उप प्रस्तर 4.8 4.9 एवं प्रस्तर 10 शीर्षक प्रकीर्ण के अंतर्गत प्रस्तर 10.3 निम्नवत् होगा।

इस नीति के अंतर्गत स्थापित होने वाले परियोजना स्थल के मध्य आने वाली आरक्षित श्रेणी की भूमियां जैसे चकरोड आदि का श्रेणी परिवर्तन निःशुल्क किया जायेगा तथा आरक्षित श्रेणी की भूमि चकरोड, नाली इत्यादि के विजय के फलस्वरूप दी जाने वाली भूमि पर चकरोड, नाली इत्यादि का निर्माण प्रश्नगत निवेशक / संस्था द्वारा स्वयं कराकर दिया जायेगा। इस नीति के अन्तर्गत आवास एवं शहरी निज विभाग के अधीन उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद तथा विकास प्राधिकरण एवं औद्योगिक विकास विभाग के अधीन उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण 3000 एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण एवं अन्य औद्योगिक विकास प्राधिकरणों के क्षेत्र में स्थापित होने वाले उद्योगों के लिये कृषि भूमि में स्थापित होने की स्थिति में भू-उपयोग परिवर्तन शुल्क की दर में 50 प्रतिशत की छूट प्रदान की जायेगी।

इस नीति के अंतर्गत आवास एवं शहरी नियोजन विभाग के अधीन उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद तथा विकास प्राधिकरण एवं औद्योगिक विकास विभाग के अधीन उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण, उ0प्र0 एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण एवं अन्य औद्योगिक विकास प्राधिकरणों के क्षेत्र में स्थापित होने वाले उद्योगों को बाह्य विकास शुल्क की दर में 75 प्रतिशत की छूट प्रदान की जायेगी। उत्तर प्रदेश दुग्धशाला विकास एवं दुग्ध उत्पाद प्रोत्साहन नीति- 2022 अधिसूचना की तिथि से 05 वर्षो के लिए प्रभावी होगी। उत्तर प्रदेश दुग्धशाला विकास एवं दुग्ध उत्पाद प्रोत्साहन नीति- 2022 की प्रख्यापन तिथि से पूर्व, दुग्ध विकास विभाग में तथा उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के पोर्टल पर दुग्ध प्रसंस्करण से सम्बन्धित प्राप्त आवेदनों, जिनको उक्त कट आफ तिथि से पूर्व बैंक ऋण स्वीकृत हो चुका है. को उत्तर प्रदेश दुग्ध नीति-2018 के अंतर्गत अनुमन्य अनुदान एवं रियायते स्वीकृत की जायेगी। उक्त आशय की जानकारी आयुक्त बस्ती मण्डल, बस्ती अखिलेश सिंह द्वारा दिया गया है।

## पहले युद्ध विराम

इजराइल हमास युद्ध अन्धकार और अस्भ्य युग में प्रवेश कर गया है। विश्व शक्तियां किस बात का इन्तजार कर रही है। इस्राइल स्वतन्त्र और समप्रभु राष्ट्र है। सभी जानते है स्वतन्त्र और समप्रभु राष्ट्र अन्तरराष्ट्रीय नियमों से बन्धे होते है जिन्हें युद्ध के समय पीड़ित और असहाय लोगो को मनवीय सहायता पहुचानी चाहिये उसमें रोक नहीं लगानी चाहिये। अल अहली अलआवी अस्पताल में धमाके को लेकर आरोप प्रत्यारोप जारी है। पर इस्राइल ने कुछ ठोस सबूत जुटाये है जिसके बल पर उनका कहना है अस्पताल में विस्फोट हमास आतंकवादियों ने कराये है। पर आतंकवादी संगठन हमास इसे इस्राइल की करनी बता रहा है। इस्राइल के सुरक्षाबल ठोस सबूतो के आधार पर कह रहे है गाजा में सक्रिय आतंकवादी संगठन फिलिस्तीनी इस्लाम जेहाद ने अस्पताल में धमाका कराया है। इस धमाके से अस्पताल में जितने महिलाऐ बच्चें और निर्दोश मारे गये है उनकी संख्या एक दो नहीं सैकड़ों में है। बहरहाल धमाका कराने वाला इस्राइल हो या हमास यह कान्ड निहायत अमानवीय है सोचकर दिल दहल जाता है। जिनके लोग मारे गये है उनके दुखों की कल्पना करके आंखे पनीली हो जाती है। युद्ध का यह स्वभाव है कि वह हर मानवीय पहलू को नजन्दाज कर संहार और ध्वस्तीकरण में लगा रहता है। उसे विनाश और हत्या से मतलब होता है। जितना बड़ा विनाश हो जितनी ज्यादा हत्याये हो युद्ध के सिपाही अपनी वीरता का तगमा मानते है। युद्ध की यही मानसिकता होती है जो खतरनाक बन जाती है।

सोच जाये तो युद्ध की शुरूआत करने वाले और युद्ध को न रूकवाने वाले दोनो बराबर के अपराधी ठहरते है। हमास के अस्पताल पर हुये हमले को लेकर विश्व में तीखी प्रतिक्रियाये आ रही है। लगता है जैसे कुछ देश इसकी प्रतीक्षा में थे कि उन्हें हमास के पक्ष में खड़ा होने के लिये एक बहाना मिल जाये। ये लोग युद्ध विराम लगाने या युद्ध जैसी कोई घटना न होने देने के लिये कोई इरादा नहीं रखते है। ज़ाहिर है इस घटना के विरोध में इस्राइल की तरफसे भी तीखी प्रतिक्रिया आ रही है। जैसे एक युद्ध प्रतिक्रियायों का भी चल रहा है। इस्राइल का कहना है हमास की अमानवीयता पर बहस की कोई गुन्जाइश नहीं है न तो उसके समर्थन में कोई खड़ा हो सकता है। यानी दुश्मनी का बदला दुश्मनी से। बदले और गुस्से से अभिभूत राष्ट्र अन्तराष्ट्रीय युद्ध नियमों और कानूनो को भूल जाते है। ज्यादा से ज्यादा विनाश ज्यादा से ज्यादा हत्या यही उनका लक्ष्य होता है। यह दोनो पक्षों के लिये लागू होता है। इसके लिये जो देश लड़ाई में उलझे दोनो देशो को उसकाते है मदद देते है वे भी उतने ही दोषी है जितना पहले आक्रमण करने वाला देश होता है।

इस समय शान्ती बहाली कराने की जरूरत है। पीड़ित घायलों को जीवन सामग्री दवा इत्यादी मुहैया कराने की जरूरत है। पीड़ित और घायल तो दोनो पक्षों में होगे उन्हें जीवन की बुनियादी जरूरतें दवा दारू आनज मुहैया कराने की जरूरत है। अन्तरराष्ट्रीय संस्थाएं और तटस्थ देशों को युद्धरत दोनो देशो को एक टेबुल पर आमने सामने बैठा कर चर्चा कराने से पहले युद्ध बन्द कराये। इसके बाद दोनो का आपस में बिन्दुवार चर्चा कराये। जो समस्याये तुरन्त सुलझा सके तत्काल सुलझा दे वार्ता से दीर्घ कालीन समस्याओं के निराकरण के लम्बी और कई बैठक बुलाते रहे जब तक समाधान न मिल जाये। काम बहुत श्रमसाध्य और लम्बे समय वाला होगा और संयम की परीक्षा भी होगी। अन्तरराष्ट्री एजेन्सियों की अग्नी परीक्षा होगी साथ ही तटस्थ देशो की भी। चूकि इस्राइल का पलड़ा युद्ध में भारी दिख रहा है इसलिये उसे उदारता ज्यादा बरतनी पड़ेगी। हारने वाले को यह महसूस न कराये की वह विजेता है बल्कि बराबरी पर चर्चा हो। अगर वार्ता फेल होती है तो इस्राइल को आगे मुशकिलों का सामना करना पड़ सकता है। क्यों कि तब फिलिस्तीन इस्लामिक जेहाद जैसे संगठन और आतंकी समूह इस्राइल के खिलाफ गुरिल्ला युद्ध शुरू कर सकता है। जो बहुत थका देने वाला और परेशान करने वाला होता है। और बहुत लम्बा खिचता है। गुरिल्ला युद्ध वियतनामियों का याद होगा जिन्होंने अमेरिका जैसे सम्पन्न और मजबूत राष्ट्र को पानी पिला दिया था।

## सर सैय्यद तो जंगे आजादी के खिलाफ थे!

**के. विक्रम राव**

मुस्लिम अलगाववाद के नायाब शिल्पी सर सैय्यद अहमद खान का जन्मोत्सव भारत में मनाया जा रहा है। कड़ुए ऐतिहासिक यथार्थ को भुलाकर। दोआबा की तहजीबी संगमी-परंपरा को नजरंदाज कर। भारतीय मुसलमानों की अलग कौमियत को उभारकर उन्होंने वतन को विभाजित कराने की नींव डाली थी। असल में दिल्ली के जामिया मिलिया के आदर्श को ज्यादा याद करना चाहिए। सर सैय्यद के बजाय उन मुस्लिम विद्वानों की चर्चा हो जिन्होंने एक भारत के लिए अपना जीवन लगा दिया हकीम अजमल खान, सैय्यद फजल-उल हुसैन (हसरत मोहनी), अली बंधु आदि जो मजहब को राष्ट्र का आधार नहीं मानते थे। इसी सिलसिले में पहले गत सप्ताह के कोलकाता के दुर्गा पूजा पंडाल में आगरे की चार साल की बालिका फातिमा ताहिर के पांव पंडितों द्वारा धोने तथा पूजा की बात हो। बंगाल के 24-परगना का गांव है अर्जुनपुर जहां से महाष्टमी के दिन देश को समावेशी संप्रदायिक सद्भाव का संदेश दिया गया। परंपरा को तोड़ा जिसके अनुसार केवल ब्राह्मण बालिका की ही कन्या पूजा होती है। तमाल दत्ता तथा मौसमी दत्ता ने एक उस परिपाटी को दुहराया जो स्वामी विवेकानंद ने बनाई थीं। उन्होंने महिलाओं के महत्व को देने हेतु बेलूर मठ में कुमारी पूजा प्रारंभ की थी। कश्मीर के खीर भवानी मंदिर में 1898 में शिकारा के मुसलमान नाविक की बेटी की पूजा स्वामीजी ने की थी। सवा सौ साल पूर्व ही कौमी एकता को पनपाया था। क्या विडंबना है कि सर सैय्यद अहमद खान भारतीय मुसलमानों को अलग नागरिक मानते रहे। मोहम्मद अली जिन्ना के लिए वैचारिक अस्त्र तैयार कर दिया था। वर्षो बाद इसी जिन्ना ने अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी को पाकिस्तान का अस्त्रागार बताया था। भारत की एकजुटता में सर सैय्यद की पृष्ठभूमि क्या थी ? वे 1857 में सम्राट बहादुर शाह जफर का पतन चाहते थे। उन्होंने कंपनी में क्लर्क की नौकरी से जीवन प्रारंभ किया था। उनके रहते दो मुगल युवराज खिज्र खां और मिर्जा मुगल को कप्तान हडसन ने दिल्ली के खूनी दरवाजे पर गोली से उड़ा दिया था। अपने परदादा नसीरुद्दीन हुमायूं के मकबरे में ये मुगल राजकुमार छिपे हुये थे। अंग्रेजों के खिलाफ तब पूरा भारत लड़ रहा था। मगर 1857 की क्रांति की सर सैय्यद ने मुखालफत की थी। उस समय तक हिंदुस्तानी ही भारत की देशी भाषा थी। फिर सर सैय्यद ने किताब लिखी असबाब-ए-बग़ावत-ए-हिन्द जिसमें उर्दू को भारतीय मुसलमानों की अलग भाषा बनाने पर ज़ोर दिया। उर्दू अलहदा जुबां बन गई। मगर यह इस्लामी पाकिस्तान की राष्ट्रभाषा नहीं बन सकी। क्यों? पंजाबी, सिंधी, अरबी, बांग्ला (पूर्वी क्षेत्र में) आदि सदियों पुरानी थी। पाकिस्तान बनने पर एक वाकया हुआ। मियां मोहम्मद अली जिन्ना से पूछा गया कि आपको उर्दू आती है? जवाब मिला अपने खानसामा को हुकुम देने भर की। इसीलिए बहुत पीड़ा होती है कि बहुतायत मुसलमानों ने मौलाना अबुल कलाम आजाद, खान अब्दुल गफ्फार खान, अबुल समद खान, रफी अहमद किदवाई आदि को अपना नेता कभी नहीं माना। हालांकि वे सब राष्ट्रवादी थे। सर सैय्यद की खास उपलब्धि अलीगढ़ विश्वविद्यालय रही। मई 1875 में उन्होने मदरसतुलउलूम नामक एक मुस्लिम स्कूल स्थापित किया। सेवानिवृत्ति के बाद 1876 में उन्होने इसे कॉलेज बनाया। तब संयुक्त प्रांत के गवर्नर सर जान स्ट्रेचे ने मौलवी समीदुल्ला खान को भूमि आवंटित की। शीघ्र ही मुस्लिम राजनीति में सर सैयद की परंपरा मुस्लिम लीग (1906) के रूप में उभरी। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (1885) के विरूध्द उनका प्रोपेगंडा था कि कांग्रेस सिर्फ हिन्दू पार्टी है। तुलनात्मक रूप से राष्ट्रवादी मुस्लिम शिक्षण संस्था जामिया मीलिया पर नजर डालें।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

तेलंगाना में, 19 अक्टूबर तक प्रवर्तन एजेंसियों ने 243 करोड़ रुपये के सामान जब्त किए जो लोगों को प्रलोभन देने के मकसद से जुटाए गए थे। इनमें 87.92 करोड़ रुपये नकद, 181.98 किलोग्राम सोना और 693.37 किलोग्राम चांदी सहित 120 करोड़ रुपये तक की कीमती धातुएं और 10.21 करोड़ रुपये के शराब भी शामिल है। वर्ष 2018 में, कुल 111 करोड़ रुपये की जब्ती हुई थी। मिजोरम में प्रवर्तन एजेंसियों ने 36 करोड़ रुपये के ड्रग्स, सिगरेट और शराब जब्त किए हैं।

# चुनाव आयोग के सख्त तेवर



तारकेश्वर मिश्र

जिन राज्यों में चुनाव होने हैं वहां हाल के दिनों में आचार संहिता लागू होने के बाद भी अवैध धन, शराब और आभूषणों की जब्ती में अच्छी-खासी बढ़ोतरी देखी गई है। चुनाव आयोग ने इसे चुनाव खर्च पर निगरानी की निरंतर कोशिशों का नतीजा बताया है। इन प्रयासों के तहत ही सख्त और व्यापक निगरानी करने के साथ ही पड़ोसी राज्यों के साथ तालमेल बिठाना और विभिन्न एजेंसियों के साथ समन्वय करने जैसी पहल की जा रही है। चुनाव आयोग के अनुसार, इस साल की शुरुआत में कर्नाटक विधानसभा चुनावों के दौरान, वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव की तुलना में आभूषण, शराब और प्रलोभन देने के अन्य सामान की जब्ती में 4.5 गुना वृद्धि हुई है। प्रवर्तन एजेंसियों ने इस साल 29 मार्च से 8 मई के बीच 96.6 करोड़ रुपये के आभूषण और कीमती धातुओं सहित 375.61 करोड़ रुपये के सामान और 147.46 करोड़ रुपये की नकदी जब्त की। वर्ष 2018 में प्रवर्तन एजेंसियों ने 83.93 करोड़ रुपये का सामान जब्त किया था। राजस्थान, मध्य प्रदेश, तेलंगाना और छत्तीसगढ़ में 9 अक्टूबर को आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद जब्ती के रुझान में काफी वृद्धि हुई है। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किए गए आंकड़ों के मुताबिक 22 अक्टूबर तक प्रवर्तन एजेंसियों ने 244 करोड़ रुपये का सामान जब्त किया है, जिसमें 39.30 करोड़ रुपये नकद, 20.12 करोड़ रुपये की 10.60 लाख लीटर अवैध शराब, 46.76 करोड़ रुपये के ड्रग्स और नशीले पदार्थ तथा 30.40 करोड़ रुपये के सोना, चांदी और अन्य कीमती धातुएं शामिल हैं। इसके अलावा 84.22 करोड़ रुपये की मुफ्त बांटने वाली चीजें और अन्य सामान भी जब्त किए गए हैं। वर्ष 2018 में प्रवर्तन एजेंसियों ने आदर्श आचार संहिता की अवधि के दौरान लोगों को प्रलोभन देने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले 68.31 करोड़ रुपये के सामान जब्त किए गए।

मध्य प्रदेश में प्रवर्तन एजेंसियों ने 22 अक्टूबर तक 133.88 करोड़ रुपये का सामान जब्त किया था, जिसमें 23.93 करोड़ रुपये की शराब, 14.77 करोड़ रुपये की नकदी, 9.30 करोड़ रुपये के नशीले पदार्थ और 51.77 करोड़ रुपये के आभूषण और कीमती धातुएं थीं। वर्ष 2018 में, प्रवर्तन एजेंसियों ने आदर्श आचार संहिता लागू होने के दौरान 73 करोड़ रुपये के सामान जब्त किए जो मतदाताओं को लुभाने के मकसद से जुटाए गए थे। छत्तीसगढ़ में प्रवर्तन एजेंसियों ने आदर्श आचार संहिता लागू होने के पहले 10 दिनों के दौरान ही 5.5 करोड़ रुपये की चीजें बरामद कीं जिनका इस्तेमाल प्रलोभन देने के लिए किया जाना था। इनमें 1.7 करोड़ रुपये के 63 किलोग्राम आभूषण शामिल हैं।

तेलंगाना में, 19 अक्टूबर तक प्रवर्तन एजेंसियों ने 243 करोड़ रुपये के सामान जब्त किए जो लोगों को प्रलोभन देने के मकसद से जुटाए गए थे। इनमें 87.92 करोड़ रुपये नकद,





181.98 किलोग्राम सोना और 693.37 किलोग्राम चांदी सहित 120 करोड़ रुपये तक की कीमती धातुएं और 10.21 करोड़ रुपये के शराब भी शामिल है। वर्ष 2018 में, कुल 111 करोड़ रुपये की जब्ती हुई थी। मिजोरम में प्रवर्तन एजेंसियों ने 36 करोड़ रुपये के ड्रग्स, सिगरेट और शराब जब्त किए हैं। बीते दिनों चुनाव आयोग ने कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा और असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा को 'कारण बताओ नोटिस' भेजने में देरी नहीं की। आयोग ने उन रथी यात्राओं को भी रोक दिया है, जिनमें सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों को 'रथ-प्रभारी' बनने और भारत सरकार की परियोजनाओं का प्रचार करने को बाध्य करने का सर्कुलर तक जारी किया जा चुका था। हालांकि राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इसी दौरान बयान दिया कि सीबीआई और ईडी 'कुत्ते की तरह' घूमती रहती हैं। प्रियंका और हिमंता ने जो सार्वजनिक बयान दिए थे, उनकी तुलना में गहलोत की टिप्पणी घोर आपत्तिजनक है, क्योंकि वह देश की प्रमुख जांच एजेंसियों को कोस रहे थे। जांच एजेंसियां संविधान और कानून के तहत कार्रवाई करती हैं और भारत सरकार के प्रति जवाबदेह हैं। देश में 55 साल से अधिक सालों तक कांग्रेस सत्तारूढ़ रही है। क्या वह भी सीबीआई और ईडी को 'कुत्ते की तरह' हांकती थी? चुनाव आयोग ने राजस्थान के मुख्यमंत्री गहलोत को नोटिस भेजकर उनका स्पष्टीकरण नहीं मांगा अथवा अब भी नोटिस की कार्रवाई विचाराधीन है? बहरहाल आयोग ने कांग्रेस और भाजपा के दोनों स्टार नेताओं के बयानों को 'आदर्श आचार संहिता' के खिलाफ माना है। प्रियंका ने राजस्थान में जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी पर तंज कसा था कि उन्होंने एक मंदिर की दान-पेटी में 21 रुपए ही लिफाफे में रखकर डाले थे।

दरअसल ऐसे तंज पर वोट नहीं मिला करते। प्रधानमंत्री का ऐसा सार्वजनिक अपमान चुनावी मुद्दा भी नहीं है और न ही जनता इसे स्वीकार करती है। जिस तरह अन्य राज्यों में विभिन्न राजनीतिक दल अपने-अपने मुद्दों पर जनादेश हासिल करने को प्रचार कर रहे हैं, कांग्रेस महासचिव को भी मुद्दों तक ही सीमित रहना चाहिए था। यह मानसिकता ही 'सामंतवादी' है। असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने भी छत्तीसगढ़ के एक मंत्री पर जो टिप्पणी की थी, वह भी आचार संहिता का उल्लंघन करती थी। हिमंता तो संवैधानिक पद पर आसीन हैं, लिहाजा उनसे शब्दों और भाषा की मर्यादा की अधिक अपेक्षाएं हैं। यकीनन चुनाव आयोग की 'तुरंत कार्रवाई' उल्लेखनीय और प्रशंसनीय है, लेकिन 5 दिसंबर को पांच राज्यों में चुनाव-प्रक्रिया समाप्त हो जाएगी। यदि तब तक इन नेताओं के संतोषजनक स्पष्टीकरण आयोग तक नहीं पहुंचते हैं, तो इन नेताओं पर क्या कार्रवाई की जा सकेगी, यह चिंता और सरोकार का सवाल है। शायद इसीलिए कई संदर्भो में चुनाव आयोग को 'दंतहीन' माना गया है।

चुनाव तो गुजर जाएंगे, नेताओं को जो बयान देने थे, वे दे चुके हैं, लिहाजा सियासत खेली जा चुकी है, लेकिन आचार संहिता के संरक्षण को लेकर आयोग की भूमिका क्या है? हालांकि असम के मुख्यमंत्री ने 'एक्स' (ट्विटर) पर लिखकर अपने बयान का स्पष्टीकरण दिया है और छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार को ही 'दोषी' करार दिया है। प्रियंका गांधी ने अपना पक्ष रखने के लिए व्हाट्स एप चौनल का इस्तेमाल किया है। सोशल मीडिया का इस्तेमाल करते हुए तीव्र और नाशक बातचीत करना झगड़ालू मुद्दा ही बना रहता है।संवैधानिक स्पष्टीकरण के लिए सोशल मीडिया कोई उचित मंच नहीं है। उसकी वैधानिकता भी नहीं है। यह ऐसा मंच है, जहां राजनीतिज्ञों का मानना है कि वे आयोग के नोटिस और स्पष्टीकरण को नजरअंदाज कर सकते हैं। दरअसल यह भी दंडनीय होना चाहिए, लिहाजा चुनाव आयोग में सुधारों की बात की जाती रही है। मान लीजिए, किसी भी नेता ने आचार संहिता के खिलाफकोई आपत्तिजनक बात कही, तो उसे त्वरित कार्रवाई के तहत प्रचार करने और भाषण देने से 'अयोग्य' करार दे देना चाहिए। अंतिम निर्णय नोटिस के जवाब के बाद दिया जा सकता है। यह विशेषाधिकार संसद और भारत सरकार ही दे सकती हैं।

# कब तक महिलाएं सामाजिक हिंसा का शिकार होंगी?



तानिया

हाल ही में झारखंड की राजधानी रांची के रहने वाले एक पिता प्रेम गुप्ता ने जिस तरह से शादी के नाम पर धोखाधड़ी की शिकार हुई अपनी बेटी को धूमधाम से गाजे-बाजे के साथ ससुराल से वापस लाने का काम किया है, वह न केवल सराहनीय है बल्कि महिला हिंसा के विरुद्ध एक शंखनाद भी है। दरअसल हमारे समाज ने नैतिकता और परंपरा के नाम पर बहुत सारी लक्ष्मण रेखाएं बना रखी हैं। लेकिन यह केवल महिलाओं और किशोरियों पर ही लागू होता है। मां के गर्भ से लेकर अंतिम सांस तक नारी से ही इस रेखा के पालन की उम्मीद की जाती है। वहीं पुरुषों के लिए इस लक्ष्मण रेखा को रोज़ लांघना आम बात है। वह महिलाओं के साथ चाहे जिस तरह का अत्याचार कर ले, समाज आंखें मूंद लेता है। उसे फ़िक्र केवल महिलाओं और किशोरियों की होती है। अगर किसी किशोरी या महिला ने अत्याचार के विरुद्ध आवाज़ उठा दी तो समाज को तकलीफ होने लगती है।

21वीं सदी में भारत ने बहुत तरक्की कर ली है। साइंस और टेक्नोलॉजी हो या फिर अर्थव्यवस्था, हर क्षेत्र में आज भारत विश्व के विकसित देशों के साथ आंख से आंख मिलाकर बातें करता है। लेकिन भारतीय समाज विशेषकर भारत का ग्रामीण समाज आज भी वैचारिक रूप से पिछड़ा हुआ है। शहरों की अपेक्षा गांव में महिलाओं के साथ इस दौर में भी शारीरिक और

जनसंख्या लगभग 3584 है। जबकि साक्षरता की दर करीब 75 प्रतिशत है। हालांकि पुरुषों की तुलना में महिला साक्षरता की दर काफी कम है। शिक्षा के इसी अभाव के कारण इस गांव की महिलाएं अपने अधिकारों के प्रति जागरूक नहीं हैं। जिससे वह क्या सही है और क्या गलत है, इसका फैसला नहीं कर पाती हैं। उन्हें अपने साथ होने वाले किसी भी प्रकार के दुर्व्यवहार के खिलाफ बोलना तक नहीं आता है। गांव की अधिकतर महिलाओं पर घर से बाहर आने जाने पर रोक-टोक की जाती है।

मानसिक हिंसा आम बात है। पहाड़ी राज्य उत्तराखंड के बागेश्वर जिले के गरुड़ ब्लॉक का चोरसौ गांव इसका एक उदाहरण है। जहां महिलाएं सामाजिक हिंसा झेल रही हैं। जिनके साथ कदम कदम पर नैतिकता और परंपरा के नाम पर बंदिशें और अत्याचार किया जाता है। घर से बाहर निकलने पर किशोरियों और महिलाओं को लोगों के ताने सुनने पड़ते हैं। उन्हें घर की चारदीवारी में रहने की नसीहत दी जाती है। पति द्वारा किये जाने वाली हिंसा को सहने पर मजबूर किया जाता है। हिंसा के खिलाफ आवाज़ उठाने वाली महिला का साथ देने की बजाये समाज उसे ही बुरा कहता है।

चोरसौ गांव की कुल जनसंख्या लगभग 3584 है। जबकि साक्षरता की दर करीब 75 प्रतिशत है। हालांकि पुरुषों की तुलना में महिला साक्षरता की दर काफी कम है। शिक्षा के इसी अभाव के कारण इस गांव की महिलाएं अपने अधिकारों के प्रति जागरूक नहीं हैं। जिससे वह क्या सही है और क्या गलत है, इसका फैसला नहीं कर पाती हैं। उन्हें अपने साथ होने वाले किसी भी प्रकार के दुर्व्यवहार के खिलाफ बोलना तक नहीं आता है। गांव की अधिकतर महिलाओं पर घर से बाहर आने जाने पर रोक-टोक की जाती है। यदि महिलाएं घर से बाहर काम पर चली भी जाती हैं तो खुद को घर के अंदर छोड़कर जाने जैसा ही होता है। इस संबंध



में गांव की एक 18 वर्षीय किशोरी सिमरन कहती है कि जब हम घर से बाहर जाते हैं तो हमें लोगों के ताने और लड़कों के कमेंट्स सुनने पड़ते हैं। इन चीजों का सामना हमें हर रोज करना पड़ता है। जिसका सीधा असर हमारे स्वास्थ्य और मानसिकता दोनों पर पड़ता है। जिसकी वजह से पढ़ाई में भी मन नहीं लगता है।

गांव की एक अन्य किशोरी रितिका का कहना है कि हमें अपने जीवन में बहुत सी सामाजिक हिंसा का शिकार होना पड़ता है। हम अपनी मनपसंद के कपड़े जैसे जींस, शर्ट टॉप भी पहन कर बाहर नहीं जा सकते हैं क्योंकि न केवल लोग गलत दृष्टि से देखते हैं बल्कि इस प्रकार के कमेंट्स करते हैं कि हमें मानसिक रूप से कष्ट पहुंचती है। हमें खुद ऐसा लगता है कि न जाने हमने ऐसा क्या कर दिया है? बोलने से पहले लोग सोचते भी नहीं हैं कि हमें ऐसी सोच से हमें कितनी तकलीफ होती है। अफ़सोस की बात यह है कि घर के लोग भी साथ देने और हौसला बढ़ाने की जगह लड़कियों को ही दोषी मानने लगते हैं। यह किसी भी लड़की के लिए दोहरी तकलीफ होती है और वह मानसिक रूप से टूट जाती है।

वहीं 26 वर्षीय संगीता देवी कहती हैं कि महिलाएं तो अपने परिवार से लेकर बाहर की दुनिया तक किसी न किसी प्रकार की हिंसा की शिकार हो रही हैं। यदि हम इसके विरुद्ध आवाज उठाती हैं तो समाज हमारा साथ देने की जगह हमारे ही चरित्र पर सवाल उठाने लगता है। सारा दोष लड़कियों और महिलाओं पर ही डाल दिया जाता है। समाज सबसे पहले हमारे आत्म सम्मान और चरित्र पर ही उंगली उठाता है। नैतिकता और परंपरा का हवाला देकर लड़कियों और महिलाओं को इस तरह बदनाम किया जाता है कि वह अपने लिए आवाज उठाना ही भूल जाती है। इन तरह किशोरियां और महिलाएं हिंसा का शिकार होती रहती हैं। वहीं 39 वर्षीय पार्वती देवी कहती हैं कि महिलाओं के साथ केवल सामाजिक हिंसा ही नहीं, बल्कि आर्थिक हिंसा भी की जाती है। उसके साथ काम के आधार पर भी भेदभाव किया जाता है। जब एक औरत मज़दूरी करने जाती है और कोई काम करती है तो उसे मात्र 230 रूपए प्रतिदिन मज़दूरी दी जाती है, जबकि वही काम उतने ही घंटे में कोई पुरुष करता है तो उसे 500 रूपए मज़दूरी अदा की जाती है। अगर हम इस विषय पर बात करते हैं तो यह दलील दी जाती है कि आदमी पत्थर तोड़ सकता है, लेकिन औरत नहीं। जबकि सच यह है कि एक औरत भी पुरुष की तरह पत्थर तोड़ती है। लेकिन इसके बावजूद उसे पुरुषों की तुलना में कम मज़दूरी दी जाती है।

इस संबंध में, सामाजिक कार्यकर्ता नीलम ग्रैंडी का कहना है कि हमारे समाज में आज भी जहां महिलाओं को लेकर बड़ी बातें होती हैं, नारी सशक्तिकरण का नारा दिया जाता है, औरत जगत जननी है, वह कमज़ोर नहीं है, आदि बड़ी बड़ी बातें की जाती हैं। लेकिन सही मायने में आज भी महिलाओं को बहुत कुछ सहना पड़ता है और समाज मौन रहता है। नीलम कहती हैं कि इसके पीछे सबसे बड़ी वजह स्वयं ग्रामीण महिलाओं का अपने अधिकारों के प्रति जागरूक नहीं होना है। गांव की तुलना में शहर की महिलाएं और किशोरियां अपने अधिकारों को जानती हैं, यही कारण है कि गांव की तुलना में शहरों में महिलाओं पर अत्याचार कम होते हैं। यदि किसी कारण वह हिंसा का शिकार होती भी है तो खुलकर इसके खिलाफ आवाज़ उठाती है। नीलम ग्रैंडी कहती हैं कि महिलाओं के विरुद्ध अत्याचार के खिलाफ स्वयं महिलाओं को ही आवाज़ उठानी होगी। दूसरी ओर समाज को भी समझना होगा कि संविधान में सभी को बराबरी का हक़ है। वक्त बदल रहा है ऐसे में अब पितृसत्तात्मक समाज को भी अपनी सोच बदलनी होगी। सवाल यह उठता है कि जब नैतिकता और परंपरा यदि समाज को सही दिशा में ले जाने के लिए है, तो फिर पुरुषों पर भी इसे सख्ती से लागू क्यों नहीं की जाती है? (चरखा फीचर)

# फ़िलिस्तीनियों का खुला नरसंहार



ग़ुलाम अली अख़्ज़र

फ़िलिस्तीन और इज़रायल युद्ध ने पूरी दुनिया को दो वर्गों में बाँट दिया है, व्यावहारिक नहीं तो वैचारिक तौर पर ज़रूर। हर देश अपने-अपने तरीके से इस युद्ध की आग को भड़काने और बुझाने की कोशिश कर रहा है। कुछ खुले तौर पर इजराइल के साथ हैं और कुछ फिलिस्तीन के साथ, लेकिन दोनों पक्षों के बीच एक महत्वपूर्ण अंतर है। संयुक्त राज्य अमेरिका और इजरायल समर्थक देश हथियार और सभी सामान भेज रहे हैं जिससे इजरायल फिलिस्तीनियों पर अत्याचार जारी जारी रख सके।वहीं इस्लामिक देश सिर्फ तमाशाई दर्शक बनकर खड़े हैं. उन्हें फ़िलिस्तीनियों और मस्जिदे अक्साकी सुरक्षा से ज़्यादा अपने व्यापार और दोस्ती की चिंता है। मस्जिदे अक्साऔर फिलिस्तीनियों के प्रति इस्लामिक देशों का पाखंडी प्रेम इजराइल के लिए मददगार साबित हो रहा है। फिलिस्तीनियों पर वर्षों से जुल्म हो रहा है, जिससे पूरी दुनिया वाक़िफ है, लेकिन इसके बावजूद पूरी दुनिया मौन रहता है.। 7 अक्टूबर को जिस तरह से हमास ने इजराइल पर हमला किया उसने पूरी दुनिया को हैरान कर दिया। कुछ राजनीतिक विशेषज्ञका कहना है की इजराइल ने पिछले 17 सालों से ग़ाज़ा को जिस तरह घेर कर उसे जेल में तब्दील कर रखा है, ये हमला उसकी प्रतिक्रिया है। ग़ाज़ा दुनिया की एक खुली जेल है, जिस पर इजराइल की हमेशा कड़ी नजर रहती है। जबकि राजनीतिक और सैन्य रणनीति पर नजर

फ़िलिस्तीन-इज़राइल युद्ध में संयुक्त राष्ट्र पूरी तरह से विफल साबित हो रहा है। ऐसा पहली बार नहीं है बल्कि पहले भी देखा गया है कि युद्ध के दौरान दोनों पक्ष उनकी बातें अनसुनीकरके एक-दूसरे पर बम फेंकते रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र का घटता प्रभाव पूरी दुनिया के लिए चिंता का विषय है। हमारे प्रधान मंत्री, जिनका महीनों तक जलते हुए मणिपुर पर मुंह नहीं खोला, वे तुरंत हमास के हमले को चौंकाने वाला बताते हुए इज़राइल के साथ भावनात्मक एकजुटता व्यक्त की।

रखने वालों का कहना है कि इजरायली सरकार ने जानबूझकर यह हमला होने दिया. सवाल ये है कि इतनीबड़ी चुक कैसे हो सकती हैकि जहां की ख़ुफ़िया एजेंसी पूरी दुनिया में अपनी अलग पहचान रखती हो? जबकिमिस्र और कई खुफिया एजेंसियों ने इजराइल को हमास के हमले की आशंका के बारे में जानकारीभी दी थी. क्या योजना बनतरीके से हमले की खुफिया जानकारी को नजरअंदाज किया गया? ताकि प्रधानमंत्री नेतन्याहूहमले की आड़ में अपने विरोधियों को भावनात्मक रूप से ब्लैकमेल कर सकें, जिसमें वह काफी सफल और कुछ हद तक असफल भी नजर आ रहे हैं, क्योंकि हमास के हमले के जवाब में इज़राइलकीतरफ से होने वाले हमले में ग़ाज़ा में निर्दोष लोगों का खून बहाया जा रहा है। विभिन्न देशों समेत इज़राइलमें ही इसके खिलाफ आवाज़ों उठने लगी हैं।

संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार समिति की बैठक में फिलिस्तीनी प्रतिनिधि सहर सालिम ने ग़ाज़ा की दर्दनाक स्थिति का वर्णन करते हुए कहा, इजरायल ने ग़ाज़ा में एक भी परिवार को नहीं बख्शा है। जिन्हें वे मार नहीं सके उन्हें घायल किया, जिन्हें जख्मी नहीं कर सके उनके घरों से निकलने के लिए मजबूर किया। उन्होंने उन लोगों का नरसंहार किया जिन्होंने सोचा था कि उन्हें अल-अहली अस्पताल में सुरक्षित ठिकाना मिल गया है। फ़िलिस्तीन-इज़राइल युद्ध में मानवता की एक नई समझ और व्याख्या भी सामने आई है। 7 अक्टूबर



अल-अक्सा तूफान हमले को आतंकवादी हमला और मानवता का नरसंहार कहा जा रहा है, जब केइजरायली हमले मेंअब तक हजारों निर्दोष फिलिस्तीनी मारे जा चुके हैं, लेकिन मानवता के ये तथाकथित नेता इस हमले को सही ठहराने में लगे हुए हैं। एक तरफ तो हमास का हमला आतंकवाद है, लेकिन दूसरी तरफ रक्षा के नाम पर इज़राइलको मारने का खुला लाइसेंस है। भोजन, पानी और ईंधन को गाजा में प्रवेश से रोकना कहां की मानवता है? 7 अक्टूबर से अब तक 4,000 से अधिक आम फिलिस्तीनी मारे जा चुके हैं, जिनमें 70त्न महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चे शामिल हैं। इज़राइलयुद्ध के कानूनों का उल्लंघन कर रहा है, फिर भी इज़राइलनिर्दोष है। यह मानवतावाद नहीं बल्कि दोगली नीति है। 21वीं सदी को मानवता का रोडमैप पाखंड से भरा है, जो पूंजीपतियों, ताकतवरों और ज़ालिमों पर हुए उत्पीड़न की निंदातू करता है, लेकिनवहीं अल्पसंख्यकों, मजलूम पर ज़ालिमों की तरफ से सितम धाने को पाप नहीं मानता, बल्कि रक्षा का एक कार्यबता करकरउसे उचित ठहराता है। फ़िलिस्तीन-इज़राइल युद्ध में संयुक्त राष्ट्र पूरी तरह से विफल साबित हो रहा है। ऐसा पहली बार नहीं है बल्कि पहले भी देखा गया है कि युद्ध के दौरान दोनों पक्ष उनकी बातें अनसुनीकरके एक-दूसरे पर बम फेंकते रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र का घटता प्रभाव पूरी दुनिया के लिए चिंता का विषय है। हमारे प्रधान मंत्री, जिनका महीनों तक जलते हुए मणिपुर पर मुंह नहीं खोला, वे तुरंत हमास के हमले को चौंकाने वाला बताते हुए इज़राइल के साथ भावनात्मक एकजुटता व्यक्त की। यह स्पष्ट रहे कि हमास के हमले में मारे गए इजराइली लोगों की हत्या को हम उचित नहीं ठहरा रहे हैं, लेकिन हमें यह भी ध्यान रखना चाहिए कि कोई भी इज़राइलीआम व्यक्ति नहीं है, बल्कि हर बल्कि पूरी तरह से प्रशिक्षित सैनिक है।

सवाल यह है कि जो इज़राइलवर्षों से फिलीस्तीनियों को मार रहा है और फिलीस्तीनियों की जमीन उन पर सिमटती जा रही है, क्या इस हड़पने की कार्रवाई के लिए वे इजराइली लोग जिम्मेदार नहीं हैं, जिनके पूर्वजबेसहाराफिलिस्तीन आए थे और जिन्होंने यहां रहने के लिएजगहदी गई, आज वह फिलिस्तीनियों पर अत्याचार कर रहा है। क्या इज़राइलीलोग सरकार के कब्ज़े और निर्दोष मुसलमानों की कैद और हत्या पर चुप रहकर इस पाप से खुद को अलग कर सकते हैं?

जिस तरह से इज़रायलसमर्थक देशों ने हमास हमले के तुरंत बाद प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए अपनी सुरक्षा और हमास के खात्मे के नाम पर इज़रायलके जवाबी हमले का समर्थन किया, उससे गाजा में नरसंहार के लिए इज़रायलको समर्थन मिला। भारत सरकार की इज़रायलके साथ एकजुटता की अभिव्यक्ति ने भारतीय मीडिया को भी इस युद्ध की आड़ में नफरत फैलाने का मौका दे दिया है। अब वह मौजूदा राजनीति कीमंशाकेतहत नकारात्मक सोच को बढ़ावा दे रही है। अगर हमास का हमला इज़राइलमें मानवता का खून है, जिस पर हमारे प्रधानमंत्री भावुक हो रहे हैं तो रूस-यूक्रेन युद्ध में क्या हो रहा था. रूस द्वारा यूक्रेन पर विनाशकारी बमबारी के बावजूद भारत सरकार रूस के साथ खड़ीहीनहीं थी, बल्कि जब दुनिया रूस का बहिष्कार कर रही थी, तब भारत रूस के साथ बड़े पैमाने पर व्यापार कर रहा था। यह कैसा लोको पकार है? आज फ़िलिस्तीन में जो नरसंहार हो रहा है उसके लिए हमास के साथ-साथ पूरी दुनिया ज़िम्मेदार है। हमासतो इसलिए कि जबउसके पास इज़रायलीहमले का बचाव करने की शक्ति नहीं थीतो फिर इस युद्धकोदा क्यों। निर्दोष बच्चों को मारा जा रहा है। शरणार्थियों पर बमबारी कर सामूहिक हत्या की जा रही है। अस्पताल पर बमबारी करके दरिंदों ने अपनाहक़ीकी चरित्र पेश किया है।अस्पताल हमले पर भारत सरकार की प्रतिक्रिया का हम स्वागत करते हैं। जो लोग हमास की उत्पत्ति और विकास के बारे में भी नहीं जानते, वे इसे आतंकवादी समूह कह रहे हैं। जबकि संयुक्त राष्ट्र ने अभी तक हमास को आतंकवादी समूह घोषित नहीं किया है, न ही भारत सरकार ने। अमेरिका आपसी समझौते के बजाय बम और गोला-बारूद के व्यापार में लग है, यह कहते हुए कि इजरायल को अपनी रक्षा करने का अधिकार है।

# प्रदेश सरकार दे रही माटीकला से जुड़े उत्पादों को प्रोत्साहन : राकेश सचान

अवधनामा संवाददाता



■ खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री ने खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड लखनऊ के परिसर में आयोजित माटीकला मेला का किया उद्घाटन

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार माटीकला के उत्पादों को लगातार प्रोत्साहन दे रही है। इस उद्योग से जुड़े हुए लोगों के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं, सरकार द्वारा किए गए प्रयासों के चलते इन उत्पादों की बिक्री बढ़ रही है, लोगों को रोजगार मिल रहा है और उनकी आय भी बढ़ रही है। प्रदेश में माटी का प्रयोग कर मूर्तियां, खिलौने, बर्तन इत्यादि गृह उपयोगी एवं कलात्मक वस्तुएं बनाने का प्रचलन सदियों से रहा है। आज भी उत्तर प्रदेश में पर्याप्त संख्या में माटी कला शिल्पकार इस परंपरागत उद्योग में लगे हुए हैं। माटी कला के अंतर्गत निर्मित वस्तुओं को बढ़ावा देने एवं परंपरागत उद्योगों को नवाचार के माध्यम से संरक्षित, संवर्धित करते हुए आधिकाधिक् कारीगरों को रोजगार से जोड़ने का काम उत्तर प्रदेश माटी कला बोर्ड कर रहा है।

उत्तर प्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं माध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा तथा वस्त्र उद्योग मंत्री श्री राकेश सचान ने यह बातें आज यहाँ उ0प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड लखनऊ के परिसर में आयोजित माटीकला मेला 2023 के उद्घाटन के अवसर पर कहीं। इस अवसर पर उत्कृष्ट शिल्पकारों द्वारा निर्मित माटीकला उत्पादों की भव्य प्रदर्शनी के साथ-साथ माटीकला उद्योग के क्रियात्मक प्रदर्शन का अवलोकन भी किया। उ0प्र0 माटी कला बोर्ड, लखनऊ द्वारा दीपावली के शुभ अवसर पर 02 नवम्बर से 11 नवम्बर 2023 तक 10 दिवसीय माटीकला मेला का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आये शिल्पकारों एवं कारीगरों द्वारा 50 स्टॉल लगाकर मिट्टी से निर्मित अपनी उत्कृष्ट कलाकृतियों का प्रदर्शन किया जा रहा है। खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री श्री राकेश सचान ने इस अवसर पर अपने सम्बोधन में विभिन्न जनपदों से आये एवं प्रदर्शनी में प्रतिभाग कर रहे शिल्पकारों एवं कारीगरों का स्वागत करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा माटीकला बोर्ड के माध्यम से मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना के माध्यम से प्रदेश में अब तक 47630 माटी कला कारीगर परिवारों को चिन्हित करते हुए 10592 विद्युत चालित चाक का वितरण किया जा चुका है। वर्ष 2023-24 में 3000 विद्युत चालित चाक वितरित करने का लक्ष्य है।

## प्रदेश में अब तक 54,536.36 मीट्रिक टन हुई मोटे अनाज की खरीद

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में मूल्य समर्थन योजना के अन्तर्गत किसानों को उनकी उपज का लाभकारी मूल्य उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मोटे अनाज के तहत 50538.11 मीट्रिक टन बाजरा, 3678 मीट्रिक टन मक्का और 320.25 ज्वार की खरीद कर ली है। इस वर्ष समर्थन मूल्य 2500 रूपये प्रति कुन्तल की निर्धारित दर से बाजरा, 2090 रूपये प्रति कुन्तल की दर से मक्का और 3180 रूपये प्रति कुन्तल की दर से हाइब्रिड ज्वार और 3225 रूपये प्रति कुन्तल की दर से ज्वार मालदाण्डी की खरीद की जा रही है।

खाद्य एवं रसद विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार बाजरा की खरीद जनपद बुलन्दशहर, गौतमबुद्ध नगर, बरेली, बदायूँ, शाहजहाँपुर, मुरादाबाद, रामपुर, सम्भल, अमरोहा, अलीगढ़, कासगंज, एटा, हाथरस, आगरा, मथुरा, मैनपुरी, फिरोजाबाद, सीतापुर, हरदोई, उन्नाव, कानपुर नगर, कानपुर देहात, इटावा, औरैया, कन्नौज, फर्रुखाबाद, वाराणसी, प्रतापगढ़ में की जा रही है।

# बिजली, पानी की समस्या संबंधित शिकायतों का तत्काल करें समाधान : सुरेश खन्ना

अवधनामा संवाददाता



■ वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री ने चित्रगुप्तनगर-भोलाखेड़ा की शिकायतों का लिया संज्ञान

■ जिलाधिकारी एवं नगर आयुक्त लखनऊ को पत्र भेजकर तत्काल समाधान करने के दिए निर्देश

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने चित्रगुप्तनगर- भोलाखेड़ा में बिजली, पानी की समस्या सम्बंधी शिकायतों का संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी लखनऊ एवं नगर आयुक्त लखनऊ को पत्र भेजकर तत्काल समाधान करने के निर्देश दिए हैं। श्री खन्ना ने बदबूदार एवं मटमैला पानी की आपूर्ति एवं बिजली की समस्या तथा साफ-सफाई संबंधित समस्या का स्थाई समाधान किए जाने की हिदायत दी है।

श्री सुरेश कुमार खन्ना ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया की राजधानी के चित्रगुप्त नगर-भोला खेड़ा में बिगत 10 दिनों से गंदे पानी की आपूर्ति तथा बिजली की समस्या के संबंध में शिकायतें प्राप्त हुई हैं। यह जनता की बुनियादी सुविधाओं से सीधे जुड़ा विषय है। अशुद्ध पानी के सेवन से जल जनित बीमारियों के फैलने की संभावना होती है, इसलिए बिजली, पानी एवं साफ सफाई से जुड़े अधिकारी प्राथमिकता के आधार पर इसका निस्तारण सुनिश्चित कराएं। इस आशय के निर्देश जिलाधिकारी एवं नगर आयुक्त को दिए गए हैं।

श्री खन्ना जनपद लखनऊ के प्रभारी मंत्री भी हैं इसलिए समय-समय पर राजधानी के विभिन्न मोहल्लों का भ्रमण करके विकास कार्यों को गति देने तथा स्थानीय समस्याओं का समाधान हेतु अधिकारियों के साथ बैठक करते रहते हैं। उन्होंने कहा कि उनका पूरा प्रयास है कि राजधानी वासियों को शुद्ध पेयजल एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित हो। इसके लिए उन्होंने जनपद लखनऊ में बिजली, पानी, सड़क व साफ सफाई के संबंध में 06 नवंबर 2023 को जिलाधिकारी, नगर आयुक्त एवं संबंधित अधिकारियों के साथ संयुक्त बैठक आहूत की है।

# संविदा कार्मिकों के परिवार को मिलेगा निगम की बसों में मुफ्त यात्रा

अवधनामा संवाददाता

■ एक वर्ष में पांच पारिवारिक यात्रा पास मिलेगा : दयाशंकर सिंह



**लखनऊ।** परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री दयाशंकर सिंह ने परिवहन निगम के संविदा कर्मियों को दीवाली का तोहफा दिया है। परिवहन निगम में कार्यरत संविदा कर्मियों को भी नियमित कर्मियों की भांति ही उनके परिवार को निगम की बसों में मुफ्त यात्रा पास दिया जायेगा।

परिवहन मंत्री ने बताया कि निदेशक मण्डल की 246वीं बैठक में इस संबंध में निर्णय लिया गया था कि उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश परिवहन निगम में सीधे अनुबंध के आधार पर संविदा पर कार्यरत चालकों/परिचालकों एवं कार्यशाला में सीधे निगम से आबद्ध कार्यरत कार्मिकों को नियमित कार्मिकों की भांति उनके परिवार को एक वर्ष में निगम बसों में निःशुल्क यात्रा किये जाने के लिए कुल पांच पारिवारिक यात्रा पास दिये जायेंगे। इसमें से दो निःशुल्क पारिवारिक यात्रा पास एवं 3 पीटीओ पारिवारिक यात्रा पास की सुविधा रहेगी। परिवहन मंत्री ने बताया कि परिवहन निगम में कार्यरत सभी कर्मी पूरे मनोयोग से एवं कर्मठता के साथ अपनी सेवाएँ प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि परिवहन निगम की छवि को बेहतर बनाने में हमारे सभी कर्मियों का योगदान है। इस फ्री यात्रा पास से संविदा पर कार्यरत कार्मिकों का मनोबल और बढ़ेगा तथा परिवहन निगम की कार्यशैली एवं दक्षता में और वृद्धि होगी।

# उत्तराखण्ड डांस प्रतियोगिता में 12 टीमों ने मचायी धूम

अवधनामा संवाददाता







उत्तर प्रदेश के धोबिया नृत्य संग उत्तराखण्डी संस्कृति का संगम

**लखनऊ।** गोमा तट, भारत रत्न पं0 गोविन्द बल्लभ पंत पर्वतीय सांस्कृतिक उपवन, बीरबल साहनी मार्ग पर चल रहे उत्तराखण्ड महोत्सव पर सुन्दर मंच निर्माण श्री हेम सिंह द्वारा किया गया है। भारतीय लोक संस्कृति की परम्पराओं लोक कलाओं एवं लोक विधाओं का संगम उत्तराखण्ड महोत्सव में दिखाई दे रहा है। पावन गोमती तट पर सांय गुनगुनी ठण्डक के साथ सुहावना होता मौसम का मिजाज, लजीज खाने की खुशबू, सुन्दर मंच पर चल रहे विविध कार्यक्रम यहां आये दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर देते है तथा दर्शकगण स्टालों में खरीददारी कर लुफ्त भी उठा रहे है।

महोत्सव स्थल पर विविध स्टालों के साथ-साथ खान पान के स्टाल जिसमें अमेरिकन भुट्टा, चट्पटी चाट, भेलपुड़ी, फास्ट फूड छोला भटूरा, पाव भाजी, राजस्थानी थाली, पापड़ भण्डार, नॉनवेज, उत्तराखंडी व्यंजनों आदि के स्टाल लगे है। ऊनी वस्त्र, खादी वस्त्र के साथ उत्तराखण्ड की टोपी तथा हिमाचली टोपी लोगों को खूब भा रही है।

छोलिया के बारे में मीडिया प्रभारी राजेन्द्र सिंह कनवाल ने बताया कि यह युद्ध शैली का नृत्य है, युद्ध में विजय के बाद के उत्सव को दर्शाता है। सभी नर्तक पौराणिक शैली की वेश भूषा पहन कर तलवार से युद्ध का अभिनय तथा ढाल से अपना बचाव करते हैं, इसमें लोक वाद्य ढोल, दमाऊ, रणसिंग, तुरही, मसकबीन का उपयोग होता है। गढ़वाल में इसे सरों कहते है। संस्कृति विभाग, देहरादून उत्तराखण्ड से आये उधान्चल कला केन्द्र अल्मोड़ा के कलाकारों ने सुन्दर छोलिया नृत्य प्रस्तुत किया।

अपराह्न 02 बजे से - कुर्सी रेस की दिलचस्प प्रतियोगिता महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष पुष्पा वैष्णव, सुनीता कनवाल, विद्या सिंह, हरितिमा पंत, देवेश्वरी पवार तथा राजेश्वरी रावत की देख रेख में सम्पन्न हुई 15 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिसमें अलका साह-प्रथम, तृप्ति गुप्ता-द्वितीय, नीलिमा जोशी-तृतीय रही।

सांय 04 बजे से - सीमा विरमानी का बॉलीवुड गायन, चन्द्रभूषण अग्रवाल का नृत्य, सूचना विभाग उ0प्र0 के दलों की प्रस्तुति, सुषमा प्रकाश का गायन, यीशू वर्मा का कुमाऊँनी गायन, तृप्ति गुप्ता की प्रस्तुति, उन्नति श्री का सोलो नृत्य, जानकी अधिकारी के नेतृत्व में रामलीला समिति तेलीबाग की प्रस्तुति-मोनिका मेहरा व राहुल फर्तियाल का नृत्य, ममता फुलारा का मेसअप गाना, कामना बिष्ट के नेतृत्व में आर्ट् एवं कल्चर ग्रुप, कल्याणपुर सांस्कृतिक कार्यक्रम, हेमा वाणगी के नेतृत्व में देव भूमि जन सरोकार सांस्कृतिक समिति, गोमती नगर के सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा हरितिमा पंत व अलका शाह के नेतृत्व में संगीत सांस्कृतिक फाउण्डेशन कुर्मांचल नगर के कार्यक्रमों को खूब सराहा गया। झोड़े के चार दलों द्वारा मंच पर सुन्दर प्रस्तुति दी। पूनम कनवाल ने सुन्दर मंच संचालन किया।

## ओर्थोटिक्स जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**लखनऊ।** कृत्रिम अंग व पुर्नवास केन्द्र, डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय लखनऊ द्वारा अंतर्राष्ट्रीय प्रोस्थेटिक्स व ऑर्थोटिक्स दिवस के उपलक्ष्य में ए0एल0 वाई0 मॉर्डन विद्यालय लखनऊ में दिव्यांगता पुर्नवास एवं प्रोस्थटिक्स व ओर्थोटिक्स जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में दिव्यांगता, प्रारंभिक पहचान और हस्तक्षेप, कृत्रिम अंग व प्रत्यंग पुनर्वास के बारे में कक्षा 9 वे 11 वी के विद्यार्थीयो को जानकारी प्रदान की गयी तथा दिव्यांगता व पुर्नवास के क्षेत्र में स्नातक शिक्षा व कार्य हेतु प्रोत्साहित किया गया। इसके अतिरिक्त दिव्यांगता के प्रारंभिक लक्षणों की पहचान के लिए विद्यार्थीयों के पैर तथा रीढ़ का परिक्षण भी किया गया तथा कृत्रिम अंग व पुर्नवास केन्द्र लखनऊ में उपलब्ध सुविधाओं को निःशुल्क उपचार प्रदान किये जाने हेतु जानकारी प्रदान की गयी।

# ऊनो मिंडा ने भारतीय आफ्टरमार्केट में बाइक सवारों के लिए साइड स्टैंड सेंसर और स्विच की लांच

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** हड़बड़ी में बाइक का साइड स्टैंड पीछे खींचना भूल जाना भारत में दुर्घटना का एक बड़ा कारण है। ऐसे मामलों में, सवारों को आमतौर पर गंभीर चोटें लगती हैं और कभी-कभी उनकी जान भी जा सकती है। इसलिए, इस मुद्दे का समाधान करने और अपने ग्राहकों की अधिकतम सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए, ऊनो मिंडा, ऑटोमोटिव सॉल्यूशंस प्रदान करने वाला एक प्रमुख सप्लायर, ने भारतीय बाजार में साइड स्टैंड सेंसर और स्विच की एक अभिनव श्रृंखला का अनावरण किया है जो उन्नत मैग्नेटिक सेंसर तकनीक का उपयोग करता है, यह सुनिश्चित करता है कि आप अपने स्टैंड को तैनात करके गाड़ी न चलाएं। उत्पादों की यह नई रेंज एक उन्नत सिस्टम का उपयोग करती है जो साइड स्टैंड के असुरक्षित स्थिति में होने पर इंजन सर्किट यूनिट को बंद कर देती है। इस प्रकार, सेंसर के साथ बाइक चलाते समय बाइक सवार हमेशा सहज रह सकते हैं। इसके अलावा, सेंसर के इंस्ट्रूमेंट कंसोल में एक एलईडी लाइट इंडिकेटर होता है जो साइड स्टैंड प्रतिकूल स्थिति में होने पर जलता है, जिससे वाहन के गति में होने पर ड्राइवर को सतर्क रखा जा सकता है।

इस अवसर पर बोलते हुए, ऊनो मिंडा लिमिटेड के आफ्टरमार्केट डोमेन के उत्पाद एवं रणनीति प्रमुख, श्री आनंद कुमार ने कहा, ग्राहक सुरक्षा के प्रति ऊनो मिंडा की प्रतिबद्धता ने नई प्रौद्योगिकी पहल के तहत साइड स्टैंड सेंसर और स्विच का विकास किया है। हम मेक इन इंडिया के उद्देश्य में विश्वास करते हैं और एक घरेलू ब्रांड के रूप में, हम 65 वर्षों से अधिक समय से नवाचार चला रहे हैं। बिना किसी संशय के, सड़क सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। हम जानते हैं कि बाइक आमतौर पर पहले से स्थापित साइड स्टैंड सेंसर के साथ आती हैं। साइड स्टैंड सेंसर महत्वपूर्ण हैं क्योंकि एक कोने पर पहुंचने और साइड स्टैंड के सड़क से टकराने से दुर्घटना हो सकती है। ऊनो मिंडा साइड स्टैंड सेंसर का निर्माण भारत की पथरीली पगडंडियों पर स्थायित्व आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए किया गया है। स्थानीय उत्पादन सुनिश्चित करने के प्रति अटूट समर्पण से न केवल भारतीय अर्थव्यवस्था को लाभ होता है, बल्कि यह भी सुनिश्चित होता है कि हमारे उत्पाद सबसे चरम परिस्थितियों का सामना करने के लिए तैयार किए गए हैं।

# यूपी में कमजोर वर्गों पर जुल्म बढ़े, दबंग व अपराधी बेखौफ : माले

अवधनामा संवाददाता

■ पार्टी ने की बांदा में दलित महिला की गैंगरेप व नृशंस हत्या के दोषियों को कड़ी सजा देने की मांग

**लखनऊ।** भाकपा (माले) ने कहा है कि योगी सरकार में कमजोर वर्गों पर जुल्म बेइंतहा बढ़ गए हैं और दबंग व अपराधी बेखौफ होकर घृणित अपराध कर रहे हैं। पार्टी ने बांदा में दलित महिला की गैंगरेप व नृशंस हत्या के दोषियों को फौरन गिरफ्तार करने और कड़ी सजा देने की मांग की है।

माले के राज्य सचिव सुधाकर यादव ने गुरुवार को जारी बयान में कहा कि योगी सरकार में दलित और महिला सबसे कमजोर शिकार (सॉफ्ट टारगेट) बन गए हैं। उनके मान-सम्मान, सुरक्षा व जान की कोई अहमियत नहीं है। भाजपा को उनकी याद तब आती है, जब वोट लेने होते हैं। बाकी समय उनके साथ घोर अमानवीय व्यवहार होता है।

उन्होंने कहा कि बांदा के एक पीड़ित दलित परिवार के परिजनों के अनुसार, प्रभावशाली जाति के दबंगों ने परिवार की दलित महिला को काम देने के बहाने फोन करके दोपहर में घर से बुलाया और अपनी आटाचक्की में गैंगरेप करने के बाद उसकी हत्या कर दी। यही नहीं, शव के भी टुकड़े कर दिए और फरार हो गए। महिला की लाश परिजनों को आटाचक्की पर मिली। घटना जिले के गिरवां थाने के पतौरा गांव की है। माले नेता ने कहा कि कानून व्यवस्था की स्थिति यह है कि जाने माने विश्वविद्यालय के कैम्पस भी महिलाओं के लिए सुरक्षित नहीं रह गए हैं। बीएचयू में अपने मित्र के साथ जा रही एक छात्रा के साथ परिसर में अपराधियों द्वारा जबरदस्ती करने और कपड़े उतरवाकर वीडियो बनाने जैसी घटना सामने आई है, जिसके खिलाफ छात्र-छात्राएं आंदोलित हैं।

# 'मेरी माटी मेरा देश' चित्रकला प्रतियोगिता के विजेता हुए पुरस्कृत

अवधनामा संवाददाता



■ उ.प्र. लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान की ओर से मुखौटा एवं चित्रकला प्रदर्शनी आयोजित की गई

**लखनऊ।** राज्य ललित कला अकादमी, उ0प्र0 एवं उ0प्र0 लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान, लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में मुखौटो एवं चित्रकला प्रदर्शनी का आयोजन लाल बारादरी भवन, कैंसरबाग, लखनऊ में किया गया जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि श्री मुकेश कुमार मेश्राम, प्रमुख सचिव, संस्कृति, पर्यटन एवं अध्यक्ष राज्य ललित कला अकादमी, उ0प्र0 विशिष्ट अतिथि पूर्व उपाध्यक्ष राज्य ललित कला अकादमी, उ0प्र0 श्री गिरीश चन्द्र मिश्रा द्वारा दीप प्रज्जलित कर किया गया।

राज्य ललित कला अकादमी, उप्र द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत मेरी माटी मेरा देश विषयक चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसमें 124 प्रतिभागियों ने भाग लिया था। प्रतिभागियों द्वारा सहित चित्रों का प्रदर्शन किया गया एवं उत्कृष्टता के आधार पर प्रथम पुरस्कार रू0 5100/- मो0 फैजान, टेक्नो ग्रुप ऑफ इन्स्टीटयूट, द्वितीय पुरस्कार रू0 2100/- श्री आकाश कुमार, कला एवं शिल्प महाविद्यालय, लखनऊ, तृतीय पुरस्कार रू0 1100/- श्री प्रियांशु श्रीवास्तव, कला एवं शिल्प महाविद्यालय, लखनऊ एवं सांत्वना पुरस्कार रू0 500/- प्रति सुश्री आयुशी यादव, कला एवं शिल्प महाविद्यालय, लखनऊ, श्री अवनीश कुमार भारती, डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुर्नवास वि0वि0, सुश्री पुष्पा कुमारी, टेक्नो ग्रुप ऑफ इन्स्टीटयूट को प्रदान किये गये सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह भी मुख्य अतिथि के कर कमलों द्वारा दिये गये है।


## मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव : मतदान व मतगणना के दिन शुष्क दिवस घोषित

**लखनऊ।** मध्यप्रदेश राज्य में विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2023 हेतु मतदान दिवस 17 नवंबर और मतगणना दिवस 03 दिसम्बर को मध्यप्रदेश राज्य की सीमा से लगे उत्तर प्रदेश राज्य के सीमावर्ती क्षेत्रों में शुष्क दिवस (ड्राई डे) घोषित किया गया है।

आबकारी विभाग से प्राप्त विस्तृत जानकारी के अनुसार यदि किसी प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र में सामान्य या उप निर्वाचन में हो उसे निर्वाचन क्षेत्र तथा उसके चारों ओर 8 किलोमीटर क्षेत्र में स्थित विदेशी मदिरा, बीयर, देशी ताड़ी एवं भांग की समस्त लाइसेंस प्राप्त दुकानें और उनकी बिक्री के लिए स्वीकृत अन्य लाइसेंस लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत उपबंधित मतदान की समाप्ति के लिए नियत समय से 48 घंटे पूर्व की अवधि के दौरान बंद रहेंगे।

# 61 देशों के मुख्य न्यायाधीशों व न्यायाधीशों का लखनऊ आगमन आज

अवधनामा संवाददाता



■ अमौसी एअरपोर्ट पर होगा भव्य स्वागत

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल द्वारा 3 से 7 नवम्बर तक आयोजित 'विश्व के मुख्य न्यायाधीशों के 24वें अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन' में प्रतिभाग हेतु 61 देशों के 250 से अधिक मुख्य न्यायाधीश, न्यायाधीश व अन्य प्रख्यात हस्तियाँ आज लखनऊ आ रहे हैं। इन गणमान्य हस्तियों ने कल नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की समाधि 'राजघाट' पर श्रद्धासुमन अर्पित किये एवं इसके उपरान्त नई दिल्ली स्थित कॉस्टीट्यूशन क्लब में सम्मेलन का पहला सत्र आयोजित हुआ। मॉरीशस के उप-राष्ट्रपति श्री मैरी सिरिल बोइसेजोन ने सम्मेलन का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर अपने संबोधन में श्री बोइसेजोन ने कहा कि युद्ध व आतंकवाद से त्रस्त वैश्विक परिस्थितियों में आज विश्व एकता व विश्व शान्ति की महती आवश्यकता है।

सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने बताया कि ये सभी गणमान्य अतिथि कल 3 नवम्बर को प्रातः 9.00 बजे विशेष विमान से लखनऊ पधार रहे हैं। लखनऊ आगमन पर अमौसी एअरपोर्ट पर इन गणमान्य अतिथियों का स्वागत-अभिनन्दन किया जायेगा। पूर्वान्हः 11.00 बजे यह सभी मुख्य न्यायाधीश, न्यायाधीश व अन्य प्रख्यात हस्तियाँ सी.एम.एस. कानपुर रोड ऑडिटोरियम में आयोजित एक प्रेस कान्फ्रेन्स में पत्रकारों से मिलेंगे एवं इस ऐतिहासिक सम्मेलन के उद्देश्यों पर वार्ता करेंगे। इन गणमान्य अतिथियों के सम्मान में 'स्वागत समारोह' का आयोजन कल 3 नवम्बर, शुक्रवार को सायं 5.00 बजे सी.एम.एस. कानपुर रोड परिसर में किया गया है।

भारत सरकार के कानून एवं न्याय मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार), अर्जुन राम मेघवाल इस अवसर पर मुख्य अतिथि होंगे जबकि लखनऊ की मेयर श्रीमती सुषमा खरकवाल विशिष्ट अतिथि होंगी। श्री शर्मा ने बताया कि अन्तर्राष्ट्रीय मुख्य न्यायाधीश सम्मेलन का औपचारिक उद्घाटन 4 नवम्बर, शनिवार को प्रातः 9.00 बजे सी.एम.एस. कानपुर रोड ऑडिटोरियम में होगा।

# भेड़ व बकरी पालन प्रशिक्षण केंद्र का लोकार्पण

## इटावा में होगा प्रदेश का पहला केंद्र, किसानों की आय दोगुनी करने की बेहतर संभावनायें

अवधनामा संवाददाता



■ निराश्रित गोवंश संरक्षण अभियान निर्धारित अवधि में पूर्ण किया जाए : धर्मपाल सिंह

**लखनऊ।** पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह ने आज यहां पशुपालन निदेशालय में वर्चुअली रूप से प्रदेश के प्रथम भेड़ एवं बकरी पालन प्रशिक्षण केन्द्र इटावा का लोकार्पण एवं प्रशिक्षण सत्र का शुभारम्भ किया। उन्होंने कहा कि भेड़/बकरी जैसे लघु पशुओं के पालन की प्रदेश में बेहतर संभावनायें हैं, जो किसानों और पशुपालकों की आय दोगुनी करने में सहायक है। इस केन्द्र में भेड़/बकरी पालकों या इच्छुक व्यक्तियों को वैज्ञानिक तरीके से व्यवासायिक प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा।

इस अवसर पर पशुधन मंत्री ने कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम से जुड़े प्रदेश के लगभग 500 ''मैत्रियों'' के साथ संवाद किया। उन्होंने कहा कि पशुपालकों के द्वार पर गुणवत्तायुक्त पशु प्रजनन सुविधायें समयबद्ध रूप से उपलब्ध कराने एवं कृत्रिम गर्भाधान आच्छादन बढ़ाने में कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ताओं पैरावेट/मैत्री, आदि की अहम भूमिका और योगदान है। इससे पशुपालकों की आय दोगुनी करने के प्रयासों को बल मिल रहा है। पशुधन मंत्री ने पैरावेट्स की समस्यायें सुनी और उनके निराकरण हेतु अधिकारियों को निर्देशित भी किया।

पशुधन मंत्री ने बैठक में आनलाइन रूप से जुड़े अधिकारियों को निर्देशित किया कि गोवंश संरक्षण मा0 मुख्यमंत्री जी की प्राथमिकता का कार्यक्रम है और 01 नवम्बर से प्रारम्भ निराश्रित गोवंश संरक्षण अभियान में कोई भी ढ़िलाई न बरती जाए। गोआश्रय स्थलों के सुदृढ़ीकरण, विस्तारीकरण एवं अन्य आवश्यक व्यवस्था सम्बन्धी कार्य तय समय में पूर्ण किया जाए।

अपर मुख्य सचिव, पशुधन एवं दुग्ध विकास, डा0 रजनीश दुबे ने कहा कि मैत्री के प्रोत्साहन एवं उनकी कौशल क्षमता वृद्धि हेतु सतत् प्रयास किया जा रहा है। पैरावेट्स की सभी समस्याओं का यथाशीघ्र निराकरण किया जायेगा। कृत्रिम गर्भाधान द्वारा अधिक उत्पादक एवं उन्नतिशील प्रजाति के पशुओं को बढ़ावा दिया जा रहा है। जिससे किसानों एवं पशुपालकों की आय में त्वरित वृद्धि संभव है। उल्लेखनीय है कि उ0प्र0 पशुधन विकास परिषद द्वारा वर्तमान वित्तीय वर्ष में 6000 से अधिक मैत्री के बैंक खाते में सीधे लगभग 18 करोड़ रूपये की प्रोत्साहन धनराशि हस्तान्तरित की जा चुकी है। वर्तमान वर्ष में 2500 मैत्री का चयन किया जाना है। प्रदेश में लगभग 10 हजार कार्यकर्ता सेवायें दे रहे हैं।

कार्यक्रम में विशेष सचिव, पशुधन देवेन्द्र पाण्डेय, विशेष सचिव श्री अमरनाथ उपाध्याय, निदेशक पशुपालन डा0 ए0के0 जादौन, एलडीबी के कार्यकारी अधिकारी श्री नीरज गुप्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम से वर्चुवली रूप से प्रदेशभर के लगभग 500 पैरावेट्स/मैत्री कार्यकर्ता एवं पशुपालक व किसान जुड़े थे।

# सीबीएसई ज़ोनल रोलर स्केटिंग में डीपीएस ने पांच गोल्ड के साथ 11 पदक जीते

■ गोल्ड जीतने वाले तीनों बच्चों ने नेशनल गेम्स के लिये क्वालीफाई किया



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** सीबीएसई जोनल रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता में दिल्ली पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने अलग-अलग वर्ग के होनहार खिलाड़ियों ने अपने-अपने आयु वर्ग में पांच स्वर्ण पदक, दो रजत पदक और चार कांस्य पदक सहित कुल 11 पदक जीतकर अपने विद्यालय का नाम रोशन कर दिया। विद्यालय की प्रधानाचार्या भावना सिंह ने बताया 19 अक्टूबर से 21 अक्टूबर तक श्री आचार्य सुदर्शन पटना सेंट्रल स्कूल पटना बिहार में आयोजित इस जोनल रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप प्रतियोगिता में बिहार, झारखंड और उत्तर प्रदेश के विभिन्न 165 सीबीएसई स्कूलों के लगभग 1800 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया था। प्रतियोगिता में डीपीएस इटावा की शिप्रा यादव ने 300 और 500 मीटर में दो गोल्ड, गुलशन बाबू ने 300 और 500 मीटर में दो गोल्ड मेडल जीते और अश्वपति यादव ने 1000 मीटर में गोल्ड मेडल अपने नाम कर डीपीएस को पांच गोल्ड जिताये। देव यादव ने 1000 मीटर में और वेदांशी ने 300 मीटर में कुल दो सिल्वर मेडल जीते। इसी प्रकार छात्रा मीमांसा त्रिपाठी एवम वैष्णवी ने 1000 मीटर में ब्रॉन्ज मेडल, यथार्थ चंदेल और वेदांत यादव ने 300 मीटर में शानदार प्रदर्शन करते हुए दो ब्रॉन्ज मेडल जीतकर कुल चार ब्रॉन्ज मेडल अपने स्कूल के नाम कर लिए। इस प्रकार दिल्ली पब्लिक स्कूल ने इस प्रतियोगिता में कुल 11 मेडल जीते। इस तरह गोल्ड जीतने वाले शिप्रा यादव, गुलशन यादव और अश्वपति यादव ने रोलर स्केटिंग के नेशनल गेम्स के लिये क्वालीफाई भी कर लिया, अब ये तीनों एथलीट्स 24 से 26 नवंबर में गुरुग्राम ग्लोबल हाइट्स स्कूल, गुरुग्राम में सीबीएसई रोलर स्केटिंग नेशनल गेम्स में दिल्ली पब्लिक स्कूल, इटावा का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस अवसर पर विजयी छात्र-छात्राओं और उनके कोच भानू प्रताप सिंह के विद्यालय वापस लौटने पर विद्यालय के चेयरमैन डॉ.विवेक यादव और प्रधानाचार्या भावना सिंह ने सभी बच्चों और उनके कोच को माल्यार्पण कर मिठाई खिलाकर बधाई दी और नेशनल गेम्स के लिये शुभकामनायें दीं।

# नाबालिग के अपहरण और बलात्कार के दोषी को आजीवन कारावास

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** विशेष न्यायाधीश पोक्सो एक्ट माननीय जज रामकिशोर यादव की अदालत ने बृहस्पतिवार को नाबालिग के अपहरण और बलात्कार के दोषी अभियुक्त मोहन को आजीवन कारावास एवं 55 हजार रुपये अर्थ दंड की सजा सुनाई है। इस केस में माननीय न्यायालय ने अभियुक्त को 31 अक्टूबर को दोषी सिद्ध कर दिया था। इस केस की सरकार की ओर से पैरवी कर रहीं स्पेशल डीजीसी पोक्सो कोर्ट श्रीमती अलका उपमन्यु एडवोकेट ने बताया कि पीड़िता के पिता ने थाना कोतवाली में तहरीर दी थी, जिसमें कहा गया था कि उसकी पुत्री (पीडिता) उम्र करीब 15 वर्ष 9 जून 2020 को सांय 4-5 बजे मोहन भगा ले गया। रात्रि करीब एक बजे पीड़िता के घर पर फोन आया। पीड़िता के पिता की तहरीर पर थाना कोतवाली मथुरा, जिला मथुरा पर अभियुक्त मोहन के विरूद्ध मुकदमा अपराध संख्या 244/2020 अन्तर्गत धारा 363, 366, भारतीय दण्ड संहिता में दिनांक 11 जून 2020 को पंजीकृत किया गया। पीड़िता के बयान अन्तर्गत धारा 161 व 164 दण्ड प्रक्रिया संहिता अंकित कराये तथा बाद विवेचना विवेचक द्वारा उपलब्ध साक्ष्य के आधार पर प्रथम दृष्टया साक्ष्य पाते हुए अभियुक्त मोहन के विरूद्ध धारा 363, 366, 376 भारतीय दण्ड संहिता व 3/4 पोक्सो एक्ट में आरोप पत्र न्यायालय प्रेषित किया गया। 31अक्टूबर मंगलवार को विशेष न्यायाधीश पोक्सो एक्ट रामकिशोर यादव ने सुनवाई करते हुए अभियुक्त मोहन को दोषी मानते हुए, उस पर आरोप सिद्ध कर दिया था, आज इस केस में माननीय न्यायालय ने दोषी को आज ही बनकर आवास की सजा सुनाई है बृहस्पतिवार को विशेष न्यायाधीश पोक्सो एक्ट रामकिशोर यादव ने सेशन केस संख्या 850 / 2020 में सुनवाई करते हुए अभियुक्त मोहन को पोक्सो अधिनियम 2012 की धारा - 4 मे को दोषी मानते हुए आजीवन कारावास एवम 50 हजार रुपए अर्थ दण्ड और अर्थ दंड न देने पर 6 महीने का अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाई है।

# इस्लामिया कॉलेज में शिवपाल सिंह का हुआ स्वागत व सम्मान

■ उत्तर प्रदेश में बीजेपी को सिर्फ सपा ही हरा सकती है: शिवपाल सिंह यादव

वहाज अली निहाल



**इटावा।** गुरुवार को शहर के हाफिज़ मुहम्मद सिद्दीक इस्लामिया इन्टर कॉलेज में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव का कॉलेज के प्रबंधक मुहम्मद अल्ताफ, प्रिंसिपल गुफरान अहमद, समस्त स्टाफ व कार्यक्रम में पहुंचे शहर के लोगों ने शाल उड़ाकर व माल्यार्पण कर गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर शिवपाल सिंह ने अपने पुराने साथियों से मुलाकात कर उनके हाल भी जाने। अध्यक्षता पूर्व नगर अध्यक्ष सपा नफीसुल हसन अंसारी ने की। कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से वार्ता में

सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह ने कहा कि कांग्रेस राष्ट्रीय पार्टी है उसकी जिम्मेदारी है गठबंधन को बनाए रखने की अगर ऐसा कांग्रेस नही करती है तो यहां उत्तर प्रदेश में कांग्रेस का कुछ नही है यहां बी जे पी को सिर्फ सपा ही हरा सकती है और हराएगी फिलहाल हमारी पार्टी सभी सीटों पर तैयारी कर रही है। उन्होंने कहा कि आजम खान पर झूठे मुकदमे लगाए गए है कही न कहीं उनकी जान को खतरा है पांच राज्यों में होने वाले विधान सभा चुनाव में भाजपा की होगी करारी हार। अन्त में उन्होंने कहा कि सत्ता में आने पर इस्लामिया इंटर कॉलेज जैसे सभी अल्पसंख्यक स्कूलों का होगा कायाकल्प। कार्यक्रम में सुनील यादव, धर्मवीर सिंह बिट्टू, ज्ञान सिंह यादव, जनमेजय सिंह भदौरिया, शफी अहमद बालक, हाजी मुइनुद्दीन उद्दीन, चंदगीराम यादव, आशीष पटेल, समी कुरैशी, सलीम अंसारी, फरहान शकील, राजेश यादव, हाजी मुहम्मद यूनुस आदि के अलावा कॉलेज का समस्त स्टाफ मौजूद रहा। कार्यक्रम का संचालन कॉलेज के प्रवक्ता कुश चतुर्वेदी ने किया।

5वॉ बौद्ध परिवार मिलन समरोह

# बौद्ध धम्म के प्रचार प्रसार का संकल्प दिलाया

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** भारतीय बौद्ध महासभा उ. प्र. (पंजीकृत) शाखा-मथुरा द्वारा 5 वॉं बौद्ध-परिवार मिलन समारोह के उपलक्ष्य में भंते संघप्रिय (संकिसा, फर्रुक्खाबाद) द्वारा धम्म देशना तथा बाईस प्रतिज्ञाएँ दिलवायी। अध्यक्षता श्रीमती रूमा देवी ने की तथा संचालन यजवीर सिंह विद्रोही द्वारा किया गया। आभार डॉ अनिल कुमार दिनकर द्वारा किया गया। इस अवसर पर सभी महिलाओं ने अवैज्ञानिक, रूढ़िवादी परम्पराओं एवं हर प्रकार की सामाजिक कुरीतियों का त्याग करने का संकल्प लिया तथा भविष्य में अधिक से अधिक बौद्ध धम्म का प्रचार प्रसार करने का भी संकल्प लिया। इस कार्यक्रम में सरला सिंह जीवन संगिनी डॉ अनिल कुमार दिनकर पुत्री दीक्षा सिंह, अनिंद्या सिंह पुत्र सिद्धान्त प्रिय, रमा भारती जीवन संगिनी जे.पी. भारती, रूमा देवी जीवन संगिनी सच्चिदानंद पुत्र श्रेयश कुमार, मीनाक्षी सिंह जीवन संगनी यजवीर सिंह विद्रोही पुत्र उत्कर्ष, अलका जीवन संगिनी डी. के. भास्कर पुत्र मौलिक भास्कर, पुत्री मेधा भास्कर, सुनीता, गीता, राजकुमारी, सुमित्रा जीवन संगिनी पृथ्वीराज सिंह, दिव्या कर्दम जीवन संगिनी सुनील कुमार कर्दम पुत्रियाँ एवं माताजी, ईश्वरी प्रसाद गौतम, पूजा जीवन संगिनी साहब सिंह नागवानी, पुत्र हेमन्त, पुत्री जियांशी, बाबूलाल सागर, थान सिंह, जयपाल सिंह, गोकुल चंद एवं लक्ष्मी चंद, तेजाराम, दुर्गा ठेकेदार, मानसिंह, बैनीराम, छत्रपाल, करन सिंह ठेकेदार, अजीत, विजयसिंह सहित लगभग कई दर्जन परिवार उपस्थित रहे।

## रोडवेज बस में विवाहिता के बैग से नकदी और जेवरात पार

**सुमेरपुर हमीरपुर।** ससुराल से मायके जा रही विवाहिता के बैग से परिवहन निगम की बस से 30 हजार की नगदी निकल जाने पर महिला की शिकायत पर कस्बे के पशु बाजार के पास बस रोककर सघन तलाशी ली गई। लेकिन धनराशि नहीं बरामद हो सकी। जालौन जिले के बागी कदौरा निवासी बसंती अपनी वृद्ध मां के साथ अपने माई के इमिलिया थाना मुस्करा जा रही थी। यह कदौरा से एक प्राइवेट बस में सवार होकर हमीरपुर पहुंची। यहां से वह किदवई नगर डिपो की महोबा जा रही बस में मौदहा के लिए सवार हुई। उसने बताया कि हमीरपुर से चलने के बाद उसने हैंडबैग से टिकट कटवाने के लिए रुपए निकालने के लिए खोला। तब पता चला कि बैग में रखे 30 हजार रुपये निकल गए है। उसने बस के चालक परिचालक को रुपए निकल जाने की बात बताई। तब चालक बस को सीधे सुमेरपुर थाने में रोककर पुलिस को बताया।

# मथुरा में टू व्हीलर टैक्सी की हुई शुरुआत

■ श्रद्धालुओं को मिलेगा टैक्सी सेवा का लाभ

■ टू व्हीलर टैक्सी सेवा का किया होगा विस्तार

अवधनामा संवाददाता



**मथुरा।** बृज यातायात एवं पर्यावरण जनजागरूकता समिति रजि उत्तर के संस्थापक अध्यक्ष विनोद दीक्षित की पहल पर एआरटीओ प्रदीप कुमार सिंह के प्रयास से मथुरा में पहली बार टू व्हीलर टैक्सी का आज हुआ शुभारंभ संस्थापक अध्यक्ष विनोद दीक्षित ने टू व्हीलर टैक्सी का शुभारंभ करते हुए कहा है हमारी समिति लगातार पिछले 14 वर्षों से जाम को लेकर काम कर रही है समिति के द्वारा लगातार ऐसे प्रयास किया जा रहे थे जिससे जाम से लोगों को राहत मिल सके पूरे देश में टूरिस्ट प्लेस पर टू व्हीलर टैक्सी संचालित हो रही है लेकिन मथुरा में बाहर पूरे विश्व से ब्रज क्षेत्र में करोड़ों श्रद्धालु आते हैं और जाम में उनके वाहन फंस जाने से काफी लोगों को कठिनाई होती है इसी कठिनाई पर को लेकर समिति के संस्थापक अध्यक्ष विनोद दीक्षित पिछले कई महीनो से टू व्हीलर टैक्सी को लेकर काम कर रहे थे उनका साथ देते हुए मथुरा एआरटीओ प्रशासन प्रदीप कुमार ने सराहनीय पहल करते हुए प्रथम टू व्हीलर टैक्सी के रुप पांच टू व्हीलर अपने कार्यालय में कल पहली बार रजिस्टर्ड किए गए आज बृजेश्वरी होंडा से दीक्षित गाड़ी वाले के निर्देशक नरेंद्र दीक्षित ने मथुरा में पहली बार टू व्हीलर टैक्सी ली , निर्देशक नरेंद्र दीक्षित ने कहा बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए टैक्सी सेवा का शुभारंभ किया गया है और आने वाले दिनों में इस सेवा का विस्तार किया जाएगा जिससे और लोगों को टैक्सी का लाभ मिल सकेगा। इस अवसर पर बृजेश्वरी होंडा के प्रबंधक नंबर की गाड़ी मनोज बसु, संजीव कुमार दीक्षित, हेमंत अग्रवाल, लोकेंद्र चौधरी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### डा.दीपक सक्सैना कायस्थ रत्न से हुये सम्मानित



**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** श्री कायस्थ सभा आलमपुरा( रजि )के तत्वावधान में राजकीय इण्टर कॉलेज के नवागन्तुक प्रधानाचार्य डा.दीपक सक्सैना को' कायस्थ रत्न'सम्मान से सम्मानित किया गया। संस्था के अध्यक्ष हर स्वरूप सक्सैना, सचिव दीप बिसारिया, समाज सेवी शिक्षक ललित सक्सैना, कृष्ण कुमार सक्सेना, दिलीप सक्सैनाने नवागन्तुक प्रधानाचार्य डा दीपक सक्सेना का शॉल ओढ़ाकर, माल्यार्पण कर एवं प्रतीक चिन्ह भेट कर अभिनंदन किया। डा दीपक सक्सैना ने कहा कि मैं इटावा के लोगों के स्नेह एवं सम्मान से अभिभूत हूँ और मैं शिक्षा के क्षेत्र में और अधिक गुणात्मक सुधार करूँगा। इस अवसर पर बी के पाल, सुदीप सक्सेना, विनीत कुमार आदि उपस्थित रहे।

### स्वयं सहायता समूहों का दो दिवसीय प्रशिक्षण



**इटावा, भरथना, अवधनामा ब्यूरो।** शहरी क्षेत्र की महिलाओं को नेतृत्व क्षमता विकास एवं समूहों के सफल संचालन हेतु पंच सूत्र के अंतर्गत नियमित बैठकें, नियमित बचत, नियमित लेनदेन व ऋण वापसी एवं लेख लेखा-जोखा आदि की विस्तृत जानकारी दी गई। नगर के लोहिया नगर व यादव नगर मोहल्ले में डे-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अंतर्गत गठित स्वयं सहायता समूहों के दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में संदर्भ संस्था प्रेम हेल्प एंड डेवलपमेंट सोसाइटी के निदेशक प्रेम कुमार शाक्य ने महिलाओं को समूह विकास के माध्यम से आंतरिक ऋण, पेनाल्टी, सरकार एवं बैंकों द्वारा किए जाने वाले सहयोग तथा पारदर्शी लेखा-जोखा, आवश्यक अभिलेख एवं उनके रखरखाव की भी विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने स्वयं सहायता समूह का सामाजिक एवं आर्थिक महत्व भी बताया। इस दौरान सिटी कोऑर्डिनेटर संध्या के अलावा बिहारी जी, बड़े पीर बाबा, स्मृति व मुक्तेश्वर स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाएं मौजूद रही।

### किसानों का धान पूरी निष्पक्षता एवं ईमानदारी से क्रय किया जाये: मण्डलायुक्त



**हरदोई।** मण्डलायुक्त डा0 रोशन जैकब ने शाहाबाद गल्ला मंडी में सरकारी धान खरीद का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मण्डलायुक्त ने केन्द्र प्रभारियों से धान खरीद, बोरा एवं अन्य वरदाना के बारे में जानकारी ली तथा निर्देश दिये कि धान केन्द्र क्रय पर आने वाले किसानों का धान पूरी निष्पक्षता एवं ईमानदारी से क्रय किया जाये और किसानों को सभी सुविधायें उपलब्ध करायें। उन्होने कहा कि किसानों का धान नियमानुसार नमी की जांच करें और उनका समय पर भुगतान भी करायें और 60 कुन्तल तक धान लाने वाले किसानों का धान प्राथमिकता पर क्रय किया जाये। इस अवसर पर जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार तथा खाद्य एवं विपणन अधिकारी उपस्थित रही।

# विधायक ने किया छात्रावास का निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

■ संबंधित अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**मथुरा।** समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावास बालक राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावास बालिका एवं ब्रज छात्रावास बालक 10 सिविल लाइंस मथुरा का गुरुवार को विधायक बलदेव द्वारा छात्रावासों का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के समय नागेंद्र पाल सिंह जिला समाज कल्याणकारी मथुरा सुशील कुमार अधीक्षक राजकीय अनुसूचित जाति एवं ब्रज छात्रावास बालक तथा श्रीमती उषा आदित्य का राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावास आदि उपस्थित मिले द्य

बलदेव विधायक द्वारा छात्रावासों की स्थिति देख रोज व्यक्त किया गया तथा निर्देश दिए गए की छात्रावासों में रंगा पुताई, अतिरिक्त स्टाफ नियुक्त किए जाएं ,तीन माह में निरीक्षण ,साफ सफाई, साइकिल स्टैंड ,खिड़की भवन ,छात्रावास शौचालय की मरम्मत बाउंड्री वॉल, एक अतिरिक्त बोरिंग तथा छात्रावास में अतिथियों के रुकने हेतु एक रूम , आवासीय छात्रों हेतु बेंच तथा उसके ऊपर पत्थर से लगवाने के लिए निर्देश दिए गए द्य मुख्य चिकित्सा अधिकारी मथुरा को दूरभाष पर निर्देश दिए गए की एक फर्स्ट एड बॉक्स प्रति छात्रावास में आवासीय छात्रों के लिए प्रदान किए जाएं तथा समय-समय पर छात्रावासों में छात्रों का परीक्षण करते रहे इसके अतिरिक्त समाज कल्याण मंत्री ,प्रमुख सचिव समाज कल्याण ,जिला अधिकारी , नगर आयुक्त आदि से दूरभाष पर वार्ता की गईद्य छात्रावास की स्थिति वह देखते हुए छात्रावास का सौंदर्यकरण होना आवश्यक है जिसके लिए पार्क , ओपन जिम आदि जैसे प्रस्ताव को प्रस्तुत करने हेतु जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देश दिए गए।

## श्रीकृष्ण की भक्ति में छोड़ी पुलिस की नौकरी

**मथुरा।** चंडीगढ़ में पुलिस के फोरेंसिक विंग में दरोगा की नौकरी छोड़कर कृष्ण भक्ति में रंगी फरीदाबाद की रहने वाली सीता ने भगवान कृष्ण को पति मानते हुए उनके लिए निर्जला करवा चौथ का व्रत रखा। इससे पूर्व एक वर्ष पहले 29 नवंबर को भगवान लड्डू गोपाल से विधिविधान पूर्वक विवाह रचाया था। तभी से कृष्ण भक्त महिला सीता प्रिया बनकर अपने घर और नौकरी को छोड़कर वृंदावनवास कर रही हैं।

हरियाणा के फरीदाबाद निवासी सीता अब प्रिया बनकर परिक्रमा मार्ग में मदन टेर क्षेत्र में वृंदावनवास कर रही हैं। एक वर्ष पहले 29 नवंबर को उन्होंने बांके बिहारी के धाम में लड्डू गोपाल से पूरे विधि विधान से शादी की। प्रिया ने बताया कि भगवान से विवाह करने के लिए पिछले 14 साल से सपना देख रही थीं, जो कि अब जाकर पूरा हुआ है। अपने पति स्वरूप लड्डू गोपाल को वह प्रियकांत या पीहू कहकर पुकारती हैं और उन्हें ही अपना सब कुछ मानती हैं।

# किसानों को खाद न मिलने से अनिश्चितकालीन धरने का ऐलान

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** मथुरा के गोवर्धन तहसील अंतर्गत गांव फौडर में उत्तर प्रदेश किसान महासभा के द्वारा अनिश्चितकालीन धरने का ऐलान किया गया है उत्तर प्रदेश किसान महासभा के जिला मंत्री गजेंद्र सिंह ने बताया कि किसानों के साथ अन्याय हो रहा है आज किसानों के खेत खाली पड़े हैं उन्हें खेत में बुवाई के लिए डीएपी खाद और बीज उपलब्ध नहीं हो पा रही है अन्नदाता के साथ सरकार का अन्याय है उत्तर प्रदेश किसान महासभा किसानों पर इस प्रकार का अत्याचार सहन नहीं करेगी और हम किसानों के लिए अनिश्चितकालीन धरने पर बैठने का ऐलान करते हैं जब तक किसानों को खाद और बीज पर्याप्त मात्रा में नहीं मिल जाता और किसान संतुष्ट नहीं हो जाते है सोसाइटी पर हमारा धरना जारी रहेगा उत्तर प्रदेश किसान महासभा के जिला मंत्री गजेंद्र सिंह ने खाद की कालाबाजारी का आरोप भी लगाया तथा जिले के किसानों से धरने में पहुंचने की अपील की है अनिश्चितकालीन धरने की अगवाई कर रहे उत्तर प्रदेश किसान महासभा मथुरा के जिला अध्यक्ष चौधरी जयवीर सिंह ने बताया जब किसान की फसल ही नहीं बुब पाएगी तो अन्न कहां से पैदा होगा अन्नदाता के साथ सरकार का इस तरह का बर्ताव ठीक नहीं है और हम उत्तर प्रदेश किसान महासभा के बैनर तले किसानों के प्रति बरती जा रही कोताही का विरोध करते हैं जब इस संबंध में सोसाइटी कर्मचारियों से बात की गई तो उन्होंने बताया कि हम कुछ नहीं कह सकते इस मौके पर ग्राम पंचायत फौडर और क्षेत्र के भारी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# विधायक पूरन प्रकाश ने किया छात्रावास का निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

■ संबंधित अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**मथुरा।** समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावास बालक राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावास बालिका एवं ब्रज छात्रावास बालक 10 सिविल लाइंस मथुरा का गुरुवार को विधायक बलदेव द्वारा छात्रावासों का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के समय नागेंद्र पाल सिंह जिला समाज कल्याणकारी मथुरा सुशील कुमार अधीक्षक राजकीय अनुसूचित जाति एवं ब्रज छात्रावास बालक तथा श्रीमती उषा आदित्य का राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावास आदि उपस्थित मिले द्य

बलदेव विधायक द्वारा छात्रावासों की स्थिति देख रोज व्यक्त किया गया तथा निर्देश दिए गए की छात्रावासों में रंगा पुताई, अतिरिक्त स्टाफ नियुक्त किए जाएं ,तीन माह में निरीक्षण ,साफ सफाई, साइकिल स्टैंड ,खिड़की भवन ,छात्रावास शौचालय की मरम्मत बाउंड्री वॉल, एक अतिरिक्त बोरिंग तथा छात्रावास में अतिथियों के रुकने हेतु एक रूम , आवासीय छात्रों हेतु बेंच तथा उसके ऊपर पत्थर से लगवाने के लिए निर्देश दिए गए द्य मुख्य चिकित्सा अधिकारी मथुरा को दूरभाष पर निर्देश दिए गए की एक फर्स्ट एड बॉक्स प्रति छात्रावास में आवासीय छात्रों के लिए प्रदान किए जाएं तथा समय-समय पर छात्रावासों में छात्रों का परीक्षण करते रहे इसके अतिरिक्त समाज कल्याण मंत्री ,प्रमुख सचिव समाज कल्याण ,जिला अधिकारी , नगर आयुक्त आदि से दूरभाष पर वार्ता की गईद्य छात्रावास की स्थिति वह देखते हुए छात्रावास का सौंदर्यकरण होना आवश्यक है जिसके लिए पार्क , ओपन जिम आदि जैसे प्रस्ताव को प्रस्तुत करने हेतु जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देश दिए गए।

## मनागढी में तनाव के बाद पुलिस बल तैनात

**मथुरा।** नौहझील क्षेत्र के गांव मनीगढी में मंगलवार की सुबह ट्रैक्टर में लगे कृषि यंत्र द्वारा बार-बार चबूतरा फोड़े जाने को लेकर महिला द्वारा ट्रैक्टर चालक को भला बुरा कहने पर हुए मामूली विवाद में नामजद व्यक्तियों ने श्यामवीर पुत्र बदन सिंह उम्र 47 वर्ष के सिर में कुल्हाड़ी से प्रहार कर घायल कर दिया था।जिसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नौहझील लाया गया।यहां गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देने के बाद जिला चिकित्सालय मथुरा के लिए रेफर कर दिया था। जहां घायल की गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल के चिकित्सकों द्वारा भी उसे एस एन मेडिकल कॉलेज आगरा के लिए रेफर कर दिया गया था। एसएन मेडिकल कॉलेज आगरा के इलाज से परिजन संतुष्ट नहीं हो रहे थे और वह उसे तत्काल सवाई मानसिंह हॉस्पिटल जयपुर ले गए जहां घायल की मृत्यु देर रात हो गई।श्यामवीर का शव शाम तक गांव आ जाएगा गांव में स्थिति को तनावपूर्ण देखते हुए पुलिस द्वारा सतर्कता बरती जा रही है।

# स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों के ऑनलाइन लिंक का शुभारंभ

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत गठित स्वयं सहायता समूहों के 51 उत्पादों को आनलाइन प्लेटफार्म अमेजन पर रजिस्ट्रेशन किया गया है, जिनके एन आई सी द्वारा विकसित कॉमन लिंक का शुभारंभ जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह मथुरा द्वारा किया गया। मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना द्वारा बताया गया कि मथुरा जनपद की वेबसाइट mathura.nic.in/brij-raj/ पर समूहों द्वारा निर्मित समस्त ऑनलाइन उत्पाद प्रदर्शित हो जाते हैं। जिस उत्पाद को आपके द्वारा खरीदा जाना है, उस पर क्लिक करने पर यह अमेजन की वेबसाइट से जुड़ जाता है तथा वहां से उसकी खरीदारी की जा सकती है। इस कामन लिंक के बन जाने से समूह द्वारा ऑनलाइन किए गए उत्पादों को जगह-जगह ढूंढने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।

स्वयं सहायता समूहों द्वारा जिला प्रशासन एवं विभाग के सहयोग से अनेक नवीन प्रयोग किये जा रहे हैं। इसी श्रृंखला में जनपद के 104 स्वयं सहायता समूहों की 670 महिलाओं को गोबर से विभिन्न तरह के उत्पाद बनाने के लिए प्रशिक्षण दिलाया गया है। इन महिलाओं द्वारा दीपावली के अवसर पर गोबर से बने उत्पादों यथा दीपक आदि का आकर्षक पैक बिक्री हेतु तैयार किया गया है। इसके अतिरिक्त स्वयं सहायता समूहों द्वारा गोबर से बनाए गये उत्पादों के पैक का उद्घाटन भी जिलाधिकारी मथुरा द्वारा किया गया। इस पैक में गोबर से निर्मित दीपक तथा अन्य उत्पाद शामिल हैं तथा इस पैक का मूल्य समूहों द्वारा 250 रुपए रखा गया है। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा बताया गया कि स्वयं सहायता समूहों में आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं को शामिल किया जाता है। हम सभी को इन महिलाओं द्वारा गरीबों से बाहर आने के लिए किये जा रहे प्रयासों में भागीदार बनना चाहिए। उपायुक्त (स्वत− रोजगार ) द्वारा समस्त जनों से अनुरोध किया गया है कि इस दीपावली पर गोबर से बनाए गए इस पैक को अपने उपहार की श्रृंखला में अवश्य स्थान दें। बाद में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में जाकर उन्हें भी गोबर से बनाए गए उत्पादों का पैक उपलब्ध कराया।

जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना, डीआईओ एनआईसी अनिल अग्रवाल, डायरेक्टर इनफॉर्मशन टेक्नोलॉजी अजय गुप्ता, डीसी एनआरएलएम दुष्यंत सिंह आदि ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत गठित स्वयं सहायता समूहों द्वारा दीपावली से संबंधित उत्पादों को खरीदा गया और आमदनी बड़ाने के लिए उद्योगपतियों, होटल संचालक, अधिकारीगण को जोड़ा जाए, जिससे स्वयं सहायता समूहों की आमदनी को बढ़ाया जा सके।

# संतों ने गुरुद्वारा तेगबहादुर में देखे निर्माण कार्य

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** होलीगेट स्थित ऐतिहासिक गुरुद्वारा गुरु तेग बहादुर के पुनः निर्माण के लिए चल रही कार सेवा का कार्य गुरुद्वारा बंगला साहिब के तत्वावधान में चल रहा है।गुरुवार को कार सेवा का निरीक्षण करने के लिये दिल्ली से कार सेवा के संत बाबा मथुरा पहुँचे। संत बाबाओं ने कार सेवा का जायज़ा लेते हुए कारसेवकों को कार सेवा कार्य की गति बढाने के निर्देश दिए। यह गुरुद्वारा काफी समय से जीर्ण-शीर्ण अवस्था (जर्जर) में था। जिसकी जानकारी होने पर गुरुद्वारा बंगला साहिब दिल्ली ने कार सेवा की पहल प्रारंभ की। जिसके फलस्वरूप गुरुद्वारा बंगला साहिब कार सेवा दिल्ली के संत बाबा वचन सिंह, बाबा महेन्द्र सिंह ने इस ऐतिहासिक गुरुद्वारे के निर्माण कार्य का बेड़ा उठाया। गुरुवार को होली गेट, तिलक द्वार स्थित गुरुद्वारा गुरुतेग बहादुर सिंह में संत बाबा महेन्द्र सिंह व गुरुद्वारा मथुरा प्रभारी संत बाबा रविन्दर सिंह ने गुरुद्वारे का दौरा किया।

# भ्रांतियों में न आएं, लाइलाज नहीं टेढ़े पंजे की बीमारी

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** कई बच्चों का जन्म टेढ़े पंजे के साथ होता है और यह जीवन भर के लिए अभिशाप बन जाता है। लोगों में इस बीमारी को लेकर आज भी तरह तरह की भ्रांतियां हैं। लोग इलाज नहीं कराते, ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी इस बीमारी को दैवीय प्रकोप अथवा लाइलाज माना जाता है। जिला चिकित्सालय में इस बीमारा निः शुल्क इलाज उपलब्ध है। प्राइवेट अस्पतालों में भी इलाज है लेकिन बहुत महंगा है। अनुष्का फाउंडेशन के सहयोग से राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के साथ मिल कर प्रदेशभर में एक अभियान चलाया जा रहा है। फाउंडेशन की ओर से मथुरा और अलीगढ़ जनपद में इस जिम्मेदारी को निभा रहे मोहम्मद ईशान ने बताया कि यह क्लब फुट नामक बीमारी है। यह बच्चे में मां के पेट से ही आती है। इस बीमारी में बच्चे का पंजा अंदर की ओर मुडा होता है। यह जन्मजात बीमारी है और बच्चे में मां के पेट से ही आती है। इसे सीटीईबी भी बोलते हैं, इसका इलाज निःशुल्क किया जा रहा है। इसमें तीन स्टेज होती हैं, पहली स्टेज में प्लास्टर लगाकर बच्चे के पैर को सीधा किया जाता है। दूसरी स्टेज में छोटा सा कट दिया जाता है। उसके बाद बच्चे को पांच साल तक जूता पहनाया जाता है। जिससे कि उसका पैर फिर से न मुड जाए। इस पूरी प्रक्रिया में चार से पांच साल का समय लगता है। इसके बाद बच्चा चल फिर सकता है।

# श्रीलंका के खिलाफ रोहित शर्मा का कमाल, वर्ल्ड कप में ऐसा करने वाले बने पहले भारतीय खिलाड़ी



रोहित ने श्रीलंका के खिलाफ एक खास कीर्तिमान अपने नाम किया है। दरअसल, उन्होंने मौजूदा वर्ल्ड कप में 400 रन का आंकड़ा छूने वाले भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं। रोहित शर्मा को इस मैच से पहले 400 रन पूरे करने के लिए महज दो रन की जरूरत थी। इस वर्ल्ड कप में रोहित के बाद विराट कोहली ने सबसे ज्यादा रन बनाए हैं।

पुणें में भारत और श्रीलंका के बीच मुकाबला खेला जा रहा है। वहीं इस मुकाबले भारतीय कप्तान रोहित शर्मा महज 4 रन बनाकर आउट हो गए। उन्हें तेज गेदंबाज दिलशान मदुशंका ने पहले ओवर की दूसरी गेंद पर उन्हें अपना शिकार बनाया। लेकिन इस दौरान रोहित ने एक खास कीर्तिमान अपने नाम किया है। दरअसल, उन्होंने मौजूदा वर्ल्ड कप में 400 रन का आंकड़ा छूने वाले भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं। वहीं रोहित शर्मा को इस मैच से पहले 400 रन पूरे करने के लिए महज दो रन की जरूरत थी। इस वर्ल्ड कप में रोहित के बाद विराट कोहली ने सबसे ज्यादा रन बनाए हैं। कोहली के खाते में 350 से ज्यादा रन हैं। वहीं ओवरऑल लिस्ट की बात करें तो रोहित चौथे और कोहली सातवें पायदान पर हैं। टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन साउथ अफ्रीका के विकेटकीपर बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक ने बनाए हैं। डिकॉक 545 रन जोड़ चुके हैं। उनके बाद न्यूजीलैंड के रचिन रविंद्र (415) और ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी ओपनर डेविड वॉर्नर (413) का नंबर है। इसके अलावा साउथ अफ्रीका के एडेन मार्करम (362) और पाकिस्तान के विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान (359) क्रमशः पांचवें और छठे नंबर पर हैं। गौरतलब है कि, रोहित ने इस वर्ल्ड कप में सात मैचों में एक शतक और दो अर्धशतक अपने नाम जमाए हैं।

# इंग्लैंड के खिलाफ मुकाबले से पहले मिचेल मार्श वर्ल्ड कप से हुए बाहर, ऑस्ट्रेलिया लौटे

ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर मिशेल मार्श वर्ल्ड कप से बाहर हो गए हैं। दरअसल उन्हें मार्श को गुरुवार को निजी कारणों से अनिश्चितकाल के लिए स्वदेश लौटना पड़ा है। जिससे टीम को एक और झटका लगा है।

इंग्लैंड के खिलाफ मुकाबले से पहले ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर मिशेल मार्श वर्ल्ड कप से बाहर हो गए हैं। दरअसल उन्हें मार्श को गुरुवार को निजी कारणों से अनिश्चितकाल के लिए स्वदेश लौटना पड़ा है। जिससे टीम को एक और झटका लगा है। वहीं ग्लेन मैक्सवेल भी इंग्लैंड के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया के अगले विश्व कप मुकाबले के लिए कनकशन (सिर में चोट लगने से बेहोशी जैसी स्थिति) के कारण उपलब्ध नहीं होंगे।

इस मामले में क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने बयान में कहा, समय आने पर टीम में उनकी वापसी की समय सीमा की पुष्टि की जाएगी। मार्श की गैरमौजूदगी में शनिवार के यहां इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले मुकाबले के लिए कैमरून ग्रीन को टीम में जगह मिल सकती है।



फिटनेस हासिल कर चुके टीम के साथ मार्कस स्टोइनिस ने हालांकि उम्मीद जगाई है कि मार्श विश्व कप के लिए भारत वापस आ सकते हैं।

स्टोइनिस ने संवाददाताओं से कहा उसके परिवार में कोई समस्या है और हम सभी को पता है कि परिवार काफी महत्वपूर्ण है, असल में सबसे महत्वपूर्ण। उन्होंने कहा, वह सही चीज कर रहा है और वह स्वदेश जा रहा है। वह उन लोगों के पास जा रहा है जिनके पास होने की जरूरत है। मुझे नहीं लगता कि उसकी वापसी का कोई समय सीमा है लेकिन मुझे यकीन है कि घर में सभी जरूरतों को पूरा करने के बाद वह वापस लौटेगा।

स्टोइनिस ने कहा, कल रात उसने मुझे संदेश भेजा कि मुझे स्वदेश लौटना पड़ रहा है और फिर मैं इस विश्व कप को जीतने के लिए वापस आऊंगा जो उसकी मानसिकता को बताता है। स्टोइनिस ने कहा कि उन्हें मार्श की कमी खलेगी। गोल्फ कोर्स पर लगी चोट के कारण मैक्सवेल पहले ही शनिवार को होने वाले मुकाबले से बाहर हो गए हैं और मार्श के भी उपलब्ध नहीं होने से पांच बार के विश्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया की राह थोड़ी मुश्किल हो जाएगी जो नॉकआउट में जगह पक्की करने की कोशिशों में जुटा है। इंग्लैंड के खिलाफ मैक्सवेल और मार्श की जगह लेने के दावेदार एलेक्स कैरी, सीन एबट, स्टोइनिस और ग्रीन हैं जबकि स्पिनर तनवीर सांघा रिजर्व खिलाड़ी के तौर पर टीम के साथ हैं।

# विराट कोहली ने किया ये कारनामा, सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ा

विराट कोहली ने इस कैलेंडर ईयर में अपने 1000 से ज्यादा रन वनडे में पूरे कर लिए हैं। विराट ने अपने करियर में ऐसा आठवीं बार किया है। इससे पहले भारतीय दिग्गज सचिन तेंदुलकर के नाम 7 बार एक कैलेंडर ईयर में 1000 से ज्यादा वनडे रन बनाने का रिकॉर्ड दर्ज था।

पुणे में भारत और श्रीलंका के बीच मुकाबला खेला जा रहा है। वहीं इस मैच में विराट कोहली से फैंस को 49वें वनडे शतक की उम्मीद है। इसके साथ ही कोहली ने सचिन तेंदुलकर के रिकॉर्ड की बराबरी कर लेंगे। इससे पहले ही रन मशीन ने सचिन का एक और खास रिकॉर्ड तोड़ दिया है।

दरअसल, विराट कोहली ने इस कैलेंडर ईयर में अपने 1000 से ज्यादा रन वनडे में पूरे कर लिए हैं। विराट ने अपने करियर में ऐसा आठवीं बार किया है। इससे पहले भारतीय दिग्गज सचिन तेंदुलकर के नाम 7 बार एक कैलेंडर ईयर में 1000 से ज्यादा वनडे रन बनाने का रिकॉर्ड दर्ज था।

विराट कोहली ने साल 2011-14 के बीच



प्रत्येक वर्ष ये कारनामा किया है। इसके बाद उन्होंने 2017-19 और 2023 में एक कैलेंडर ईयर में एक हजार से ज्यादा वनडे रन बनाए हैं। जबकि सचिन ने 1994, 1996-98, 2000, 2003 और 2007 में एक हजार से ज्यादा वनडे रन बनाए।

वहीं इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर तीन खिलाड़ी संयुक्त रूप से मौजूद हैं। पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली, श्रीलंका के कुमार संगाकारा और ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज रिकी पोटिंग अपने करियर में 6 बार ये कारनामा करने में कामयाब हुए हैं।

फिलहाल, मुकाबले की बात करें तो श्रीलंकाई टीम ने टॉस जीतकर भारत को पहले बल्लेबाज का न्योता दिया। जहां भारत की शुरुआत बेहद खराब रही। भारतीय पारी के दूसरी ही गेंद में रोहित शर्मा अपना विकेट गंवा बैठे। लेकिन उसके बाद भारत की पारी को कोहली और गिल की जोड़ी ने आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं।

# चोटों के कारण प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना करना पड़ा : टॉम लैथम

इस बीच दक्षिण अफ्रीका के कप्तान तेंबा बावुमा अपनी टीम के प्रदर्शन से बेहद खुश थे। उन्होंने कहा,''हमने बल्लेबाजी में शानदार प्रदर्शन किया तथा चुनौती का डटकर सामना किया। गेंदबाजी में हम शुरू से ही दबाव बनाने में सफल रहे।

न्यूजीलैंड के कप्तान टॉम लैथम ने बुधवार को यहां कहा कि कई खिलाड़ियों के चोटिल होने के कारण उनकी टीम को विश्व कप में प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना करना पड़ रहा है। न्यूजीलैंड को बुधवार को यहां दक्षिण अफ्रीका के हाथों 190 रन से करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा जो उसकी लगातार तीसरी हार है। इससे उसकी टीम की सेमीफाइनल की राह थोड़ी मुश्किल हो गई है।

कप्तान केन विलियमसन सहित



न्यूजीलैंड के पांच खिलाड़ी चोटिल हैं। इस तरह से 15 सदस्यों की टीम में उसके केवल 10 खिलाड़ी ही फिट हैं। लैथम ने मैच के बाद कहा,''खिलाड़ियों के चोटिल होने के कारण हमें प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना करना पड़ा है। हमें इस पर तुरंत ही विचार करके आगे के बारे में फैसला करना होगा। हमारी टीम रातों-रात खराब टीम नहीं बनी है।

उन्होंने मैच के बारे में कहा हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर पाए। उस साझेदारी (क्विंटन डिकॉक और रासी वान डेर डुसेन के बीच) के बाद हम दबाव में थे। यह एक बड़ा स्कोर था। हमें बड़ी साझेदारियां निभाने की जरूरत थी लेकिन हम ऐसा नहीं कर सके।

इस बीच दक्षिण अफ्रीका के कप्तान तेंबा बावुमा अपनी टीम के प्रदर्शन से बेहद खुश थे। उन्होंने कहा,''हमने बल्लेबाजी में शानदार प्रदर्शन किया तथा चुनौती का डटकर सामना किया। गेंदबाजी में हम शुरू से ही दबाव बनाने में सफल रहे।

# कंगना रनौत ने पीएम नरेंद्र मोदी को बताया भगवान कृष्ण का अवतार

अपनी शर्तों पर रानी की तरह जीवन जीने के लिए जानी जाने वाली कंगना अपने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) समर्थक बयानों के लिए भी सुर्खियां बटोरती हैं। अपने राजनीतिक तालमेल को बरकरार रखते हुए, अभिनेत्री ने हाल ही में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की तुलना भगवान श्री कृष्ण के अवतार से करते हुए कहा कि उनका जन्म इस देश को बचाने के लिए हुआ था।

कंगना की नवीनतम फिल्म तेजस ने बॉक्स ऑफिस पर औसत से कम कमाई की है, जिससे अभिनेत्री की फ्लॉप फिल्मों की लंबी सूची जुड़ गई है। हाल ही में इंस्टाग्राम पर कंगना ने एक वीडियो भी साझा किया जिसमें लोगों से उनकी एक्शन थ्रिलर देखने का आग्रह किया गया क्योंकि उन्होंने कहा कि इसमें देशभक्ति के सभी घटक शामिल हैं जो किसी भी भारतीय का दिल गर्व से फुला सकते हैं।

बॉक्स ऑफिस पर खराब प्रदर्शन के बावजूद अपनी फिल्म के प्रचार में



तेजी लाते हुए, कंगना ने हाल ही में लखनऊ के लोक भवन सभागार में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लिए अपनी फिल्म तेजस की स्क्रीनिंग की। इस कार्यक्रम में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी उपस्थित थे।

अब कंगना रनौत के विचित्र दावे पर आते हुए, अभिनेत्री ने टाइम्स नाउ के साथ एक साक्षात्कार में कहा कि उनके पसंदीदा व्यक्ति पीएम मोदी हैं जब मेजबान ने उनसे पूछा कि वह नरेंद्र मोदी, अटल बिहारी बाजपेयी और इंदिरा गांधी में से किस प्रधानमंत्री की सबसे अधिक प्रशंसा करती हैं। कंगना ने कहा, मेरे पसंदीदा प्रधानमंत्री मेरे पसंदीदा व्यक्ति प्रधानमंत्री मोदी हैं। जब उनसे पूछा गया कि वह दूसरों के मुकाबले पीएम मोदी को क्यों पसंद करती हैं, तो थलाइवी अभिनेत्री ने जवाब दिया, उनकी वजह ये है कि वो इस देश के लिए हैज जैसे एक अवतार होते हैं, वो हमारे लिए एक अवतार हैंज वो एक साधारण इंसान नहीं हैं। उनका जन्म जो है वो इस देश के उद्धार के लिए हुआ है।

जब मेजबान ने उन्हें यह बताने के लिए रोका कि उन्हें इस बयान पर ट्रोल किया जा सकता है, तो कंगना ने जोर देकर कहा, मैं ट्रोल हूं, मुझे उससे कोई शिकायत नहीं है जो दुश्मन होंगे उनको अच्छी बातें इतनी मिलेंगी। आप समझ नहीं सकते उनको कितना नुकसान हो सकता है। होने वाला है। उन्होंने आगे कहा, जो लोग सच के साथ हैं, जो लोग अच्छाई के साथ हैं, ये उनके ज़ख्मों के लिए मरहम भी तो हैं मेरी बातें जब श्री कृष्ण हुए थे, उनके बारे में सुदामा ने कहा,वो भगवान हैं लेकिन दुर्योधन ने कहा, अरे काहे का भगवान कुछ नहीं एक नंबर नटुआ हैज्सारा दिन औरतों के साथ नाचता है, चुगली करता है, और कुछ काम नहीं है इसका। यदि आपकी धारणा अच्छी नहीं है, तो आप सर्वशक्तिमान का अनादर भी कर सकते हैं, उन्होंमे निष्कर्ष निकाला।


# ऋतिक रोशन, दीपिका पादुकोण ने आखिरकार सिद्धार्थ आनंद की फाइटर की शूटिंग पूरी कर ली

ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण ने सिद्धार्थ आनंद की फाइटर की शूटिंग पूरी कर ली है। निर्देशक ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर घोषणा की है। यह फिल्म भारत की पहली एरियल एक्शन फिल्म कही जा रही है और यह अगले साल जनवरी में रिलीज होगी।

ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण पहली बार फाइटर के लिए साथ आए हैं। सिद्धार्थ आनंद द्वारा निर्देशित यह फिल्म अगले साल की सबसे प्रतीक्षित परियोजनाओं में से एक है। अब फिल्म के निर्माताओं ने सोशल मीडिया का सहारा लिया और फाइटर के अंतिम शेड्यूल रैप की घोषणा की।

पूरी हुई फिल्म फाइटर की शूटिंग

1 नवंबर को सिद्धार्थ आनंद ने इंस्टाग्राम पर फाइटर की शूटिंग पूरी होने की घोषणा की। एक कैमरे की तस्वीर साझा करते हुए उन्होंने



कैप्शन दिया, ÷और यह सफाइटर पर एक फिल्म शूट रैप है। ऋतिक रोशन ने भी अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर तस्वीर को दोबारा पोस्ट किया।

इससे पहले अक्टूबर में, इटली से फाइटर के कलाकारों की एक बीटीएस तस्वीर सोशल मीडिया पर सामने आई थी। अभिनेता आफरीन खान ने 3 अक्टूबर को इंस्टाग्राम पर सिद्धार्थ और उनकी पत्नी ममता आनंद, कोरियोग्राफर बॉस्को मार्टिस और अन्य के साथ दीपिका और ऋतिक की पर्दे के पीछे की तस्वीर साझा की। फोटो में वे अपने शॉट्स के बीच में कॉफी ब्रेक लेते नजर आ रहे हैं. सेल्फी ऋतिक रोशन ने क्लिक की थी। ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण ने अपनी आगामी फिल्म फाइटर के एक भव्य गाने के लिए स्पेन के खूबसूरत स्थानों पर शूटिंग भी की। फाइटर में ऋतिक रोशन पहली बार एयरफोर्स ऑफिसर का किरदार निभाते नजर आएंगे। फिल्म में दीपिका पादुकोण के कुछ हाई-ऑक्टेन एक्शन सीक्वेंस होने की भी उम्मीद है। फिल्म में अनिल कपूर भी अहम भूमिका में हैं। सिद्धार्थ आनंद द्वारा निर्देशित फाइटर 25 जनवरी 2024 को रिलीज होगी।

# मैं आपके प्यार का मुरीद हूं 58वें जन्मदिन पर प्रशंसकों की घर के आगे संया देखकर बोले शाहरुख खान



बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान ने उनके 58वें जन्मदिन पर उनके घर के बाहर एकत्रित हुए सैकड़ों प्रशंसकों का शुक्रिया अदा करते हुए कहा, ''मैं महज एक अभिनेता हूं।'' अभिनेता अपने आवास मन्नत से बाहर आए और उनकी एक झलक पाने को बेताब प्रशंसकों का इतने प्रेम व स्नेह के लिए शुक्रिया अदा किया।

मुंबई। शाहरुख खान-स्टारर डंकी का पहला टीज़र गुरुवार को अभिनेता के जन्मदिन पर जारी किया गया था, और यह प्रशंसकों को निर्देशक राजकुमार हिरानी द्वारा बनाई गई सनकी दुनिया से परिचित कराता है, जो ब्लॉकबस्टर मुन्ना भाई एमबीबीएस और 3 इडियट्स के लिए जाने जाते हैं। डंकी में शाहरुख खान ने हार्डी नाम के एक शख्स का किरदार निभाया है, जो अपने दोस्तों के साथ लंदन जाना चाहता है। तापसी पन्नू ने मनु नाम का किरदार निभाया है और विक्की कौशल ने सुखी की भूमिका निभाई है। ऐसा प्रतीत होता है कि फिल्म पंजाब पर आधारित है, जहां युवा बेहतर जीवन की तलाश में विदेश जाने के इच्छुक हैं।

बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान ने उनके 58वें जन्मदिन पर उनके घर के बाहर एकत्रित हुए सैकड़ों प्रशंसकों का शुक्रिया अदा करते हुए कहा, मैं महज एक अभिनेता हूं। अभिनेता अपने आवास मन्नत से बाहर आए और उनकी एक झलक पाने को बेताब प्रशंसकों का इतने प्रेम व स्नेह के लिए शुक्रिया अदा किया। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में शाहरुख के बांद्रा स्थित घर 'मन्नत' के बाहर सैंकड़ों प्रशंसक एकत्रित नजर आ रहे हैं।

अभिनेता ने भी अपने प्रशंसकों को निराश नहीं किया। वह आवास से बाहर आए, हाथ जोड़े, 'फ्लाइंग किस' किया और फिर अपने लोकप्रिय अंदाज में बाहें फैला कर उन्होंने प्रशंसकों का अभिवादन किया। फिल्म 'पठान' और 'जवान' से दमदार वापसी करने वाले अभिनेता ने अपने प्रशंसकों के लिए सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक संदेश भी लिखा।

उन्होंने कहा यह अविश्वसनीय है कि आप में से इतने सारे लोग यहां देर रात मुझे शुभकामनाएं देने आए। मैं महज एक अभिनेता हूं। मुझे इससे ज्यादा खुशी किसी और चीज से नहीं मिलती कि मैं आपका थोड़ा मनोरंजन कर सकूं। मैं आपके प्यार का मुरीद हूं। मुझे आप सभी का मनोरंजन करने का मौका देने के लिए धन्यवाद।

# नील भट्ट ने खोल दी विक्की जैन के गेम की पोल, अंकिता लोखंडे है मोहरा, फैंस ने किया ट्रोल



बिग बॉस 17 के मेकर्स विक्की जैन और नील भट्ट के बीच लड़ाई देखने के लिए बेताब हैं। बिग बॉस के बाद के सत्र के बाद नेटिज़न्स की अलग-अलग प्रतिक्रियाएँ हैं।


ऐसा लगता है कि बिग बॉस 17 के निर्माताओं को विक्की जैन के साथ एक वास्तविक समस्या है। यह दिन पर दिन और अधिक स्पष्ट होता जा रहा है। नेटिज़न्स को लगता है कि निर्माता यह देखकर नाराज़ हैं कि वह शो के लिए बहुत अधिक तैयार हैं या उनके साथ एक बड़ी प्रतिद्वंद्विता स्थापित करना चाहते हैं। कुछ दिन पहले, प्रशंसकों को लगा कि यह मुनव्वर फारुकी और विक्की जैन होंगे जो एक दूसरे के साथ आमने-सामने होंगे। हालाँकि, वह योजना काम नहीं आई। वहीं दूसरी ओर सना रईस खान हैं जो इस वक्त पूरी तरह से गेम में नजर आ रही हैं।

थेरेपी रूम में बिग बॉस ने नील भट्ट से कहा कि लगता है विक्की जैन ने घर में आने से पहले ही अपनी टीम बना ली है। उन्होंने भट्ट से पूछा कि क्या वे पहले कभी मिले थे। उन्होंने उनसे कहा कि अगर किसी को कोई समस्या है तो खुलकर बात करनी होगी। नील भट्ट यह सुनकर हैरान रह गए कि विक्की जैन ने अपने खेल की योजना पहले से बना रखी है। नेटिज़न्स को लगता है कि नील भट्ट और ऐश्वर्या शर्मा के प्रति पक्षपात अब कुछ ज़्यादा ही स्पष्ट हो गया है। हम जानते हैं कि नील भट्ट और ऐश्वर्या शर्मा को दो बार थेरेपी रूम में बुलाया गया था। कल के प्रोमो में हम देखेंगे कि ऐश्वर्या शर्मा और विक्की जैन के बीच एक और भिड़ंत होती है। उन्हें पहले से ही इस बात से परेशानी है कि वह पत्नी से ऐसे मजाक करते हैं जो उन्हें पसंद नहीं आते। बिग बॉस 17 के प्रशंसक अंतहीन झगड़ों के लिए तैयार हैं।

# रैपिड ब्लड टेस्ट से बच्चों में टीबी का सटीक इलाज संभव

**मुश्किल**

**टीबी की जांच आमतौर पर बलगम के सूक्ष्म विश्लेषण के आधार पर की जाती है हालांकि, बच्चों से इस तरह के नमूने लेना मुश्किल होता है।**



**नई दिल्ली।** एक आसान और रैपिड रक्त जांच की मदद से बच्चों में टीबी का सटीक तरीके से पता लगाया जा सकेगा। भारत सहित पांच देशों में किए गए अध्ययन के निष्कर्षों से जानकारी सामने आयी है। शोधकर्ताओं के अनुसार, हर साल दुनियाभर में करीब 2,40,000 बच्चों की टीबी से मौत होती है। पांच साल से कम उम्र के बच्चों की मृत्यु के 10 प्रमुख कारणों में यह बीमारी भी शामिल है। टीबी से होने वाली मौतों के प्रमुख कारणों में अक्सर इस बीमारी का पता न लग पाना या फिर समय पर निदान नहीं हो पाना है, खासतौर पर उन क्षेत्रों में जहां संसाधन बहुत सीमित हैं। द लांसेट इंफेक्शियस डिजीज जर्नल में इस नई जांच के बारे में बताया गया है, जो तपेदिक के निदान में महत्वपूर्ण उपलब्धि है। टीबी की जांच आमतौर पर बलगम के सूक्ष्म विश्लेषण के आधार पर की जाती है हालांकि, बच्चों से इस तरह के नमूने लेना मुश्किल होता है। जर्मनी स्थित लडविग मैक्सीमिलियन यूनिवर्सिटी ऑफ म्यूनिख की शोधकर्ता लारा ओल्ब्रिच ने कहा कि इसलिए नई जांच की तत्काल जरूरत है। ओल्ब्रिच ने बताया कि इस जांच की यह खूबी है कि रक्त का नमूना सिर्फ आपकी अंगुली से लिया जा सकता है और इसका परिणाम बहुत जल्दी आ जाता है। उन्होंने कहा कि एक घंटे के भीतर परिणाम मिल जाता है। अन्य जांच में नमूनों को विश्लेषण के लिए दूसरी प्रयोगशालाओं में भेजा जाता है। शोधकर्ताओं ने यह जांच रैपिड-टीबी अध्ययन के हिस्से के रूप में की, जिसे एलएमयू यूनिवर्सिटी हास्पिटल, म्यूनिख के शोधकर्ता नार्बर्ट हेनरिक के नेतृत्व में किया गया। अध्ययन को दक्षिण अफ्रीका, मोजाम्बिक, तंजानिया, मलावी व भारत में मौजूद सहयोगियों की मदद से किया गया।

## भारत अमेरिका के लिए सबसे महत्वपूर्ण देश, अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी ने की तारीफ

**नई दिल्ली।** भारत में अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी ने गुरुवार को कहा कि भारत अमेरिका के लिए सबसे महत्वपूर्ण देश है और उनका रिश्ता सदी का सबसे निर्णायक रिश्ता है। गार्सेटी ने नई दिल्ली में ग्लोबल एनर्जी अलायंस फॉर पीपल एंड प्लैनेट (जीईएपीपी) द्वारा आयोजित द एनर्जी ट्रांजिशन डायलॉग्स में यह टिप्पणी की।



राजदूत ने कहा, ÷मैं इसे निजी तौर पर कहता था लेकिन अब मैं इसे सार्वजनिक रूप से कह सकता हूं, जब अमेरिकी राष्ट्रपति ने मुझसे इस पद (भारत में राजदूत के) पर विचार करने को कहा, तो उन्होंने कहा कि भारत मेरे लिए दुनिया का सबसे महत्वपूर्ण देश है। हालांकि, मैं नहीं मानता कि राष्ट्रपति जो बाइडन के अलावा अबतक किसी अमेरिकी राष्ट्रपति ने कभी ऐसा कहा होगा।

गार्सेटी ने आगे कहा कि उनका मानना है कि अमेरिका-भारत-संबंध इस सदी का सबसे निर्णायक संबंध है। सितंबर में भारत की अध्यक्षता में आयोजित जी20 शिखर सम्मेलन पर उन्होंने कहा कि यह इतिहास में अबतक का सबसे अच्छा शिखर सम्मेलन था। गार्सेटी ने कहा, ÷यह रिश्ता सिर्फ अमेरिका और भारत का नहीं है। यह एक घातीय संबंध है। देखिए कि हमने अपने इतिहास के अबतक के सबसे अच्छे जी20 में एक साथ कैसे भाग लिया। बेशक इसका नेतृत्व भारत ने किया और आपके अद्भुत नेतृत्व के लिए धन्यवाद।÷ व्यापारिक अवसरों पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि भारतीय और अमेरिकी बाजारों में नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में निवेश के काफी अवसर हैं। उन्होंने कहा, ÷दोनों पक्षों की कंपनियां एक-दूसरे के बाजारों में अवसरों से लाभ उठा सकती हैं।

## बल मर्डर मामले में बीजद विधायक को बड़ी राहत, प्रताप जेना के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई पर रोक

**भुवनेश्वर।** ओडिशा की सत्तारूढ़ पार्टी- बीजद के विधायक प्रताप जेना को हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। महांगा दोहरा हत्याकांड मामले में उड़ीसा उच्च न्यायालय ने जेना के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई पर रोक लगा दी। बुधवार को हाईकोर्ट ने 2021 के इस मामले में पूर्व कानून मंत्री जेना के खिलाफ किसी भी तरह की दंडात्मक कार्रवाई नहीं करने का आदेश पारित किया। महांगा दोहरे हत्याकांड मामले में आरोपी सत्तारूढ़ बीजद विधायक प्रताप जेना पूर्व कानून मंत्री रहे हैं। पिछले साल नवीन पटनायक ने गंभीर आरोपों के बाद उन्हें मंत्रालय से हटा दिया था।

हाईकोर्ट से राहत के बाद जेना को एक और खुशी मिली जब बीजद ने गुरुवार को उन्हें आगामी चुनावों के लिए केंद्रपाड़ा जिले के लिए पार्टी पर्यवेक्षक नियुक्त किया। बीजद ने पूर्व मंत्री संजय कुमार दास बर्मा को भद्रक जिले के लिए पार्टी का पर्यवेक्षक भी नियुक्त किया।

जेना के खिलाफ किसी भी दंडात्मक कार्रवाई पर रोक लगाते हुए, उच्च न्यायालय ने बुधवार को न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी (जेएमएफसी), सलीपुर की अदालत से मामले से संबंधित रिकॉर्ड मांगे। इस मामले में सुनवाई की अगली तारीख 19 दिसंबर तय



की गई है। जेना इससे पहले स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए 31 अक्टूबर को सलीपुर न्यायिक दंडाधिकारी फर्स्ट क्लास (जेएमएफसी) की अदालत में पेश नहीं हुए थे।

अपने वकील के माध्यम से अदालत में दायर याचिका में जेना ने कहा कि डॉक्टरों ने उन्हें एक महीने तक आराम करने की सलाह दी है। बता दें कि 2021 में कटक जिले के महांगा के दो बुजुर्ग भाजपा नेताओं की हत्या कर दी गई थी। इस मामले में जेना का नाम आरोपियों में से एक के रूप में सामने आया।

जेएमएफसी सलीपुर ने अपने 25 सितंबर के आदेश में महांगा दोहरे हत्याकांड में जेना के खिलाफ अपराधों का संज्ञान लिया था। अदालत ने उसके खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 302, 506, 120 बी के तहत प्रथम दृष्ट्या दंडनीय मामला बनाने का आदेश दिया था। उन्हें 31 अक्टूबर, 2023 को अदालत के सामने पेश होने के लिए कहा गया और विधायक को समन जारी किया गया।

## केरल सरकार ने विधेयकों के संबंध में किया सुप्रीम कोर्ट का रुख

**तिरुवनंतपुरम।** केरल सरकार ने राज्य के राज्यपाल के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। सरकार ने राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान के खिलाफ उच्चतम



न्यायालय में शिकायत की है। सरकार ने कहा कि राज्यपाल अपने संवैधानिक कर्तव्यों का निर्वहन नहीं कर रहे थे इसलिए हमने उच्चतम न्यायालय का रुख किया है।

राज्य के कानून मंत्री पी राजीव ने कहा कि राज्य विधानमंडल ने काफी विचार-विमर्श के बाद और नियमों के अनुसार विधेयक पारित किए और इसलिए, उन्हें अनिश्चित काल तक रोकना असंवैधानिक और अलोकतांत्रिक था।

कानून मंत्री पी राजीव ने कहा, जैसे ही कोई विधेयक पारित होता है तो राज्यपाल को संविधान के अनुच्छेद 200 के प्रावधानों के अनुसार कार्य करना होता है। उन्होंने आगे कहा कि कुछ विधेयकों के संबंध में खान द्वारा प्रावधान का पालन नहीं किया गया है। खान ने जिन विधेयकों पर सहमति रोक रखी है उनमें लोकायुक्त संशोधन विधेयक और दो अलग-अलग विश्वविद्यालय कानून संशोधन विधेयक शामिल हैं।

कानून मंत्री ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने भी माना है कि विधायिका द्वारा पारित विधेयकों को अनिश्चित काल तक नहीं रोका जाना चाहिए और उन पर ÷जितनी जल्दी हो सके निर्णय लिया जाना चाहिए।

# राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंची केरल सरकार

**नई दिल्ली।** केरल सरकार ने अपने राज्यपाल के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान के खिलाफ गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में रिट

**हनन**

**रिट याचिका में कहा गया राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान के पास आठ विधेयक लंबित हैं, जो एक तरह से लोगों के अधिकारों की हनन करता है।**

याचिका दाखिल करते हुए केरल सरकार ने कहा कि राज्यपाल राज्य विधानसभा द्वारा पारित विधेयकों को मंजूरी देने में देरी कर रहे हैं। रिट याचिका में कहा गया राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान के पास आठ विधेयक लंबित हैं, जो एक तरह से लोगों के अधिकारों की हनन करता है। इससे पहले तमिलनाडु और पंजाब की सरकारों ने संबंधित राज्य विधानसभाओं द्वारा पारित विधेयकों



को मंजूरी देने में राज्य के राज्यपालों द्वारा देरी का आरोप लगाते हुए शीर्ष अदालत का रुख किया था। केरल सरकार ने राज्य विधानमंडल द्वारा पारित आठ विधेयकों के संबंध में राज्य के राज्यपाल की ओर से निष्क्रियता का दावा किया है। सरकार ने याचिका में कहा कि कई विधेयकों में अत्यधिक सार्वजनिक हित शामिल हैं और कल्याणकारी उपाय प्रदान किए गए हैं, जिनसे लोग वंचित रह जाएंगे। अपने लोगों के प्रति अपने माता-पिता के दायित्व को पूरा करते हुए राज्य द्वारा पारित आठ विधेयकों के संबंध में राज्य के राज्यपाल की ओर से निष्क्रियता के संबंध में इस माननीय न्यायालय से उचित आदेश चाहता है। राज्य विधानमंडल और संविधान के अनुच्छेद 200 के तहत उनकी सहमति के लिए राज्यपाल को प्रस्तुत किया गया। सरकार ने याचिका में कहा, आठ विधेयक में से तीन विधेयक राज्यपाल के पास दो साल से अधिक समय से लंबित हैं, और तीन विधेयक पूरे एक वर्ष से अधिक समय से लंबित हैं। राज्यपाल का आचरण, जैसा कि वर्तमान में प्रदर्शित किया गया है, वह बुनियादी सिद्धांतों और बुनियादी बातों को परास्त करने और नष्ट करने का खतरा है।

## महुआ मोइत्रा से पूछे अनैतिक सवाल, एथिक्स कमेटी की बैठक में जबरदस्त बवाल

**नई दिल्ली।** टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा आज छ्टड्ढद्ध ख्रश्ह्ह त्त्ह्वद्दह्र4 मामले में संसद की आचार समिति के सामने पेश हुईं। सुबह के वक्त संसद पहुंची महुआ मोइत्रा दोपहर बाद अचानक बैठक बीच में छोड़ बाहर आ गईं। उन्होंने आचार समिति पर व्यक्तिगत और अनैतिक सवाल पूछने के आरोप लगाए हैं। इस दौरान उनके साथ बीएसपी सांसद दानिश अली भी मौजूद थे।

समाचार एजेंसी पीटीआई द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक विपक्षी सदस्यों और टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा के हंगामे के बावजूद संसद की आचार समिति ने विचार-विमर्श जारी रखा है। बैठक से वॉकआउट कर बाहर निकले कांग्रेस सांसद और पैनल के सदस्य एन उत्तम कुमार रेड्डी कहा कि उन्हें आचार समिति के अध्यक्ष द्वारा टीएमसी सांसद से पूछे गए सवाल अशोभनीय और अनैतिक लगे।

## राजस्थान कांग्रेस प्रमुख गोविंद सिंह डोटासरा के बेटे को ईडी का नोटिस

**नई दिल्ली।** देश में भ्रष्टाचार के खिलाफ ईडी का कार्रवाई लगातार जारी है। अब प्रवर्तन निदेशालय की ओर से राजस्थान कांग्रेस प्रमुख गोविंद सिंह डोटासरा के बेटे को नोटिस जारी किया गया है। समाचार एजेंसी एएनआई की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक विभाग ने कथित पेपर लीक केस को लेकर यह नोटिस जारी किया है। खबरों के



मुताबिक पिछले हफ्ते डोटासरा के आवास पर हुई ईडी की छापेमार कार्रवाई में उनके बेटे के खिलाफ कुछ जानकारी मिली है। जिसको लेकर अब पूछताछ के लिए ईडी ने समन जारी किया है। गौरतलब है कि ईडी ने पिछले हफ्ते ही प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के सीकर और जयपुर स्थित आवास पर छापा मारा था।

चुनावी राज्य राजस्थान में भ्रष्टाटार की कमर पर प्रहार करने में ईडी कोई कसर नहीं छोड़ रही है। इससे पहले प्रवर्तन निदेशालय ने प्रदेश के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बेटे वैभव को भी एक पुराने मामले में पूछताछ के लिए समन जारी कर दिल्ली बुलाया था। बीती 26 अक्टूबर को राजस्थान कांग्रेस प्रमुख गोविंद सिंह डोटासरा के आवास पर ईडी ने छापेमार कार्रवाई की थी। जिसके बाद डोटासरा की ओर से जारी एक बयान में कहा गया था कि उन्हें इस कार्रवाई से कोई दिक्कत या परेशानी नहीं है। अधिकारी अपना काम कर रहे हैं।

# एंटनी ब्लिंकन और लॉयड ऑस्टिन 2+2 वार्ता के लिए इस माह आएंगे भारत

**नई दिल्ली।** अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन इस माह नई दिल्ली में अपने भारतीय समकक्षों विदेश मंत्री एस जयशंकर और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ 2+2 मंत्रिस्तरीय वार्ता करेंगे। लेने के लिए उनकी भारत यात्रा के साथ होगा। विदेश विभाग ने आपने एक बयान में कहा कि ब्लिंकन इजरायल, जॉर्डन, जापान, दक्षिण कोरिया और अंत में भारत का दौरा करेंगे। भारत यात्रा के दौरान उनके साथ रक्षा मंत्री



इसके लिए दोनों नेता भारत की यात्रा करेंगे। अमेरिकी विदेश विभाग ने यह जानकारी दी है। विदेश विभाग ने बताया कि एंटनी ब्लिंकन पांच देशों की यात्रा पर जाएंगे, जिसका समापन इसी माह 2+2 मंत्रिस्तरीय वार्ता में भाग लॉयड ऑस्टिन भी होंगे। विदेश विभाग ने अपने बयान में कहा कि अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल भारत-प्रशांत में द्विपक्षीय और वैश्विक चिंताओं एवं विकास दोनों पर चर्चा करने के लिए विदेश मंत्री एस जयशंकर और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित अन्य वरिष्ठ भारतीय अधिकारियों से मुलाकात करेगा। मालूम हो कि ब्लिंकन गुरुवार को तेल अवीव के लिए रवाना हो रहे हैं। यहा वह अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून के अनुरूप आतंकवाद के खिलाफ इजराइल के बचाव के अधिकार के लिए अमेरिकी समर्थन को दोहराएंगे। ब्लिंकन इस दौरान इजराइल, वेस्ट बैंक और गाजा में अमेरिकी नागरिकों की सुरक्षा के प्रयासों पर चर्चा करेंगे।

विदेश विभाग द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक, एंटनी ब्लिंकन अपनी पांच देशों की यात्रा के दौरान जापान की राजधानी टोक्यो भी जाएंगे। टोक्यो में वह इस साल की दूसरी त7 विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेंगे जहां इस समूह के विदेश मंत्री जी-7 हिरोशिमा शिखर सम्मेलन में नेताओं द्वारा की गई प्रतिबद्धताओं पर काम करेंगे। ब्लिंकन जी-7 की सफल अध्यक्षता के लिए जापान को धन्यवाद भी देंगे।

## पाकिस्तान में 11 फरवरी को होंगे आम चुनाव, इलेक्शन कमिशन ने सुप्रीम कोर्ट को किया सूचित

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में चुनाव को लेकर अब सारी अनिश्चितता खत्म हो गई है। देश के चुनाव निकाय ने आम चुनाव को लेकर डेट तय कर लिया है। पाकिस्तान में आम चुनाव 11 फरवरी को होने वाला है। देश के चुनाव निकाय ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट को सूचित किया है। पाकिस्तान चुनाव आयोग के वकील सजील स्वाति ने कहा कि निर्वाचन क्षेत्रों के निर्धारण की प्रक्रिया 29 जनवरी तक पूरी हो जाएगी, जिससे चुनाव का मार्ग प्रशस्त हो जाएगा। सजील स्वाति ने कहा, ÷यह बात तब कही जब शीर्ष अदालत ने नेशनल असेंबली और प्रांतीय विधानसभाओं को भंग करने के बाद 90 दिनों के भीतर चुनाव कराने की मांग करने वाली याचिकाओं पर सुनवाई फिर से शुरू की।

# भारत, यूरोपीय संघ समेत 27 देशों ने एआई के जोखिमों पर जताई सहमति

**यूयॉर्क।** भारत समेत 27 अन्य देशों और यूरोपीय संघ ने यूनाइटेड किंगडम में एक बैठक में आर्टिफिशियल इंटेलिजन्स से जुड़े जोखिमों का आकलन करने के लिए मिलकर काम करने का वचन देते हुए एक घोषणा पर हस्ताक्षर किए। इस बैठक में प्रतिनिधित्व करने वाले जो देश शामिल थे उनमें ऑस्ट्रेलिया, ब्राज़ील, कनाडा, चिली, चीन, फ्रांस, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, आयरलैंड, इज़राइल, इटली, जापान, केन्या, सऊदी, अरब, नीदरलैंड, नाइजीरिया, फिलीपींस, कोरिया गणराज्य, रवांडा, सिंगापुर, स्पेन, स्विट्जरलैंड, तुर्की, यूक्रेन, संयुक्त अरब अमीरात, ग्रेट ब्रिटेन और उत्तरी आयरलैंड का यूनाइटेड किंगडम, संयुक्त राज्य अमेरिका और यूरोपीय संघ थे। प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के कार्यालय के

**सुरक्षा**

**प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के कार्यालय के आधिकारिक पेज ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा, अग्रणी एआई देश एआई सुरक्षा पर दुनिया के पहले समझौते पर पहुंचे हैं।**

आधिकारिक पेज ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा, अग्रणी एआई देश एआई सुरक्षा पर दुनिया के पहले समझौते पर पहुंचे हैं। यूके सरकार ने बुधवार को द बैलेचले डिक्लेरेशन शीर्षक




से एक बयान जारी किया, जिस पर यूरोपीय संघ सहित 28 भाग लेने वाले देशों के प्रतिनिधियों ने हस्ताक्षर किए और सबसे परिष्कृत फंटियर आर्टिफिशियल इंटेलिजन्स सिस्टम द्वारा प्रस्तुत खतरों के बारे में एक गंभीर चेतावनी जारी की। इसमें कहा गया है, ÷बैलेचली पार्क घोषणा में 28 देश अवसरों, जोखिमों और फंटियर एआई पर अंतरराष्ट्रीय कार्रवाई की आवश्यकता पर सहमत हैं, जो सिस्टम सबसे जरूरी और खतरनाक जोखिम पैदा करते हैं।

## 68 वर्षीय भारतीय अमेरिकी जसमेर सिंह की मामूली बात पर पिटाई से चली गई थी जान

**न्यूयॉर्क।** भारतीय अमेरिकी जसमेर सिंह (68 वर्षीय) अपने परिवार का पालन-पोषण करने के लिए भारत से अमेरिका आए थे। न्यूयॉर्क के क्वींस शहर के निवासी थे। 19 अक्टूबर को आरोपी गिल्बर्ट ऑगस्टिन ने उनपर हमला किया था। इस हमले में लगी चोट के कारण उनकी मौत हो गई। इस मामले को लेकर ऑगस्टिन पर हेट क्राइम का आरोप लगा है। क्वींस काउंटी डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी मेलिंडा काट्ज़ के कार्यालय के अनुसार, क्वींस निवासी 30 वर्षीय गिल्बर्ट ऑगस्टिन 19 अक्टूबर को उस नगर में गाड़ी चला रहा था, जब जसमेर सिंह की गाड़ी उससे टकरा गई जिसके बाद यह दुर्घटना हुई। सीएनएन के अनुसार, अभियोजकों ने एक समाचार विज्ञप्ति में कहा कि जब दोनों ड्राइवरों के बीच विवाद बढ़ गया, तो ऑगस्टिन ने कथित तौर पर पगड़ी पहने सिंह को बार-बार पगड़ी मैन कहा।

# युद्ध के बाद गाजा में हमास के शासन की वापसी असंभव

**यरुशलम।** अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने इजरायल-हमास युद्ध को लेकर गुरुवार को कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त फलिस्तीनी प्राधिकरण की वापसी सबसे ज्यादा मायने

**समाधान**

**इजरायल और फलिस्तीनियों के बीच दो-राज्य समाधान बनाने के प्रयासों को पुनर्जीवित करने के राष्ट्रपति जो बाइडन के घोषित लक्ष्य को दोहराया।**

रखती है। अमेरिकी सीनेट की सुनवाई में बोलते हुए ब्लिंकन ने कहा कि गाजा पर हमास के शासन में वापसी नहीं हो सकती। उन्होंने एक सवाल के जवाब में क्षेत्र पर स्थायी इजरायली कब्जे से भी इनकार किया, जिसे इजरायल भी कहता है कि वह नहीं चाहता है। अमेरिकी सीनेट में उनसे सवाल किया गया था कि हमास के खिलाफ इजरायल के विनाशकारी




युद्ध के बाद गाजा पट्टी पर शासन कौन करेगा? उन्होंने कहा, कुछ बिंदु पर, जो सबसे अधिक सार्थक होगा, वह यह है कि एक प्रभावी और पुनर्जीवित फलिस्तीनी प्राधिकरण के पास शासन और अंततः गाजा के लिए सुरक्षा जिम्मेदारी हो। हालांकि, वह यह बताने में असफल रहे कि कमजोर और अपने ही लोगों के बीच बेहद अलोकप्रिय फलीस्तीनी प्राधिकरण पहले ही कह चुका है कि अगर उसे इजरायल से मदद मिलती है, तो उसे सत्ता संभालने में कोई दिलचस्पी नहीं है। उन्होंने कहा कि इसमें कुछ समय लग सकता है और क्षेत्र के अन्य देशों से समर्थन की आवश्यकता होगी। इसके बाद उन्होंने इजरायल और फलिस्तीनियों के बीच दो-राज्य समाधान बनाने के प्रयासों को पुनर्जीवित करने के राष्ट्रपति जो बाइडन के घोषित लक्ष्य को दोहराया। मजबूत अमेरिकी समर्थन के साथ इजराइल ने दो स्पष्ट लक्ष्य परिभाषित किए हैं: सभी बंधकों को घर लाना और इस्लामी आतंकवादी समूह हमास को नष्ट करना, जिसने 2007 में फलिस्तीनी प्राधिकरण को हटाने के बाद से गाजा पर शासन किया है।

भले ही इन कठिन-से-प्राप्त लक्ष्यों को साकार कर लिया जाए, लेकिन ऐसा प्रतीत होता है कि न तो इजरायल और न ही अमेरिका ने इस पर ज्यादा विचार किया है कि गाजा का आगे क्या होगा?अधिकारियों ने कई विचार पेश किए हैं - जिनमें से प्रत्येक की सफलता की संभावना कम है - यह स्वीकार करते हुए कि युद्ध समाप्त होने के बाद इस क्षेत्र के लिए किसी के पास कोई योजना नहीं है।

## इजरायल-हमास युद्ध का 27वां दिन, राष्ट्रपति जो बाइडन ने मानवीय विराम लगाने का किया आह्वान

**मिनियापोलिस।** इजरायल और हमास के बीच चल रहे युद्ध का आज 27वां दिन है। इस जंग में अब तक दोनों पक्षों से हजारों लोगों ने अपनी जान गंवाई है। इस बीच अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा कि उन्हें लगता है कि इजरायल-हमास युद्ध में एक मानवीय ÷विराम÷ होना चाहिए। बाइडन ने कहा, ÷मुझे लगता है कि हमें एक विराम की जरूरत है।

यह कॉल बिडेन और व्हाइट हाउस के शीर्ष सहयोगियों ने अब लिया है जो पूरे मध्य पूर्व संकट के दौरान यह कहते रहे हैं कि वे यह निर्देश नहीं देंगे कि हमास द्वारा 7 अक्टूबर के हमले के जवाब में इजरायली अपने सैन्य अभियान कैसे चलाएं। लेकिन राष्ट्रपति को मानवाधिकार समूहों, साथी विश्व नेताओं और यहां तक ??कि उनकी अपनी डेमोक्रेटिक पार्टी के लिबरल मेंबर्स के बढ़ते दबाव का सामना करना पड़ा है, जो कहते हैं कि गाजा पर इजरायली बमबारी सामूहिक सजा है और यह संघर्ष विराम का



समय है। अपने संबोधन में बाइडन ने इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू पर दबाव डाल रहे थे कि वे फलस्तीनियों को उस अथक सैन्य अभियान से कम से कम थोड़ी राहत दें, जिसमें हजारों लोग मारे गए और 141 वर्ग मील की पट्टी भीषण मानवीय संकट में फंस पड़ी है। इस बीच इजरायल की सेना ने बुधवार को कहा कि इजरायली जमीनी सेना आतंकवादियों के साथ भारी लड़ाई में गाजा शहर के पास आगे बढ़ गई है। इस बीच, तीन सप्ताह से अधिक समय तक घेराबंदी के बाद सैकड़ों विदेशी नागरिकों और दर्जनों गंभीर रूप से घायल फलस्तीनियों को गाजा छोड़ने की अनुमति दी गई।

## मेक्सिको में एयर एम्बुलेंस हुई दुर्घटनाग्रस्त, हादसे में चालक दल के 4 सदस्यों की मौत

**मेक्सिको सिटी।** बुधवार को मध्य मैक्सिकन राज्य मोरेलोस में एक एयर एम्बुलेंस के दुर्घटनाग्रस्त होने से चालक दल के चार सदस्यों की मौत हो गई। बता दें कि टेटलामा शहर के पास एक जंगली, पहाड़ी इलाके में, टेमिक्सको मेक्सिको सिटी से लगभग 30 मील (50 किलोमीटर) दक्षिण में एक बस्ती है। सेना, नेशनल गार्ड और राज्य सुरक्षा विभागों के अधिकारियों ने दुर्घटना पर प्रतिक्रिया व्यक्त की, राज्य के नागरिक सुरक्षा विभाग ने एक्स पर रिपोर्ट दी।

# 18 वर्ष से अधिक आयु के युवक युवतियां मतदाता सूची में दर्ज करायें नाम

**अवधनामा संवाददाता**

**मतदाता पंजीकरण कक्ष के माध्यम से मतदाताओं को किया जा रहा जागरुक**

**जौनपुर।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अनुज कुमार झा के नेतृत्व में चल रहे स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम सर्वोदय इन्टर कालेज खुदौली में आयोजित किया गया। जिसमें लोगों को मतदाता पंजीकरण के लिए जागरुक किया गया। छात्रों ने रंगोली बनाकर व पोस्टर बनाकर भी मतदाता बनने हेतु प्रेरित किया।

इस अवसर पर कालेज में मतदाता पंजीकरण कक्ष (मतदाता हेल्प डेस्क) स्थापित किया गया। जिसका उदघाटन मुख्य अतिथि खण्ड शिक्षा अधिकारी शाहगंज अमरदीप जायसवाल ने फीता काट कर किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने कहा कि कालेज में अध्ययनरत 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के सभी युवक-युवतियों का मतदाता सूची में नाम जुड़वाना सुनिश्चित करें। मतदाता बनने के लिए फार्म-6 के माध्यम से आवेदन करायें। तथा मतदाता सूची में यदि मृतक का नाम दर्ज है तो उनके नाम निकालने हेतु फार्म-7 भरवाये, तथा शिफ्टेड मतदाता या जिनका नाम मतदाता सूची में पहले से कही हैं और अब वे किसी अन्य शहर/विधानसभा/पोलिंग बूथ पर वोटर बनना चाहतें हैं तो फार्म 8 भरकर आवेदन कराये।

प्रधानाचार्य डा अनिल कुमार उपाध्याय ने कहा कि आज ही मतदाता के रुप में अपना नाम पंजीकृत करें और लोकतंत्र को मज़बूत



बनाने में भागीदारी बने। लोगों की सुविधा हेतु कालेज में मतदाता पंजीकरण कक्ष खोला गया है। जिसमें वोटर बनने के लिए जागरुक किया जा रहा है। तथा विशेष तिथियों 4, 5, 25, 26 नवम्बर व 2, 3 दिसम्बर को बीएलओ मतदान केंद्रों पर उपस्थित होकर दावे व आपत्तियां प्राप्त करेगी। उन्होंने समस्त छात्र छात्राओं से कहाँ कि ये सुनिश्चित करें कि उनके परिवार के 18 वर्ष से ऊपर सभी सदस्यों का नाम मतदाता सूची में दर्ज है और जिनके नाम सम्मिलित नहीं हैं, उनके नाम सम्मिलित किये जाने हेतु समय से आनलाइन या आफलाइन आवेदन कराये।

स्वीप कोआर्डिनेटर सैय्यद मोहम्मद मुस्तफा ने बताया कि विधानसभा निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2024 का अभियान 27 अक्टूबर से चल रहा है जो कि 9 दिसम्बर 2023 तक चलेगा। इसलिए महिला, पुरुष, दिव्यांग, तृतीय लिंग व युवा जो दिनांक 01 जनवरी 2024 को 18 वर्ष आयु पूर्ण करने वाले हो या जिनका नाम वोटर लिस्ट में छूटा हो वे अपना नाम मतदाता सूची में पंजीकृत कराये। आवेदन बीएलओ के माध्यम से करें एंव वोटर सर्विस पोर्टल या वोटर हेल्पलाइन ऐप के माध्यम से आनलाइन आवेदन कर सकते हैं तथा पहले से पंजीकृत वोटर मतदाता सूची में अपना नाम भी जांच सकते है। उन्होंने सभी डिग्री व इन्टर कालेज से अपील किया कि अपने कालेज में मतदाता पंजीकरण कक्ष स्थापित करके मतदाता पंजीकरण अभियान में सहयोग प्रदान करें। संचालन दिनेश कुमार गुप्ता ने किया। इस अवसर पर खण्ड विकास अधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह, अनिल कुमार सिंह, नोडल अजय कुमार, विनोद मिश्रा, प्रशांत मिश्र, अशोक मौर्य, वीरेंद्र कुमार, मिथिलेश द्विवेदी, राजेश यादव, रेखा यादव सुगीता सिंह, किरन सिंह, सर्वोदय इन्टर कालेज, वासुदेव तपेश्वरी, आदर्श भारतीय महाविद्यालय के शिक्षक व छात्र छात्राएं आदि उपस्थित रहें।

# बाइक सवार को बचाने में पलटी रोडवेज की बस, एक घायल

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर (खुटहन)** बनुआडीह गांव में प्रयागराज वाया शाहगंज राजमार्ग पर गुरुवार की भोर बाइक सवार को बचाने में एक रोडवेज की बस सड़क से उतर गड्ढे में पलट गई। संयोग अच्छा था कि कोई हताहत नहीं हुआ। एक व्यक्ति के हाथ की हड्डी टूट गई। जिसे उपचार हेतु शाहगंज के पुरुष चिकित्सालय भेज दिया गया। मौके पर जुटे ग्रामीणों ने सभी सवारों को बाहर निकाला। शाहगंज डिपो की यूपी 61 बीटी 3086 नंबर की बस प्रयागराज से सवारी लेकर शाहगंज जा रही थी। उस समय बस में दो दर्जन यात्री सवार थे। उक्त स्थल पर सामने



चल रहा बाइक सवार अचानक ब्रेक लगा दिया। जिसे बचाने के चक्कर में बस चालक ने गाड़ी बायें मोड़ दिया। बस असंतुलित हो कर सड़क के बगल पलट गई।

बस पर सवार 48 वर्षीय बाबू जो कलकत्ता शहर का निवासी व शाहगंज में रहकर फेरी कर कबाड़ खरीदने का काम करता है। उसके दायें हाथ में गंभीर चोटें लगी। अन्य यात्रियों को हल्की फुल्की चोटें आई।

## समाजवादी पार्टी की विशेष आमंत्रित सदस्य सना परवीन नियुक्त

**मुबारकपुर,आजमगढ़।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर सपा नेत्री सना परवीन को समाजवादी पार्टी का प्रदेश कार्यकारिणी में विशेष आमंत्रित सदस्य बनाया गया है। जिससे क्षेत्र में खूब चर्चा है। दरअसल विशेष आमंत्रित सदस्य बनने के बाद बुधवार को देर शाम सना परवीन के लखनऊ से मुबारकपुर प्रथम आगमन पर सैकड़ो सपाईयों ने अल्जामियअतुल अशरफिया यूनिवर्सिटी स्थित रोड पर फूल माला पहनाकर उनका ज़ोरदार स्वागत किया। बतादें की इस दौरान समाजवादी पार्टी ज़िंदाबाद, अखिलेश यादव ज़िन्दाबाद के नारे भी लगे। वहीं इस दौरान मीडिया से बातचीत करते हुए सपा नेत्री सना परवीन ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव,प्रदेश अध्यक्ष व शिवपाल सिंह यादव का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा की समाजवादी पार्टी ने मुझ पर भरोसा कर के जो मुझे ज़िम्मेदारी दी है मैं पूरी ईमानदारी से समाजवादी पार्टी को आगे बढ़ाने का काम करूंगी।

# देववाणी संस्कृत का कायाकल्प कर रही है योगी सरकार

**माध्यमिक संस्कृत विद्यालयों की सूरत में बदलाव, राजकीय आवासीय संस्कृत विद्यालय की स्थापना में प्रयागराज को भी मिली जगह**

**संस्कृत को रोजगार से जोड़ने के लिए भी शुरू किए जा रहे हैं रोजगार परक कार्यक्रम**

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश में दशकों से सरकारों के उपेक्षा का शिकार रही देववाणी संस्कृत भाषा को उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार सम्मान देने के साथ उसके प्रसार के लिए भी प्रयत्न कर रही है । सरकार संस्कृत के प्रोत्साहन के लिए रोजगार पाठ्यक्रमों से जोड़ रही है तो वहीं संस्कृत की शिक्षा ले रहे छात्रों को आवासीय सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है। योगी सरकार उत्तर प्रदेश के सहायता प्राप्त माध्यमिक संस्कृत विद्यालयों की सूरत बदलने जा रही है। प्रोजेक्ट अलंकार के अंतर्गत सरकार ने 50 साल से अधिक पुराने संस्कृत विद्यालयों के लिए पहले सरकार ने जीर्णोद्धार पर आने वाले खर्च की 50 फीसदी राशि प्रबंधन द्वारा वहन करने की जो शर्त रखी थी उसे संशोधित कर दिया गया है। अब यह सीमा 5 फीसदी कर दी गई है। इसी के साथ ही इनके जीर्णोधार के लिए सरकार ने 100 करोड़ से अधिक का बजट आबंटित कर दिया है। इसके चलते अब तक 22 करोड़ के प्रस्ताव शिक्षा निदेशालय को प्राप्त हो चुके हैं। उत्तर प्रदेश में बस्ती, मुजफ्फरनगर, सोनभद्र, अंबेडकर नगर, गोंडा, गोरखपुर, बलरामपुर और महाराजगंज से 22 करोड़ के प्रस्ताव शासन को मंजूरी के लिए भेजे जा चुके हैं।

उत्तर प्रदेश में संस्कृत शिक्षा को बढ़ावा दे रही योगी सरकार ने धार्मिक महत्व वाले जिलों में राजकीय आवासीय संस्कृत विद्यालय संचालित करने जा रही है। आम स्कूल की ही तरह इन आवासीय संस्कृत विद्यालय में बच्चों को कई सुविधाएं मिलेंगे। इनमे स्मार्ट क्लास के माध्यम से छात्रों को संस्कृत भाषा की शिक्षा दी जाएगी। प्रदेश में पहली बार राजकीय आवासीय संस्कृत विद्यालय संचालित किए जाएंगे। इसके लिए धार्मिक महत्व के जिलों को चुना गया है जहां धार्मिक अनुष्ठान या आयोजन व्यापक स्तर पर होते हैं और संस्कृत विद्वानों की अधिक आवश्यकता रहती है। जिन धार्मिक नगरों को इसमें जगह मिली है उसमें प्रयागराज भी शामिल है। प्रयागराज में विद्यालय की स्थापना के लिए भूमि उपलब्ध करा दी गई है। अभी प्रदेश में कहीं भी राजकीय आवासीय विद्यालय संस्कृत के लिए नहीं है। धार्मिक अनुष्ठान, कर्मकांड और पूजा पाठ आदि के लिए विशेषज्ञ विद्वानों की कमी को देखते हुए योगी सरकार ने इसका फैसला लिया है। उप शिक्षा निदेशक संस्कृत सी एल चौरसिया का कहना है कि धार्मिक अनुष्ठान कर्मकांड पूजा पाठ आदि के लिए विशेषज्ञ विद्यालयों की कमी को देखते हुए राजकीय आवासीय विद्यालयों की स्थापना का प्रस्ताव सरकार के पास भेजा गया था। शासन के निर्देश पर अब विद्यालय स्थापना के लिए भूमि उपलब्ध हो गई है।

### टेक्नोक्रेट्स भी सीखेंगे देववाणी संस्कृत

**प्रयागराज।** माध्यमिक शिक्षा परिषद के अलावा इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहे हैं छात्रों को भी संस्कृत सिखाई जाएगी। प्रयागराज के मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान के निदेशक प्रोफेसर आरएस वर्मा बताते हैं कि नई शिक्षा नीति के तहत एमएनआईटी ने केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के सहयोग से एक गैर औपचारिक संस्कृत शिक्षा केंद्र की स्थापना की है। यह केंद्र संस्कृत भाषा में सर्टिफिकेट कोर्स कराएगा। उनका कहना है कि छात्रों को वेद, पुराण और उपनिषदों में छिपे विज्ञान से परिचित कराने में संस्कृत मददगार साबित होगी। नई शिक्षा नीति में कौशल विकास के साथ विद्यार्थियों को मूल आधारित शिक्षा और संस्कृति से जोड़ने पर जोर दिया गया है। इसी को ध्यान में रखकर एमएनआईटी ने बीटेक प्रथम वर्ष में वेद, उपनिषद, वैदिक ज्ञान, संस्कृत, योग -आयुष आदि विषयों को शामिल किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### स्नेहा राय को मिली सिपाह पुलिस चौकी की कमान



**जौनपुर।** पुलिस अधीक्षक डा. अजय पाल शर्मा ने कानून व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए कई चौकी प्रभारियों के कार्यक्षेत्र में फेरबदल किया है, महिलाओं पर हो रहे अपराध को रोकने की सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के मद्देनजर तेज तर्रार महिला एसआई स्नेहा राय को शहर कोतवाली की सिपाह पुलिस चौकी की कमान सौंपी गई है। इसके पहले स्नेहा राय जफराबाद थाने पर तैनात रहीं , माना जा रहा है कि तेज तर्रार व अच्छी छवि के कारण ही इन्हें सिपाह पुलिस चौकी का प्रभारी बनाया गया है ,सिपाह चौकी के प्रभारी अरविंद कुमार यादव टीडी कालेज चौकी का प्रभारी बनाया गया है। आशुतोष गुप्ता को टीडी कालेज से चौकियां पुलिस चौकी का चार्ज दिया गया है। सुनील यादव को पुरानी बाजार चौकी की जिम्मेदारी दी गई है।

### मारपीट में महिला घायल

**जौनपुर (शाहगंज)** कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत कोहड़ा गांव में जमीनी विवाद को लेकर हुई मारपीट में पट्टीदारों ने एक महिला को पीटकर कर घायल कर दिया। मौके पर मौजूद परिजनों ने इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया। क्षेत्र के कोहड़ा गांव निवासी 60 वर्षीय कैलाशी देवी पत्नी राममुरत को जमीनी विवाद के चलते पट्टीदारों ने पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। परिजनों ने कोतवाली पुलिस को मामले की सूचना दे इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया।

### सांड की चपेट में आने से उप निरीक्षक गंभीर

**जौनपुर।** थाना सराय ख्वाजा क्षेत्र के बुधवार की शाम को उप निरीक्षक अपने क्षेत्र से लौटते समय सांड की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गए। स्टाप के लोगों ने उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र करंजाकला ले गए। जानकारी के अनुसार सराय ख्वाजा थाने पर तैनात उप निरीक्षक बलिराम यादव अपने हल्का क्षेत्र मल्हनी से बुधवार की शाम 7:00 बजे वापस थाने पर आ रहे थे कि बड़गांव गेट के सामने सेंड की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गए थाने पर सूचना मिलते ही स्टाफ के लोगों ने पहुंचकर उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र करंज कला ले गए जहां पर डॉक्टर ने हालत गंभीर देखते हुए जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया।

### किशोरी भगाने में अज्ञात फोनकर्ता के खिलाफ केस दर्ज

**जौनपुर (खुटहन)** थाना क्षेत्र के एक गांव से चार दिनों पूर्व गायब हुई किशोरी के मामले में उसकी माता की तहरीर पर पुलिस ने किशोरी के मोबाइल पर फोन करने वाले अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ अपहरण सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। मां का आरोप है कि उसकी 16 वर्षीय पुत्री के मोबाइल पर एक अज्ञात व्यक्ति अक्सर फोन करता था। कई बार कड़ाई से मना भी किया गया। लेकिन वह अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा था। बीते 30 अक्टूबर को वह सामान खरीदने बाजार चली गई थी। उसी समय अज्ञात फोनकर्ता उसे बहला फुसलाकर कर भगा ले गया। पुलिस दिए गए मोबाइल नंबर से आरोपित की तलाश कर रही है।

### व्यापार मंडल ने मनाया व्यापारी नेता का जन्मदिन



**प्रयागराज।** प्रयाग व्यापार मंडल एवं म्युनिसिपल मार्केट चौक व्यापार मंडल ने महामंत्री सैफ अहमद का जन्मदिन बड़े धूमधाम से केक काटकर चौक में मनाया। जिसमें शहर के सभी प्रतिष्ठित व्यापारी शामिल हुए। व्यापारियों ने सैफ को बधाई दी और लंबी उम्र की दुआ दी। इस अवसर पर प्रयाग व्यापार मंडल के कार्यवाहक अध्यक्ष राणा चावला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरुण केसरवानी, महामंत्री सुहैल अहमद, कोठापार्चा व्यापार मंडल अध्यक्ष सरदार प्रीतम सिंह, रोशनबाग व्यापार मंडल अध्यक्ष दलजीत सिंह बंटी, मोहम्मद आसिफ, चौक म्युनिसिपल मार्केट व्यापार मंडल के अध्यक्ष उज्ज्वल टंडन महामंत्री सैफ अहमद, कोषाध्यक्ष नसर अहमद, उपाध्यक्ष आसिफ एलिस, शिराज खान, अकरम शगुन के अलावा भारी संख्या में व्यापारी उपस्थित हुए और बधाई दिया।

# छात्र की पिटाई के विरोध में सड़क पर उतरे छात्र

**अवधनामा संवाददाता**

**शिक्षक के खिलाफ कार्रवाई पर अड़े, शुरू किया सड़क पर ही क्रमिक अनशन**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय में छात्र की पिटाई का मामला शांत होने का नाम नहीं ले रहा है। लाठीचार्ज करने वाले शिक्षक के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर छात्रों ने बृहस्पतिवार को आंदोलन शुरू कर दिया। प्रदर्शनकारी छात्रों की मांग है कि आरोपी चीफ प्रॉक्टर के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए साथ ही मुकदमा दर्ज कर निलंबित किया जाए। इस तरह के शिक्षकों के विश्वविद्यालय में रहने से विश्वविद्यालय की गरिमा गिर रही है। प्रदर्शनकारी छात्रों के समर्थन में बीएचयू की छात्रनेता और स्कॉलर आकांक्षा आजाद भी पहुंची हैं। साथ ही कई अन्य छात्र संगठनों का भी समर्थन प्राप्त है। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत बड़ी संख्या में छात्र अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करने के लिए यूनियन भवन पर पहुंचे, लेकिन विश्वविद्यालय प्रशासन ने उन्हें गेट के बाहर ही रोक दिया और अंदर नहीं घुसने दिया। इसके बाद छात्रों ने यूनियन भवन के बाहर सड़क पर ही धरना प्रदर्शन और नारेबाजी शुरू कर दी।



कुलपति और चीफ प्रॉक्टर के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की गई। छात्रों का कहना है कि जब तक प्रॉक्टर के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं की जाती है तक आंदोलन जारी रहेगा। 23 नवंबर को इस संबंध में महापंचायत भी बुलाई गई है। इसमें प्रदेश के कई बड़े छात्रनेताओं के साथ ही कई छात्र संगठनों के पहुंचनी संभावना है।

विवि पर छात्रों के आंदोलन को देखते हुए भारी संख्या में फोर्स तैनात कर दी गई है। छात्रों ने कैंपस में छात्रसंघ भवन के सामने अपना क्रमिक अनशन शुरू कर दिया है। विभिन्न छात्र संगठनों के सैकड़ों छात्रों ने अपने हाथों में स्लोगन लिखी तख्तियां ले रखी थीं और विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर रहे थे। छात्रों ने जो स्लोगन लिख रखे थे उनमें लठैत चीफ प्रॉक्टर को गिरफ्तार करो, तानाशाही नहीं सहेंगे। दलितों पर हमला नहीं सहेंगे, अजय यादव सम्राट, जितेंद्र, धनराज और सत्यम कुशवाहा को रिहा हरो, चीफ प्रॉक्टर शर्म करो तानाशाही बंद करो जैसे नारे लिखे थे। चीफ प्रॉक्टर की लाठी का शिकार हुए छात्र विवेक का कहना है कि चीफ प्रॉक्टर के पीछे हमारी वाइस चांसलर का हाथ है। हमारी कुलपति के पति सुप्रीम कोर्ट में जज हैं। यही कारण है कि सीओ कर्नलगंज का साफ कहना है कह हमारे ऊपर काफी प्रेशर है। हम तुम्हारी मारपीट की रिपोर्ट नहीं दर्ज कर पाएंगे। विश्वविद्यालय में इस समय छात्रों की जायज मांगों को डंडे और दमन के बल पर दबाना चाहता है। छात्र राजनीति और आंदोलन को दमन के बल पर दबाना चाहती है। हम ऐसा नहीं होने देंगे। छात्र इसके खिलाफ अंतिम सांस तक लड़ेंगे। यह क्रमिक अनशन जारी रहेगा।

## जिलाधिकारी ने किया बिलरियागंज के अन्नपूर्णा भवन का निरीक्षण

**आजमगढ़।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने अपने साप्ताहिक भ्रमण कार्यक्रम के अन्तर्गत विकास खण्ड बिलरियागंज के अन्तर्गत ग्राम पंचायत मिरिया रेडहा में मनरेगा योजनान्तर्गत बनाये जा रहे अन्नपूर्णा भवन का निरीक्षण किया। इस दौरान ग्राम पंचायत मिरिया रेडहा में बनाये जा रहे अन्नपूर्णा भवन पर निरीक्षण के समय कार्य चलता पाया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने निर्माण कार्य को मानक के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण दीपावली पर्व तक पूर्ण कराने का निर्देश दिया। इसी के साथ ही जिलाधिकारी द्वारा आजमगढ़ बिलरियागंज-रौनापार सड़क के दोनो तरफ1.85, 1.85 मीटर चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य का निरीक्षण करते हुए हरैया ब्लाक के अराजी देवारा नैनीजोर गांव में 225 मीटर रोड के मिट्टी निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया।

# डिप्थीरिया टेटनस महाभियां का उद्घाटन

**अवधनामा संवाददाता**

**फूलपुर, आजमगढ़।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फूलपुर के चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर शशिकांत चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर मोहम्मद अजीम स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी एमएल अग्रहरि प्रतिरक्षण अधिकारी मुकेश मौर्य वरिष्ठ नेत्र परीक्षण अधिकारी आरबी वर्मा ॅ भ् व् मॉनिटर सफीक भाई यूनिसेफ मॉनिटर द्विवेदी जी के नेतृत्व में न्यू कैंब्रिज स्कूल फूलपुर में डिप्थीरिया तथा टेटनेस रोकथाम अभियान का शुभारंभ किया गया न्यू कैंब्रिज स्कूल के प्रबंधक प्रिंसिपल अध्यापक अध्यापिकाएं छात्र छात्राएं



बड़े उत्साह के साथ अभियान में भाग ली मिथिलेश कुमारी एएनएम ने 5 वर्ष 10 वर्ष तथा 16 वर्ष के बच्चों को टी डीएवं डीपीटी की खुराक देकर अभियान को क्रियान्वित किया सर्वप्रथम चिकित्सा अधीक्षक डॉ शशिकांत एवं डॉक्टर मोहम्मद अजीम ने फीता को काटकर के अभियान का शुभारंभ किया न्यू कांग्रेस स्कूल के वाइस प्रिंसिपल ने समस्त अतिथियों का बुके भेंट करके स्वागत किया

# ट्रैक्टरों से पहुंचे सैकड़ों किसानों ने घेरा पीडीए दफ्तर

**अफसर कुर्सी छोड़कर भागे, ध्वस्तीकरण के विरोध में किया प्रदर्शन**

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** भारतीय किसान यूनियन के लोगों ने आज गुरुवार को पीडीए कार्यालय का घेराव किया। ट्रैक्टर पर सवार होकर प्रयागराज विकास प्राधिकरण पहुंच गए और यहां पर नारेबाजी करते हुए अधिकारियों पर किसानों का उत्पीड़न करने का आरोप लगाया। किसानों के आक्रोश को देखते हुए संबंधित अधिकारी भी वहां से खिसक लिए। एक साथ सैकड़ों की संख्या में पहुंचे किसानों को देखकर पुलिस फोर्स लगा दी गई। प्रदर्शन की वजह से सड़क पर जाम की स्थिति बन गई। घंटों बाद ट्रैक्टर



हटवाया गया तब जाकर लोगों को राहत मिली। यहां किसानों की ओर से प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भी पत्र भेजकर इस मामले की शिकायत की गई है। भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष अनुज सिंह की अगुवाई में हजारों किसान यहां पहुंचे थे। अनुज सिंह ने कहा कि कुंभ 2025 के लिए सड़कों के चौड़ीकरण के जद में आए घर से गरीब बेघर हो रहे हैं। किसानों का आरोप है कि पीडीए उपाध्यक्ष मनमाने तरीके से काम कर रहे हैं। विकास के नाम पर प्रयागराज का विनाश किया जा रहा है। संगम नगरी को श्मशान बनाया जा रहा है। विकास प्राधिकरण द्वारा शहर से निकलकर ग्रामीणों में नक्शा के नाम पर प्लाटिंग के नाम पर किसानों को प्रताड़ित किया जा रहा है। किसानों को सरकार ने छूट दी है कि वह अपनी जमीन को कृषि में या फिर आवासीय में बेच सकता है लेकिन प्राधिकरण किसानों से इस अधिकार को छीन रहा है। आवासीय रजिस्ट्री बंद होनी चाहिए। उन्होंने कहा, यदि मांगे नहीं मानी गई तो प्रयागराज विकास प्राधिकरण की गेट पर यह धरना अनवरत जारी रहेगा।

# ऑनलाइन व्यापार के विरोध में उतरे सपाई, किया प्रदर्शन

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** समाजवादी पार्टी व्यापार सभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जायसवाल के आह्वान पर समाजवादी पार्टी व्यापार सभा के महानगर अध्यक्ष अमित गुप्ता के साथ जुटे व्यापारियों ने घंटाघर स्थित छुन्ननगुरु की प्रतिमा स्थल पर प्रदर्शन कर ऑनलाईन व्यापार का बहिष्कार करने के साथ सरकार से ऑनलाइन खरीदारी पर रोक लगाने की मांग की। समाजवादी पार्टी महानगर उपाध्यक्ष राजेश गुप्ता के नेतृत्व में व्यापारियों ने चौपट हुआ खुदरा व्यापार, जिसका कारण ई व्यापार, दूकानदारों के सम्मान में समाजवादी पार्टी व्यापार सभा मैदान में, ऑनलाईन व्यापार बन्द करो जैसे नारे लगाते हुए प्रदर्शन किया।




व्यापारियों को सम्बोधित करते हुए राजेश गुप्ता व अमित गुप्ता ने कहा ऑनलाईन व्यापार से खुदरा व्यापारी एवं छोटे दुकानदार व खोमचा व रेहड़ी पटरी वाले सब से ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। दीपावली सिर पर है दूकान में माल रखने के बाद भी दिन भर व्यापारी ग्राहक के आने की आस में टकटकी लगाए निहारते रहते हैं लेकिन बोहनी तक नहीं होती। व्यापारी नेताओं का कहना है कि जब से भाजपा सरकार अस्तित्व में आई है तब से खुदरा व्यापारी व छोटे मोटे व्यापारी सब से ज्यादा प्रभावित हैं।व्यापारी नेताओं ने आम जनमानस से ऑनलाईन व्यापार न करने की अपील करते हुए कहा की दूकानदारों, खुमचा व रेहड़ी लगाने वालों से ही खरीदारी करें ताकि वह भी अपना जीविकोपार्जन कर सकें और पर्व अच्छे से मना सकें। प्रदर्शन में राजेश गुप्ता, अमित गुप्ता, सावित्री सिंह, गणेश प्रसाद साहू, विकास गुप्ता, हेमू यादव, मोहम्मद अरशद, महेश कुमार गुप्ता, धीरज जायसवाल, अश्वनी जायसवाल, रामचंद्र यादव, मनोज यादव आदि व्यापारी शामिल रहे।

# जनपद की समस्याओं के बारे में हुई वार्ताः रामसूरत



**अवधनामा संवाददाता**

**आजमगढ़।** उत्तर प्रदेश के विधान परिषद सदस्य राम सूरत राजभर व प्रतिनिधि श्रावण निषाद ने आज जनपद की विभिन्न समस्याओ को लेकर डीएम से मुलाकत की जिसके दौरान उन्होंने बताया की जनपद के सड़क निर्माण कार्य सहित कुल 90 प्रस्ताव दिया गया था जिसमें से जनपद के लिए कुल 45 कार्य शासन से प्रस्तावित हुआ है जिसमें से कप्तानगंज से अहरौला मार्ग व भदुली बज़ार से निज़ामबाद मार्ग भी शामिल है जिसका बजट पारित हो चुका है और जल्द ही निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि मंडल कि सभी समस्याओं के लिए श्रवण निषाद के लिए प्रतिनिधि नियुक्त कर दिया गया है जिनके माध्यम से आजमगढ़ ही नहीं बल्कि मंडल की समस्याओं को दूर करने का कार्य किया जायेगा। वही इस अवसर पर संजय निषाद रणविजय चौहान शेरू सिंह महेंद्र राजभर पहलवान आदि भाजपा नेता मौजूद रहे।

## जर्जर दीवार के गिरने से आधा दर्जन बाइकें दबी



**सरायमीर आज़मगढ़।** सरायमीर मवेशी खाना स्थिति यूनियन बैक से सटी पूरानी जर्जर दीवार के एकाका एक गिरने से आधा दर्जन बाइकें दब गयीं। कोई जानी नुकसान नही हुआ। जानकारी के अनुसार सरायमीर कस्बा के पवई लाडपुर में स्थित यूनियन बैंक आफइंडिया से सटी नौ इंच की पुरानी जर्जर दीवार लगभग साढ़े तीन बजे दिन में अचानक गिर गई। जिससे बैंक में कार्य के लिए आए ग्राहकों की छरू बाइक खड़ी क्षतिग्रस्त हो गई और उधर से जा रहे एक युवक के पैर में हलकी चोट आ गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर दीवार दस से दो बजे दिन में गिरी होती तो कन्या पाठशाला स्कूल में पढ़ने जाने वाली लड़कियों और कालोनी में जाने का रास्ता है ऐसे में बढी घटना होसकती थी।

# 05 नवम्बर को स्वनिधि से समृद्धि कैम्प का आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**

**आजमगढ़।** अध्यक्ष, जिला आकांक्षा समिति डॉ0 अंगिरा भारद्वाज ने बताया है कि जनपद में पहली बार जिला आकांक्षा समिति व जिला साहित्य व संस्कृति परिषद द्वारा महिलाओं के आर्थिक स्वावलम्बन को बढ़ाने तथा साहित्य एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में उनके योगदान के लिए दिनांक 03 नवम्बर 2023 से 05 नवम्बर 2023 तक तीन दिवसीय दीपावली मेले का आयोजन हरिऔध कला केन्द्र, आजमगढ़ में किया जा रहा है। मेला का उद्घाटन विगत वर्ष हाई स्कूल में जनपद में सर्वाधिक अंक 97.33 प्रतिशत प्राप्त करने वाली कुमारी मुस्कान भारती पुत्री श्री विनोद कुमार, कोयलसा, आजमगढ़ एवं इण्टरमीडिएट में सर्वाधिक अंक 95.60 प्रतिशत प्राप्त करने वाली कुमारी रोशनी पाल पुत्री श्री ओमप्रकाश पाल, मिल्कीपुर, आजमगढ़ द्वारा किया जायेगा।

मेले का मुख्य उद्देश्य एवं आकर्षण फ्री हेल्थ चेकअप व्यवस्था, शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के महिला समूहों के हस्त निर्मित उत्पाद की प्रदर्शनी एवं बिक्री, मिक्की माउस व जंपिंग झूला व रिंग गेम, एक जनपद एक उत्पाद के अन्तर्गत ब्लैक पाटरी व मुबारकपुर की साडियां, शहरी व ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को आर्थिक स्वावलम्बन के साथ साहित्य एवं संस्कृति के उत्थान व सम्वर्धन हेतु जागरूकता कार्यक्रम, महिलाओं को वित्तीय साक्षरता एवं डिजिटल लेन-देन के लिए प्रेरित किया जायेगा एवं स्वनिधि व स्वनिधि से समृद्धि कैम्प का आयोजन किया जायेगा।

## लावा ने इस सेगमेंट में पहली बार रिंग लाइट के शानदार फीचर के साथ 9,999/- की शुरुआती कीमत पर ब्लेज़ 2 5G को लॉन्च किया



**लखनऊ।** ग्राहकों को बेहद किफायती मूल्य पर अत्याधुनिक फीचर्स का अनुभव प्रदान करना ही लावा की फिलॉसफी है, और इसी पर कायम रहते हुए लावा ने आज बिल्कुल नए ब्लेज़ 2 5G को 9,999/- रुपये की शुरुआती कीमत पर बाजार में उतारा है। प्रीमियम ग्लास बैक के साथ उपलब्ध इस स्मार्टफोन को इस सेगमेंट में पहली बार रिंग लाइट के साथ पेश किया गया है। यह स्मार्टफोन 3 बेहतरीन रंगों- ग्लास ब्लैक, ग्लास ब्लू और ग्लास लैवेंडर में उपलब्ध होगा।


3,90,000 से अधिक AnTuTu वाले इस लेटेस्ट स्मार्टफोन में बिजली की तरह तेज मीडियाटेक डायमेंसिटी 6020 प्रोसेसर लगाया गया है। ब्लेज़ 2 5G दो वेरिएंट (RAM/ROM)- (4+4*)GB/ 64GB और (6+6*)GB/128GB में FS 2.2 मेमोरी के साथ उपलब्ध होगा, जिसे 1 TB तक बढ़ाया जा सकता है। इसमें 2.5D कर्व्ड स्क्रीन और 90H5 रिफ्रेश रेट के साथ 16.55 सेमी (6.56) HD+ IPS पंच होल डिस्प्ले है। ब्लेज़ 2 5G उपयोगकर्ताओं को क्लीन एंड्रॉइडTM 13 का अनुभव प्रदान करता है, जो किसी भी तरह के विज्ञापन और ब्लोटवेयर से पूरी तरह से मुक्त है। इसमें अपने नाम को गोपनीय रखकर कॉल करने की सुविधा और ऑटो कॉल रिकॉर्डिंग फीचर भी मौजूद है, साथ ही इसमें साइड फिंगरप्रिंट सेंसर भी है। यह डिवाइस एंड्रॉइड 14 में अपग्रेड किए जाने के वादे के साथ-साथ 2 साल तक हर 3 महीने में सिक्योरिटी अपडेट के साथ आता है।

## नेचर इनफोकस ने इंडियन ओशन के सहयोग से डॉक्यूमेंट्री प्रोजेक्ट टाइगर का शीर्षक गीत बाघ आयोरे जारी किया



**बेंगलुरु।** नेचर इनफोकस, एक प्रमुख प्रोडक्शन हाउस है, जो प्राकृतिक दुनिया की फिल्मों और वृत्तचित्रों में विशेषज्ञता रखता है। हाल ही में इनकी फीचर लेंग्थ डॉक्यूमेंट्री प्रोजेक्ट टाइगर का लांच होने वाला है जिसके पूर्व ही नेचर इनफोकस ने गर्व से इंडियन ओशन द्वारा संगीत एकल बाघ आयोरे की रिलीज की घोषणा की है, जो अपने फीचर के लॉन्च के अग्रदूत के रूप में है। इंडियन ओशन एक अग्रणी भारतीय लोक फ्यूजन रॉक बैंड है। बैंड ने इस गाने कि रचना फिल्म के पूरे बैकग्राउंड स्कोर को ध्यान में रखते हुए कि है। वे 4 नवंबर 2023 को बेंगलुरु में डॉक्यूमेंट्री स्क्रीनिंग के बाद दर्शकों के लिए विशेष रूप से थीम गीत का लाइव प्रदर्शन करेंगे। मंत्रमुग्ध कर देने वाली यह रचना भारत के राजसी बाघों से प्रेरित है, जिसमें भारत की स्वदेशी संस्कृतियों की संगीतमय धुनें हैं जो हमें मानवता की आधार लय से जोड़ती हैं।

## ओप्पो इंडिया की सेंड-इन रिपेयर सेवा का विस्तार 25,000 पिन कोड्स तक हुआ, रिपेयर के लिए 24 घंटे के टर्नअराउंड टाइम (टीएटी) की घोषणा की



**नई दिल्ली।** ओप्पो इंडिया ने अपने सर्विस सेंटर 3.0 के साथ आफ्टर-सेल्स सेवा के क्षेत्र में क्रांति ला दी है। ओपो की पिक-अप और ड्रॉप सेवा के साथ सर्विस सेंटर 3.0 भारत में 25,000 पिन कोड्स तक पहुँच चुका है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत ओप्पो ने सॉफ्टवेयर समस्याओं, स्क्रीन और बैटरी के रिप्लेसमेंट, स्पीकर डैमेज और टचस्क्रीन ख़राब होने सहित स्मार्टफ़ोन रिपेयर के 80% मामलों के लिए त्वरित 24-घंटे टीएटी (टर्नअराउंड टाइम) की गारंटी देने के लिए अपनी कार्यक्षमता को मज़बूत किया है। पिछले साल शुरू की गई ओप्पो की कस्टमर सर्विस 3.0 सेवा पहले से ही ग्राहकों को ख़ास डिवाइसेज़ के लिए एक घंटे में ऑनसाइट रिपेयरिंग, नए उत्पादों का प्रदर्शन, मुफ्त पिक-अप एवं ड्रॉप और रिपेयर के लिए डेबिट/क्रेडिट कार्ड द्वारा बैंक ईएमआई के विकल्प जैसे कई फ़ायदे प्रदान करती है। ग्राहक ओप्पो के तकनीशियनों को अपनी आँखों के सामने डिवाइस ठीक करते हुए देख सकते हैं, इसलिए ओप्पो इंडिया की इस सेवा द्वारा पारदर्शी और रियल-टाइम में रिपेयरिंग की सुविधा मिलती है।

## टीवीएस मोटर कंपनी ने नई नेकेड स्पोर्ट्स टीवीएस अपाचे आरटीआर 310 के यूपी लॉन्च के साथ 'नए फ्रीस्टाइल परफोर्मेन्स सेगमेन्ट' का निर्माण किया




**लखनऊ।** पिछले चार दशकों से रेसिंग की समृद्ध धरोहर से प्रेरित टीवीएस मोटर कंपनी ने अपनी आइकोनिक अपाचे श्रृखंला के नए एडीशन- टीवीएस अपाचे आरटीआर 310 का लॉन्च किया है। लम्बे इंतज़ार के बाद लॉन्च की गई यह नेकेड स्पोर्ट्स मोटरसाइकल पावर, फुर्ती, स्टाइल के शानदार संयोजन के साथ दोपहिया वाहनों के उत्साह को नया आयाम देगी तथा देश भर के मोटरसाइकल एवं रेसिंग प्रशंसकों को खूब लुभाएगी। यह मोटरसाइकल राइडिंग का बेजोड़ अनुभव प्रदान करने, नए मानक स्थापित करने और फ्रीस्टाइलर की दुनिया में प्रवेश करने के लिए तैयार है। टीवीएस अपाचे आरटीआर 310 अपने अनूठे डिज़ाइन, इंजन लेआउट, हीट मैनेजमेन्ट और कई विशेष तकनीकों के साथ कई इनोवेशन्स मे सबसे आगे है, जो राइडर की सुरक्षा और आराम को ध्यान में रखते हुए पेश किए गए हैं।लॉन्च पर बात करते हुए विमल सुंबली, हैड बिज़नेस-प्रीमियम, टीवीएस मोटर कंपनी ने कहा, ''टीवीएस अपाचे आरटीआर 310 अपाचे की नई जनरेशन है जो 40 सालों की रेसिंग की धरोहर से प्रेरित है और हमारे 'टैक टू रोड' दृष्टिकोण पर आधारित है। यह मशीन रोमांच और मस्ती के साथ फ्रीस्टाइल परफोर्मेन्स मोटरसाइक्लिंग के नए दौर की शुरूआत करेगी।

## एम एंड एस ने अपने 100वें स्टोर के उद्घाटन का जश्न मनाया



**मुंबई।** प्रतिष्ठित ब्रिटिश फैशन रिटेलर 'मार्क्स एंड स्पेंसर' ने हाल ही में मुंबई में अपना 100वां स्टोर खोलकर भारत में एक नई उपलब्धि हासिल करने का जश्न मनाया। सांताक्रूज की व्यस्त लिंकिंग रोड पर स्थित 22,000 वर्ग फुट में फैला यह रिटेल स्टोर पुरुषों के परिधान, महिलाओं के परिधान, अंडरगार्मेंट्स, ब्यूटी और होमवेयर में ब्रांड के नवीनतम ऑटम/विंटर कलेक्शन प्रस्तुत करता है। पार्टी सीजन में बिल्कुल सही स्टाइल्स और ट्रेंड्स के साथ नवीनतम ऑटम/विंटर 23 लॉन्च किया जा रहा है। सभी प्रोडक्ट्स को ब्रांड के क्लासिक, लेकिन समकालीन टच के साथ विचारपूर्वक तैयार किया गया है, और इनमें वे तमाम विशेषताएं हैं, जिसके लिए मार्क्स एंड स्पेंसर को पसंद किया जाता है। सभी परिधान विभिन्न बनावटों और डिजाइनों से सुसज्जित हैं, जो मॉडर्न क्लोदिंग पर एक अनंत रुख प्रस्तुत करते हैं। यह अवसर भारत के प्रति एम एंड एस की प्रतिबद्धता को मजबूत करता है, जहां ग्राहक इसके 2000 सहयोगियों की असाधारण ग्राहक सेवा का लाभ लेते हुए इसके फैशनेबल और ऑन-ट्रेंड कलेक्शन की खरीदारी करना पसंद करते हैं। टियर 1 शहरों, साथ ही नए और उभरते बाजारों सहित एम एंड एस के पास अब भारत के 36 शहरों में 11,00,000 वर्ग फुट की रिटेल संपत्ति है।

टियर 1 शहरों की बात करें तो ब्रांड बेंगलुरु, चेन्नई, दिल्ली-एनसीआर, हैदराबाद और मुंबई में 60 स्टोर्स के साथ मौजूद है। एम एंड एस को औरंगाबाद, भुवनेश्वर, कोयंबटूर, चंडीगढ़, गुवाहाटी, इंदौर, जालंधर, जयपुर, कानपुर, कोच्चि, लखनऊ, मैंगलोर, नासिक, पुणे, रांची, सूरत, त्रिशूर, वडोदरा और इन जैसे ही कई अन्य नए व संभावित बाजारों में अपने 40 स्टोर्स में भी समान रूप से पसंद किया जाता है।

# एनएसडीसी ने एचसीएलटेक के साथ साझेदारी की

**नई दिल्ली।** डिजिटल टेक्नोलॉजी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के माध्यम से भारत के युवाओं को सशक्त बनाने के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के विज़न के अनुरूप, राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) ने विशेष रूप से तकनीकी और इंजीनियरिंग क्षेत्रों में कौशल अंतर को कम करने के लिए एचसीएलटेक के साथ साझेदारी की है। इस सहयोग के तहत, दोनों संगठन विविध पृष्ठभूमि के शिक्षार्थियों के बीच टेक्नोलॉजी को अपनाने को बढ़ावा देने और नए वैश्विक बाजारों और व्यावसायिक अवसरों का पता लगाने के लिए मिलकर काम करेंगे।

एनएसडीसी के सीईओ वेद मणि तिवारी और एचसीएलटेक के सीईओ और प्रबंध निदेशकसी विजयकुमार द्वारा समझौते का आदान-प्रदान किया गया। यह साझेदारी हाल ही में जी20 के डिजिटल इकोनॉमी वर्किंग ग्रुप (डीईडब्लयूजी) की बैठक के तुरंत बाद आई है, जिसने तीन चर्चा क्षेत्रों डिजिटल स्किलिंग, डिजिटल इकोनॉमी और डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर में डिलिवरेबल्स पर आम सहमति हासिल की।

यह रणनीतिक साझेदारी




एनएसडीसी और एचसीएलटेक को तकनीकी और गैर-तकनीकी-आधारित पाठ्यक्रमों (बी2बी और बी2सी) में डिजिटल असेसमेंट शुरू करके संयुक्त रूप से असेसमेंट लैंडस्केप और डिजिटल शिक्षण को बदलने में सक्षम बनाएगी। फ्लेक्सिबिलिटी और स्केल के साथ प्रतिभा को बढ़ाने के लिए नए उत्पादों और कार्यक्रमों के निर्माण पर सहयोग करने की भी गुंजाइश है। इसके अतिरिक्त, यह सुनिश्चित करने के लिए कि प्रत्येक भारतीय की गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण तक पहुंच हो, इंडस्ट्री-रेलेवेंट संसाधनों और टूल्स को संयुक्त रूप से विकसित और पेश करके सीखने के प्रभाव को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।इस साझेदारी के तहत डिजिटल लर्निंग में मानक स्थापित करने के लिए असेसमेन्ट में नए आयाम जोड़ने का लक्ष्य है। यह लक्ष्य इंगित करता है कि दोनों आर्गनाइज़ेशन में लर्निंग में नियमित चेकिंग और टेक्नोलॉजी तक पहुँच बढ़ाई जा सकती है।

इस पहल की सराहना करते हुए, एनएसडीसी के सीईओ वेद मणि तिवारी ने कहा, ÷एनएसडीसी और एचसीएलटेक जॉब मार्केट में विश्वास बढ़ाने की प्रतिबद्धता के साथ इस साझेदारी में प्रवेश कर रहे हैं। दोनों संगठन संयुक्त रूप से एक असेसमेंट प्लेटफॉर्म मंच विकसित करेंगे जहां छात्र और कामकाजी पेशेवर मांग के अनुसार कौशल का मूल्यांकन और प्रमाणन करा सकेंगे। यह योग्यता-आधारित नियुक्ति से कौशल-आधारित नियुक्ति की ओर बढ़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। दोनों पक्ष डायनमिक जॉब मार्केट में अवसरों की तैयारी के लिए रीस्किलिंग, अपस्किलिंग ऑनलाइन पाठ्यक्रमों की पेशकश करने के लिए भी सहयोग करेंगे।

यह अनुमान लगाया गया है कि 2027 तक असेसमेंट मार्केट 10 बिलियन डॉलर से अधिक तक बढ़ने की उम्मीद है। 2021 में उत्तरी अमेरिका की राजस्व हिस्सेदारी सबसे बड़ी (940%) थी। यूरोप अंतरराष्ट्रीय रोजगार क्षमता और रोजगार की दर में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, इसलिए असेसमेंट सर्विस मार्केट में बढ़ती हिस्सेदारी में योगदान दे रहा है।

## मर्सिडीज-बेंज इंडिया ने दो आकर्षक नए मॉडल लॉन्च करके त्योहारों का आकर्षण बढ़ाया




मर्सिडीज-बेंज की डिज़ायरेबिलिटी बनाए रखते हुए हमें इन त्योहारों पर दो नए मॉडल लॉन्च करने की खुशी हैं। ये मॉडल टॉप-क्लास लग्ज़री एसयूवी या हाई-परफ़ॉर्मेंस सेडान चाहने वाले ग्राहकों की खुशी दोगुनी करके उनका त्योहारों का उत्साह बढ़ा देंगे। हालाँकि हमें सप्लाई चेन में रुकावटें आ रही हैं, पर हम नए मॉडलों के साथ बाजार में उत्साह बनाए रखने और इस साल का समापन उत्साह के साथ करने का प्रयास कर रहे हैं। नई LWB GLE, अपने नए डिज़ाइन, बेहतर फ़ीचर्स, अत्याधुनिक उपकरणों और टेक्नोलॉजिकल अपग्रेड्स के साथ अब तक की सबसे आधुनिक जीएलई है, जो भारत में लग्ज़री एसयूवी की सफलता को आगे ले जा रही है। भारत की सड़कों पर लगभग 20,000 जीएलई दौड़ रही हैं, जिससे पीढ़ी-दर-पीढ़ी जीएलई के लिए ग्राहकों की जबरदस्त प्रतिक्रिया प्रदर्शित होती है, और इस कारण यह हमारे पोर्टफोलियो में सबसे सफल एसयूवी बन गई है। नई जीएलई ने हमारे एसयूवी ग्राहकों के लिए एक आदर्श लग्ज़री एसयूवी पेश की है, जो परिवार के साथ छुट्टी मनाने के लिए लंबी दूरी की यात्रा और शहर में ड्राइविंग, दोनों के लिए उपयुक्त है।

दूसरी ओर, AMG C 43 4MATIC, AMG की प्रसिद्ध वन मैन वन इंजन अवधारणा के अनुसार एफ्फलटबा में बनाई गई है, इसलिए यह सबसे विशेष है। इस वाहन में अत्याधुनिक एएमजी 2.0-लीटर चार-सिलेंडर इंजन है, जो सी-क्लास में इलेक्ट्रिक एग्जॉस्ट गैस टर्बोचार्जर की सुविधा के साथ दुनिया की पहली सीरीज़-प्रोडक्शन यूनिट है। इलेक्ट्रिक एग्जॉस्ट गैस टर्बोचार्जर से संपूर्ण रेव रेंज में लगातार रेस्पॉन्स मिलता है, और पहले के मुक़ाबले ज़्यादा डायनामिक ड्राइविंग अनुभव प्राप्त होता है।

# अपना क्लब थोक और खुदरा विक्रेताओं के लिए चला रहा है बड़ा एम्बिशन महोत्सव कॉन्टेस्ट

**लखनऊ।** फास्ट-मूविंग कंज्यूमर गुड्स के बी2बी होलसेल प्लेटफॉर्म अपनाक्लब का एक ही मकसद है कस्टमर के एम्बिशन को पूरा करने में




साथ देना। अपनाक्लब इस त्योहार के सीजन में अपने थोक और खुदरा विक्रेताओं को अधिक मुनाफा दिलाने के लिए बड़ा एम्बिशन महोत्सव कॉन्टेस्ट चला रहा है जो 27 सितम्बर से 18 नवम्बर तक चलेगा। इन धमाकेदार हफ्तों में ग्राहक ज्यादा से ज्यादा ऑर्डर प्लेस करके गारंटीड इनामों को जीतकर अपने बिजनेस को बढ़ा सकते हैं।

इस बड़ा एम्बिशन महोत्सव को तीन ऑफर्स में बांटा गया है 50 लाख तक के इनाम जीतने के लिए तीन ऑफर्स का आयोजन किया गया है पहला ऑफर है लकी ड्रॉ, जिसमें कार, वाशिंग मशीन, स्मार्ट टीवी, माइक्रोवेव ओवन, हेडफोन जैसे इनाम जीतने के लिए ग्राहक अपना लक ट्राई कर सकते हैं दूसरे ऑफर में, लक आजमाने के साथ गारंटीड इनाम भी पा सकते हैं, जिसमें सोने या चांदी के सिक्कों के अलावा आईफोन, स्मार्टवाच जैसे इनामों की बरसात होगी, बस ग्राहकों को ऑडर प्लेस करना होगा और गारंटीड इनामों को अपने नाम करना होगा। तीसरा ऑफर है, स्पीन द व्हील है, जिसमें हर रोज कैशबैक रिवार्ड जीतने का मौका भी दिया गया है। यानि इस दिवाली इनामों की बरसात होगी।

हमें ये बताते हुए खुशी हो रही है कि गारंटीड इनामों की बरसात में विभिन्न शहरों से 8 ग्राहकों ने सोने का सिक्का जीता है इन सिक्कों के माध्यम से दिवाली में वे अपने बिजनेस को एक नए मंजिल की राह दे सकते हैं कहने का मतलब यह है कि बड़ा एम्बिशन महोत्सव के द्वारा कस्टमर को ज्यादा से ज्यादा मुनाफा कमाने का मौका दिया जा रहा है।

विजेताओं के नाम इस प्रकार है गुड्डू श्रृंगार स्टोर, सिवान, मोहित स्टोर, नोएडा, ऋषि जनरल,वाराणसी, श्री साई सेल्स, मुरादाबाद, भूतपूर्व सैनिक बल,लखनऊ, अवशक्ता जनरल स्टोर,वाराणसी, शुभम स्टोर, वाराणसी, जिज्ञासा इंटरप्राइजेज, धनबाद

यह महोत्सव अभी भी 17 दिनों तक चलेगा। इसमें भाग लेने के लिए अपनाक्लब ऐप डाउनलोड कर सकते हैं। अपनाक्लब में आपको 300 से अधिक एफएमसीजी कैटेगरी के एसकेयू, 50: तक के मार्जिन में मिलेंगे। सिर्फ यही नहीं, इसके साथ 48 घंटे में डिलीवरी मिलने की सुविधा भी उपलब्ध है, जो आपके बिजनेस को आगे बढ़ाने में मदद करेगा।

थोक और खुदरा ग्राहकों को बड़ी कमाई और मुनाफा कमाने का मौका आसान बनाने के लिए ऐप ब्राउज को आसान और आनंददायक बनाया गया है ताकि सभी कस्टमर खरीददारी कर सके। वाउचर्स कलेक्ट करके ग्राहक अपने किस्मत को नया मौका दे सकते हैं। इस दिवाली बड़े मार्जिन और ढेर सारे इनामों के साथ एम्बिशन का ख्वाब पूरा करने का मौका मिल सकता है, जैसे सोने का सिक्का जीतने वाले विजेताओं को मिला है।

## वित्त मंत्री ने श्रीलंका में भारतीय स्टेट बैंक की शाखा का किया उद्घाटन

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को श्रीलंका के पूर्वी बंदरगाह शहर त्रिंकोमाली का दौरा किया जहां उन्होंने भारतीय स्टेट बैंक की एक शाखा की शुरुआत की और अंतरराष्ट्रीय व्यापार में कंपनियों की मदद करने में उसकी भूमिका की सराहना की।

तीन दिवसीय यात्रा पर श्रीलंका गईं सीतारमण त्रिंकोमाली में भारतीय स्टेट बैंक की शाखा का उद्घाटन करने से पहले इस बहुजातीय शहर में मुख्य हिंदू मंदिर पहुंची। उद्घाटन के अवसर पर पूर्वी प्रांत के गवर्नर सेंथिल थोंडमन, श्रीलंका में भारत के उच्चायुक्त गोपाल बागले और एसबीआई के अध्यक्ष दिनेश खारा भी उपस्थित थे।

शाखा का उद्घाटन करने के बाद सीतारमण ने सराहना करते हुए कहा कि एसबीआई, अपनी 159 वर्षों की महत्वपूर्ण उपस्थिति के साथ, श्रीलंका का सबसे पुराना बैंक है और देश और विदेश में अपने व्यवसाय को बढ़ा रहा है। श्रीलंका के आर्थिक संकट के दौरान, श्रीलंका में एसबीआई की उपस्थिति ने भारत द्वारा श्रीलंका को 1 बिलियन अमरीकी डालर की लाइन ऑफ क्रेडिट के सुचारू विस्तार का मार्ग प्रशस्त किया।

इसके अलावा, एसबीआई श्रीलंका अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में कॉर्पोरेट्स का समर्थन करके एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। श्रीलंका में एसबीआई इन-ब्रांच ऑपरेशंस के अलावा एसबीआई श्रीलंका योनो ऐप और ऑनलाइन बैंकिंग के माध्यम से एक मजबूत डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से प्रेषण को बढ़ाना जारी रखता है।

सीतारमण ने बाद में बंदरगाह शहर में लंका इंडियन ऑयल कंपनी परिसर का भी दौरा किया। सीतारमण के श्रीलंका दौरे के साथ ही दोनों देशों ने आर्थिक और प्रौद्योगिकी सहयोग समझौते (ईटीसीए) के 12 वें दौर की भी चर्चा की, जो 2018 से रुका हुआ था।

### बुराई पर अच्छाई की जीत होगी, इस दिवाली आ रही हे द मार्वल्स



दिवाली को खुशियों और बुराई पर अच्छाई की जीत के त्योहार के रूप में जाना जाता है। इस उत्सव के दौरान पूरा भारत देश खुशी से झूम उठता है। इस बार की दिवाली कुछ और खास होनेवाली है। क्यूंकी इस दिवाली ब्री लार्सन यानी कॅप्टन मार्वल का मुकाबला दुर्जेय डार बेन का सामना होगा, जो पूरे ब्रह्मांड के लिए खतरा है। डार बेन दुर्जेय है और उसका मुकाबला करना आसान नही है। लेकीन उसका सामना होनेवाला है दिव्य शक्तियोंवाली एक तिकडी से। एक हालिया क्लिप में ब्री लार्सन को कैप्टन मार्वल के रूप में बड़े पर्दे पर वापसी को लेकर खुशी जताई थी। उसने कहां था की , ऐसी कई चीजें है जिनकी वजह से मुझे कैरोल डेनवर्स का किरदार अच्छा लगता है। कैप्टन मार्वल का सूट पहली बार पहनते वक्त क्या अनुभव था इस बारे मे बताते हुए ब्री ने कहा की कैप्टन मार्वल का सूट पहली बार पहनते हुए जो अनुभव मैने महसूस किया वह काफी रोमांचकारी था। उस वक्त मेरा दिल खुशी से झूम उठा था। मेरी जिंदगी मे यह पहली बार था जब मुझे इस तरह का बेहद रोमांचकारी किरदार निभाने का मौका दिया गया।

इस मूवी मे मिस मार्वल और मोनिका रामब्यू इस फिल्म में कैप्टन मार्वल के साथ जुड़ेंगी। ये तीनों मिलकर बड़े पर्दे पर धमाल मचाएंगे। द मार्वल्स 10 नवंबर को रिलीज होने वाली है, इसलिए आज ही अपने कैलेंडर में इस तारीख को अंकित करना सुनिश्चित करें। इस दिवाली, एक अनोखे नज़ारे के लिए तैयार हो जाइए। द मार्वल्स में ब्री लार्सन, इमान वेल्लानी और टेयोना पैरिस मुख्य भूमिका में होंगे। उनके अलावा, सैमुअल एल जैक्सन, सेओ जून पार्क और ज़ावे एश्टन भी महत्वपूर्ण भूमिकाएँ निभाएंगे। द मार्वल्स अंग्रेजी, हिंदी, तमिल और तेलुगु में सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# शेफ रणवीर ब्रार का 'हाई स्टेक्स' चैलेंज मास्टरशेफ इंडिया में लेकर आया डबल एलिमिनेशन

सपनों को साकार करने या उन्हें तोड़ने वाले, पाककला के एक मुकाबले में शेफ रणवीर ब्रार ने



मास्टरशेफ इंडिया के होम कुक्स को एक कठिन चैलेंज देकर प्रतियोगिता का दर्जा ऊँचा कर दिया। इस चैलेंज में रणवीर ने प्रतियोगियों के सामने वैकल्पिक सामग्रियों का इस्तेमाल कर मॉक मीट बनाया। लेकिन जिस ट्विस्ट ने इस चुनौती को अनोखा बना दिया, वह यह था कि सभी प्रतियोगियों को डिश चखने के बाद वही डिश बनानी थी। काफी दबाव वाली इस चुनौती के बाद मास्टरशेफ इंडिया के किचन से पहला एलिमिनेशन हुआ और वह एपिसोड अटकलों, सनसनी और धुआंधार प्रतियोगिता वाला बन गया।

केनेथ जी, कौशल्या चौधरी, सूरज थापा, सुभोजीत सेन, सीमा अहमद, मोहम्मद आशिक, कृति धीमन और रुख़सार सईद समेत आठ प्रतिभावान होम कुक्स इस बेहद रोमांचक ब्लैक एप्रन चैलेंज में एक-दूसरे से भिड़ेंगे। रुख़सार के पास एक इम्युनिटी पिन है, लेकिन इस चुनौती के लिये वह उसका इस्तेमाल नहीं करती हैं। इसके अलावा, एक अनोखा पल तब आता है, जब कौशल्या, जोकि शाकाहारी हैं, उस डिश को चखने से मना कर देती हैं, क्योंकि वह डिश बिलकुल मीट जैसी दिखाई पड़ती है।

इस चैलेंज के बारे में बताते हुये, शेफ रणवीर ब्रार ने कहा, ÷ब्लैक एप्रन चैलेंज को हमारे होम कुक्स के पाककला संबंधित दायरे को बढ़ाने के लिये डिजाइन किया गया है। कुकिंग का मतलब सिर्फ स्वादिष्ट खाना पकाना नहीं है, बल्कि इसमें इनोवेशन और क्रिएटिविटी भी मायने रखती है। 'हाई स्टेक्स' डिश को हू-ब-हू बनाना उनकी कुकिंग स्किल्स की एक परीक्षा है और इनमें से हर किसी ने जिस तरह से अपनी प्लेट तैयार की , उस पर मुझे गर्व है।÷

कौशल्या, जोकि एक अनूठी उलझन का सामना कर रही है, ने कहा, शाकाहारी होने के नाते, स्वाद चखे बिना एक ऐसी डिश तैयार करना वाकई में बहुत मुश्किल काम है, जो मीट की तरह लगती हो। हालांकि, शेफ रणवीर ब्रार ने सामग्रियों के बारे में बारीकी से बताकर मुझे बहुत अच्छी तरह से गाइड किया। मैं अपने साथी प्रतियोगियों मोहम्मद आशिक की भी आभारी हूं, जिन्होंने अपना टेस्टिंग अनुभव शेयर किया, जिससे मुझे डिश को बेहद तरीके से समझने में मदद मिली। 'हाई स्टेक्स' डिश बनाना एक चुनौती से कहीं बढ़कर है। मेरे लिये यह एक सीखने लायक अनुभव है, जो कहीं और नहीं मिल सकता।

केनेथ जी ने सामूहिक भावना व्यक्त करते हुये कहा, इस प्रतियोगिता में हर पल एक परीक्षा है। एलिमिनेशन राउंड का प्रेशर और डिश की कॉम्प्लेक्सिटी हमारे स्किल्स की असली परीक्षा है। यह एक ऐसा अनुभव है, जो हमारे साथ हमेशा रहेगा।

आखिरकार, ब्लैक एप्रन चैलेंज के अंत में, दो प्रतिभागियों को प्रतियोगिता से बाहर कर दिया जायेगा। लेकिन वे दो प्रतियोगी कौन होंगे, जिनका सफर शो में खत्म हो जायेगा अब इसका जवाब तो मास्टरशेफ इंडिया के आने वाले एपिसोड में ही मिल पायेगा।

देखिये 'मास्टरशेफ इंडिया' हर सोमवार से शुक्रवार, रात 8 बजे, सिर्फ सोनी लिव पर !

# माउंटेन ड्यू ने रणवीर अलाहाबादिया के साथ साझा की डर के आगे जीत है की कहानियां

**नई दिल्ली।** एक ब्रैंड के तौर पर माउंटेन ड्यू0 ने हमेशा ही ऐसे लोगों के साहस का सम्मान किया है जो कुछ असाधारण परिणाम हासिल करने के लिए डर से आगे बढ़ जाते हैं। भारत




के युवाओं को प्रेरित करने के अपने प्रयासों को जारी रखते हुए बेवरेज ब्रैंड ने आज जाने-माने उद्यमी, मोटिवेशनल स्पीकर और सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर और देश के नंबर 1 पॉडकास्टर रणवीर अलाहाबादिया के लोकप्रिय पॉडकास्ट द रणवीर शो के साथ अपनी साझेदारी की घोषणा की। इस साझेदारी के अंतर्गत, अगले दो महीनों के लिए इस शो को माउंटेन ड्यू डर के आगे जीत है स्टोरीज़ ऑन द रणवीर शो कहा जाएगा जिसमें एक खास सेगमेंट होगा और इसे डर से जीत तक कहा जाएगा।

माउंटेन ड्यू0 को साहसी लोगों को सम्मानित करने के लिए जाना जाता है जो असाधारण सफलता हासिल करने के लिए चुनौतियों का सामना करते हैं। इसके लिए बीते वर्षों के दौरान बेहतरीन दर्जे के स्टंट के साथ-साथ रोज़ाना के संघर्षों को दर्शाया जाता है जो पूरे देश के ग्राहकों को दर्शाता है। इस साझेदारी को पॉडकास्ट के विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों, लिंग, उम्र के दर्शकों के साथ जुड़ने के लिए डिज़ाइन किया गया है जो देश का सबसे लंबे समय तक चलने वाला पॉडकास्ट है और लोगों को डर से आगे बढ़कर साहस के साथ चलने के लिए प्रेरित करता है। 16 एपिसोड वाले सीरीज़ की शुरुआत क्रिकेटर युवराज सिंह के साथ होगी जो अतिथि के तौर पर सबसे पहले अपनी डर के आगे जीत है कहानी साझा करेंगे और शानदार कहानियों की इस श्रृंखला की शुरुआत करेंगे। इस सीरीज़ के दौरान कई जानी-मानी प्रेरणादायक हस्तियां सुनने को मिलेंगी। हर व्यक्ति डर के सामने साहस की अपनी अनोखी और लुभावनी कहानियां सुनाएगा। दुनिया की जानी-मानी बॉक्सर मैरी कॉम, संगीत की दुनिया की जानी-मानी हस्ती क्रस्ना, लोकप्रिय शेफ विकास खन्ना और दिग्गज क्रिकेटर कपिल देव इस सीरीज़ में हिस्सा लेने वाले कुछ अन्य अतिथि हैं।

इस अभियान के बारे में आकांक्षा दलाल, कैटेगरी हेड, ड्यू, पेप्सिको इंडिया ने कहा, ÷ब्रैंड के तौर पर माउंटेन ड्यू ने हमेशा ही उन भावनाओं का सम्मान किया है जो लोगों को डर से आगे बढ़कर जीत हासिल करने के लिए प्रेरित करता है। रनवीर इलाहाबादिया और द रनवीर शो के साथ हमारी साझेदारी भारत के युवाओं को प्रेरित करने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। डर के आगे जीत है÷ कहानियों के माध्यम से हमारा लक्ष्य उस साहस को जगाना है जो हर किसी के भीतर होता है, उन्हें चुनौतियों से पार पाने और अपनी सीमाओं को नए सिरे से परिभाषित करने के लिए प्रेरित करता है। यह साझेदारी सिर्फ कुछ तरह के डर से पार पाने के लिए नहीं, बल्कि अलग-अलग तरह के दर्शकों तक पहुंचने के लिए है, जिससे यह समझा जा सके कि डर बहुत ही व्यक्तिगत है और हर किसी के मामले में अलग-अलग होता है।

## एजुकेट गर्ल्स संस्था ने नामांकन अभियान के जरिए 37320 लड़कियों को शिक्षा के लिए किया प्रेरित




**गोरखपुर।** एजुकेटगर्ल्स एक गैर-लाभकारी संस्था है जो भारत के ग्रामीण और शैक्षिक रूप से कमजोर वर्गकी लड़कियों की शिक्षा के लिए समुदायों को जुटाने पर अपना ध्यान केंद्रित करती है। संस्था लड़कियों की शिक्षा तक पहुंच और गुणवत्ता में सुधार करने केलक्ष्य के साथ उत्तर प्रदेश में कार्य कर रही है।पिछले कुछ महीनों से संस्था ने उत्तर प्रदेश सरकार के साथ मिलकर नामांकन अभियान के जरिए 37320 लड़कियों को शिक्षा के लिए प्रेरित किया है ।नामांकन अभियान के लिए संस्था ने 275238 घरों मे सर्वे किया था।नामांकन अभियान में स्कूल प्रबंधन समिति की कुल 1640 बैठकों के साथ 2420 ग्राम शिक्षा सभा और मोहल्ला मीटिंग्स का आयोजन किया गया। संस्था ने यह अभियान चित्रकूट, कौशांबी, बांदा, फतेहपुर, रायबरेली, उन्नाव, सोनभद्र, प्रयागराज, भदोही, मिर्जापुर, महाराजगंज, कुशीनगर, बहराइच, श्रावस्ती, गोंडा, बलरामपुर जिलों मेंप्रशासन की अमूल्य मदद से सफलतापूर्वक क्रियान्वित किया है। एजुकेटगर्ल्स संस्था के ऑपरेशन्स हेड विक्रम सिंह सोलंकी ने कहा, संस्था शिक्षा से वंचित बालिकाओंको स्कूल से जोड़ने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। सरकार और प्रशासन के साथ एक सहज साझेदारी के माध्यम से, शिक्षा के बारे में जागरूकता पैदा करने और नामांकन बढ़ानेके लिए यह अभियान शुरू किया गया था। परिणाम स्वरूप,हमइस अभियान के माध्यम सेशिक्षासे वंचित लड़कियों को सफलतापूर्वकप्रेरित कर सकें।

## नर्सिंग छात्राओं ने दी कचरा निपटान की जानकारी

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के अंतर्गत संचालित गुरु श्री गोरखनाथ कॉलेज ऑफ़ नर्सिंग की छात्राओं ने गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जंगल कौड़िया में मास हेल्थ एजुकेशन कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत मास हेल्थ एजुकेशन के विषय, कचरे का निपटान के परिचय से हुई। छात्राओं ने विभिन्न तरह के पोस्टर एवं स्वरचित कविता के माध्यम से गांववासियों को कचरे के निपटान के तरीकों की जानकारी दी। अगले चरण में चार्ट पेपर व ऑडियो विजुअल माध्यम से वेस्ट डिस्पोजल के बारे में जागरूक किया गया। आराधना एवं निधि सिंह के नेतृव में आयोजित इस कार्यक्रम में बीएससी नर्सिंग पंचम सेमेस्टर की 15 छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

## स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत गुरुवार को स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित की गई। वोट डालेंगे हम स्लोगन प्रतियोगिता में संबद्ध स्वास्थ विज्ञान संकाय, कृषि विज्ञान और फार्मेसी विभाग के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान आलस को भगाएंगे, वोट करने जायेंगे का नारा लगाकर सभी ने मतदान करने और इसके लिए दूसरों को प्रेरित करने का संकल्प लिया। प्रतियोगिता के आयोजन में संबद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय के डीन डॉ सुनील सिंह, कृषि विज्ञान विभाग के डॉ विमल कुमार दूबे, फार्मेसी के डॉ एसके सिंह, डॉ संदीप श्रीवास्तव, धनंजय पांडेय, अनिल मिश्र, डॉ अखिलेश कुमार दूबे आदि की सक्रिय सहभागिता रही।

## मतदेय स्थलों पर विशेष कैंप 4 व 5 को

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी अर्पित गुप्ता ने बताया कि जनपद में अर्हता तिथि 01 जनवरी 2024 के आधार पर 27 अक्टूबर 2023 से 09 दिसम्बर 2023 तक विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान कार्यक्रम के दौरान 04 नवम्बर 2023 दिन शनिवार एवं 05 नवम्बर 2023 दिन रविवार को समस्त मतदेय स्थलों पर विशेष कैम्प का आयोजन किया जायेगा। इसके साथ ही उक्त के अतिरिक्त माह के अन्य दिवसों यथा 25 नवम्बर 2023, 26 नवम्बर 2023, 02 दिसम्बर 2023 एवं 03 दिसम्बर 2023 को भी विशेष कैम्प आयोजित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि सभी अर्ह नागरिक उपरोक्त अवधि में सम्बन्धित मतदेय स्थल अथवा तहसील में मतदाता सूची का निरीक्षण कर लें।

# गलघोटू और टिटनेस से बचाव के लिए टीकाकरण अभियान शुरू

अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** स्कूल, कॉलेज और मदरसों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को जानलेवा बीमारी टिटनेस और गलघोटू (डिफ्थीरिया) से बचाने के लिए स्कूल आधारित विशेष टीकाकरण अभियान सीएमओ डॉ राजेश झा ने कम्पोजिट प्राथमिक विद्यालय पारसिया भंडारी मँझगवां से शुरू किया। स्कूल आधारित इस विशेष टीकाकरण अभियान में दस नवम्बर तक सरकारी और गैर सरकारी स्कूल, कॉलेज व मदरसों में विद्यार्थियों का टीकाकरण होगा।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि 2418 सत्रों के जरिये 13891 विद्यार्थियों को डीपीटी बूस्टर, 22880 को टीडी दस और सोलह टीका लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने अभिभावकों से सहमति देकर इस टीकाकरण अभियान को सफल बनाने की अपील की है। अभियान के तहत बुधवार और शनिवार के अतिरिक्त अन्य कार्यदिवसों पर भी टीकाकरण सत्र आयोजित किये जाएंगे। उन्होंने बताया कि कक्षा एक में पढ़ने वाले पांच वर्ष के बच्चों को डीपीटी टू बूस्टर डोज, कक्षा पांच में पढ़ने वाले दस वर्ष के विद्यार्थियों को टीडी दस और कक्षा दस में पढ़ने वाले सोलह वर्ष तक के किशोर किशोरियों को टीडी सोलह वैक्सीन लगाई जाएगी। अभियान के दौरान बुधवार और शनिवार के नियमित टीकाकरण दिवसों पर स्कूल न जाने वाले उन बच्चों व किशोर किशोरियों को भी यह टीके लगाए जाएंगे जो किसी कारणवश इनसे वंचित हैं। सीएमओ ने बताया कि जो अभिभावक सहमति नहीं देंगे उन्हें भी प्रेरित कर उनके बच्चों का टीकाकरण किया जाएगा। टीकाकरण के बाद कुछ बच्चों में बुखार और इंजेक्शन वाली जगह पर लालिमा या सूजन की दिक्कत हो सकती है । यह सामान्य प्रतिक्रिया है और इससे घबराने की आवश्यकता नहीं है। इससे बचाव के उपाय बताने के साथ साथ बुखार की दवा भी दी जाती है। इस मौके पर जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ संजय गुप्ता, डॉ ऐके पाण्डेय, खंड बेसिक शिक्षा अधिकारी विजय पाल नारायण त्रिपाठी, बीएमसी अरशद जमाल, बीपीएम लक्ष्मीकांत ओझा, बीसीपीएम राजाराम, यूनिसेफ़ बीएमसी आलोक सिन्हा, एएनएम आरती देवी मौजूद रहीं।



### जानलेवा है गलघोटू और टिटनेस

प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ संजय गुप्ता ने बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार डिफ्थीरिया (गलघोटू) संक्रामक रोग है जो संक्रमित मरीज के सम्पर्क में आने के दो से पांच दिन में फैलता है। गले में खराश और बुखार के लक्षणों के साथ यह धीरे धीरे गंभीर रूप ले लेता है। इसके कारण सांस लेना भी मुश्किल हो जाता है और ह्रदय की मांसपेशियों में सूजन और नुकसान, गुर्दे में समस्या और प्लेटलेट कम होने से खून निकलने लगता है। ह्रदय गति असामान्य हो सकती है और पक्षाघात की भी आशंका रहती है । मरीज के खांसने और छींकने के दौरान निकलने वाले श्वसन बूंदों से यह फैलता है। नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के तहत मिलने वाली इसकी तीन खुराकों के साथ साथ बचपन और किशोरावस्था के दौरान तीन बूस्टर खुराक भी आवश्यक है।

- स्कूल, कॉलेज व मदरसों में लग रहा है टीका, सहमति देकर सहयोग करें अभिभावक
- 13891 विद्यार्थियों को डीपीटी और 22880 को टीडी दस व सोलह टीका लगेगा

## पुलिस ने बच्चों के साथ निकाली यातायात जागरूकता रैली



**मुंशीगंज (अमेठी) अवधनामा संवाददाता।** यातायात माह नवंबर के उपलक्ष्य में गुरुवार को पुलिस द्वारा यातायात जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। आयोजन के दूसरे दिन थाना मुंशीगंज पुलिस यातायात पुलिस और क्षेत्र के श्री राम लखन कॉन्वेंट स्कूल मुंशीगंज द्वारा यातायात जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में शामिल स्कूली बच्चों द्वारा मुख्य-मुख्य चौराहों बाजारों में यातायात नियमों का पालन करने जैसे-नशे की हालत में वाहन न चलाने निर्धारित मानक से अधिक सवारी न बैठाने वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने अवयस्क को वाहन न चलाने देने सीट बेल्ट का प्रयोग करने। दो पहिया वाहनो पर हेलमेट का प्रयोग करने वाहनों को ओवर लोड न चलाने तथा यातायात नियमो का पालन करने आदि के संबन्ध में जागरूक किया गया।

## निराश्रित गोवंशों को संरक्षित करने में जुटे सफाईकर्मी और पशुपालन विभाग के कर्मचारी



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** निराश्रित गोवंशों को संरक्षित करने के लिए दो महीने का विशेष अभियान जारी है। सफाई कर्मियों के साथ पशुपालन विभाग के कर्मियों और लेखपालों को अभियान में लगाया गया है। लेखपाल अभियान को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। निराश्रित गोवंशों के संरक्षण का अभियान एक नवंबर को शुरू हुआ है। अभियान 31 दिसम्बर तक चलेगा। एक नवंबर को पहले दिन जिले के 13 विकास खंडों में 95 गोवंश संरक्षित किए गए थे। गुरुवार को शाम पांच बजे तक पचास से अधिक गोवंश आश्रय स्थलों पर संरक्षित किए जा चुके थे अभियान देर शाम को भी चलता रहा। खंड विकास अधिकारी विनय कुमार वर्मा की निगरानी में कटरा फूलकुंवरि ग्राम पंचायत में अभियान चलाया गया। तिवारी पुर से दस गोवंशो को सेक्रेटरी मुकेश कुशवाहा ने सफाई कर्मियों के सहयोग से कान्हा गोशाला अमेठी पहुंचाया। विकास खंड भेंटुआ में पहले दिन परतोष से दस गोवंश टिकरी में संरक्षित किए गए हैं। भादर में खंड विकास अधिकारी हरिश्चंद्र सिंह की निगरानी में अभियान शुरू हो गया है। पहले दिन भेंवई से पांच और दूसरे दिन खाझा से दो पशु संरक्षित किए गए हैं। संग्रामपुर शाहगढ़ गौरीगंज मुसाफिर खाना और जगदीशपुर विकास खंडों में गुरुवार की देर शाम अभियान चलाया गया।

# भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा जैतपुर का अमृत सरोवर

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर।** सहजनवा तहसील क्षेत्र के विकासखंड पिपरौली स्थित ग्राम पंचायत जैतपुर में सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं पर पानी फिरता नज़र आ रहा है। जहां एक तरफ सरकार के द्वारा हर ब्लॉक में लगभग सभी ग्राम पंचायत में अप्रैल, 2022 को स्वतंत्रता के 75वें वर्ष पर भारत की आज़ादी का अमृत महोत्सव समारोह के हिस्से के रूप में मिशन अमृत सरोवर लॉन्च किया गया था।

इस मिशन का लक्ष्य ग्रामीण क्षेत्रों में जल संचय की समस्या को दूर करने के लिये भारत के प्रत्येक ज़िले में कम-से-कम 75 अमृत सरोवरों का निर्माण/पुनरुद्धार करना था। सरकार के द्वारा ऐसा निर्णय लिया गया वही विकासखंड पिपरौली के ग्राम पंचायत जैतपुर में सरकार की मंशा पर जिम्मेदार अपनी जिम्मेदारियां का निर्वाह करने में पूर्ण रूप से असमर्थ है वही ग्राम पंचायत में दो अमृत सरोवर का निर्माण हुआ है पहले अमृत सरोवर की कुल लागत लगभग 10 लाख रुपए दूसरे अमृत सरोवर की लागत लगभग 12 से 13 लाख रुपए की धनराशि स्वीकृत की गई इतने पैसे खर्च होने के बावजूद भी अमृत सरोवर पूर्ण रूप से अधूरा है। वही ग्रामीणों का कहना था हमें बोलने और बताने की जरूरत नहीं है, पोखरो पर जाकर के देख लीजिए कि क्या कार्य किया गया है कार्य के नाम पर सिर्फ खाना पूर्ति किया गया है और भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा दिया गया है। इस बाबत सीडीओ संजय मीणा से बातचीत की गई तो उन्होंने कहा जांच कर कर दोषी पाए जाने वाले जिम्मेदारों पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। सरकार के पैसों का जो दुरुपयोग किया गया है वह भी वसूला जाएगा।

- सीडीओ ने दिया जांच कर कार्रवाई का आश्वासन

## पकड़ी में आयोजित हुआ तहसील आपके द्वार मामलों का हुआ निस्तारण



**मथौली बाजार, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी के निर्देश पर चलाए जा रहे तहसील आप के द्वार अभियान के तहत गुरुवार को हाटा तहसील के गांव पकड़ी में उप जिलाधिकारी के अध्यक्षता में चौपाल लगाया गया जहां, खसरा, खतौनी व बरसात के मामला निस्तारण किया गया। चौपाल में उपजिलाधिकारी हाटा हीरालाल द्वारा उपस्थित लोगो को तत्काल खतौनी में नाम सुधार, वरासत और आपसी समझौते के तहत विवादित भूमि की पैमाइश मुख्य बिंदु रहे जिन्हे निस्तारण कराया गया। ग्राम प्रधान ई0 प्रवीण सिंह द्वारा लगातार चौपाल लगाकर सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देने के लिए प्रधान की सराहना की। चौपाल के बाद ग्राम सभा में बन रहे पानी टंकी, अमृत सरोवर, खेल मैदान का निरीक्षण किया और काम की सराहना की। ग्राम सभा मे संबंधित कोटे की दुकान से मिल रहे राशन से लोगो ने खुशी जाहिर किया, जिसके कारण दुकानदार बशिष्ठ की भी सराहना की। इस मौके पर लेखपाल संजय सिंह, महेंद्र सिंह, हरिनारायण सिंह, विपिन सिंह के साथ ग्रामवासी मौजूद थे।

## ट्रेन से कटकर मौत

**कुशीनगर।** अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र के गोरखपुर नरकटियागंज रेल मार्ग पर महुअवा खुर्द हाल्ट रेलवे स्टेशन के समीप ट्रेन से कटकर एक 70 वर्षीय अधेड़ की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के मुताबिक बुद्धिराम सिंह पुत्र स्व. भागवत सिंह उम्र 70 वर्ष निवासी सुम्हाटार थाना अहिरौली बाजार जनपद कुशीनगर गुरूवार को 3 बजे महुअवा खुर्द स्टेशन के समीप पीलर नंबर 368/21 के पास ट्रेन से कटकर दर्दनाक मौत हो गई। इसकी सूचना रेलवे व स्थानीय पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही अहिरौली बाजार थाने के उपनिरीक्षक विनोद कुमार सिंह, सोन देव यादव, सुदामा यादव रविकुमार के साथ रेलवे पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का शिनाख्त कराने में जुट गई। बाजार करने आए लोगो ने मृतक की पहचान बुद्धिराम सिंह पुत्र स्व. भागवती सिंह 70 वर्षीय निवासी सुम्हाटार थाना अहिरौली बाजार जनपद कुशीनगर के रूप में की। सूचना पर परिजन भी मौके पर पहुंच गए। परिजनो के अनुसार मृतक का मानसिक संतुलन ठीक नही था। पुलिस शव को कब्जे मे लेकर पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## समाजसेवी आदिल अमीन गोरखपुर के जिला प्रभारी बने



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी के आदेश पर प्रदेश अध्यक्ष कुंवर बासित अली की संतुति पर सूफी संवाद महाभियान भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा गोरखपुर जिला प्रभारी व सह प्रभारी की नियुक्ति की गई है। मोर्चा द्वारा आदिल अमीन को जिला प्रभारी बनाया गया है जबकि फ़ैजान, समीर शेख, मोदीर अहमद, शाहरुख सफवी, अब्दुल समद, वाजिद खान शिबू, अब्दुल समद को सह प्रभारी बनाया गया है। इस मनोनयन पर नए पदाधिकरियों को पार्टीजनों ने बहुत-बहुत बधाई दी है। इस मौके पर जिला प्रभारी आदिल अमीन ने डॉक्टर सैयद एहतेशामुल हुदा प्रदेश प्रभारी सूफी संवाद अभियान भाजपा अल्पदंख्यक मोर्चा उत्तर प्रदेश का कोटि-कोटि धन्यवाद एवं आभार प्रकट किया है।

# एससी-एसटी के लोगों का संबल बन रही योगी सरकार

अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** अंत्योदय के अपने संकल्प पर आगे बढ़ते हुए योगी सरकार अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) के लोगों का संबल बन रही है। बुनियादी सुविधाओं के साथ ही इन्हें शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ तो मिल ही रहा है, सरकार उत्पीड़न के मामलों कानूनी कार्रवाई करते हुए भरपूर आर्थिक सहायता भी उपलब्ध कराती है। समाज कल्याण विभाग के आंकड़ों पर गौर करें तो गोरखपुर मंडल के जिलों (कुशीनगर, गोरखपुर, देवरिया व महराजगंज) में विगत एक वर्ष में दलित उत्पीड़न के मामलों में 13 करोड़ 22 लाख रुपये से अधिक की आर्थिक सहायता दी गई है।

अनुसूचित जाति एवं जनजाति के लोगों को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का भी खूब फायदा मिला। मंडल में 3261 दलित जोड़े इससे लाभान्वित हुए जिस पर शासन ने 16 करोड़ 63 लाख रुपये खर्च किए। यही नहीं, वृद्धावस्था पेंशन योजना में गोरखपुर मंडल में एससी-एसटी के 83140 लोगों को 24 करोड़ 94 लाख रुपये की धनराशि प्राप्त हुई है। अनुसूचित जाति एवं जनजाति के युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए समाज कल्याण विभाग की तरफ से गोरखपुर मंडल में 10 छात्रावास, छह आश्रम पद्धति विद्यालय भी संचालित किए जा रहे हैं। साथ ही पिछले एक वर्ष में विद्यार्थियों को पूर्वम दशम एवं दशमेत्तर छात्रवृत्ति के एवज में मंडल में 25 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि उपलब्ध कराई जा चुकी है।

- वृद्धावस्था पेंशन योजना में गोरखपुर मंडल में 83140 लोगों को मिली 24 करोड़ 94 लाख की धनराशि
- उत्पीड़न के मामलों में दी गई 13 करोड़ 22 लाख रुपये की आर्थिक सहायता
- 3261 जोड़ों को मिला मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का लाभ, खर्च हुए 16 करोड़ 63 लाख रुपये

**मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में लाभान्वित एससी-एसटी**

| जिला | जोड़े | व्यय (लाख रु.में) |
|---|---|---|
| कुशीनगर | 724 | 369.24 |
| गोरखपुर | 930 | 474.30 |
| देवरिया | 600 | 306.00 |
| महराजगंज | 1007 | 513.57 |
| योग | 3261 | 1663.11 |

**उत्पीड़न के मामलों में एससी-एसटी को आर्थिक सहायता**

| जिला | प्रकरणों की संख्या | सहायता(लाख रु) |
|---|---|---|
| कुशीनगर | 372 | 245.36 |
| गोरखपुर | 590 | 632.81 |
| देवरिया | 439 | 319.53 |
| महराजगंज | 145 | 124.86 |
| योग | 1546 | 1322.56 |

**एससी-एसटी को वृद्धावस्था पेंशन**

| जिला | संख्या | धनराशि (लाख रु.में) |
|---|---|---|
| कुशीनगर | 17453 | 523.59 |
| गोरखपुर | 30616 | 918.48 |
| देवरिया | 13661 | 409.83 |
| महराजगंज | 21410 | 642.30 |
| योग | 83140 | 2494.20 |

## देवरिया के उत्कृष्ट खिलाड़ियों का सम्मान समारोह संपन्न



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** जिला खेल विकास एवं प्रोत्साहन समिति के सौजन्य से जिला खेल कार्यालय देवरिया द्वारा देवरिया के उत्कृष्ट खिलाडियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसके मुख्य अतिथि जिलाधिकारी अखण्ड प्रताप सिंह ने 20 खिलाडियों को खेल किट बैग शूज एवं पोषक आहार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने खिलाडियों का उत्साहवर्धन करते हूए कहा कि खेल से अब कैरियर बनाया जा सकता है। ओलम्पिक में मेडल लाने पर सरकार द्वारा डीएसपी एवं एसडीएम की नौकरी का प्रावधान उप्र सरकार द्वारा किया जा रहा है। सम्मानित होने वाले 20 खिलाडियों में संदीप प्रसाद (ताइक्वान्डों) प्रियंका कुमारी (ताइक्वान्डों) शशिशंकर मिश्रा (हैण्डबाल) रिया कन्नौजिया (ताइक्वान्डों) अमर मणि त्रिपाठी (हैण्डबाल) जया पाण्डेय (खो-खो) खुशबु पाण्डेय (खो-खो) भास्कर कुशवाहा(खो-खो) अम्बरेश शर्मा(खो-खो) अनुज कुमार रावत, (शूटिंग) तन्नु वर्मा (ताइक्वान्डों) तुशिका वर्मा (ताइक्वान्डों) क्षमा पाण्डेय (हैण्डबाल) हर्ष कुमार यादव (ताइक्वान्डों) भरत सैनी (ताइक्वान्डों) मिथुन प्रजापति(ताइक्वान्डों) सत्येद यादव, (खो-खो) मनीष गौड.(खो-खो) विशाल कुमार (ताइक्वान्डों) अशु वर्मा (खो-खो)। इस अवसर पर ओलम्पिक संघ के अध्यक्ष संजय केडिया द्वारा स्मति चिन्ह एवं संजय कानोडिया द्वारा अंग वस्त प्रदान कर स्वागत किया गया जिला क्रीड़ा अधिकारी राज नारायण प्रसाद,ने बूके देकर तथा अब्दुल अहद, दिवाकर मणि त्रिपाठी, शालिनी शर्मा, अवधेश यादव, गिरीश सिंह, लालू यादव, शकील अहमद विजय कुमार पाल, अशोक सिंह ,विकास मिश्रा ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। डा डीके पाण्डेय इत्यादि लोग उपस्थित रहे थे।

## चेयरमैन व ईओ ने छठ घाटों का लिया जायजा



**भलुअनी, देवरिया अवधनामा संवाददाता।** स्थानीय नगर पंचायत के वार्ड शिवाजी नगर एवं गौतमबुद्ध नगर में नगरपंचायत अध्यक्ष देवेश कुमार एवं ईओ राजन नाथ तिवारी ने छठ पर्व को लेकर छठ घाटो का निरीक्षण कर साफ सफाई सहित आदि का निर्देश दिया। चेयरमैन देवेश कुमार ने कहा कि पवित्र छठ पर्व को लेकर नगर पंचायत अपनी तैयारी शुरू कर दिया है। नगर पंचायत के सभी वार्डों में छठ घाटो की साफ सफाई, पथ प्रकाश की व्यवस्था सहित अन्य सभी जरुरी व्यवस्थाओं को समय पूर्व करने का दिशानिर्देश दिया गया है। नगर के सभी वार्डो में छठ घाट को जाने वाले मार्ग को सुदृढ़ किया जा रहा है। ईओ राजन नाथ तिवारी ने कहा कि छठ पर्व पर नगरपंचायत अपनी तैयारियां शुरू कर दिया है। सभी कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिया गया है। इस दौरान सभी सभासद प्रतिनिधि संजीव सिंह, पोतन पासवान सभासद शक्ति मद्धेशिया, मुकेश, कर्मचारी व सफाईकर्मी सहित नगरवासी मौजूद रहे।

# तमकुहीराज चेयरमैन और ईओ में ठनी, विकास जाए भाड़ में

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** नगर पंचायत तमकुहीराज इन दिनों खूब चर्चा में है। ईओ और चेयरमैन दोनों में तालमेल न होने के कारण विकास कार्य बाधित हो रहा है। चेयरमैन ने ईओ पर तमाम गंभीर आरोप लगाते हुए कई बिंदुओं पर स्पष्टीकरण मांगा है। वहीं एक आउट सोर्सिंग कर्मचारी ने भी ईओ के खिलाफ तमकुहीराज पुलिस को शिकायती पत्र सौंपकर मारने पीटने, गाली गलौज देने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दिया है। ईओ द्वारा चेयरमैन व उनके सहयोगी कर्मियो पर नियम कानून के विरुद्ध दबाव बनाकर कार्य कराने का प्रयास करने का आरोप लगाया जा रहा है। इस पूरे घटनाक्रम को लेकर नगर पंचायत तमकुहीराज में तमाम तरह की चर्चाएं हो रही है।

नगर पंचायत तमकुहीराज में अधिशासी अधिकारी व चेयरमैन के आपसी खींचतान के कारण विकास कार्य प्रभावित है। आरोप प्रत्यारोप के बीच नगर पंचायत कार्यालय का वातावरण तनाव पूर्ण बना हुआ है। बीते मंगलवार को ईओ अमित सिंह के खिलाफ नगर का एक कर्मी ने तमाम गंभीर आरोप लगाते हुए तमकुहीराज पुलिस को शिकायती पत्र देकर ईओ के खिलाफ कारवाई की मांग किया है। वही नगर पंचायत कर्मी के आरोप को बेबुनियाद बताते हुए ईओ द्वारा कर्मी को कार्यालय से कार्यमुक्त कर देने के कारण अनर्गल आरोप लगाने का दावा किया जा रहा है। इसी बीच अधिशासी अधिकारी अमित सिंह के खिलाफ चेयरमैन जेपी गुप्ता ने पत्र जारी कर तमाम आरोप लगाते हुए उनसे स्पष्टीकरण मांगा है। चेयरमैन द्वारा ईओ को पत्र जारी करने के बाद दोनो आमने आमने सामने आ गए है। अधिशासी अधिकारी को जारी पत्र में चेयरमैन ने ईओ पर निकाय हित में कार्य नहीं करने, विकास कार्य में प्रगति नहीं लाने, शासकीय कर्तव्यों के प्रति लापरवाही बरतने, मुख्यालय पर रात्रि विश्राम नही करने, निविदा प्रक्रिया अमल में नही लाने, नशे के हालात में चौकीदार से मारपीट करने, लोकसेवक नियमावली के विरुद्ध आचरण करने, भाजपा नेता अजय राय से अभद्रता करने, कंप्यूटर आपरेटर कुंदन पांडेय से मारपीट करने, जिलाधिकारी द्वारा वेतन आहरण की रोक लगाने के बावजूद उसका उलंघन करने आदि आरोप लगाते हुए उनसे स्पष्टीकरण मांगा है।

चेयरमैन द्वारा स्पष्टीकरण की मांग करने पर ईओ अमित सिंह ने पूर्व में नीलाम टैक्सी स्टैंड जो अनियमितता के कारण निलंबित है, को बहाल करने, नियम विरुद्ध तरीके से कार्य कर रहे आउट सोर्सिंग फर्म को जारी रखने आदि के लिए चेयरमैन द्वारा गलत ढंग से दबाव बनाने का आरोप लगाया है।

- नगर पंचायत का एक कर्मी भी ईओ के खिलाफ गंभीर आरोप लगाते हुए थाने में दिया है तहरीर
- नगर पंचायत तमकुहीराज का मामला

## प्यासी महोत्सव का होगा आयोजन



**सलेमपुर अवधनामा संवाददाता।** सलेमपुर के प्यासी में इस वर्ष 27 नवम्बर को प्यासी महोत्सव मनाया जायेगा। महोत्सव का मूल तथ्य है कि समभाव को ध्यान में रखते हुए जाति पात पुछे नहि कोई। हरि को भजे सो हरि के होई।। के तर्ज पर पूर्णमासी के दिन 5100 दीप प्रज्वलित किया जाएगा तथा महाआरती भी होगी। प्यासी महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन ग्राम सभा प्यासी के सौजन्य से होना है। इस कार्यक्रम में वक्ता,प्रवक्ता तथा सनातन के धर्मनिष्ठ महानुभाव भाग लेंगे। इसलिए सभी क्षेत्रवासी एवम ग्रामवासी प्यासी गांव के इस आयोजन को सफल बनाने के लिए घाट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बृजराज मिश्र, राजू बाबा, सतेन्द्र शुक्ल, अर्जुन मिश्र, छोटे बाबा, हृदय, विनोद, विवेक, गुड्डु नेता, लाल जी, अक्लू, प्रशुराम यादव, राकेश मिश्र आदि मौजूद रहे।

## भाजपा कार्यालय पर हुई बैठक

**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** 3 नवंबर को गोरखपुर के चंपा देवी पार्क में होने वाले अनुसूचित मोर्चे के महासम्मेलन को सफल बनाने हेतु आज भाजपा के केंद्रीय कार्यालय पर जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने बैठक किया। सदर सांसद डा रमापति राम त्रिपाठी ने बैठक को संबोधित करते हुए सभी पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से अपील करते हुए कहा कि आप सब अपने अपने क्षेत्र से अधिक से अधिक संख्या में लोगों को गोरखपुर ले चलें सम्मेलन को सफल बनाने हेतु जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने पदाधिकारियों को दी गई विभिन्न जिम्मेदारीयों की समीक्षा की। बैठक में प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष राजेश मिश्रा, गंगा सिंह कुशवाहा, महामंत्री, श्रीनिवास मणि, प्रमोद शाही, रविंद्र कौशल, ब्लाक प्रमुख पिंटू जायसवाल, छट्टू यादव, अमित सिंह बबलू, संजय तिवारी, अजीत सिंह, राजन सोनकर आदि शामिल रहे।

# बच्चों के अंदर अपार प्रतिभाएं भरी हुई है इन्हे निखारने की जरूरत है: नवरंग



अवधनामा संवाददाता

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** कस्बे के वार्ड नंबर 9 (सिरसिया) स्थित कंपोजिट विद्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें पिछले दिनों हुए ब्लॉक स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता में दौड़, खोखो, पीटी में अच्छा प्रदर्शन कर मेडल प्राप्त किए थे जिन्हे गुरुवार को नगर अध्यक्ष नवरंग सिंह ने विद्यालय ने इन सभी बच्चों को अलग से मेंडल व नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। बच्चों को संबोधित करते हुए नगर अध्यक्ष नवरंग सिंह ने कहा कि बच्चों के अन्दर अपार खेल प्रतिभाएं भरी हुई है। इसे बेहतर अवसरों के माध्यम से निखारने की जरूरत है। आज ये बच्चे ब्लॉक स्तर पर मेंडल पाए है। आगे इनका संघर्ष रहा तो प्रदेश से लेकर देश स्तर पर गोल्ड मेडल पाकर नाम रोशन करेंगे। इन सभी मेधावी बच्चों के साथ मेरी शुभकामनाएं है। इस मौके पर कुल 19 बच्चों को मेडल और नगद पुरस्कार देकर हौंसला अफजाई किया गया। कार्यक्रम का संचालन अध्यापक सर्वेशर कुमार त्रिपाठी ने किया। प्रधानाध्यापक प्रदीप गुप्ता ने कार्यक्रम में आए सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। जो बच्चे मेडल पाए है उसमें आंचल सिंह, अभिषेक भारती, अंश प्रजापति, अनामिका, गरिमा यादव, मोनिका साहनी, काजल आदि शामिल है। बता दें कि उक्त विद्यालय के बच्चों ने कुल 28 मेडल पाकर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस मौके पर शिक्षक अरविंद कुमार मिश्रा, गौरव कुमार, विजय बहादुर यादव, अभिषेक कुमार गुप्ता, कृष्ण कुमार गुप्ता, मंजू सिंह, मैना देवी, परवीन खान, सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# फसलों के अवशेष जले तो संबंधित के साथ प्रधान भी होंगे जिम्मेदारः डीएम

**ग्राम प्रधानों को पत्र भेजकर डीएम मोनिका रानी ने की अपील, लोगों को फसलों के अवशेष जलाने से रोकें**



अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** जनपद की जिलाधिकारी मोनिका रानी ने जनपद के समस्त ग्राम प्रधानों को पत्र भेज कर ग्राम पंचायत में फसल अवशेष व पराली जलाने की घटना पर प्रभावी अंकुश हेतु ग्रामवासियों को जागरूक करने की अपील की है। डीएम ने अपने पत्र में कहा है कि मा. सर्वोच्च न्यायालय द्वारा रिट पिटीशन संख्या 13029/1985 एम.सी. मेहता बनाम यूनियन ऑफ इण्डिया एवं अन्य में 30 जुलाई 2020 को पारित आदेश के अनुपालन में शासन द्वारा फसल कटाई सत्र से पूर्व ग्राम पंचायतों तथा ग्राम प्रधानों को भी पराली जलाये जाने की रोकथाम हेतु जागरूक किये जाने तथा पराली जलाये जाने की घटना प्रकाश में आने पर उनका उत्तरदायित्व भी निर्धारित किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। पत्र के माध्यम से ग्राम प्रधानों को निर्देशित किया गया है कि वर्तमान खरीफ सत्र में बोई गई धान/गन्ना फसलों की कटाई के पूर्व ही यह सुनिश्चित कर लें कि आपकी ग्राम पंचायत के विभिन्न राजस्व ग्रामो में इन फसलों के फसल अवशेष न जलाये जाएं।पराली तथा फसल अवशेष जलाने की घटना पर प्रभावी अंकुश के लिए ग्राम प्रधानों से कहा गया है कि ग्राम पंचायत के किसी उपर्युक्त स्थल पर फसल अवशेष जलाये जाने के अपराध में सम्बन्धित व्यक्ति के विरूद्ध क्षतिपूर्ति की वसूली कारावास एवं अर्थदण्ड से दण्डित किये जाने के प्राविधानों का विवरण अंकित करा दिया जाये ताकि ग्राम पंचायत के सभी सदस्य विधिक प्राविधानों से अवगत हो सके। ग्राम प्रधानों को निर्देशित किया गया है खेत में फसल अवशेष जलाये जाने हेतु राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण अधिनियम की धारा 24 एवं 26 के अन्तर्गत 02 एकड़ से कम क्षेत्र के लिये रू. 2500.00, 02 से 05 एकड़ के लिये रू. 5000.00, 05 एकड़ से अधिक क्षेत्र के लिये रू. 15000.00 तथा अपराध की पुनरावृत्ति करने पर कारावास एवं अर्थदण्ड से दण्डित किये जाने का प्राविधानों का अंकन करा दिया जाय।डीएम ने ग्राम प्रधानों से कहा है कि आप आधारभूत जनप्रतिनिधि होने के नाते अपनी ग्राम पंचायत के सभी राजस्व ग्रामों के ग्राम पंचायत सदस्यो की साधारण बैठक आहूत करेंगे। जिसमें ग्राम पंचायत के जन साधारण को फसल अवशेषों के न जलाये जाने हेतु जागरूक करें तथा फसल अवशेष जलाये जाने से भूमि पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव की जानकारी देते हुये जनसाधारण को यह भी अवगत कराया जाय कि यदि उनके द्वारा इस तरह का आपराधिक कृत्य किया जाता है तो सम्बन्धित के विरूद्ध क्षतिपूर्ति की वसूली कारावास एवं अर्थदण्ड से दण्डित किया जायेगा। डीएम ने कृषि विभाग के प्राविधिक सहायक एवं गन्ना विभाग के गन्ना पर्यवेक्षक, राजस्व विभाग के लेखपाल व पंचायती राज विभाग के ग्राम पंचायत अधिकारियों को निर्देश दिया है कि ग्राम पंचायत सदस्यों की बैठक में उपस्थित रहकर सभी सदस्यों को पराली जलाये जाने से उत्पन्न होने वाले प्रदूषण, खेतों की उर्वरा शक्ति पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव के बारे में जानकारी देंगे।

डीएम ने कहा कि इतने प्रयास किये जाने के बावजूद यदि ग्राम पंचायत के किसी व्यक्ति द्वारा फसल अवशेष को जलाया जाता है तो ग्राम प्रधानों का उत्तरदायित्व होगा कि सम्बन्धित राजस्व लेखपाल को सम्बन्धित व्यक्ति के विरूद्ध लिखित में अवगत कराएंगे। जबकि राजस्व लेखपाल सम्बन्धित थाने में अपराधकारित करने वाले व्यक्ति के विरूद्ध प्राथमिकी अंकित करायें तथा क्षतिपूर्ति की वसूली हेतु अपने स्तर से सम्बन्धित उपजिलाधिकारी को लिखित में सूचित करें। डीएम ने स्पष्ट किया कि यदि फसल अवशेष जलाये जाने की घटना होने पर ग्राम प्रधान द्वारा घटना को छिपाया जाता है अथवा उच्चाधिकारियों को अवगत कराने में शिथिलता अपनाई जाती है तो यह अवधारित किया जायेगा कि फसल अवशेष जलाये जाने का अपराध करने वाले व्यक्ति के साथ सम्बन्धित ग्राम प्रधान की दुरभि संधि व संलिप्तता है। ऐसी स्थिति में बाध्य होकर सम्बन्धित ग्राम प्रधान का भी उत्तरदायित्व निर्धारित कर उक्त कारित अपराध में सह अभियुक्त बनाते हुए दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी।

## अतिक्रमण करने वालो पर होगी सख्त कार्रवाईः सिसौदिया



**गाज़ी नगर चौराहे पर सीओ सिटी के निर्देशन में हटाया गया अतिक्रमण**

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश सरकार की मंशानुसार इस जनपद को अतिक्रमण मुक्त कराए जाने के उद्देश्य से आज क्षेत्राधिकारी नगर आर के सिसौदिया उप जिलाधिकारी सदर प्रिंस वर्मा के निर्देशन में थाना दरगाह प्रभारी हरेंद्र कुमार मिश्रा दल बल के साथ थाना दरगाह अंतर्गत आसाम रोड पर स्थित गाजी नगर चौराहे पर अतिक्रमण को हटवाकर लोगो से माइक के माध्यम से अपील करते हुए कहा गया की कई नोटिस मिलने के बाद भी अगर आपलोगों द्वारा स्वय अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो मजबूरन पुलिस को बुलडोजर का सहारा लेना पड़ेगा।इस दौरान अतिक्रमण करने वालो को समझाते हुए सीओ सिसौदिया ने कहा की सरकार की मंशा है अवैध रूप से कही भी अतिक्रमण न होने पाए इसकी वजह से जाम की समस्या यातायात में अवरोध पैदा होता है लोगो को असुविधा का सामना करना पड़ सकता है इसलिए कही भी किसी के भी द्वारा अतिक्रमण किया जाना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा आपलोग स्वय सड़क से प्रशासन द्वारा निर्धारित की गई दूरी के अंदर से अतिक्रमण हटाकर बेहतरीन नागरिक होने का सबूत दें।इस दौरान प्रशासन और पुलिस विभाग के तमाम लोग मौजूद रहे।

## मेडिकल कॉलेज का वार्षिक खेल एव संस्कृति कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ



**बहराइच।** जनपद में मेडिकल कॉलेज बहराइच में वार्षिक खेल एव संस्कृति कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसका शुभारम्भ मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉश प्रो संजय खत्री के द्वारा किया गया यह वार्षिक कार्यक्रम दो नंबर से चार नवंबर तक चलेगा आज कार्यक्रम में पहले दिन क्रिकेट खेल का आयोजन इन्दिरा गांधी स्पोर्ट स्टेडियम में किया गया जिसमें मेडिकल कॉलेज के संकाय सदस्य डॉ फराज राहत डॉ ईशान प्रसार डॉ परवेज अहमद डॉ राजेंद्र कुमार शुक्ला डॉ आबिद अन्य संकाय सदस्य तथा एम0बी0 बी0 एस0 के स्टूडेंट आदि उपस्थित रहे।इस दौरान मेडिकल कॉलेज के प्रोफेसर डॉश संजय खत्री ने बताया की इंसान के जीवन में खेलो की भी महत्वपूर्ण भूमिका होती है खेलों से शरीर की फिटनेस के साथ साथ मन भी संतुष्ट रहता है।

# ट्रैफिक नियमों का पालन कर कार्रवाई से बचें

- **डीएम- एसपी ने बुधवार को किया था यातायात माह का शुभारंभ**
- **शहर में चारों ओर चलाया जा रहा अभियान, लोगों को किया जागरूक**
- **बिगड़ैल वाहन चालकों पर हुई सीज व चालानी कार्यवाही**



अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी व पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने बुधवार को यातायात माह नवंबर का शुभारंभ करते हुये आमजन से यातायात नियमों का पालन करने की हिदायद दी थी। शहर में ट्रैफिक व्यवस्था को सुद्रढ़ बनाने के लिए नयी प्लानिंग के साथ कार्य किया जायेगा। शुभारंभ के बाद दूसरे दिन क्षेत्राधिकारी यातायात इमरान अहमद व सीओ सिटी अभय नारायण राय के संयुक्त पर्यवेक्षण में यातायात प्रभारी अभिनेन्द्र सिंह द्वारा शहर में सघन चैकिंग अभियान चलाया गया। यातायात प्रभारी ने घण्टाघर से अभियान की शुरूआत करते हुये इलाइट चौराहा और पिसनारी बाग तिराहा पर सघन चैकिंग अभियान चलाया गया। चैकिंग अभियान के दौरान यातायात प्रभारी अभिनेन्द्र सिंह ने कहा कि वाहन चालक नियमों का पालन करें, ताकि वह स्वयं का और दूसरों का भी जीवन सुरक्षित रख सकें। उन्होंने कहा कि कार चालक सीट बेल्ट अवश्य लगायें। तो वहीं वाहन चालक हेलमेट लगाकर ही वाहन का संचालन करें। इसके अलावा सभी आवश्यक दस्तावेज साथ लेकर चलें, ताकि अनावश्यक परेशानियों से बचा सके।

इस दौरान बिगड़ैल वाहन चालकों को नियमों का सख्ती से पालन करने की हिदायद दी गयी तो वहीं नियमों का उल्लंघन करने वाले कई वाहन चालकों के चालान भी किये गये। इस दौरान यातायात मुख्य आरक्षी बलराम कुशवाहा, मुख्य आरक्षी शेषनारायण मौजूद रहे। इधर यातायात प्रभारी अभिनेन्द्र सिंह के साथ टीएसआई आलोक तिवारी, टीएसआई संतोष पाल, मुख्य आरक्षी वंश बहादुर, मुख्य आरक्षी इरफान खान, मुख्य आरक्षी अभिषेक कुमार दीक्षित, आरक्षी अभिषेक कुमार, आरक्षी आदर्श पाठक आदि शामिल रहे।

# निराश्रित गौवंशों के लिए संचालित होगा 60 दिवसीय विशेष संरक्षण अभियानः रम्या आर



**कैटल कैचर एवं अन्य सम्बन्धित वाहनों के दस्ते को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना**

अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा एक नवम्बर से 31 दिसम्बर तक 60 दिवसीय निराश्रित गौवंश संरक्षण विशेष अभियान संचालित करने के निर्देश दिये गये है शासन के निर्देश के क्रम में बुधवार को देर शाम कलेक्ट्रेट से मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर. ने शासन द्वारा नामित देवी पाटन मण्डल के नोडल अधिकारी डॉ नीरज गुप्ता अपर जिलाधिकारी गौरव निरंजन श्रीवास्तव व अन्य के साथ कैटल कैचर एवं अन्य सम्बन्धित वाहनो के दस्ते को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।इस अवसर पर प्रभारी मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ बद्री नाथ त्रिपाठी ने बताया कि अभियान के दौरान जनपद में निराश्रित गौवंशों को राजस्व विकास नगर विकास पशु पालन पंचायती राज विभागों एवं गृह विभाग के सहयोग से पकड़कर गौआश्रय स्थलों में संरक्षित कराया जायेगा। पूर्व से संचालित गौ आश्रय स्थलों की क्षमता वृद्धि प्रस्तावित एवं निमार्णधीन अस्थाई एवं बृहद गौ आश्रय स्थलों का संचालन शुरू करवाते हुए उनमें भी गौवंशो का संरक्षण किया जाना है। संरक्षण अवधि के दौरान सभी विकास खण्ड स्तर पर राजस्व विकास नगर विकास पशु पालन पंचायती राज विभागों एवं गृह विभागों की टीम जिलाधिकारी के कुशल मार्गदर्शन एवं मुख्य विकास अधिकारी के नेतृत्व में कार्य करेंगी। जिलाधिकारी द्वारा निराश्रित गौवंश संरक्षण विशेष अभियान की नियमित रूप से समीक्षा की जायेगी। नगरीय क्षेत्रों में अभियान की समीक्षा अपर जिलाधिकारी द्वारा की जायेगी। अभियान के प्रथम चरण में जनपद को जोड़ने वाले राष्ट्रीय व राज्य मार्गो बहुतायत से निराश्रित गौवंश पाये जाने वाले स्थानों पर विशेष ध्यान केन्द्रित कर संरक्षण अभियान संचालित किया जाएगा।

## सवारियों से भरी खटारा बस ने रौंदा मौत, एक घायल



**सुल्तानपुर।** जिसका अंदेशा था वही हुआ,स्कूटी सवार अधेड़ की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। के एन आई के निकट रोज सवारी भरने वाली बस ने एक्सीडेंट कर दिया। यह बस गोलाघाट से रोज सवारी भरकर निकलती है। यह बस बहुत जर्जर और अनफिट भी है। छोटे छोटे कई चालान भी हैं।इस बस को कई बार शोशल मीडिया पर दुर्घटनाओं के वाहक के रूप में चेताया जा रहा था।लेकिन सिस्टम के आगे सच की मौत होती रही। प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया कि सवारियों से भरी बस ने आज एक बुजुर्ग को रौंद दिया जिसमें बुजुर्ग की मौत हो गयी एक घायल भी है। जिन्हें जिला अस्पताल भर्ती कराया गया है।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई–टेंन्डरिंग निविदा सूचना सं.:–63/2023**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मंडल रेल प्रबंधक (इंजी0) पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (ई–टेन्डरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते हैं। **क्र.सं.:– 1., कार्य का विवरणः–** जोन सं. 10. मकरन्दपुर (रहित) से उझानी (सहित)।, **अनुमानित लागत रुपयो में:–** ₹ 1,04,40,350.03, **बयाना राशि रुपयों में:–** ₹ 2,02,200/–, **निविदा प्रपत्र का मूल्यः–** शून्य, **स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 30.06.2024 तक, 2., कार्य का विवरणः–** जोन सं. 11. उझानी से कासगंज दोनो (रहित)।, **अनुमानित लागत रुपयो में:–** ₹ 1,05,06,955.33, **बयाना राशि रुपयों में:–** ₹ 2,02,500/–, **निविदा प्रपत्र का मूल्यः–** शून्य, **स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 30.06.2024 तक, 3., कार्य का विवरणः–** जोन सं. 20. मथुरा समपार सं0 357/रहित से मथुरा आर.ई. कालोनी एवं दिल्ली लाजपतनगर अधिकारी विश्राम गृह।, **अनुमानित लागत रुपयो में:–** ₹ 1,09,57,290.33, **बयाना राशि रुपयों में:–** ₹ 2,04,800/–, **निविदा प्रपत्र का मूल्यः–** शून्य, **स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 30.06.2024 तक, 1.** ई–निविदा **दिनांक 24.11.2023 को 15:00** बजे तक आन लाइन जमा कर सकेंगे।, **2.** ई–निविदा की प्रस्तुति हेतु पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के **IREPS** वेबसाईट **www.ireps.gov.in** पर देखे।

**मंडल रेल प्रबंधक (इंजी0)**
मुजाधि/डब्लू–395 **इज्जतनगर**

**ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें**


# जन-जन को जगाना है आपदा प्रबंधन योजना बनाना है

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** कल्याण सिंह सभागार में जन-जागृति प्रशिक्षण कार्यक्रम जिला आपदा प्राधिकरण विभाग द्वारा अयोजित किया गया। जिसका संचालन जिला आपदा विशेषज्ञ आरती सिंह द्वारा दिया गया। जिसमें आपदा के प्रकार, जनपद ललितपुर की भोगोलिक स्थिति एवं प्रमुख शब्दावली मास्टर ट्रेनर हरिश्चंद्र नामदेव एवं आशीष मिश्रा द्वारा बताया गया। आपदा प्रबंधन की योजना तथा विभिन्न आपदाएं जैसे भारी वर्षा, बाढ़, डूबना, नव दुर्घटना, नौका यात्री के बारे में मास्टर ट्रेनर श्री अरविंद सिंह द्वारा बताया गया। सड़क दुर्घटना, ओलावृष्टि, पर्यावरण प्रबंधन के बारे में मास्टर ट्रेनर श्री कल्याण सिंह द्वारा बताया गया। लू प्रकोप, शीतलहर, आकाशीय बिजली से संबंधित आपदाओं के बारे में मास्टर ट्रेनर अनूप सैनी जी ने सूचना दी। विभिन्न आपदाओं से संबंधित ऐप दामिनी ऐप, सचेत ऐप के बारे में जानकारी मास्टर ट्रेनर प्रवीण जी द्वारा दी गई। सुखा आपदा के बारे में मास्टर ट्रेनर, नीलेंद्र सिंह द्वारा सूचना दी गई। अग्निकांड, भूकम्प से संबंधित आपदाओं के बारे में मास्टर ट्रेनर मनीष खरे द्वारा बताया गया। सर्पदंश, प्राथमिक चिकित्सा के बारे में मास्टर ट्रेनर श्री राजेश अनुरागी जी द्वारा बताया गया।

# थाना प्रभारी ने क्षेत्र के पत्रकार, समाजसेवियों को किया सम्मानित



अवधनामा संवाददाता

**कुड़वार, सुल्तानपुर।** नवरात्रि, दशहरा दुर्गापूजा महोत्सव को सकुशल संपन्न कराने तथा आगामी दीपावली पर्व को लेकर कुड़वार थाना पर क्षेत्र के पत्रकारों, तथा समाजसेवियों, प्रधानों के साथ थाना प्रभारी निरीक्षक गौरीशंकर पाल ने मीटिंग की। पत्रकारों तथा समाजसेवियों को सकुशल दशहरा दुर्गापूजा तथा मूर्ति विसर्जन संपन्न कराने में योगदान करने के चलते थाना प्रभारी ने सभी का धन्यवाद दिया तथा अंगवस्त्र ( शाल)भेंट कर सम्मानित किया। तथा दीपावली पर्व पर सभी को इसी तरह सहयोग करने की अपील की। बुधवार को कुड़वार थाना प्रभारी निरीक्षक ने क्षेत्र के पत्रकारों व संभ्रांत लोगों को अंगवस्त्र शाल भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि दशहरा, दुर्गापूजा तथा सकुशल मूर्ति विसर्जन में आप सभी ने जो विस्वास दिया है उसके लिए आप सभी को बार बार धन्यवाद करता हूं। श्री पाल ने कहा कि मैं बचपन से ही विचार रखता हूं कि मैं किसी को हराता नहीं बल्कि मैं उसका दिल जीतता हूं। यदि हम उसे हराएंगे तो शरीर तो उसकी मेरे कब्जे में आ जाएगी लेकिन उसका मन कब्जे में कर लेंगे तो शरीर अपने आप कब्जे में आ जाएगी। आप सभी ने विगत कई त्योहार सकुशल संपन्न कराया। अभी अभी दशहरा दुर्गापूजा आप सभी ने सकुशल संपन्न कराया इसके लिए मैं बार बार आभारी हूं।आप सभी ने पर्दे के पीछे,बाहर से बहुत तरह से मदद की।मैं अकेले दुर्गा पूजा महोत्सव सकुशल संपन्न करा दिया तो यह सरासर ग़लत है।आपने सकुशल संपन्न कराने में क्षेत्र,समाज की सेवा किया। थाना प्रभारी निरीक्षक गौरीशंकर पाल ने कहा कि दुर्गा पूजा महोत्सव सकुशल संपन्न कराने में कई प्रकार की बातें आई होंगी,कोई आहत हुआ होगा।कभी कभी अच्छा काम करते समय नुकसान भी उठाना पड़ता है। उन्होंने पत्रकार उदय प्रकाश मिश्रा, विजय प्रकाश तिवारी, धर्मेंद्र तिवारी का जिक्र करते हुए कहा कि आप लोग हमारे साथ दिन रात निस्वार्थ लगे रहे। दशहरा दुर्गापूजा से लेकर मूर्ति विसर्जन में दिन रात लगे रहे।


**पूर्वोत्तर रेलवे** **ई–आक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ मण्डल द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मण्डल ई–आक्शन के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जा रही है। आक्शन से सम्बन्धित अन्य जानकारी वेबसाइट *www.ireps.gov.in (E-Auction Module)* पर उपलब्ध है। निविदा सूचना संख्या, स्टेशनों की सूची एवं उपलब्ध स्थान का विवरण निम्नवत है :–

| क्रम सं. | आक्शन सूचना सं. | स्टेशन | कार्य का विवरण | आक्शन/लाट बन्द होने की तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|
| 01 | MSS-LJN-ASH-Machr-16-23-1 (Misc-Static-Services-Massage Chair) | ऐशबाग | लखनऊ मण्डल के ऐशबाग स्टेशन पर मसाज चेयर की स्थापना, संचालन एवं रखरखाव करने के संबंध में। | 16-11-2023 को समय 13:30 बजे तक |
| 02 | MSS-LJN-BNZ-Machr-17-23-1 (Misc-Static-Services-Massage Chair) | बादशाहनगर | लखनऊ मण्डल के बादशाहनगर स्टेशन पर मसाज चेयर की स्थापना, संचालन एवं रखरखाव करने के संबंध में। | 16-11-2023 को समय 13:40 बजे तक |
| 03 | MSS-LJN-LJN-HLthk-11-23-1 (Miss-Static-Services-Health Kiosk) | लखनऊ, गोरखपुर | लखनऊ मण्डल के गोरखपुर व लखनऊ स्टेशनों पर हेल्थ एटीएम की स्थापना, रखरखाव व मेन्टेनन्स के संबंध में। | 16-11-2023 को समय 13:50 बजे तक |
| 04 | MSS-LJN-LJN-BCrush-6-23-1 (Miss-Static-Services-Bottle Crushing Machine) | (MUR, GD, GKP, KLD, BST, STP, LMP, LJN, BNZ&ASH) | लखनऊ मण्डल के दस स्टेशनों पर 45 पीबीसीएम मशीन की रखरखाव व मेन्टेनन्स के संबंध में। | 16-11-2023 को समय 14:00 बजे तक |
| 05 | MSS-LJN-LJN-PR Kiosk-8-23-1 (Miss-Static-Services-Promotional Kiosk) | लखनऊ, गोमतीनगर, बादशाहनगर | लखनऊ मण्डल के लखनऊ, गोमतीनगर, बादशाहनगर स्टेशनों पर प्रत्येक के 48 एस्कायर फिट एरिया में प्रमोशनल कियोस्क का प्रावधान करना। | 16-11-2023 को समय 14:10 बजे तक |
| 06 | MSS-LJN-GKP-PR Kiosk-7-23-1 (Miss-Static-Services-Promotional Kiosk) | गोरखपुर | लखनऊ मण्डल के गोरखपुर स्टेशन पर 48 एस्कायर फिट एरिया में प्रमोशनल कियोस्क का प्रावधान करना। | 16-11-2023 को समय 14:20 बजे तक |
| 07 | MSS-LJN-ASH-Twn OPS-22-23-1 (Misc-Static-Services-Two-wheeler and other parcel packing Services) | ऐशबाग और गोण्डा रेलवे स्टेशन (पार्सल आफिस) | ऐशबाग और गोण्डा स्टेशनों (पार्सल कार्यालय) पर दो पहिया वाहनों तथा अन्य पार्सल पैकेजो का अनुबंध के संबंध में। | 16-11-2023 को समय 14:30 बजे तक |

**क्रम सं. 01, 02, 03, 05, 06 एवं 07 के लिये निविदा की अवधिः** 03 वर्ष तथा **क्रम सं. 04 के लिये निविदा की अवधिः** 05 वर्ष

**टेण्डर से सम्बन्धित अन्य जानकारी वेबसाइटः www.ireps.gov.in (E-Auction Module)**

**आक्शन/लाट खुलने की तिथि व समयः** दिनांक 16-11-2023 को समय 13:00 बजे तक

मुजाधि/वाणिज्य–161 **मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य), लखनऊ**

**गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।**


# शौचालय के बगल लगा दिया सेनानी शिला फलक

- **हो रहा आजादी के दीवाने का अपमान**
- **जाँच कर करें कार्रवाई, पंचायत भवन मे स्थापित कर दिलाएं सम्मान**

अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर, दुबेपुर।** ब्लॉक के पलहीपुर गांव के निवासी व सेनानी स्व केदार नाथ श्रीवास्तव स्वतंत्रता संग्राम सेनानी हैं। उन्होने आर्य सत्याग्रह 1938-39 मे प्रतिभाग किया और औरंगाबाद जेल मे सजा काटी है। उनका नाम ब्लॉक मुख्यालय के शिला पट पर अंकित है आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत केंद्र सरकार के निर्देश पर देश के प्रत्येक गाँव मे सेनानी फलक लगाया जाना था।शासन के निर्देश पर ये शिला फलक पंचायत भवन मे लगाए जाने थे। जिन गावों मे पंचायत भवन नहीं है, वहां ये शिला फलक सार्वजनिक स्थलों अथवा स्कूलों मे लगाए जाने थे। यह स्पष्ट निर्देश है कि सेनानी शिला फलक 15 अगस्त 23 तक ऐसे स्थानों पर लगाए जाएँ, जिन्हे सब देख सके और सेनानियों शहीदों की वीर गाथा से प्रेरणा ले सकें।

पलहीपुर गाँव मे वर्षो से पंचायत भवन स्थापित है। लेकिन ब्लॉक कर्मियों ने सेनानी फलक वहां नहीं लगाया।इसी गाँव मे प्राइमरी स्कूल व जूनियर स्कूल एक ही परिसर मे है,परन्तु वहां भी सेनानी फलक नहीं लगाया गया। यह शिला फलक मुख्य गाँव व पंचायत भवन से दूर महेदवा गाँव के एकल प्राइमरी स्कूल परिसर मे चाहरदीवारी के भीतर लगा दिया गया।सितम्बर माह के पहले सप्ताह मे इस फलक को लगाकर 9 अगस्त 23 की तिथि लिख दी गई है।कोई समारोह भी नहीं किया गया न माल्यार्पण आदि ही हुआ। यह शिला फलक शौचालय व भोजनालय के बगल लगा दिया गया है। ऐसी जगह पर शिला फलक लगाने से आम जनों को दिखाई भी नहीं पड़ता है। उस तरह शिला फलक लगने से सेनानी का अपमान और शासनादेश का खुला उल्लंघन हो रहा है।स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के उत्तराधिकारी/पुत्र जितेन्द्र श्रीवास्तव एडवोकेट ने उक्त कारगुजारी की जांच करवाकर उचित कार्यवाही करने की मांग की है।

## एसपी ने चौकी बांसी का निरीक्षण कर देखी व्यवस्थायें

**ललितपुर।** जिले में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने के लिए पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक काफी संजीदा हैं। थानों, चौकियों का लगातार निरीक्षण करते हुये पुलिस व्यवस्था दुरुस्त रखने और जनसामान्य के बीच बेहतर सामान्जस्य बनाये रखने के लिए प्रयासरत हैं। इसी क्रम में एसपी मो.मुश्ताक ने बीती देर रात थाना जखौरा क्षेत्रांतर्गत चौकी बांसी का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान एसपी ने चौकी परिसर, आरक्षी बैरक व कार्यालय, सीसीटीवी कैमरे आदि का निरीक्षण किया गया तथा सम्पूर्ण चौकी परिसर में समुचित लाइट का प्रबन्ध करना एव कार्यालय को स्वच्छ रखने हेतु निर्देशित किया गया। चौकी पर आने वाले फरियादियों की शिकायतों को चौकी प्रभारी द्वारा स्वयं सुनकर शत-प्रतिशत निस्तारण कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया।


**विशेष रेलगाड़ियों के फेरों में वृद्धि**

आगामी दीपावली एवं छठ पूजा त्योहारों के मद्देनजर, रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु रेलवे द्वारा चलाई जा रहीं निम्नलिखित विशेष रेलगाड़ियों के फेरों में वृद्धि/संचालन अवधि में बढ़ोत्तरी करने का निर्णय लिया गया है:–

| रेलगाड़ी संख्या | स्टेशन से | स्टेशन तक | आवृति/चलने के दिन | पूर्व अधिसूचित तिथि | विस्तार की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 05734 | कटिहार जं. | अमृतसर जं. | शनिवार | 28.10.2023 | 04.11.2023 से 25.11.2023 तक |
| 05733 | अमृतसर जं. | कटिहार जं. | सोमवार | 30.10.2023 | 06.11.2023 से 27.11.2023 तक |
| 05616 | गुवाहाटी | उदयपुर सिटी | रविवार | 29.10.2023 | 05.11.2023 से 26.11.2023 तक |
| 05615 | उदयपुर सिटी | गुवाहाटी | बुधवार | 01.11.2023 | 08.11.2023 से 29.11.2023 तक |
| 03575 | आसनसोल जं. | आनन्द विहार (ट.) | शुक्रवार | 27.10.2023 एवं 03.11.2023 | 10.11.2023, 17.11.2023 एवं 24.11.2023 को |
| 03576 | आनन्द विहार (ट.) | आसनसोल जं. | शनिवार | 28.10.2023 एवं 04.11.2023 | 11.11.2023, 18.11.2023 एवं 25.11.2023 को |

*नोटः– शेष निर्देश यथावत रहेंगे।*

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में पड़ने वाले अन्य स्टेशनों की विस्तृत समय–सारणी और श्रेणियों की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे के वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App. देखें।

रेलमदद हेल्पलाइन 139 रेलमदद वेबसाइटः https://enquiry.indianrail.gov.in देखें एवं रेलमदद ऐप डाउनलोड करें।

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**उत्तर रेलवे**
**सदैव आपकी सेवा में**
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

3421/2023

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ** पर हमें फॉलो करें



**न्यायालय सूचना**

**श्रीमान न्यायाधिकारी महोदय ग्राम न्यायालय सण्डीला जिला हरदोई**
**याचिका संख्या... वर्ष 2023**
**याची श्रीमती स्मिता सिंह**
**बनाम**

प्रत्युत्तरदाता - शैलेन्द्र सिंह
चौहान शैलेन्द्र सिंह चौहान आयु, लगभग 35 वर्ष पुत्र राजेन्द्र सिंह चौहान निवासी ग्राम खेमरा आनन्द लोक कालोनी थाना चिनहट जिला लखनऊ

महोदय,

चूंकि उक्त नामित याची ने आपके विरुद्ध याचिका संस्थित की है। जैसा कि याचिका में वर्णित है (याचिका संलग्न करे) धारा-12 घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधि.

आपसे एतद्द्वारा इस न्यायालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर आप पर इस समन की तामीला से तीन सप्ताह के भीतर न्यायालय की अनुमति से वकालतनामा दाखिल करने की अपेक्षा की जाती है

और चूंकि याद माह नवम्बर 2023 के 20 दिन को न्यायाधीश के समक्ष निर्देश के लिये रखा जाएगा,

इसलिये आपको एतद्द्वारा माह नवम्बर 2023 के 20 दिन को दोपहर पूर्व 11:00 बजे याची के दोवा का उत्तर देने के लिये न्यायाधीश के समक्ष उपस्थित होने के लिए समन किया जाता है, और सूचना ग्रहण कीजिए कि पूर्व वर्णित दिन को पक्षकारों की सुनवाई के पश्चात, जो उपस्थित होते हैं, निर्देश कुटुम्ब न्यायालय के परामर्शदाता के समक्ष सुनवाई की तारीख और याचिका से सम्बंधित अन्य मामलो के सम्बन्ध में न्यायाधीश द्वारा दिया जाएगा, और

यह और सूचना ग्रहण कीजिये कि यदि आप अपनी व्यक्तिगत उपस्थिति या वकालतनामा दाखिल करने में असफल रहते हैं, जैसा कि ऊपर निर्देश दिया गया है, या यदि आप पूर्व वर्णित दिवस पर न्यायाधीश के समक्ष उपस्थित रहने में असफल रहते हैं, तो यचिका को उस दिन य किसी पश्चात्वर्ती दिन को अप्रतिरक्षित रूप में अमान्य किये जाने का आदेश दिया जा सकता है और आप अपने विरूद्ध डिकी या आदेश पारित किये जाने के लिये दायी होंगे।

**ग्राम न्यायालय**
**तहसील–सण्डीला**
**जिला–हरदोई**



**न्यायालय सूचना**

**श्रीमान न्यायाधिकारी महोदय ग्राम, न्यायालय सण्डीला जिला हरदोई**
**याचिका संख्या.... वर्ष 2023**
**याची श्रीमती स्मिता सिंह**
**बनाम**

प्रत्युत्तरदाता शैलेन्द्र सिंह
शैलेन्द्र सिंह आयु लगभग 35 वर्ष पुत्र राजेन्द्र सिंह चौहान निवासी ग्राम खेमरा आनन्द लोक कालोनी थाना चिनहट जिला लखनऊ

महोदय,

चूंकि उक्त नामित याची ने आपके विरूद्ध याचिका संस्थित की है। जैसा कि याचिका में वर्णित है (याचिका संलग्न करे) धारा 125 crpc

आपसे एतद्द्वारा इस न्यायालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर आप पर इस समन की तामीला से तीन सप्ताह के भीतर न्यायालय की अनुमति से वकालतनामा दाखिल करने की अपेक्षा की जाती है

और चूंकि वाद माह नवम्बर 2023 के 20 दिन को न्यायाधीश के समक्ष निर्देश के लिये रखा जाएगा,

इसलिये आपको एतद्द्वारा माह नवम्बर 2023 के 20 दिन को दोपहर पूर्व 11:00 बजे याची के दोवा का उत्तर देने के लिये न्यायाधीश के समक्ष उपस्थित होने के लिए समन किया जाता है, और

सूचना ग्रहण कीजिए कि पूर्व वर्णित दिन को पक्षकारों की सुनवाई के पश्चात्, जो उपस्थित होते हैं, निर्देश कुटुम्ब न्यायालय के परामर्शदाता के समक्ष सुनवाई की तारीख और याचिका से सम्बंधित अन्य मामलो के सम्बन्ध में न्यायाधीश द्वारा दिया जाएगा, और

यह और सूचना ग्रहण कीजिये कि यदि आप अपनी व्यक्तिगत उपस्थिति या वकालतनामा दाखिल करने में असफल रहते हैं, जैसा कि ऊपर निर्देश दिया गया है, या यदि आप पूर्व वर्णित दिवस पर न्यायाधीश के समक्ष उपस्थित रहने में असफल रहते हैं, तो यचिका को उस दिन या किसी पश्चात्वर्ती दिन को अप्रतिरक्षित रूप में अमान्य किये जाने का आदेश दिया जा सकता है और आप अपने विरुद्ध डिकी या आदेश पारित किये जाने के लिये दायी होंगे।

**ग्राम न्यायालय**
**तहसील–सण्डीला**
**जिला–हरदोई**



आज़ादी का अमृत महोत्सव

**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि **20.11.2023** को **15:00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैन्युअल ऑफर स्वीकार नहीं किए जायेंगे यदि कोई मैन्युअल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जाएगा।

| | | | |
|---|---|---|---|
| **निविदा सूचना संख्या** | **01402023 दिनांक 31.10.2023** | | |
| **निविदा संख्या** | **26 Sr.DEN-III/LKO/2023-24** | | |
| **कार्य का नाम** | सहायक मण्डल इंजीनियर/उत्तर रेलवे/वाराणसी के अधिकार क्षेत्र में मुख्य सेक्शन इंजीनियर कार्य/उत्तर रेलवे/वाराणसी अनुभाग में स्टेशन भवन और अन्य सेवा भवनों का सुधार का कार्य। | | |
| **अनुमानित लागत** | ₹1,29,69,329.83 | **धरोहर राशि** | ₹2,14,900/- |
| **कार्य की समापन अवधि** | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 12 माह। | | |
| **निविदा डालने का प्रारंभ** | 06.11.2023 | **वेबसाइट www.ireps.gov.in** | |
| **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय** | 20.11.2023 at 15:00 hrs. | | |

निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाइट पर उपलब्ध है। **3416/2023**

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**

# जनपदीय टास्कफोर्स की जिलाधिकारी ने की समीक्षा बैठक

## रेण्डम आधार पर भ्रमणशील रहकर प्राथमिक/उच्च प्राथमिक विद्यालयों का निरन्तर किया जाये निरीक्षण: जिलाधिकारी

**अवधनामा संवाददाता**

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी श्री चन्द्र विजय सिंह ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिला शिक्षा अनुश्रवण समिति व एम0डी0एम0 की जनपदीय टास्कफोर्स की बैठक की, बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, खण्ड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद के प्राथमिक/उच्च प्राथमिक विद्यालयों का निरीक्षण रेण्डम के आधार पर भ्रमणशील रहते हुए सुनिश्चित किया जाये, जिन विद्यालयों के शिक्षकगण लगातार अनुपस्थित पाये जाये उनके विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी खण्ड शिक्षा अधिकारी अपने क्षेत्रों के उन विद्यालय का भ्रमण अनिवार्य रूप से करें जिसमें विद्यालय के शिक्षक के अनुपस्थित रहने की शिकायते प्राप्त हो रही है शिक्षक के अनुपस्थित पाये जाने पर उनके विरूद्ध अनिवार्य रूप से कार्यावाही सुनिश्चित करें। उन्होनें कहा कि विद्यालयों में बच्चों को बेहतर शिक्षा व्यवस्था उपलब्ध करायी जाये, इसके साथ ही एम0डी0एम0 योजना के अन्तर्गत बच्चों को गुणवत्ता पूर्ण भोजन उपलब्ध कराया जाये, इसी प्रकार से जिलाधिकारी ने जनपद में नव निर्मित प्राथमिक विद्यालयों के निर्माण कार्यों के प्रगति की समीक्षा की, समीक्षा के दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बताया कि 36 विद्यालयों के निर्माण कार्य प्रगति पर है 16 विद्यालयों के सत्यापन आख्या प्राप्त हुई है जिन विद्यालयों की आख्या प्राप्त हुई है उसमें द्वितीय किस्त के भुगतान की प्रक्रिया प्रारम्भ है जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि 16 विद्यालय के अतिरिक्त निर्माणाधीन विद्यालयों का समिति के माध्यम से सत्यापन कर द्वितीय किस्त का भुगतान कराया जाना सुनिश्चित की जाये। उन्होंने कहा कि निपुण लक्ष्य अभियान की भी बेहतर ढंग से मानीटरिंग सुनिश्चित की जाये, विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति प्रतिशत में वृद्धि सुनिश्चित करायी जाये। समावेशी शिक्षा/समर्थ पोर्टल पर दिव्यांग छात्र/छात्राओं को मुख्य धारा में लाने हेतु दी जा रही शिक्षा के सम्बन्ध में भी जिलाधिकारी ने समीक्षा की और सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि समर्थ पोर्टल पर दिव्यांग छात्रों को मुख्य धारा में लाने हेतु उनकी पहचान करना, चिन्हिकरण करना आदि के सम्बन्ध में प्राथमिकता के आधार पर कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। इस मौके पर जिला विकास अधिकारी श्री शेषनाथ चैहान, जिला पंचायत राज अधिकारी श्री विशल सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी श्री नवीन कुमार पाठक, जिला अल्प संख्यक कल्याण अधिकाश्री श्री सुधांशू शेखर शर्मा, जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री राजीव सिंह, अपर जिला सूचना अधिकारी श्री विनय कुमार सिंह, समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारीगण सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहें।



एम0डीएम0 योजना के अन्तर्गत बच्चों को विद्यालयों में गुणवत्ता पूर्ण भोजन कराया जाये उपलब्धः जिलाधिकारी

### ऋण योजनाओं के संबंध में बैंकर्स के साथ हुई बैठक

**हमीरपुर।** विभिन्न ऋण संबंधी योजनाओं को प्रभावी गति देने के उद्देश्य से बैंकर्स के साथ जिलाधिकारी श्री राहुल पाण्डेय की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक कलेक्ट्रेट स्थित डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सभागार कक्ष में संपन्न हुई। इस मौके पर जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना के अंतर्गत ऋण स्वीकृति एवं वितरण की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए की पीएम रोजगार सृजन योजना के अंतर्गत किए जाने वाले आवेदनों को किसी भी दशा में पेंडिंग ना रखा जाए ,उनको नियमानुसार स्वीकृत कर समय से डिस्बर्स किया जाए । उन्होंने स्वरोजगार संबंधी अन्य योजनाओं के लंबित प्रकरणों पर बैंकर्स को समयबध्द ढंग से निर्णय लेकर नियमानुसार पेंडेंसी को निस्तारित करने के निर्देश दिए। इस मौके पर एडीएम न्यायिक डॉ नागेन्द्र नाथ यादव, जीएमडीआईसी रवि वर्मा, मुख्य शुचिकित्साधिकारी ,एलडीएम व बैंकर्स मौजूद रहे।

# हैण्डपम्प खराब होने से बढ़ी पेयजल

**अवधनामा संवाददाता**

**कुरारा, हमीरपुर।** विकास खंड क्षेत्र के शंकर पुर ग्राम पंचायत के मजरा परसी डेरा में हैण्ड पम्प खराब हो जाने से ग्रामीणों को पेयजल के लिए परेशान होना पड़ रहा है। खंड विकास अधिकारी से लेकर उपजिलाधिकारी के पास तक शिकायत दर्ज कराने के बाद भी अभी तक हैंड पंप ठीक नहीं कराया गया है। ग्रामीण खेतो में लगे निजी नलकूप से पेयजल लाने को मजबूर हो रहे हैं। त्योहार का मौसम चल रहा है। लेकिन लोगो को पानी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

क्षेत्र के शंकर पुर ग्रामपंचायत के मजरा परसी डेरा गांव में ग्रामीणों के पेयजल केलिए लगे हैंडपंप खराब होने के चलते लोगो को पीने के पानी की समस्या बनी हुई है। गांव निवासी धीरेंद्र कुमार, लालजी, राम सुमन,मुनेश कुमार, सुनील कुमार,कंधी, आदि ने बताया कि रामसुमन पुत्र भगवान दीन के दरवाजे लगा हैण्ड पम्प दो माह से खराब पड़ा है। जिससे गांव के लोग खेतो में लगे नलकूप से पानी लाकर पेयजल व्यवस्था कर रहे हैं। जिससे परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि खंड विकास अधिकारी, व ग्राम पंचायत विकास अधिकारी धर्मज़ीत सिंह , को शिकायती पत्र देकर समस्या से अवगत कराया लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हो पा रही है। ग्रामीणों ने नवागंतुक खंड विकास अधिकारी गरिमा सोनकिया से मांग की है कि पेयजल समस्या का समाधान कराया जाए। जिससे त्योहार में लोगो को पानी मिल सके। पेयजल व्यवस्था न होने से ग्रामीणों ने नाराजगी जताई है।

### दूसरे दिन भी नहीं हो सकी तौल

**कुरारा, हमीरपुर।** स्थानीय कृषि उत्पादन मंडी समित में सरकारी धान खरीद केंद्र का शुभारंभ एक नवंबर से हो गया।केंद्र प्रभारी द्वारा खरीद की व्यवस्था पूरी कर ली गई है। अभी किसी किसान के धान की तौल नही हुई है। कृषि उत्पादन मंडी समित में धान फसल की खरीद के लिए केंद्र का शुभारंभ एक नवंबर से हो गया है। केंद्र प्रभारी सुनील कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि अभी तक 28 किसानो द्वारा अपने धान बिक्री करने के लिए आन लाइन रजिस्ट्रेशन कराया गया है। धान का सरकारी दर 2183 रुपया प्रति कुंतल व ग्रेड ए धान का रेट 2203 रुपया प्रति कुंतल निर्धारित किया गया है।तथा भुगतान आनलाइन किसान के बैंक खाते में भेजा जाएगा। भुगतान में कोई परेशानी न हो इसके लिए किसान आनलाइन पंजीकरण कराते समय मोबाइल नम्बर वह डाले जो आधार कार्ड व बैंक खाता में दर्ज हो।किसान अपना धान धूप में सुखाकर ही केंद्र में तौल के लिए लेकर आए। केंद्र में नमी मापक यंत्र, पावर डस्टर, छन्ना, विनोयल फैन, एना लिस किट, बार दाना बोरा, इलेक्ट्रानिक कांटा, पैकिंग मशीन आदि सामान उपलब्ध है।

# महिला ने डॉक्टर पर लगाया अभद्रता करने का आरोप

**अवधनामा संवाददाता**

**शाहजहांपुर** । जनपद के राजकीय मेडिकल कॉलेज के डीवीडी वार्ड में मरीज की मौत हो गई। हरदोई जिले के शाहबाद निवासी हाकिम लाल (70) टीबी से पीड़ित थे। चार दिन से उनका उपचार चल रहा था। आरोप है कि डॉक्टर ने मरीज के उपचार में लापरवाही की। जब महिला तीमारदार ने डॉक्टर से मरीज को देखने के लिए कहा तो वह भड़क गए। डॉक्टर ने सिक्योरिटी गार्ड को बुलाकर महिला तीमारदार को बाहर निकलवाने की धमकी दी। हंगामे की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची। वहीं, महिला ने डॉक्टर द्वारा अभद्रता करने का वीडियो बना लिया, जो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। क्षय रोग (टीबी) से पीड़ित हाकिम लाल को करीब चार दिन पहले राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था। हाकिम लाल की बेटी उनकी तीमारदारी कर रही थी। उसका आरोप है कि डॉक्टर वार्ड में मरीजों को देखने आए, लेकिन हाकिम लाल को नहीं देखा। इस पर महिला तीमारदार ने डॉक्टर से मरीज को देखने के लिए कहा। महिला का आरोप है कि उसने गांव के प्रधान से बात करानी चाही तो डॉक्टर भड़क गए। उसने फोन से वीडियो बनाना शुरू किया तो उसे अनाप-शनाप कहने लगे। बौखलाए डॉक्टर ने नाराजगी व्यक्त करते हुए उसे वार्ड से बाहर कराने के लिए सिक्योरिटी गार्ड को बुला लिया। इस दौरान महिला तीमारदार से अभद्रता भी की गई। बुधवार देर रात बीमार हाकिम लाल ने दम तोड़ दिया। उनकी बेटी का आरोप है कि डॉक्टर ने इलाज में लापरवाही की, जिसके चलते उनके पिता की जान चली गई। फिलहाल परिजन उनका शव लेकर गांव चले गए।

# जिला गजेटियर तैयार करने हेतु जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक संपन्न

**अवधनामा संवाददाता**

**हमीरपुर।** उ0प्र0 शासन के गजेटियर विभाग लखनऊ के निर्देश के क्रम में जिला गजेटियर तैयार किये जाने हेतु जनपद स्तर पर गठित जिला गजेटियर समिति की बैठक जिलाधिकारी श्री राहुल पांडेय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि जिला गजेटियर तैयार किये जाने हेतु शासन स्तर से निर्धारित 11 अध्यायों/उपखण्डों प्रश्नावली के निर्धारित बिन्दुओं पर सूचनाएं संकलित करने हेतु प्रेषित किया गया है जिन पर जनपद स्तर पर सूचनाएं संकलित कराकर जिला गजेटियर अभिलिखित किया जाना है। जिला गजिटियर डायनमिक / निबंधात्मक रूप से तैयार किया जायेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि स्वतंत्रता के इतिहास की दृष्टि से जनपद के महत्वपूर्ण स्थलों/ गांव तथा जनपद के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को गजेटियर में प्राथमिकता से स्थान दिया जाए। बैठक में अध्यायवार गजेटियर पर विधिवत विचार विमर्श किया गया। ज्ञात हो कि अध्याय एक-सामान्य परिचय के अन्तर्गत जिले का गठन नामकरण, भौगोलिक स्थिति, सीमा एवं विस्तार, जनसंख्या, क्षेत्रीय भाषा बोली, प्रशासनिक इकाई, जल संसाधन, वन क्षेत्र जीव जन्तु, जय विविधता, प्रमुख उत्पाद आदि बिन्दुओं को समाहित किया जायेगा। इसी क्रम में अध्याय दो इतिहास कला संस्कृति, अध्याय तीन लोक एवं समाज, अध्याय चार जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, न्याय व्यवस्था एवं अन्य विभाग, अध्याय पॉच कृषि, बागवानी, सिंचाई और संलग्न गतिविधियॉ, अध्याय छः आर्थिक परिदृश्य (उद्योग, बैंकिग, व्यापार, वाणिज्य तथा विविध व्यवसाय) अध्याय सात राजनीतिक परिदृश्य एवं स्थानीय स्वशासन, अध्याय आठ शिक्षा, अध्याय नौ चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य सेवाएं, अध्याय दस पर्यटन, परिवहन एवं संचार अध्याय ग्यारह विविध के अन्तर्गत सूचनाएं संकलित कर गजेटियर लिखा जायेगा। जिलाधिकारी ने जिला गजेटियर तैयार करने के क्रम में जनपद के सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी अधिकारीगण ग्यारह अध्यायों के प्रश्नावली के निर्धारित बिन्दुओं पर सूचनाएं संकलित कर साफ्ट कापी एवं हार्ड कापी में जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी कार्यालय में समयबद्ध ढंग से प्रेषित करना सुनिश्चित करें। मा0 मुख्यमंत्री जी के शीर्ष प्राथमिकता में शामिल जिला गजेटियर कार्य को प्राथमिकता से ससमय पूर्ण करना सभी अधिकारीगण सुनिश्चित करें।

इस कार्य में शिथिलता व लापरवाही बर्दाश्त नही की जायेगी। इस मौके पर सीडीओ चंद्रशेखर शुक्ला ,एडीएम वित्त एवं राजस्व ,एडीएम न्यायिक डॉ नागेन्द्रनाथ यादव, डीडीओ अजीत श्रीवास्तव सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे ।

## संक्षिप्त समाचार

### गरिमा सोनकिया को मिली जिम्मेदारी



**कुरारा, हमीरपुर।** स्थानीय खंड विकास अधिकारी के पद पर ट्रेनी पी सी एस गरिमा सोनकिया की तैनाती की गई है। कार्य भार ग्रहण करने के बाद ब्लाक कार्यालय प्रांगण में स्थित राजकीय कृषि बीज भंडार व राजकीय पशु चिकित्सा लय का निरीक्षण किया। तथा जानकारी ली। इसके बाद विकास खंड सभागार में समस्त ग्राम पंचायत विकास अधिकारी व समस्त स्टाफ के साथ मीटिंग कर परिचय प्राप्त किया। तथा जानकारी ली।

### जगह-जगह हुई फातिहा, कुरआन ख्वानी और लंगर

**मौदहा हमीरपुर।** इस्लामी महीने रबीउस्सानी की सत्रह तारीख को मुस्लिम समुदाय बड़ी सत्रह के रूप में मनाते हैं जिसके चलते कस्बे सहित क्षेत्र में जगह जगह फातिहा और लंगर व कुरआन ख्वानी का आयोजन किया गया। इस्लामी कैलेंडर के चौथे महीने की सत्रह तारीख को दिल्ली में स्थित हजरत निजामुद्दीन औलिया(महबूब ए इलाही) का उर्स बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है उसी के सिलसिले में मुस्लिम समुदाय को लोग इस तारीख को फातिहा,कुरआन ख्वानी और लंगर का आयोजन करते हैं जिसके चलते कस्बे के पीरबाबा की दरगाह में सुबह कुरआन ख्वानी, बाद नमाज जोहर लंगर और बाद नमाज़ इशा कव्वालियों का आयोजन किया गया है जबकि इसी तरह के आयोजन कस्बे के हजरत मुख्तार निजामी साहब की खानकाह में भी हो रहे हैं वहीं कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कम्हरिया में तो आज के दिन मेले जैसा नजारा देखने को मिला जबकि कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मांचा, नरायच, परछा सहित अन्य गांवों में भी जगह जगह फातिहा का आयोजन किया गया।

### वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



**हमीरपुर।** पुलिस अधीक्षक महोदया जनपद हमीरपुर द्वारा वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के संबंध में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना मुस्करा पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक 02.11.2023 को थाना स्थानीय में पंजीकृत मु0अ0सं0 275/2023 धारा 354 IPC व 9(रू)/10 पाक्सो एक्ट से संबंधित वांछित अभियुक्त राजू उर्फ रामेश्वर प्रसाद पुत्र रामपाल प्रजापति निवासी मुहल्ला राजीव नगर कस्बा व थाना मुस्करा जनपद हमीरपुर (उम्र 36 वर्ष) को ब्लाक गेट के पास राठ रोड कस्बा मुस्करा से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

### गुरुद्वारे के कमरे में लटका मिला सेवादार का शव

**शाहजहांपुर।** जनपद के खुटार में तिकुनियां चौराहा स्थित गुरुद्वारा साहिब के एक कमरे में सेवादार का शव फंदे से लटका मिला है। कमरा अंदर से बंद था। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सेवादार के परिजनों को सूचना दी गई है। आत्महत्या का कारण अभी स्पष्ट नहीं हुआ है। लखीमपुर खीरी के थाना पलिया के गांव ईंटपुर निवासी बिल्लू का 25 वर्षीय पुत्र गुरुदत्त सिंह खुटार के गुरुद्वारा साहिब में रहकर सेवा करता था। बुधवार रात वह खाना खाकर गुरुद्वारे में ही अपने कमरे में सोने चला गया। बृहस्पतिवार सुबह देर तक नहीं उठने पर अन्य सेवादारों ने दरवाजा खटखटाया तो कोई जवाब नहीं मिला। दरवाजा अंदर से बंद था। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और कमरे के लोहे के दरवाजे को कटर से कटवाया। अंदर गुरुदत्त सिंह का शव बेड की चादर के सहारे पंखे से लटकता मिला। गुरुदत्त के परिजनों को घटना की सूचना दी गई है। पुलिस शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। अन्य सेवादार इस मामले में कुछ बोलने को तैयार नहीं हैं। उनका कहना है कि गुरुदत्त के आत्महत्या करने के बारे में उनको कोई जानकारी नहीं है।

# आल इंडिया परमिट के सहारे संचालित बसें प्रतिदिन यात्रियों को ढो रही है

**अवधनामा संवाददाता**

**बाँदा।** परिवहन निगम की बसे उत्तर प्रदेश की सीमा तक ही जाती है जबकि ऐसी प्राइवेट बसे जो बी एस 6 मानको का पालन करती हैं सिर्फ वही बसे दिल्ली की सीमा मे प्रवेश करती हैं। बाँदा से दो प्राइवेट बसें संचालित हो रही जो दिल्ली कश्मीरी गेट से बाँदा और बाँदा से कश्मीरी गेट के बीच प्रतिदिन चलती हैं ये बसे बी एस सिक्स के मानक के नाम पर संचालित हैं जबकि अभी भी ये बीएस फोर की प्राइवेट बसें दिल्ली के अंदर जा रही हैं अब ये किन मापदण्डों के सहारे चल रही है ये तो भगवान ही जाने। राजकल्पना और साई आनंद की बसे बाँदा से सांयकाल चलकर प्रातः दिल्ली मे प्रवेश करती है और वही बसे देर रात दिल्ली से निकलकर सुबह बाँदा आती है। सूत्रो की माने तो इन बसो मे बीएस फोर वाली बसे भी संचालित है। इन बसों के संचालन के बारे मे जब बात की गयी तो पता चला कि इन बसों के किराये का निर्धारण स्वयं बस संचालक ही करते है इनका परिवहन विभाग से किसी प्रकार का कोई नियंत्रण नही होता है उन्होने बताया कि ऐसी बसें आल इण्डिया परमिट की आड मे प्रतिदिन सवारियां ढोती है , इन बसों मे रास्ते मे पडने वाले स्थानों से सवारियां बैठाने की भी अनुमति नही होती है परंतु फिर भी इटावा औरइया कानपुर से सवारियां बसों मे ले जाते हैं। ये बसे आल इण्डिया का परमिट बनवा लेती है जिनमें बसों को किसी कं. , शादी पार्टी , उत्सव सहित अनेक अवसरों पर लेजाया जा सकता है जबकि ये बसें एक निर्धारित रूट पर प्रतिदिन सवारियां ढोती हैं। बस संचालक का कहना है कि हम लोग तो परमिट बनवाकर ही प्रतिदिन चलते हैं, हमारे ऊपर परिवहन का नियंत्रण नही है कि हम किस दर पर यात्री को ले जा रहे है यह हमारे स्वविवेक पर निर्भर करता है कि हमको कब कितना किराया लेना है। संचालक ने यह भी बताया कि हमे बीच मे सवारियां बैठाने की अनुमति नही है। एआरएम बाँदा ने बताया कि हमारी बसें सिर्फ उत्तरप्रदेश मे गाजियाबाद तक ही जाती हैं। प्रतिदिन दो साधारण बसें संचालित हो रही है ये बसे गाजियाबाद मे कौशाम्बी तक जाती हैं , और वहां से बाँदा के लिये भी आती है जबकि इस मार्ग पर जनरथ या सरकारी ए.सी. बसें संचालित नही हैं। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि हम इस पूरे मामले की जानकारी कर रहें है , रेल्वे और एयर लाइंस भी तो डायनामिक प्राइस लगाकर यात्रियों से अधिक किराया लेते है हो सकता है कि प्राइवेट बसे भी इसी आधार पर बढा किराया लेती है।



सरकारी बसे उ.प्र की सीमा मे गाजियाबाद तक ही जाती है वहीं प्राइवेट बसें बी एस फोर वाली दिल्ली के अंदर जाती है

# ग्राम प्रधानों ने सांसद पर आवास के नाम पर वसूली का लगाया आरोप

- जिलाधिकारी को सौंप पत्र उठाई मामले की जांच करने की मांग
- प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री आवास के फॉर्म लिया जा रहा है 500 रुपया शुल्क

**अवधनामा संवाददाता**

**सोनभद्र।** कलेक्ट्रेट परिसर में सदर ब्लॉक क्षेत्र के कई ग्राम पंचायत के दर्जनों ग्राम प्रधानों ने प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री योजना के तहत ग्रामीण आवास के नाम पर एक सांसद कार्यालय पर फॉर्म भरवा कर 500रुपया लिए जाने के मामले को लेकर डीएम को प्रधानों ने सोप पत्र उठाई जांच व कार्रवाई की मांग। प्रधान संघ अध्यक्ष सुरेश शुक्ला ने बताया कि बीते कई महीनो से ग्राम पंचायतों में प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास मंत्री आवास की शासकीय आदेश के भरवाये जा रहे हैं और 500रुपया एक गरीब व्यक्ति से शुल्क के नाम पर वसूला जा रहा है। श्री शुक्ल ने बताया कि ग्राम पंचायतों में सांसद महोदय द्वारा यानि 500 रुपया लेकर आवास का फार्म भरवाया जा रहा है। जिसके विषय में प्रधानगण द्वारा ग्राम्य विकास विभाग से जानकारी ली गयी तो पता चला कि ऐसा कोई फार्म विभाग द्वारा जारी नहीं किया गया है। अस्तु ग्रामिणों के साथ अवैध वसूली की जा रही है। जब सासद प्रतिनिधि से दूरभाष द्वारा वार्ता की गयी तो उनके द्वारा अवगत कराया गया कि जिलाधिकारी महोदय के निर्देशानुसार यह फार्म भरवाया जा रहा है। अस्तु ग्राम पंचायतों में अराजकता का माहौल उत्पन्न हो रहा है। वही ग्राम प्रधान ने डीएम से अनुरोध की है कि उक्त प्रकरण का संज्ञान लेते हुए आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें, आपकी अत्यन्त कृपा होगी। इस मौके पर बैठी गांव ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अनूप तिवारी, जंग बहादुर सिंह, मीना देवी ,श्याम नारायण, श्यामू प्रसाद,विमलेश पांडेय सहित आदि



### वक्फ बोर्ड की कमेटी बदलने के पत्र से हड़कंप

**मौदहा हमीरपुर।** लम्बे समय से कस्बे के लोगों के बीच चर्चा का विषय बनी और दो पक्षों में विवाद का कारण वक्फ बोर्ड की परिसम्पत्तियों से जुड़े एक पत्र ने गुरुवार को फिर से हड़कंप मचा दिया। जबकि दूसरे कस्बे के मोहल्ला उपरौस इमाम चौक की परिसम्पत्तियों को वक्फ बोर्ड से रजिस्टर्ड कराने के बाद सुलेमान उसके सर्वे सरवा रहे हैं उसके बाद उपजे विवाद को लेकर मामला न्यायालय में जाने और जांच होने के उपरांत उक्त कमेटी के स्थान पर नयी कमेटी को सम्पत्ति हस्तांतरण कर दी गई थीं लेकिन विवाद वहीं पर नहीं थमा और सुलेमान पक्ष की ओर से न्यायालय की शरण ली गई। इसी बीच गुरूवार को एक पत्र सोशल मीडिया में जमकर वायरल हुआ जिसमें उपरौस निवासी रहीम उददीन की अध्यक्षता वाली नयी कमेटी को वक्फ बोर्ड की सम्पत्ति के लिए नामित किया गया है।

# छात्र-छात्राओं के लिए डिसिप्लिन बेहद ही जरूरीः डॉ. अनुपमा

- डी0फार्मा0 सत्र 2023/24 नए छात्र/छात्राओं का प्रवेश कर फेशर ओरिएंटेशन कार्यक्रम संपन्न

**अवधनामा संवाददाता**

**सोनभद्र।** गुरुवार को साई हॉस्पिटल एंड इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मेसी, सजौर, राबर्ट्सगंज, सोनभद्र डी0फार्मा के नए सत्र के छात्र/छात्राओं* का प्रवेश कर ओरिएंटेशन कार्यक्रम किया गया। जिसमे साई हॉस्पिटल एंड इंस्टिट्यूट ऑफ़ फार्मेसी व नर्सिंग की प्रबंधक वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अनुपमा सिंह द्वारा सरस्वती वंदन कर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। वहां मौजूद छात्राओं को संबोधित करते हुए डॉक्टर अनुपमा सिंह ने बताया कि छात्राओं के शिक्षा जगत में डिसिप्लिन बेहद ही जरूरी है इसका पालन करने वाले छात्र-छात्राओं का भविष्य उज्जवल होता है।

तदोपरांत एच0ओ0डी विकाश चतुर्वेदी व सीनियर फैकल्टी अनामिका तिवारी जी द्वारा पी0पी0टी के माध्यम से छात्र छात्राओं व अभिभावक को (स्कॉलरशिप, एंटी रैगिंग, कॉलेज रुल रेगुलेशन, ड्रेस कोड व अन्य समस्त जानकारी दिया गया) छात्र/छात्रा तथा अभिभावक को संबोधित करते हुए प्रबंधक डा0 अनुपमा सिंह द्वारा उनको नए कोर्स में प्रवेश के लिए धन्यवाद व एक बेहतर इंसान बनने व जिवन में हर एक पड़ाव में सफल होने के लिए शुभकामना देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामना दी गई। इस कार्यक्रम में उपस्थित नर्सिंग प्रोफेसर अंजलि बिष्टी, असिस्टेंट प्रोफेसर विनय पांडेय जी एग्जामिनेशन इंचार्ज रागिनी श्रीवास्तव, नेहा मैम, वार्डन ममता, रूपम, अंजू जी व अन्य स्टाफगढ़ उपस्थित रहे। तथा संस्थान में बचे हुए रिक्त सीटों में इच्छुक छात्र/छात्रा जो फार्मेसी नए सत्र में प्रवेश लेना चाहते हैं वह तत्काल प्रवेश ले सकते हैं।

# यातायात सुरक्षा जागरूकता अभियान का किया गया शुभारम्भ



**अवधनामा संवाददाता**

- पूरे नवम्बर माह तक चलेगा जागरुकता अभियान

**बाँदा।** पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा रायफल क्लब अलीगंज बांदा से अभियान का किया गया शुभारम्भ साथ ही फीता काटकर हरी झण्डी दिखा कर यातायात सुरक्षा जागरुकता रैली को किया गया रवाना। सड़क दुर्घटनाओं को नियंत्रित करने हेतु लोगों को विभिन्न जागरुकता कार्यक्रमों तथा जागरुकता रैली आदि के माध्यम से यातायात नियमों के पालन करने हेतु किया जायेगा जागरुक। शासन के मंशा के अनुरुप सड़क दुर्घटनाओं को नियंत्रित करने तथा लोगों में यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरुकता बढ़ाने के उद्देश्य से आज दिनांक 02.11.2023 को जनपद बांदा में ÷यातायात सुरक्षा जागरकता माह नवम्बर-2023÷ को शुभारम्भ किया गया। इस दौरान रायफल क्लब अलीगंज बांदा से पुलिस अधीक्षक बांदा श्री अंकुर अग्रवाल द्वारा यातायात माह नवम्बर का शुभारम्भ किया गया। जागरुकता अभियान के माध्यम से लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरुक किया जायेगा जिसमें बिना ड्राइविंग लाइसेन्स के वाहन न चलाने, बिना हेलमेट दुपहिया वाहन न चलाने, चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट अवश्य लगाने, ओवर स्पीड में वाहन न चलाने, शराब पीकर वाहन न चलाने तथा अपनी लेन में चलने आदि के संबंध में जागरुक किया जायेगा।

### एनसीएल में जोर शोर से मनाया जा रहा सतर्कता जागरूकता सप्ताह

**सोनभद्र/ सिंगरौली।** भारत सरकार की मिनिरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) में केन्द्रीय सतर्कता आयोग के निर्देशानुसार भ्रष्टाचार का विरोध करें; राष्ट्र के प्रति समर्पित रहें विषय पर सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2023 मनाया जा रहा है। 30 अक्टूबर से 05 नवंबर 2023 तक चलने वाले इस सप्ताह के दौरान एनसीएल की सभी परियोजना एवं इकाइयों में वृहद स्तर पर सतर्कता जागरूकता बढ़ाने हेतु विभिन्न कार्यक्रम एवं गतिविधियों जैसे- सतर्कता आधारित प्रशिक्षण एवम् विकास कार्यक्रम, हितग्राही सम्मेलन, निबंध, भाषण, प्रश्नोत्तरी, पेंटिंग, वाद-विवाद इत्यादि का आयोजन किया जा रहा है।

# अवैध ई-प्रपत्र सी जनरेट कर राजस्व की क्षति करने वाला युवक गिरफ्तार

**अवधनामा संवाददाता**

**चोपन/सोनभद्र।** पुलिस अधीक्षक, अपर पुलिस अधीक्षक, पुलिस उपाधीक्षक नगर सोनभद्र के निर्देशन व प्रभारी निरीक्षक चोपन के कुशल मार्ग दर्शन में गुरुवार को मुखबीर की सूचना पर थाना चोपन पर पंजीकृत मु0अ0स0- 100/23 धारा 419, 420, 467, 468, 471, 120बी भादवि व 3 लोक सम्पत्ति क्षति निवारण अधिनियम में वांछित अभियुक्त पुत्र स्व0 मुक्तार गोड निवासी ग्राम बेदौली कला भटौली थाना देहात कोतवाली जनपद मीरजापुर को सुबह करीब 9 बजे चोपन बस स्टैण्ड से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही किया जा रहा है।घटना दिनांक 27.05.2023 को आशीष कुमार ज्येष्ठ खान अधिकारी द्वारा दिये गये तहरीर के बावत् भण्डारण लाइसेंस की अवधि समाप्त होने के पश्चात् भी अवैध रूप से ई-प्रपत्र- सी जनरेट कर राज्य सरकार को रायल्टी व खनिज मूल्य सहित लगभग रू0 1,39,04,640/- के सरकारी राजस्व को क्षति पहुंचाने के सम्बन्ध में दिया गया जिसके आधार पर थाना चोपन पर मु0अ0स0- 100/23 धारा 419, 420, 467, 468, 471 भादवि व 3 लोक सम्पत्ति क्षति निवारण अधिनियम बनाम मे0 एस0 कन्ट्रक्सन एण्ड सप्लायर्स बिल्ली मारकुण्डी के पार्टनर सत्य प्रकाश केशरी पुत्र धर्मनाथ केशरी निवासी शिवनगर कालोनी ओबरा व मे0 माँ दुर्गा माइनिंग एण्ड कन्स्ट्रक्शन मीतापुर पता प्रीतनगर चोपन गणेश कुमार अग्रवाल पुत्र राम निवास अग्रवाल निवासी 14/364 राम मन्दिर कालोनी ओबरा, मे0 माँ दुर्गा माइनिंग एण्ड कन्स्ट्रक्शन के कम्प्यूटर ऑपरेटर श्याम कुमार प्रजापति पुत्र अकलू प्रसाद निवासी जूड हरचन जिला चन्दौली हालपता निवासी बिल्ली ओबरा,आशुतोष मिश्रा पुत्र जवाहर मिश्रा निवासी गौरव नगर, चोपन, रविकान्त पाण्डेय पुत्र दीनानाथ पाण्डेय हाल निवासी अहरौरा व 6 अन्य अज्ञात के विरूद्ध पंजीकृत हुआ जिसकी विवेचना वर्तमान में चौकी प्रभारी डाला उ0नि0 संजय सिंह द्वारा सम्पादित की जा रही है। दौरान विवेचना यह तथ्य प्रकाश में आया कि अभियुक्त मंजय कुमार गोड उपरोक्त द्वारा अपने आधार कार्ड से मोबाइल नम्बर 9170796296 का सिम लेकर घटना के मास्टर माइंड अभियुक्त दीपचन्द द्विवेदी पुत्र जगदीश चन्द्र द्विवेदी निवासी विसुंदरपुर सिविल लाईन थाना कोतवाली शहर मिर्जापुर को उपलब्ध कराया गया जिसके द्वारा सहअभियुक्त गण के साथ मिलकर फर्जी रूप से ई प्रपत्र सी तैयार कर राज्य सरकार को राजस्व क्षति पहुंचाया गया है। मुकदमा उपरोक्त में नामजद अभियुक्त रविकांत पाण्डेय को दिनांक 26.06.2023 को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा जा चुका है तथा शेष वांछित अभियुक्त गण की गिरफ्तारी हेतु प्रयास किया जा रहा है। गिरफ्तार करने वाली टीम में विश्वनाथ प्रताप सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना चोपन,संजय कुमार सिंह चौकी प्रभारी डाला थाना चोपन,का0 रंजीत सरोज चौकी डाला थाना चोपन, का0 सत्यप्रकाश चौकी डाला थाना चोपन इत्यादि लोग शामिल रहे।



# स्वास्थ्य सेवाओं को पूर्ण क्षमता से संचालित करें: पाठक

## उपमुख्यमंत्री ने की चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभागों के कार्यों की समीक्षा

- उपमुख्यमंत्री ने निर्माण कार्यों में तेजी लाने के दिये निर्देश
- प्रक्रियाधीन व लम्बित कार्यों को शीघ्र पूरा किया जाये
- रिक्तियों के सापेक्ष कार्मिकों के प्रमोशन को शीघ्र पूरा किया जाये: ब्रजेश पाठक



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने आज अपने विधान भवन स्थित कार्यालय में चिकित्सा शिक्षा व चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की संयुक्त समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने दोनों विभागों के उच्चाधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रदेश के सभी हेल्थ एण्ड वेलनेस सेटर को व स्वास्थ्य केन्द्रों को पूर्ण क्षमता के साथ संचालित किया जाय। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के नेतृत्व में पूरे प्रदेश में संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जा रहा है, इस अभियान में अन्य अनुषांगिक विभागों को भी कई जिम्मेदारियां दी गयी है, उन विभागों से समन्वय स्थापित कर कार्यों की अद्यतन रिपोर्ट प्राप्त की ली जाय, विशेष रूप से नियमित फागिंग और साफ-सफाई पर अधिक ध्यान दिया जाय। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के सभी अस्पतालों में पैरामेडिकल स्टाफ विशेषज्ञ एवं तकनीकी स्टाफ की उपस्थिति, दवाओं और आवश्यक उपकरणों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित कर लिया जाय जिससे प्रदेश की जनता को किसी भी समस्या का सामना न करना पड़े। गतिशील निर्माण कार्यों में कोई अवरोध न आये इसका ध्यान रखा जाय। विकास कार्यों में यदि कोई प्रक्रिया लम्बित है तो उसका त्वरित समाधान किया जाय। जहां आवश्यक हो अस्पतालों के रंगाई, पुताई का कार्य भी शीघ्र पूरा कर लिया जाय। पाठक ने कहा कि विभाग में चिकित्सकों व अन्य कार्मिकों के प्रमोशन की प्रक्रिया गतिमान है। इसमें नियमानुसार अवशेष प्रमोशन को भी शीघ्र पूर्ण कर लिया जाय। बैठक में प्रमुख सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य व चिकित्सा शिक्षा पार्थ सारथी सेन शर्मा ने उप मुख्यमंत्री को आश्वस्त किया कि आज की बैठक में उनके द्वारा दिये गये निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन कराया जायेगा। इस दौरान सचिव चिकित्सा व स्वास्थ्य रंजन कुमार, महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा किंजल सिंह, महानिदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य दीपा त्यागी सहित दोनों विभागों के सभी विशेष सचिव उपस्थित थे।

# जीएसटी काउंसिल: मंत्री समूह में सुरेश खन्ना संयोजक नामित

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना को माल एवं सेवाओं पर कर की दरों में परिवर्तन के संबंध में संस्तुति करने के लिए जीएसटी काउंसिल द्वारा गठित मंत्री समूह में संयोजक नामित किया गया है। जीएसटी काउंसिल द्वारा इस संबंध में आवश्यक पत्र जारी कर दिया गया है। जी0एस0टी0 काऊंसिल के द्वारा समय समय पर जनहित में माल एवं सेवाओं पर कर की दर में परिवर्तन किया जाता रहा है। माल एवं सेवाओं पर कर की दरों में परिवर्तन के संबंध में संस्तुति करने के लिये जी0एस0टी0 काऊंसिल द्वारा एक मंत्री समूह का गठन किया गया है। जी0एस0टी0 काऊंसिल की विभिन्न बैठकों तथा काऊंसिल द्वारा गठित अन्य मंत्री समूहों में उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना के द्वारा दिये गये उल्लेखनीय योगदान के दृष्टिगत खन्ना को कर की दरों में परिवर्तन संबंधी मंत्री समूह का संयोजक नामित किया गया है। पूर्व में इस मंत्री समूह के संयोजक कर्नाटक राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री बासवराज बोम्मई को नामित किया गया था। जी0एस0टी0 व्यवस्था में माल और सेवाओं पर कर की दरें निर्धारित करने की शक्ति भारतीय संविधान के अनुच्छेद 279ए के अंतर्गत जी0एस0टी0 काऊंसिल में विहित की गयी है।

## शौचालयों से आच्छादन हेतु स्पेशल ड्राइव का आयोजन

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज-2 के अन्तर्गत व्यक्तिगत शौचालय से आच्छादन के लिए स्पेशल ड्राइव आयोजित किये जाने के लिए समस्त जिलाधिकारी/अध्यक्ष, जिला स्वच्छ भारत मिशन मैनेजमेन्ट कमेटी हेतु दिशा-निर्देश जारी किये हैं। इस सम्बंध में मनोज कुमार सिंह, अपर मुख्य सचिव, पंचायतीराज ने आदेश जारी कर दिये हैं। आदेशानुसार स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज-2 के अन्तर्गत व्यक्तिगत शौचालयों के निर्माण के लक्ष्य को 31 दिसम्बर, 2023 तक पूरा किया जायेगा। अपर मुख्य सचिव ने तीन चरणों में विशेष अभियान चलाकर निर्धारित लक्ष्य को पूरा किये जाने के निर्देश दिये हैं। प्रथम चरण में गैप के आंकलन के साथ द्वितीय चरण में छूटे हुए लाभार्थियों के चिन्हांकन एवं शौचालय आच्छादन हेतु सूची तैयार करना। स्पेशल ड्राइव अन्तर्गत कैम्प लगाकर आवेदन प्राप्त करना। प्राप्त आवेदनों का सत्यापन तथा खण्ड विकास अधिकारी/सहायक विकास अधिकारी (पं0) द्वारा विकास खण्डवार सूची तैयार कराया जाना। सम्बंधित लाभार्थियों हेतु शौचालय निर्माण के लिए प्रोत्साहन धनराशि की स्वीकृति (डीबीटी अथवा जारी शासनादेश में अन्य निर्धारित व्यवस्था के अनुसार), नये लाभार्थियों को शौचालय निर्माण हेतु स्वीकृति आदेश का वितरण एवं सम्बंधित लाभार्थियों हेतु शौचालय निर्माण के लिए प्रोत्साहन धनराशि (डीबीटी अथवा जारी शासनादेश में अन्य निर्धारित व्यवस्था के अनुसार) का हस्तांतरण शामिल हैं।

# कांग्रेस ने अमित शाह के बयान पर अखिलेश से मांगा स्पष्टीकरण

- मुसमलानों में सपा को लेकर बढ़ेगी नाराजगी

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** कांग्रेस ने समाजवादी पार्टी मुखिया अखिलेश यादव को गृहमंत्री अमित शाह के बयान पर अपनी स्थिति स्पष्ट करने की मांग की है। गृहमंत्री अमित शाह ने कांग्रेस को नुकसान पहुंचाने के लिए मध्य प्रदेश में सपा और बसपा उम्मीदवारों की मदद के निर्देश को भाजपा कार्यकर्ताओं को दिया है, जिस पर कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग ने सपा से गृहमंत्री के बयान पर स्थिति स्पष्ट करने की मांग की है। अल्पसंख्यक कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष शाहनवाज आलम ने कहा कि सपा इंडिया गठबंधन का अहम हिस्सा है। अगर गृहमंत्री अमित शाह अपने कार्यकर्ताओं को ऐसे निर्देश दे रहे हैं तो प्रदेश के इंडिया समर्थक तबके खास कर मुसमलानों में सपा को लेकर नाराजगी बढ़ेगी। इससे प्रदेश में इंडिया गठबंधन की विश्वसनीयता पर लोग संदेह करेंगे। आलम ने कहा कि क्योंकि बसपा अब तक औपचारिक रूप से इंडिया गठबंधन का घटक नहीं है, इसलिए उससे स्पष्टीकरण नहीं मांगा जा सकता। आलम ने कहा कि यह भी हो सकता है कि अमित शाह ने प्रदेश में कंफ्यूजन फैलाने के लिये यह बयान दिया हो। लेकिन ऐसी स्थिति में भी सपा प्रमुख अखिलेश यादव को अपनी स्पष्ट प्रतिक्रिया देना चाहिए।

# अवैध प्लाटिंग ध्वस्त कर अवैध निर्माण को कराया सील

- अवैध प्लाटिंग के खिलाफ न्यायालय ने ध्वस्तीकरण के आदेश दिये थे

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण के अधिकारियों ने गुरुवार को अभियान चला कर अवैध निर्माण और अवैध प्लाटिंग के खिलाफ कार्रवाई करते हुए अवैध प्लाटिंग ध्वस्त करने के साथ ही अवैध निर्माण को सील कराया। प्रवर्तन जोन-3 के जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी ने बताया कि मुकेश यादव की ओर से कृष्णानगर के अलीनगर सुनहरा स्थित पंडितखेड़ा में लगभग 9 बीघा क्षेत्रफल में प्लाटिंग कराते हुए शुभम सिटी नाम से कॉलोनी विकसित की जा रही थी। प्राधिकरण से तलपट मानचित्र स्वीकृत कराए बिना की जा रही अवैध प्लाटिंग के खिलाफ विहित न्यायालय ने ध्वस्तीकरण के आदेश दिये थे। आदेश पर सहायक अभियंता वाई.पी. सिंह के नेतृत्व में अवर अभियंता भरत पाण्डेय, भानु प्रताप वर्मा और प्रमोद कुमार पाण्डेय ने अवैध प्लाटिंग के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई कराते हुए स्थल पर निर्मित सड़कें, साइट ऑफिस, नालियां, बाउण्ड्रीवॉल और भूखण्डों के डिमार्केशन के लिए की गयी चिनाई को पूरी तरह ध्वस्त कराया। वहीं प्रवर्तन जोन-6 के जोनल अधिकारी डी.के. सिंह ने बताया कि निशातगंज के पेपरमिल कॉलोनी में प्रीति जौहरी की ओर से भवन संख्या-37/8 के बगल में स्थित भूमि पर पूर्व में बने भूतल पर प्रथम तल पर लगभग 30 वर्गमीटर क्षेत्रफल में अवैध रूप से कमरों का निर्माण कराया जा रहा था। वर्तमान में प्रवर्तन टीम के निरीक्षण में उक्त भवन में अध्यासन की संभावना पाए जाने पर परिसर को सील करने के आदेश दिये थे। आदेश पर सहायक अभियंता अनिल कुमार के नेतृत्व में अवर अभियंता इम्तियाज अहमद और शिव कुंवर ने सीलिंग की कार्रवाई कराई।

# मिड डे मील की तर्ज पर उपलब्ध कराया जाएगा हॉट कुक्ड फूड

- हॉट कुक्ड फूड के लिए मिड डे मील के मेन्यू को ही मिल सकती है मंजूरी

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** आंगनबाड़ी केन्द्रों पर 03-06 वर्ष के बच्चों के लिए गर्म पका हुआ भोजन उपलब्ध कराने की दिशा में काम कर रही योगी सरकार योजना के सुचारू संचालन के लिए मिड डे मील योजना की तर्ज पर एक समान मेन्यू रखने का निर्णय ले सकती है। प्रस्ताव के अनुसार सप्ताह में बच्चों को वही भोजन परोसा जाएगा जो मिड डे मील में बेसिक विद्यालयों में बच्चों को परोसा जाता है। ये प्रस्ताव हाल ही में मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र की अध्यक्षता में हॉट कुक्ड मील योजना संबंधी राज्य स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक में रखा गया। टास्क फोर्स द्वारा इस पर निर्णय लिया जाएगा, जिसे सीएम का अनुमोदन मिल सकता है।

**ये हो सकता है मेन्यू:** प्रस्ताव में कहा गया है की प्रदेश में लगभग 65 प्रतिशत आंगनबाड़ी केंद्र प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों के परिसर में (को लोकेटेड) स्थित हैं। ऐसे में इन्ही विद्यालयों की रसोई में ही भोजन पकाया जाना है। इसलिए पीएम पोषण योजना (मिड डे मील) के समरूप ही मेन्यू रखे जाने का प्रस्ताव है। मेन्यू में सोमवार को रोटी, सोयाबीन की बड़ी युक्त मौसमी सब्जी एवं ताजा मौसमी फल होंगे। मंगलवार को चावल सब्जी युक्त दाल, बुधवार को मौसमी सब्जी एवं सोयाबीन की बड़ी युक्त तहरी, गुरुवार को रोटी एवं सब्जी युक्त दाल, शुक्रवार को मौसमी सब्जी एवं सोयाबीन की बड़ी युक्त तहरी और शनिवार को चावल एवं सब्जी युक्त दाल परोसी जाएगी। हॉट कुक्ड फूड में मिलेट्स को प्राथमिकता दी जाएगी।

## मुखौटों और चित्रकला प्रदर्शनी का आयोजन

**लखनऊ।** राज्य ललित कला अकादमी और लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में मुखौटों और चित्रकला प्रदर्शनी का आयोजन कैसरबाग स्थित लाल बारादरी में किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन प्रमुख सचिव संस्कृति-पर्यटन और राज्य ललित कला अकादमी मुकेश मेश्राम और अकादमी के पूर्व उपाध्यक्ष गिरीश चन्द्र मिश्रा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। अकादमी की ओर से आजादी का अमृत महोत्सव के तहत मेरी माटी-मेरा देश विषयक चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गयी थी, जिसमें 124 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। प्रतिभागियों ने चित्रों का प्रदर्शन किया और उत्कृष्टता के आधार पर पहला 5100 रुपये का पुरस्कार टेक्नो ग्रुप ऑफ इंस्टीट् यूट के मोहम्मद फैजान, दूसरा कला एवं शिल्प महाविद्यालय के आकाश कुमार को 2100 रुपये और तीसरा पुरस्कार कला एवं शिल्प महाविद्यालय के प्रियांशु श्रीवास्तव को 1100 रुपये का दिया गया।

# गोमती नगर रेल टर्मिनस का किया निरीक्षण

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के निर्देश पर एक टीम ने गुरुवार को गोमती नगर रेल टर्मिनस का निरीक्षण किया। टीम में रक्षामंत्री के ओएसडी के.पी. सिंह, विधान परिषद सदस्य मुकेश शर्मा, सांसद प्रतिनिधि दिवाकर त्रिपाठी और डॉ. राघवेन्द्र शुक्ल व त्रिलोक अधिकारी शामिल थे। कार्यदायी संस्था रेल लैण्ड डेवलेपमेण्ट अथॉरिटी के अधिकारी-अभियंताओं ने सभी कामों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उल्लेखनीय है कि लखनऊ के सांसद व रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के अनुरोध पर तत्कालीन रेल मंत्री सदानंद देवगौड़ा ने गोमती नगर रेल स्टेशन को विश्वस्तरीय रेल टर्मिनस बनाने की घोषणा की थी। निरीक्षण के दौरान परियोजना अधिकारी व अभियंताओं ने भौतिक प्रगति और काम पूरा होने के बारे में विस्तार से जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि स्टेशन री-डेवलपमेण्ट कार्यक्रम के तहत नॉर्थ टर्मिनल स्टेशन में भूतल और उसके ऊपर दो तल का निर्माण, साउथ टर्मिनल स्टेशन में भूतल और एक मंजिल का निर्माण कार्य प्रगति पर है। प्लेटफार्मों के ऊपर एक लेवल कॉनकोर्स का निर्माण पूरा हो चुका है। 2 अतिरिक्त प्लेटफार्म बनाए जा चुके हैं और प्लेटफार्म नम्बर 1 से लेकर 6 तक फुटओवर ब्रिज का निर्माण पूरा हो गया है। अधिकारियों ने बताया कि रेल टर्मिनस में यात्री सुविधाओं के निर्माण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। प्लेटफार्म तक पहुंचने के लिए लिफ्ट और स्केलेटर का निर्माण प्रगति पर है। प्लेटफार्म और प्रवेश हॉल पूरी तरह वातानुकूलित हैं और इनका निर्माण भी काफी हो चुका है। रेल टर्मिनस का काम दिसम्बर तक पूरा किया जाना रेल डेवलपमेण्ट अथॉरिटी की ओर से सुनिश्चित किया जा रहा है।

## डॉ. दीक्षा चौधरी की अध्यक्षता में स्वास्थ्य संगोष्ठी आयोजित

**लखनऊ।** पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल में गुरुवार को राष्ट्रीय तनाव जागरूकता दिवस के अवसर पर ऐशबाग स्थित, रेलवे पॉली क्लीनिक में अपर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. दीक्षा चौधरी की अध्यक्षता में एक स्वास्थ्य संगोष्ठी आयोजित हुई। डॉ. दीक्षा चौधरी ने कहा कि संगोष्ठी का मकसद मानसिक स्वास्थ्य के प्रति लोगों को जागरुक करना है। गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि तनाव ऐसी चीज है जिससे आज के समय में कोई भी नहीं बचा है। तनाव का मुख्य कारण भागदौड़ भरी जिंदगी और अनियमित जीवनशैली है। इस वजह से तनाव हमारे साथ-साथ चल रहा है। अपर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संजय तिवारी ने कहा कि हम मानसिक तौर पर जितने खुश और स्वस्थ होंगे शरीर में उतनी स्फूर्ति होगी। स्ट्रेस या तनाव की स्थिति एक प्रकार की मानसिक बीमारी है। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को खान-पान पर विशेष ध्यान देना चाहिए। अपने दैनिक जीवन में संतुलन बनाएं, तनाव कम करने के लिए नियमित रूप से 30 से 45 मिनट की जॉगिंग, योग और ध्यान क्रिया बहुत लाभप्रद है। इस मौके पर रेलकर्मी, उनके परिजन और पैरामेडिकल स्टाफ उपस्थित था।

## सतर्कता जागरूकता सप्ताह का हो रहा आयोजन

**लखनऊ।** पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल के मण्डल रेल प्रबंधक आदित्य कुमार के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ मण्डल कार्मिक अधिकारी राहुल यादव के नेतृत्व में 30 अक्टूबर से 5 नवम्बर के मध्य सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय के बहुउददेशीय हाल में भ्रष्टाचार मुक्त भारत, विकसित भारत विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गयी। वाद-विवाद प्रतियोगिता में विभिन्न विभागों के रेलकर्मियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल की ओर से रेल यात्रियों को जागरुक करने के लिए स्टेशनों पर जन-उद्घोषणा प्रणाली के माध्यम से सतर्कता विषयक जानकारी देने के साथ ही सामान्य जन तक समाचार पत्र, सोशल मीडिया, बैनर-पोस्टर के जरिए भ्रष्टाचार उन्मूलन संबंधी जागरुकता संदेश प्रचारित किये जा रहे हं। इसी के साथ भ्रष्टाचार संबंधी शिकायत दर्ज कराने के लिए रेलवे हेल्पलाइन नम्बर 139 पर सम्पर्क को भी कहा जा रहा है।

# पीएनबी अंचल कार्यालय में सतर्कता जागरूकता सप्ताह शुरू

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** पंजाब नैशनल बैंक अंचल कार्यालय लखनऊ की तरफ से सतर्कता जागरूकता सप्ताह (30 अक्टूबर से 5 नवंबर) मनाया जा रहा है। पीएनबी अंचल प्रमुख मृत्युंजय ने सर्तकता जागरूकता सप्ताह के तहत अधिकारियों को ईमानदारी पूर्वक कर्तव्यों के पालन और पारदर्शिता बरतते हुए सत्य व निष्ठा की शपथ दिलायी। उन्होंने बताया कि सर्तकता जागरूकता सप्ताह का उद्देश्य लोगों में अपने कर्तव्य के प्रति ईमानदारी को पैदा करना है। देश की आर्थिक, राजनीतिक तथा सामाजिक प्रगति में भ्रष्टाचार एक बहुत बड़ी बाधा है। हम सभी को भ्रष्टाचार का उन्मूलन करने के लिए मिलकर कार्य करने की आवश्यकता है। हमें जीवन के सभी क्षेत्रों में ईमानदारी तथा कानून के नियमों का पालन करना चाहिए तथा हमें सभी कार्य ईमानदारी तथा पारदर्शिता बरतते हुए करना चाहिए इसके साथ ही हमें अपने निजी आचरण में ईमानदारी दिखाकर उदाहरण प्रस्तुत करना चाहिए। गौरतलब है कि पीएनबी में यह जागरूकता सप्ताह 5 नवंबर तक मनाया जाएगा जिसके तहत विभिन्न जगहों पर कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक किया जाएगा।

## मज़हर स्यानवी की शायरी को पाठक अपने दिल की बात समझते हैं

**लखनऊ।** मज़हर स्यानवी की शायरी में प्राचीन विचारों के साथ-साथ आधुनिक विचारों का भी सामंजस्य है। प्रो. असलम जमशेदपुरी आज 2 नवम्बर, 2023 को चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के उर्दू विभाग में मजहर स्यानवी की स्मृति में ऑफलाइन और ऑनलाइन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मज़हर स्यानवी एक सरल स्वभाव, मृदुभाषी और नेकदिल स्वभाव के व्यक्ति थे। लोग जो बात दिल में रखते थे, वे उसे तुरंत जुबान पर ला देते थे।

## आईना-ए-तारीखे इस्लाम और अली का विमोचन कल

**लखनऊ।** प्रोफेसर अख्तर रजा जैदी की पुस्तक आईना-ए-तारीखे इस्लाम और अली का विमोचन शनिवार को उर्दू अकादमी सभागार में होगा। सुबह 11 बजे गोमती नगर स्थित उर्दू अकादमी सभागार में आयोजित होने वाले विमोचन समारोह की अध्यक्षता लखनऊ विश्वविद्यालय के उर्दू विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. अनीस अशफाक करेंगे। समारोह का संचालन लविवि में उर्दू विभाग के डॉ. अब्बास रजा नैय्यर जलालपुरी करेंगे और मनीष शुक्ला मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। विमोचन समारोह में डॉ. वजाहत हुसैन रिजवी उद् घाटन भाषण देंगे। समारोह में विशिष्ट अतिथि के तौर पर महताब हैदर नकवी, सिराज अजमल, अनवार अब्बास नकवी, शौकत आब्दी के साथ मौलाना जाबिर जौरासी, एहतिशाम अब्बास जैदी और सपा नेता राम सिंह राणा शामिल होंगे।

# इंडियन बैंक के अंतर्गत राष्ट्रव्यापी डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र अभियान 2.0 का सफल शुभारंभ

राष्ट्रव्यापी डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र अभियान 2.0 भारत के सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के 100 शहरों में 500 स्थानों पर आयोजित किया जा रहा है

अवधनामा ब्यूरो



- डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र का फेस ऑथेंटिकेशन पेंशनभोगियों के लिए जीवन प्रमाणपत्र जमा करना आसान और निर्बाध बना देगा

**लखनऊ।** केंद्र सरकार के पेंशनभोगियों के जीवनयापन को सरल बनाने के लिए, पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र (डीएलसी) यानी जीवन प्रमाण को बड़े पैमाने पर बढ़ावा दे रहा है। 2014 में, बायोमेट्रिक उपकरणों का उपयोग करके डीएलसी जमा करना शुरू किया गया था। इसके बाद, विभाग ने आधार डेटाबेस पर आधारित फेस ऑथेंटिकेशन टेक्नोलॉजी सिस्टम विकसित करने के लिए MeitY और UIDAI के साथ काम किया, जिससे किसी भी एंड्रॉइड आधारित स्मार्ट फोन से एलसी जमा करना संभव हो सके। नवंबर 2021 में लॉन्च की गई इस महत्वपूर्ण तकनीक ने पेंशनभोगियों की बाहरी बायो-मीट्रिक उपकरणों पर निर्भरता को कम कर दिया और स्मार्टफोन-आधारित तकनीक का लाभ उठाकर इस प्रक्रिया को जनता के लिए अधिक सुलभ और किफायती बना दिया। इन दिशानिर्देशों में सघन अभियान के लिए इंडियन बैंक द्वारा बैंक की विभिन्न शाखाओं, कार्यालयों, एटीएम में रणनीतिक रूप से लगाए गए बैनर/पोस्टर के माध्यम से डीएलसी-फेस ऑथेंटिकेशन तकनीक के बारे में जागरूकता फैलाने/उचित प्रचार प्रदान करने, जहां तक हो सके डीएलसी/फेस ऑथेंटिकेशन जैसे तकनीक का उपयोग किया जा रहा है। ताकि जब पेंशनभोगी जीवन प्रमाण पत्र जमा करने के लिए शाखा में जाएं तो इस तकनीक के माध्यम से पेंशनभोगियों को बिना किसी देरी के अपने डीएलसी जमा करने में सक्षम बनाया जा सके। बैंक के अंचल प्रबंधक लखनऊ प्राणेश कुमार ने बताया कि, इंडियन बैंक डिजिटल पेंशन के इस अभियान को सफल बनाने के लिए हरसंभव प्रयासरत है।

